www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
रायपुर, गुरुवार, 31 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक – 136 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

मप्र में 50 फीसदी कमीशन पर फिर घिरी सरकार पृष्ठ 2
■ इंसानियत की कीमत
■ बदलती 'दंड संहिता' के निहितार्थ पृष्ठ 6
■ इमरान की न्यायिक हिरासत 13 सितम्बर तक बढ़ी
■ चीन के समुद्री खाद्य आयात प्रतिबंध का जवाब देगा जापान पृष्ठ 7
ज्यूरिख में डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन दोहराना चाहते हैं विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पृष्ठ 11

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक आज से
मुंबई बैठक में 28 राजनीतिक दल होंगे शामिल

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक आज से मुंबई में शुरू हो रही है। बैठक से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुखिया शरद पवार और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस अवसर पर शरद पवार ने कहा कि मुंबई में विपक्षी गठबंधन की बैठक में 28 राजनीतिक दलों के 63 प्रतिनिधि शामिल होंगे। बहुजन समाज पार्टी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि बीएसपी नेता मायावती भाजपा के साथ संपर्क में हैं।

इस दौरान उद्धव ने कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए साथ आए हैं। सभी मिलकर भाजपा से लड़ेंगे। एलपीजी की कीमत में कटौती पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि जैसे-जैसे इंडिया प्रगति कर रहा है, भाजपा सरकार गैस सिलेंडर मुफ्त तक दे सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा करना है।

उद्धव ठाकरे

हमारा गठबंधन बनते ही सरकार ने गैस के दाम कम कर दिए हैं। देखते जाइए, आगे से फ्री सिलेंडर भी देंगे:

हम परिवर्तन के लिए एक साथ आए हैं। इसके विकल्प जरूरी है। हमें भरोसा है देश को एक बढ़िया विकल्प मिलेगा : शरद पवार

कल हो सकती है संयोजक की घोषणा

बेंगलुरु की बैठक में विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) नाम दिया था। 1 सितंबर को होने वाली मीटिंग में विपक्षी गठबंधन के संयोजनक के नाम की घोषणा हो सकती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस रेस में आगे चल रहे हैं। इसके अलावा बैठक में सीटों के बंटवारे, 11 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी को लेकर भी फैसला हो सकता है। मुंबई की बैठक में नए गठबंधन का झंडा और लोगो भी लॉन्च किया जा सकता है।

जैसे-जैसे इंडिया बढ़ेगा, वैसा ही चीन पीछे हटेगा: पटोले

प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि इंडिया गठबंधन की बैठक महाराष्ट्र में होने जा रही है। बेंगलुरु में हम 26 पार्टियां थे, यहां यह 28 पार्टियां हो गई हैं। जैसे-जैसे इंडिया बढ़ेगा, वैसा ही चीन पीछे हटेगा। पटोले ने कहा कि हमारे गठबंधन में 11 मुख्यमंत्री हैं। गठबंधन में शामिल पार्टियों को पिछले चुनाव में 23 करोड़ वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले थे। तब हम अलग-अलग थे, इसलिए भाजपा जीत गई थी।

प्रधानमंत्री का चेहरा इंडिया होगा: ममता

विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने के लिए विपक्ष के नेताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी भी बुधवार को मुंबई पहुंच गईं। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के प्रधानमंत्रीउम्मीदवार को लेकर बड़ा बयान दिया। ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का चेहरा इंडिया होगा।

आज डिनर देंगे उद्धव ठाकरे

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर देंगे। इसके अगले दिन सुबह करीब 10 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों के नेता शामिल होंगे।

आर्थिक संबल के साथ युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के लिए बेरोजगारी भत्ता : बघेल

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को अगस्त 2023 की राशि का अंतरण किया। साथ ही उन्होंने आई.टी.आई. के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने इस अवसर पर 1 लाख 29 हजार 886 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के तहत 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपये की राशि का वर्चुवल रूप से अंतरण किए। इसके साथ ही वे आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारी पद के लिए चयनित 82 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार द्वारा संचालित बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अब तक 146 करोड़ 98 लाख रूपये की राशि बेरोजगारों को अंतरित कर चुके है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता योजना का उद्देश्य शिक्षित-बेरोजगार युवाओं को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। सही मायनों में मुझे तब खुशी होती है जब किसी बेरोजगार को रोजगार मिलता है।

मुख्यमंत्री द्वारा 1.29 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की 34.56 करोड़ की राशि का अंतरण

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार प्लेसमेंट कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र में जहां भी रोजगार के नये अवसर निर्मित होते हैं, उनका लाभ शिक्षित-बेरोजगारों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी योजना में अभी तक हम 6 हजार 692 लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ चुके हैं। इनमें से 4 हजार 718 युवा बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे थे। हाल में ही हमने 42 हजार सरकारी पदों के लिए भर्तियां निकालीं है। भर्ती की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे, जो आवेदन पात्र पाए गए हैं उनमें से पहले चरण में 82 लोगों को सत्यापन के बाद नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं। आज के इस कार्यक्रम में इन अधिकारियों को नियुक्ति-पत्रों का वितरण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि के माध्यम से हम युवाओं ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

सार संक्षेप

मणिपुरः गोलीबारी में 2 स्वयंसेवकों की मौत

इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमा पर मंगलवार को दो गुटों में गोलीबारी हुई। इसमें ग्राम रक्षा दल के दो स्वयंसेवकों की मौत हो गई, 7 लोग घायल हैं। नारानसीना में हमलावरों ने खेतों में काम कर रहे किसानों पर गोलाबारी की। इसके जवाब में स्वयंसेवकों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। मृतकों की पहचान लाइबुजम इनाओ और जांगमिनलेन गंगेट के रूप में हुई है। लाइबुजम को बिष्णुपुर के नारानसीना में गोली लग गई थी। उसे इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, जांगमिनलेन को चुराचांदपुर के सोंगदो गांव में झड़प के दौरान घायल हो गया था।

मुरैना में टैंक की सफाई के लिए उतरे 5 मजदूरों की मौत

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में एक फूड प्रोडक्ट बनाने वाली फैक्ट्री में आज सुबह टैंक की सफाई की लिए उतरे पांच मजदूरों की मृत्यु हो गयी। मृतकों में तीन सगे भाई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में स्थित फूड प्रोडक्ट बनाने वाली फैक्ट्री में पानी से भरे एक टैंक की सफाई के लिए पहले एक मजदूर उतरा। उसकी हलचल नहीं मिलने के बाद एक-एक कर चार मजदूर और टैंक में उतर गए, जहां दमघुटने से सभी पांचों मजदूरों की मौत हो गई।

मिजोरम, त्रिपुरा में 15.59 करोड़ की हेरोइन जब्त, 7 गिरफ्तार

आइजोल/अगरतला। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने मिजोरम और त्रिपुरा में पिछले 24 घंटों के दौरान 15.59 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की है। साथ ही 7 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिजोरम उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को आइजोल के पास दो स्थानों से 13.34 करोड़ रुपये मूल्य की 3,310 ग्राम हेरोइन जब्त की और चार लोगों को गिरफ्तार किया।

नूंह हिंसा में गिरफ्तार बिट्टू बजरंगी को जमानत

गुरुग्राम। नूंह हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए गोरक्षक बिट्टू बजरंगी को बुधवार को एक स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी है। 17 अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए बजरंगी को फरीदाबाद की नीमका जेल में रखा गया था।

दो दिनी प्रवास पर आज आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु
रायपुर और बिलासपुर के कार्यकमों में होंगी शामिल

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 31 अगस्त को दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंच रही है। इस दौरान राष्ट्रपति राजधानी के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। एक सितंबर को वह बिलासपुर दौरे पर रहेंगी जहां गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वह रायपुर आने के बाद दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

यह जानकारी देते हुए रायपुर सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का राष्ट्पति राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मु सुबह 11.50 बजे शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर रायपुर में उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहेंगे। समारोह में भाग लेने के लिए माउंट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युंजय भाई रायपुर आएंगे।

समारोह में इंदौरा जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडिशनल डायरेक्टर बीके लीना दीदी, न्यायविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बीके नथमल भाई भाग लेंगे। समारोह में भाग लेने के लिए माननीय राष्ट्पति के प्रोटोकाल के अनुसार प्रत्येक प्रतिभागी को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके बाद उन्हें फोटो लगा हुआ प्रवेश पत्र दिया जाएगा। उस फोटोयुक्त प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड लाने पर ही उन्हें समारोह में प्रवेश की अनुमति होगी। यह प्रवेश पत्र केवल एक व्यक्ति के लिए मान्य होगा।

लोकसभा में नेता कांग्रेस अधीर रंजन का निलंबन खत्म होगा
विशेषाधिकार समिति ने दी मंजूरी, अभद्र टिप्पणियों के चलते निलंबित कर दिया था

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

नई दिल्ली, 30 अगस्त (देशबन्धु)। आखिरकार कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का लोकसभा से निलंबन रद्द होने का रास्ता साफ हो गया है। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने बुधवार को इसकी मंजूरी दे दी। उन्हें संसद के मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में कुछ अभद्र टिप्पणियों के चलते निलंबित कर दिया गया था। अधीर रंजन चौधरी ने भाजपा सांसद सुनील सिंह की अध्यक्षता वाली विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहाकि सदन में बोलते हुए उनका किसी की भावना को आहत करने का मकसद नहीं था। इससे सहमत होते हुए समिति ने अधीर रंजन का निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव पारित किया। अब इस प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पास भेजा जाएगा।

मानसून सत्र में मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलते हुए अधीर रंजन ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कुछ अभद्र टिप्पणियां की थी। उनके इस आचरण के चलते उन्हें 10 अगस्त का लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था। हालांकि 11 अगस्त का सदन अनिश्वित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया था। समिति ने 18 अगस्त को चर्चा की और 30 अगस्त को चौधरी को मौखिक साक्ष्य के लिए बुलाया।

ध्वनिमत से निलंबन को मिली थी मंजूरी–अधीर रंजन चौधरी के विवादास्पद बयान के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने उनके निलंबन को लेकर एक प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया था।

अमित शाह का रायपुर दौरा कल से

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 1 सितंबर को 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। प्रदेश में बस कुछ ही महीनों में चुनाव होने हैं। अब प्रदेश में बड़े-बड़े नेताओं का आना जाना लगा हुआ है। चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा। दोनों दलों के नेता लगातार छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। गृहमंत्री शाह का दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इस दौरे के बाद भाजपा अपने कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट जारी कर सकती है, ऐसी चर्चा राजनीतिक गलियारे में हो रही है। बता दें कि, अमित शाह के दौरे का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी हो गया है। शेड्यूल के अनुसार, अमित शाह 1 सितंबर की शाम 6-40 को रायपुर पहुंचेंगे। रात्रि 8 बजे प्रदेश मुख्यालय एकात्म परिसर में बीजेपी के आला नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

वहीं 2 सितंबर को दीनदयाल ऑडिटोरियम में सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेंगे। वहीं 2 सितंबर को दोपहर 3 बजे अमित शाह सराईपाली पहुंचेंगे। जनजातीय सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 6 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

कांग्रेस का सरकार पर बड़ा आरोप
धारावी योजना अडानी को देने के लिए बदले नियम

नई दिल्ली, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने करीबी उद्योगपति अडानी समूह को देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई के केंद्र में स्थित अत्यंत मूल्यवान धारावी स्लम विकास परियोजना का काम भी सौंपा है और इसकी निविदा हासिल करने में नियम बदलकर उसकी मदद की गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा प्रधानमंत्री के आदेश के पालन की प्रक्रिया के तहत मुंबई में धारावी स्लम विकास परियोजना को अपने सबसे पसंदीदा व्यवसायी को सौंपने के बाद महाराष्ट्र सरकार के पास देश की वाणिज्यिक राजधानी के केंद्र में स्थित एक मूल्यवान अचल संपत्ति अडानी समूह के कब्जे में देने में मदद करने के अपने बेतुके निर्णय का बचाव करने के अलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं बचा है।

उन्होंने कहा धारावी स्लम विकास परियोजना की मूल निविदा दुबई की एम फर्म ने 7,200 करोड़ रुपए की बोली लगाकर हासिल की थी लेकिन रेलवे भूमि के हस्तांतरण से संबंधित मुद्दों के कारण 2020 में इसे रद्द कर दिया गया लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने 2022 में नए टेंडर निकाले जिसमें ऐसी शर्तें शामिल की गई कि इस निविदा को लेने में अडानी की मदद की जा सके और मूल निवदा के खुलासे में दूसरे स्थान पर आने वाले अडानी समूह को बाहर का रासता दिखाया जा सके। इसमें शर्त जोड़ी गई जिसके तहत बोलीदाताओं की कुल संपत्ति को दोगुना कर 20,000 करोड़ रुपए किया गया और विजेता को एकमुश्त भुगतान के बजाय किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी गई, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे अडानी समूह को 5,069 करोड़ रुपए की बोली जीतने में मदद मिली। यह बोली समूह ने मूल विजेता की जीती बोली की तुलना में 2,131 करोड़ रुपये कम में लगाई गई।

कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना शुरू

■ **महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2000**
■ **राहुल बोले, 100 दिन में हमने पूरे किए पांचों वादे**

मैसूरु, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राहुल गांधी ने बुधवार को मैसूरु में कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासविच केसी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला मौजूद रहे। राहुल गांधी के योजना का उद्घाटन करते ही योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाली 1 करोड़ 09 लाख 54 हजार महिलाओं के खाते में 2000 रुपए पहुंच गए। योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा, जिनके नाम राशन कार्ड है। जो महिलाएं या उसका पति इनकम टैक्स देता है, वह योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। इस मौके पर राहुल ने कहा कि हमने चुनाव में जो पांच वादे किए थे, उन्हें सरकार बनाने के 100 दिन के अंदर पूरा कर दिया है। इन पांच वादों में से चार महिलाओं के लिए हैं। इसके पीछे हमारी सोच है कि जैसे बड़े से बड़ा पेड़ मजबूत जड़ के बिना खड़ा नहीं रह सकता है, वैसे ही कर्नाटक की मजबूती का आधार यहां की मांएं-बहनें हैं।

महिलाएं ही कर्नाटक की नींव हैं : राहुल

बड़े से बड़े पेड़ जड़ के बिना खड़ा नहीं हो सकता। अगर जड़ मजबूत है तो कितनी भी बड़ी आंधी आए, कितना भी तूफान आए, पेड़ गिरता नहीं है, झुकता नहीं है। कोई इमारत फाउंडेशन के बिना खड़ी नहीं हो सकती। जितना मजबूत फाउंडेशन बनत है, उतनी ही मजबूत इमारत बनती है। भारत जोड़ो यात्रा में हजारों महिलाओं से मैं मिला। ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

अब 'वुजुखाना' के सर्वे की मांग

वाराणसी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। श्रृंगार गौरी मामले की मुख्य वादी राखी सिंह ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के समक्ष एक नया आवेदन दायर किया है, जिसमें कथित 'शिवलिंग' को छोड़कर 'वुजुखाना' (प्रक्षालन तालाब) के सर्वेक्षण की मांग की गई है। यह पिछले साल ज्ञानवापी मस्जिद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया गया था। अदालत ने आवेदन पर सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय की है। एएसआई इस समय 'वुजुखाना' को छोड़कर मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कर रहा है, जिसमें कथित 'शिवलिंग' 16 मई, 2022 को अदालत द्वारा निर्देशित सर्वेक्षण के दौरान पाया गया था। वाराणसी जिला न्यायाधीश ने श्रृंगार गौरी मामले में अन्य चार वादी द्वारा दायर एक आवेदन पर 21 जुलाई को इस सर्वेक्षण का आदेश दिया। विश्व वैदिक सनातन संघ (वीवीएसएस) की संस्थापक सदस्य राखी सिंह के वकील अनुपम द्विवेदी ने कहा कि मंगलवार को अदालत के समक्ष 62 पन्नों का एक आवेदन दायर किया गया था।

अगस्त में सामान्य से 33 फीसदी कम बारिश

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अगस्त खत्म होने को आया है और देश अब भी तर कर देने वाली बारिश को तरस रहा है। अगस्त के दो और दिन बाकी हैं और मौसम विभाग के मुताबिक, इन दो दिनों में भी नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों और दक्षिण के कुछ इलाकों को छोड़कर अच्छी-जोरदार बारिश होने की संभावना नहीं है।

इस साल का अगस्त 1901 से अब तक का सबसे सूखा अगस्त बन गया है। मानसून ब्रेक के चलते पूर्वोत्तर और

120 साल में सबसे सूखा रहा अगस्त

हिमाचल-उत्तराखंड को छोड़कर अगस्त में बारिश की भारी कमी रही। इसकी वजह से अगस्त का औसत तापमान 27.55 डिग्री है, जबकि 29 दिनों का औसत इससे ज्यादा रहा। इस ट्रेंड के मुताबिक, दो दिन बाद जब अगस्त खत्म होगा तो यह इतिहास का सबसे गर्म अगस्त हो सकता है। अब तक अगस्त के 29 दिनों में 25 दिन सामान्य से कम बारिश हुई है। दरअसल, अगस्त में मानसून का तीसरा ब्रेक चल रहा है जो इस हफ्ते के आखिरी तक जारी रह सकता है। अगस्त खत्म होने पर ये मानसून ब्रेक इतिहास का चौथा सबसे बड़ा मानसून ब्रेक होगा। इस अगस्त में 33 फीसदी कम बारिश हुई है।

मिशन चंद्रयान-3 *इसरो ने बुधवार को जारी की तस्वीरें*
प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की तस्वीर खींची

चेन्नई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव में उतरने के बाद प्रज्ञान रोवर द्वारा खींची गई विक्रम लैंडर की बुधवार को तस्वीर जारी की। यह तस्वीर रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) द्वारा ली गई है।

इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के आधिकारिक हैंडल पर कहा, चंद्रयान-3 मिशन-कृपया मुस्कुराएं! प्रज्ञान रोवर ने आज सुबह विक्रम लैंडर की एक तस्वीर क्लिक की। 'मिशन की तस्वीर' रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) ने ली है। चंद्रयान-3 मिशन के लिए नवकैम को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम प्रयोगशाला (एलईओएस) द्वारा विकसित किया गया है। प्रणोदन मॉड्यूल से अलग होने के बाद 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर विक्रम लैंडर सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतरा। कुछ घंटों के बाद विक्रम के अंदर से रोवर प्रज्ञान बाहर निकला और चहलकदमी शुरू कर दी।

चंद्रयान-3 से मिलने वाले डाटा पर विश्व की निगाहें–*एलईओएस ने चंद्रयान-3 रोवर पर लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईबीएस) उपकरण भी विकसित किया है, जिसने दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा की सतह की मौलिक संरचना पर पहली बार इन-सीटू माप किया है। आज यानी 30 अगस्त को प्रज्ञान का चांद पर 8वां दिन है। इसरो ने चंद्रयान-3 के जरिए बड़ी खोज की है। रोवर प्रज्ञान के पेलोड ने चांद पर ऑक्सीजन और सल्फर समेत अन्य पदार्थों की मौजूदगी का पता लगाया है। प्रज्ञान ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुववीय क्षेत्र में एल्यूमीनियम,* ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

उवाच “ शिवराज और मोदी जी हार के डर से ऐसे घबरा गए हैं कि लगता है अब हर त्योहार एक नया तोहफा देंगे। कांग्रेस सरकारों ने एलपीजी के दाम कम करने का ऐलान क्या किया, जनता के दुख दर्द से दूर मोदी शाह शिवराज एक के बाद एक कांग्रेस की घोषणाएं दोहराने लगे।

–दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	36.0	28.0
मुंबई	28.0	26.0
कोलकाता	34.0	28.0
चेन्नई	30.0	27.0

देश को विदेशी आक्रमण से बचाएगा विपक्ष

चीन के लद्दाख व अरुणाचल में भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करने पर बोला हमला

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के रुख को दोहराते हुए पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को कहा कि चीन ने लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है और विपक्ष अब देश को विदेशी आक्रमण से बचाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में 31 अगस्त-1 सितंबर को होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय विपक्षी गुट की बैठक से पहले मीडियाकर्मियों से कहा कि जैसे-जैसे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा और आगे बढ़ेगा, चीन भारतीय क्षेत्रों से पीछे हट जाएगा.. इंडिया भारत की रक्षा और सुरक्षा करेगा। संजय राउत ने कहा कि इस बार शिवसेना बैठक की मेजबानी करने वाला है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) हमारे साथ हैं। देशभर से हमारे प्रतिनिधि मुंबई पहुंचने लगे हैं। फिलहाल जो नेता अभी नहीं आ पाए हैं। वह कल सुबह तक आ जाएंगे। बता दें, इससे पहले गठबंधन की दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में आयोजित की जा चुकी हैं। इंडिया गुट की पहली बैठक जून में पटना में हुई थी, जबकि दूसरी जुलाई के मध्य में बेंगलुरु में हुई थी। गठबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि कुछ राज्यों में अभी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ चुनावी सहमतियां नहीं बन पाई है इसलिए लोकसभा की सभी सीटों पर प्रत्याशियों का पूरा खाता तैयार नहीं किया जा पाया है। उनका मानना है

इंडिया जैसे-जैसे मजबूत होगा चीन लद्दाख से पीछे हट जाएगा : नाना पटोले

कि जैसे ही बचे हुए राज्यों में भी विपक्षी दलों के साथ मिलकर सहमतियां बनेगी फिर एक साथ सभी प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतरने की रूपरेखा तैयार कर दी जाएगी। वहीं इस बार प्रमुख पक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने यही योजना बनाई है कि लोकसभा चुनाव के दौरान होने वाली प्रमुख रैलियां और जनसभाओं में सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने से बचा जाए। इसके विपरीत प्रधानमंत्री की बजाए केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए उनकी तथ्यों के साथ जनता के सामने हकीकत रखी जाने की योजना बनी है। योजना यह भी बनी है कि जो मुद्दे जनता से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं उनको ही अपनी रैलियों जनसभाओं और रोड शो के दौरान उठाया जाए। विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल एक प्रमुख नेता कहते हैं कि ऐसा करके वह सीधे तौर पर जनता के मुद्दों के माध्यम से न सिर्फ उन तक अपनी पहुंच बना सकेंगे बल्कि हाल के दिनों में हुए चुनावी राज्यों में इस तरह के मुद्दों से जीत भी मिली है, उसका असर भी दिखेगा। बेंगलुरु सम्मेलन में गठबंधन के नाम भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन को अंतिम रूप दिया गया था। इस बैठक में संयोजक और चेयरपर्सन के अलावा लोकसभा में विपक्ष के एकल प्रत्याशी को मैदान में उतारने का पूरा रोड मैप की चर्चा होगा। मुंबई में आयोजित होने वाली बैठक से पहले की दो बैठकों के बाद देश की 463 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाने का पूरा खाका खींच लिया गया है। चव्हाण ने पार्टियों को तोड़ने और निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने की राजनीति में शामिल होने के लिए भी भाजपा की आलोचना की। जिन प्रमुख दलों ने इंडिया कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने की पुष्टि की है, उनमें ब्लॉक बैठक की मेजबानी करने वाली शिवसेना (यूटीवी), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), समाजवादी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके डीएमके किसान एवं श्रमिक पार्टी शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार अन्य पार्टियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा, एमडीएमके, अपना दल, सीपीआई, सीपीआई (मार्क्सवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (एम), केएमडीके, केरल कांग्रेस (जे), वीसीके और सीपीआई (एम-एल) शामिल हैं।

भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए आएं एक साथ : चव्हाण

इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक पर कहा कि हम लोकतंत्र को बचाने और भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आए हैं। एजेंडे पर चर्चा की जाएगी और हम उसी के अनुसार आगे की चीजें तय करेंगे। 2019 में गैर-भाजपा दलों को 23 करोड़ वोट मिले, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले। उन्होंने कहा कि अगर हम साथ मिलकर काम करें तो हम जीत सकते हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में गुरुवार से शुरू होने वाली है। इसे लेकर उद्धव बालासाहेब ठाकरे वाली शिवसेना के नेता और सांसद संजय राउत ने कहा कि बैठक की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। देशभर से हमारे प्रतिनिधि मुंबई पहुंचने लगे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि 28 विपक्षी दलों के कम से कम 11 मुख्यमंत्री और 63 नेता मुंबई कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगे।

कश्मीर में पहला अनूठा स्टार्ट अप कान्क्लेव सितम्बर में

कई शीर्ष कारोबारी दिग्गज लेंगे सम्मेलन में हिस्सा

जम्मू, 30 अगस्त (देशबन्धु)। यदि आप एक उद्यमी हैं और एक दिग्गज बनना चाहते हैं, तो शिल्प की जटिलताओं को जानने के लिए जम्मू और कश्मीर उद्यमिता कान्क्लेव आपके लिए सही जगह है। शीर्ष कारोबारी दिग्गज 16 सितंबर को श्रीनगर स्थित एसकेआईसीसी में अपनी तरह के पहले मेगा उद्यमिता सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीनगर आएंगे। इस दौरान वे लान्चपैड द्वारा आयोजित, जो फास्टबीटल और कश्मीर बाक्स का एक समूह है-व्यापार और सरकारी क्षेत्रों के कम से कम 17 वक्ता सफलता के अपने मंत्र साझा करेंगे। फास्टबीटल के सीईओ और सह-संस्थापक शेख समीउल्लाह कहते थे कि यह एक स्टार्ट-अप कान्क्लेव है जिसमें उद्यमी अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह कश्मीर में अपनी तरह की पहली पहल है और इससे निश्चित रूप से हमारे उद्यमियों को लाभ होगा। उनका कहना था कि यह घाटी में स्टार्टअप इको-सिस्टम को भी बढ़ावा देगा। प्रमुख स्टार्टअप गुरुओं में अंकुर वारिकू, वेबवेडा के संस्थापक, लेखक, एंजेल निवेशक और

सार्वजनिक वक्ता, रजत तुली, उस्त्रा के सह-संस्थापक, आर टी कृष्णन, निदेशक आईआईएम बेंगलुरु, भैरवी जानी अध्यक्ष और संस्थापक आईईएफ, कार्यकारी और निदेशक एससीए समूह और अन्य शामिल हैं। महमूद शाह, निदेशक, उद्योग और वाणिज्य, कश्मीर, अतहर आमिर खान, नगर निगम आयुक्त, सीईओ, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सौरभ बघाट, आयुक्त, सचिव सूचना और प्रौद्योगिकी, ऐजाज अहमद भट निदेशक, ईडीआई और विक्रमजीत सिंह आयुक्त/सचिव सहित शीर्ष सरकारी अधिकारी उद्योग एवं वाणिज्य भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दिग्गज करेंगे स्थानीय उद्यमियों से बातचीत

प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिग्गज स्थानीय उद्यमियों से बातचीत करेंगे। समीउल्लाह बताते थे कि हमारे पास ऐसे मेहमान हैं जो व्यापार जगत में सम्मानित और प्रतिष्ठित हैं। उदाहरण के लिए, अंकुर वारिकू, जिनके पास कई सफल स्टार्ट-अप हैं, और दुनिया भर में प्रशंसकों के साथ एक प्रसिद्ध वक्ता और लेखक हैं, इस अवसर पर बोलेंगे। समीउल्लाह ने कहा कि इस आयोजन का विचार घाटी में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है। समीउल्लाह बताते थे कि कान्क्लेव में स्टार्ट-अप मालिक बिजनेस दिग्गजों के सामने निवेश के लिए भी अपनी बात रख सकते हैं। उनके बकौल, इससे निश्चित रूप से उद्यमियों को मदद मिलेगी।

सार संक्षेप

पंडितों की वापसी तक कश्मीर अधूरा : महबूबा

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों की घर वापसी तक कश्मीर अधूरा है। मुफ्ती ने कश्मीरी पंडितों के पलायन का भारी क्षति बताया। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में प्राचीन थाजिवारा मंदिर का दौरा करने के बाद कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष रूप से कश्मीर को भारी नुकसान हुआ था और कई लोगों की जान चली गई थी। मेरा मानना है कि कश्मीर भाई-बहनों का घाटी छोड़कर जाने भारी क्षति है। इस नुकसान की भरपाई तब तक नहीं की जा सकती, जब तक वे वापस नहीं लौट आते और मुस्लिम भाइयों के साथ मिलकर नहीं रहते।

सरदार हुकम सिंह की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह को उनकी जयंती पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में याद किया गया। संसद के सदस्य, पूर्व सदस्य, लोकसभा महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने सरदार हुकम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार हुकम सिंह एक प्रख्यात सांसद, प्रसिद्ध न्यायविद्, समाज सुधारक और एक सक्षम प्रशासक थे। अप्रैल 1948 में वे संविधान सभा के लिए चुने गए। वह पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा के सदस्य भी थे।

आधार कार्ड नहीं बनने पर की आत्महत्या कोशिश

छिंदवाड़ा। आम आदमी की जिंदगी में आधार की बड़ी भूमिका हो गई है। आधार कार्ड के अभाव में सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना आम बात है। इसी से परेशान होकर छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा में एक युवक ने जहर पीकर जान देने की कोशिश की। बताया गया है कि अमरवाड़ा के पिंडरई डबीर के रहने वाले शिवराम ने अपने घर पर जहर पी लिया और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मप्र में 50 फीसदी कमीशन पर फिर घिरी सरकार

भोपाल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले पचास फीसदी कमीशन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस हमलावर है। बुधवार को एक ठेकेदार ने पचास फीसदी कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री आवास के करीब पत्नी के साथ धरना दिया।

मुख्यमंत्री आवास के करीब धरने पर बैठे ठेकेदार

ठेकेदार के धरने पर फिर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने ट्वीट के साथ ठेकेदार और उसकी पत्नी का धरना वाला वीडियो साझा करते हुए लिखा, 50 फीसदी कमीशनखोर सरकार से सब परेशान हैं, अब ग्वालियर के रहने वाले संजय मिश्रा, जो खुद पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार हैं, भुगतान न होने की वजह से मुख्यमंत्री निवास के बाहर परिजनों के साथ धरने पर बैठे हैं और जल्द से जल्द भुगतान करने की गुहार शिवराज सिंह चौहान से लगा रहे हैं। इस धरने पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भी ट्वीट कर लिखा है, मध्य प्रदेश में चल रहा 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सभी हदें पार कर गया है। ग्वालियर के एक ठेकेदार

प्रदेश में चल रहा 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सभी हदें कर गया है पार : कमलनाथ

बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर अपनी पत्नी सहित धरने पर बैठे हैं और उन्होंने आत्महत्या करने की चेतावनी तक दी है। उनका सीधा कहना है कि 50 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने के कारण वह पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। बार-बार आग्रह करने के बावजूद न तो कोई अधिकारी और न ही मुख्यमंत्री उनकी बात सुन रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले ग्वालियर के ही एक ठेकेदार ने उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर 50 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया था। लेकिन उस व्यक्ति को न्याय दिलाने की जगह आवाज उठाने वालों के खिलाफ शिवराज सरकार सक्रिय हुई। उसके बाद रीवा के एक ठेकेदार ने गौशाला निर्माण में 50 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया। उस मामले पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। राज्य की स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा, मैं देख रहा हूं कि शिवराज सरकार ने इसी तरह से व्यापम घोटाले में अपराधियों को संरक्षण दिया था और तब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी, जब तक करीब 50 निर्दोष लोगों की संदिग्ध मृत्यु नहीं हो गई और सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप नहीं किया। मध्य प्रदेश का 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाला नहीं बचा है, यह मध्य प्रदेश के ईमानदार ठेकेदारों और अधिकारियों के लिए जानलेवा संकट बनता जा रहा है। जो मुख्यमंत्री अपने दरवाजे पर आए हुए व्यक्ति की फरियाद नहीं सुन सकता उससे हम न्याय की क्या उम्मीद रखें।

चुनाव में नेतृत्व को लेकर भाजपा पर बोला हमला

भोपाल। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सत्तारूढ़ दल भाजपा पर हमला बोला है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि मप्र में भाजपा चुनाव के लिए नेतृत्व का चेहरा भी बाहर का दिखा रही है। प्रचार के लिए मंत्री और विधायक भी बाहर से ला रही है, बाहरियों को ज्यादा महत्व देने के कारण संगठन में भी आपस में ठनी हुई है, मतलब सब कुछ बाहर से, ये भाजपा के सत्ता से बाहर जाने के स्पष्ट संकेत हैं। अब क्या भाजपा मतदाता भी बाहर से लाएगी, क्योंकि मप्र के सतर्क मतदाता तो अब इनके झांसे में नहीं आने वाले और न ही भाजपा को कोई चुनावी घपला करने देंगे। इस बार मप्र का हर मतदाता सजग है क्योंकि इस चुनाव से उसका और मप्र का भविष्य तय होना है। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और इसके लिए दोनों ही दल अपनी तैयारियां तेज करते जा रहे हैं।

बंगाल उप चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तीस कंपनियां होंगी तैनात

जलपाईगुड़ी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में पांच सितंबर को होने वाले धुपगुड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 30 कंपनियां तैनात की जाएंगी। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चुनाव कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, 30 कंपनियों में से 15 कंपनियां पहले ही तैनात कर दी गई हैं और अन्य मतदान से कुछ समय पहले तैनात की जाएंगी। धुपगुड़ी विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक विष्णुपद रॉय के पिछले माह निधन होने से रिक्त हुयी है। श्री रॉय विधान सभा सत्र में शामिल थे। इस दौरान उनकी तबितयत बिगड़ गयी। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्मल चंद्र रॉय को इस सीट के लिए उम्मीदवार बनाया है। ईश्वर चंद्र रॉय और तापसी रॉय क्रमशः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार हैं।

■ पांच सितंबर को होने हैं धुपगुड़ी विस उप चुनाव

बिहार के रोहतास में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

कंटेनर व स्कॉर्पियो की टक्कर से हुआ हादसा

डेहरी ओन सोन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में रोहतास जिले मे शिवसागर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह कंटेनर और स्कॉर्पियो की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर खास के निवासी सुदेश्वर शर्मा बोध गया से अपने परिवार के साथ स्कार्पियो से वापस आ रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय उच्च पथ-2 पर पखनारी गांव के निकट सड़क पर खड़ी कंटेनर में स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई। इस घटना में स्कार्पियो पर सवार सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान कैमूर जिले के बम्हौर खास गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह प्रेमलता प्रियदर्शी, आदित्य विश्वकर्मा, रिया कुमारी, तारा कुमारी, चांदनी कुमारी तथा कुड़ारी थाना क्षेत्र के सबार गांव निवासी राजमुनि देवो के रूप में की गयी है। घायलों को सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

नीतीश ने मृतकों की मौत पर शोक जताया

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क दुर्घटना में मृतकों की मौत पर शोक जताया। कुमार ने इस दुर्घटना को काफी दु:खद बताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने के शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

बिप्लव ने त्रिपुरा की 10 केंद्रीय परियोजनाओं में मदद का किया दावा

अगरतला, 30 अगस्त (एजेंसियां)। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद बिप्लव कुमार देब ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने पिछले एक वर्ष में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान त्रिपुरा के लिए 3.39 करोड़ रुपए की 10 केंद्रीय परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने में मदद की है। देब ने कहा कि इसके अलावा, संसद सत्र के दौरान, उन्होंने त्रिपुरा से संबंधित 17 सवाल उठाए और प्रस्तुत किए। संसद में अपनी चर्चा का उल्लेख करते हुए देब ने कहा कि देश में अभी भी कई ब्रिटिश कानून मौजूद हैं जिनमें से कई ऐसे हैं जिनके बारे में हम नहीं जानते हैं, जैसे कि पाइरेसी, जो समस्याएं उत्पन्न करते हैं और सरकार उन्हें निरस्त करने के लिए कदम उठाया है। मैंने राज्य के कैलाशहर में नए हवाई अड्डे के बारे में भी बात की है।

Seth Badrilal Khandelwal Shiksha Mahavidyalay, Durg (C.G.)

Appointment (Teaching Staff & Non Teaching Staff) Under University Statue-28

Advertisement Approval Format for B.Ed. Teaching Post and Administrative and Professional Staff as per NCTE norms

S.No.	Name of the Post	No.of Post	QualiÀcation
A	Principal (B.Ed.)	01	(i) P.G. Degree in Arts/ Science/ Social Science/ Humanities / commerce with minimum 55% marks. (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed) ; **and** (ii)M.Ed with minimum 55% marks (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system is followed); **and** (iii) Ph.D. in Education or in any Pedagogic subject offered in the institution; **and** (iv) Eight years of teaching experience in a Secondary Teaching Institution. **Desirable: Diploma/Degree in Education Administration /Leadership.**
B	Asst. Prof. (B.Ed.) Perspective in Education of Foundation course Psychology Philosophy	 01 01	(i) Post Graduate Degree in Social Science (Psychology/Philosophy) with minimum 55% marks. (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed); **and** (ii)M.Ed Degree From a recognized University with minimum 55% marks. (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system is followed); **and** **Or** (i) P.G. (MA) Degree in Education with minimum 55% marks .(or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed); **and** (ii) B.Ed./ B.El.Ed. Degree with minimum 55% marks.(or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed)
C	Assistant Professor (B.Ed.) Curriculum and Pedagogic Courses Biological Science Physical Science Mathematics English	 01 01 01 01	(i) Post Graduate Degree in Science/ Mathematics/Language (English) with minimum 55% marks. .(or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed);**and** (ii)M.Ed. Degree with minimum 55% marks.(or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed);**and** **For B & C** **Note** :- Besides fulÀlling the above qualiÀcation the candidate shall have cleared the National Eligibility test (NET) Conducted by University Grants Commission. Provided Candidates, Who are, or have been awarded Ph.D. Degree in Education in accordance with the University Grant Commission (Minimum Standard and Procedure for Award of Ph.D. Degree) Regulation 2009, Shall be exempted from the requirement of the clearing of NET for appointment as assistant Professor or equivalent position in university or college or institution.
D	Specialized Course i Asst. Prof. (B.Ed.) Visual Arts	01	(i) P.G.Degree in Fine Arts (Master of Fine Arts) With minimum 55% marks.
	ii Asst. Prof. (B.Ed.) Performing Arts	01	(i) P.G.Degree in Musical /Dance/Theater Arts with minimum 55% marks.
E	Non Teaching Post as Per NCTE Norms i Librarian	01	(i) B.Lib With 55% Marks
F	Non Teaching Post as per State Govt. Rules i OfÀce Assistants Cum Computer Operator	01	a) (10+2) Passed from Recognize Board. **OR** Passed old Higher Secondary Examination and 1 year pass of any Graduation Course from recognized University. b) One year Diploma/CertiÀcate in Data Entry Operator / Programming from recognized Institute/University. c) A Speed of 5000 key Depression per hour in computer Hindi Typing. (Typing speed test will be taken on computer)
	ii OfÀce Cum Account Assistant	01	a) B.Com 2nd division with PGDCA.

As Prescribed by State Government/UT Administration Concerned.

Note :-

1. Pay Scale as per UGC/NCTE & C.G. State Govt. Norms and their amendments from time to time.
2. QualiÀcation fulÀll as per UGC/NCTE/AICTE Norms and their amendments from time to time.
3. All Candidates are requested that there application should be deposited by **date- 15/09/2023.**
4. In a composite institution, the Principal and academic, administrative and technical staff can be shared. There shall be one principal, and other may be termed as HoDs.
5. Necessary qualiÀcations completed till the date of interview.

Send your resume in 03 sets with Passport Size Photo, all relevant documents and Rs.-1000/- D.D. in favour of **"Principal Seth Badrilal Khandelwal B.Ed. (Education) College"** Utai Road, Gourav Path, Durg in ofÀce hours.

Also Visit www.sblkedu.com

Principal
Seth Badrilal Khandelwal Education College Durg (C.G.)

आस्था — *छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ अमरनाथ यात्रा का होगा समापन्न*

चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

■ **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू,30 अगस्त (देशबन्धु)। जिस अमरनाथ यात्रा से जम्मू-कश्मीर प्रशासन इस बार नाउम्मीद हुआ है वह अब 31 अगस्त को दोहरी श्रावण पूर्णिमा के बावजूद यात्रा की प्रतीक छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ ही समाप्त हो जाएगी। श्राइन बोर्ड के दावानुसार, इस बार यात्रा में शामिल होने वालों।

ने बमुश्किल 4.50 लाख का आंकड़ा छुआ है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड को उम्मीद थी कि 8 से 10 लाख से अधिक श्रद्धालु इसमें शिरकत करेंगें और वे तीन से चार हजार करोड़ का बिजनेस प्रदेश के व्यापारियों को देंगें। इतना जरूर था कि इस बार के अनुभव के चलते प्रशासन ने अनेकों संस्थाओं के उस सुझाव पर विचार करने का फैसला जरूर किया है जिसमें कई सालों से यात्रा की अवधि को घटा कर एक माह करने के लिए कहा गया है। हालांकि अब इसके लिए मौसम को अधिक दोषी ठहराया जा रहा है पर पिछले कई सालों की यह परंपरा बन चुकी है कि यात्रा के प्रतीक हिमलिंग के पिघलने के उपरांत यात्रा हमेशा ढलान पर रही है। श्राइन बोर्ड की तमाम कोशिशों के बावजूद हिमलिंग यात्रा के शुरू होने के कुछ ही दिनों के उपरांत पूरी तरह से पिघल जाता रहा है।

ऐसे में श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, यात्रा की अवधि पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता आन पड़ी है। दरअसल कई सालों से, जबसे यात्रा की अवधि को दो से अढ़ाई माह किया गया है, कई संस्थाओं ने इसे घटाने के सुझाव दिए हैं। लंगर लगाने वाली संस्थाओं ने इसे घटा कर 25 से 30 दिनों तक ही सीमित करने का आग्रह कई बार किया है।

अगर देखा जाए तो यात्रा की अवधि कम करने की बात पर्यावरण विभाग और अलगाववादी भी पर्यावरण की दुहाई देते हुए अतीत में करते रहे हैं। पर अब अधिकारियों को लगने लगा है कि हिमलिंग के पिघल जाने के उपरांत यात्रा में श्रद्धालुओं की शिरकत को जारी रख पाना संभव नहीं है जब तक कि हिमलिंग को सुरक्षित रखने के उपाय नहीं ढूंढ लिए जाते।

■ **आतंकी हमलों की धमकी के बावजूद यात्रा नहीं हुई प्रभावित**

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

दो दोस्त आपस में बात करते हुए।
रामू- मैं कभी ईट का जवाब पत्थर से नहीं देता।
श्यामू- क्यों?
रामू- क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।

संपादकीय

राजनैतिक चेतना की नई बयार

जीवन का कोई भी क्षेत्र हो एकरसता उदासी भी लाती है। पांच साल पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी। पार्टी ने लगातार 15 साल सरकार चलाई। वर्ष 218 में चुनाव हुए तो लोगों ने परिवर्तन के लिए मतदान किया। यह परिवर्तन ऐसा था जैसे भाजपा सरकार से कोई बड़ी नाराजगी हो। तीनों बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली पार्टी 9 सदस्यीय विधानसभा में 15 सीटों पर सिमट गई। राज्य में जब कुछ माह बाद आम चुनाव होने वाले हैं, एक नई राजनीतिक चेतना दिखाई दे रही है। राजनीति में इस तरह का बदलाव सरकारें बदलने से आती ही है। कई राज्य इसके उदाहरण हैं। राजनीतिक दलों के सभा-सम्मेलनों में अधिक भीड़ जुट रही है। टिकिट के दावेदारों की भी लंबी लिस्ट तैयार हो रही है। इनमें दो राय नहीं कि इस बार का चुनाव पिछले चुनावों से एकदम अलग होगा। राजनीतिक दलों को एक-एक सीट पर जीत के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाना होगा। भितरघातियों की भी कमी नहीं होगी। ऐसे में पाटियों के लिए अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखना होगा तभी बाजी हाथ लग सकती है। पार्टियों के शीर्ष नेताओं को अभी से इसका अनुमान भी हो गया है और चेतावनियां भी जारी की जा रही हैं। चुनावों को लेकर आम लोगों में जैसी राजनैतिक चेतना दिखाई दे रही उसमें राज्य के चुनावी इतिहास की लिहाज से कांग्रेस- भाजपा को छोड़ दूसरे दलों के लिए इस बार भी संभावनाएं बहुत कम है।

हालांकि इस चुनाव में दूसरी पार्टियां भी पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार दिखाई दे रही है। सत्ता में वापसी के लिए भाजपा ने अच्छा होमवर्क किया है। वह 9 में से 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इन प्रत्याशियों को लेकर कहा जा रहा है कि इनके नामों के ऐलान से पहले उनके जीतने की संभावनाओं के हर पहलू पर पार्टी ने विचार किया है। कई नए चेहरों को पार्टी ने मौका दिया है। सत्तारूढ कांग्रेस में पार्टी प्रत्याशियों के नामों पर अभी मंथन चल रहा है। पार्टी टिकट के फैसले से पहले कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर संगठन की सहमति ले रही है। पैनल तैयार कर जिला संगठन और फिर प्रदेश संगठन को भेजा जा रहा है। यह कोशिश की जा रही कि प्रत्याशियों के नाम के फैसले पर संगठन स्तर पर असहमति की कोई गुजाइंश नहीं रहेगी। यह कोशिश चुनावों में पार्टी को एकजुट रखने में मददगार हो सकती है। कांग्रेस अन्तर्विरोध के कारण ही वर्षों से सत्ता से बाहर रही। राज्य में कहा जाने लगाथा कि कांग्रेस को कोई और नहीं कांग्रेस के लोग ही हराते हैं।

वर्ष 218 के चुनावों में इस अन्तर्विरोध को दूर करने की कोशिश हुई और पार्टी ने 15 वर्षों के बाद सत्ता में वापसी की। राजनीतिक पार्टियों का अन्तर्विरोध एक सच्चाई है। जिसने इसे भांपकर काम किया उनकी जीत होती है। इस समय की जो चुनावी तस्वीर है उसमें चुनावों को लेकर सभी पार्टियां उत्साहित नजर आ रही है। अभी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होना बाकी है। प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद क्या तस्वीर बनेगी, सबकी नजर उस पर होगी। दोनों प्रमुख पार्टियों की जैसी तैयारी चल रही है उसमें मुकाबले की स्थिति बनती दिखाई दे रही है।

राष्ट्रपति दो दिवसीय प्रवास पर आज आ रही है

पुलिस ने रोड मैप किया तैयार, कड़ी सुरक्षा में 12 सौ जवानों की चप्पे-चप्पे पर तैनाती

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार 31 दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही हैं। रायपुर जिला पुलिस और प्रशासन की ओर से राजधानी में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। रायपुर और बिलासपुर में दो दिनों का पूरा ट्रैफिक्र प्लान बनाया गया है। राष्ट्रपति के रायपुर पहुंचने के बाद उनके काफिले को एयरपोर्ट से जगनाथ मंदिर गायत्री नगर आने.जाने में कोई परेशानी ना हो इसको लेकर प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान रखा गया। इसके अलावा अन्य जगहों पर कार्यक्रम हैं। रायपुर में 12 सौ जवानों की तैनाती की गई है। रेलवे स्टेशनए बस स्टैंडए होटल में आने.जाने वालों की चेकिंग तीन दिन से की जा रही है। चप्पे.चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। रायपुर एयरपोर्ट से राष्ट्रपति का काफिला जैसे.जैसै आगे बढ़ा उसके ठीक 15 मिनट पहले उन मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रोक लगा दी जायेगी। वहीं राष्ट्रपति के आगमन और उनके सुरक्षा के मद्देनजर शहर के निर्धारित मार्ग पर करीब 100 स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है।

नहीं कर सकते गाड़ी पार्क

राष्ट्रपति का काफिला एयरपोर्ट से जैसे.जैसे आगे बढ़ता जाएगा पीछे से बंद मार्गों को सामान्य परिचालन के लिए खोल दिया गया। इस बीच किसी भी वाहन सवार को कटिंग से आगे बढ़ने या आने जाने की अनुमति

होगी। एयरपोर्ट से वीआइपी चौक तक बीच का मार्ग दोनों ओर से खाली रखा जाएगा। जगह.जगह पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। कटिंग वाली जगह पर बैरिकेडिंग की जाएगी। सड़क के दोनों ओर वाहनों की पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रत्येक गाड़ियों की चेकिंग

राजधानी से आने वाले और जाने वाले प्रत्येक गाड़ियों और संदेहियों की चेकिंग की जा रही है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए राजधानी में एक आइजी, डीआइजी,10 एसपी, 12 एएसपी, 25 डीएसपी सहित अन्य बल 1200 से ज्यादा

सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

वही, बिलासपुर के कार्यक्रम के लिए एक आइजी, दो डीआइजी, 10 एसपी, 10 एएसपी, 22 डीएसपी सहित 1500 से ज्यादा अधिकारियों.कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राष्ट्रपति के दो दिनों के कार्यक्रम के दौरान लगभग 3000 हजार से ज्यादा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सुरक्षा पर तैनात रहेंगे।

यहां आवागम रहेगा प्रभावित- राष्ट्रपति को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर, शांति सरोवर सड्डुए महंत घासीदास संग्रहालय एवं राजभवन में आवागमन प्रस्तावित है। इस दौरान आवागमन के लिए माना.विमानतल से पीटीएस चौक, फुंडहर, श्रीराम मंदिर टर्निंग, महासमुंद बैरियर, तेलीबांधा चौक, आनंद नगर चौक, भारतमाता चौक,अनुपम नगर चौक, खम्हारडीह थाना के सामने, गायत्री नगर,जगन्नाथ मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर से वापस अनुपम नगर चौक, श्रीराम नगर ओवर ब्रिज, वीआइपी क्लब तिराहा, वीआइपी टर्निंग, साइंस सेंटर तिराहा, शांति सरोवर तक रूट निर्धारित है। राष्ट्रपति सुबह 11 बजे माना विमानतल से निर्धारित रूट पर सड़क मार्ग से जगन्नाथ मंदिर, शांति सरोवर कार्यक्रम स्थल के पश्चात महंत घासीदास संग्रहालय एवं राजभवन आएंगी। वीवीआइपी कारकेड के गुजरने के दौरान 15 मिनट पूर्व सड़क मार्ग के दोनों तरफके यातायात को पूर्णत: रोका जाएगा रूट पर आवागमन शून्य रहेगा। आवागमन के दौरान निम्नानुसार मार्ग में यातायात रोका जाएगा। असुविधा से बचने के परिवर्तितए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान प्रतिबंधित मार्ग माना विमानतल से वीआइपी रोड से होकर श्रीराम मंदिर टर्निंग तक सुबह लगभग 11.15 से 11.25 बजे तकए श्रीराम मंदिर टर्निंग से तेलीबांधा आनंद नगरए भारतमाता चौक तक लगभग 11.25 से 11.35 बजे तक तक न जाएं।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया रहेंगे 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे है प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही महीनों का समय बचा हुआ है इस बीच प्रदेश में बड़े.बड़े राजनेताओं का दौरा कार्यक्रम शुरू हो गया है वहीं केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया 31 अगस्त और 1 सितम्बर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे इस दौरान वह भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

सीएम भूपेश बघेल को ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी राखी

रायपुर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास कार्यालय में आज प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर की ब्रह्मकुमारी दीदी आशा बहन,सविता बहन, वनीषा बहन ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री बघेल को राखी बांधी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन के लिए मंगलकामनाएं की,सीएम भूपेश बघेल ने इस स्नेह और सम्मान के लिए ब्रह्मकुमारी दीदीयों का आभार प्रकट किया।

प्रदेश में मच्छर पर रोकथाम के लिए करोड़ों खर्च, फिर भी तेजी से बढ़ रहे मरीज

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी समेत प्रदेश में मच्छर और मलेरिया पर रोकथाम के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी मच्छरों के डंक से निजात नहीं मिल पा रही है। राजधानी में अब तक डेंगू संक्रमित चार लोगों की मौत हो चुकी है हालांकि स्वास्थ्य विभाग इससे इनकार कर रहा है। शहर के हर वार्ड से डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में भी रोजाना डेंगू के मामले आ रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के लगातार दबाव के बावजूद वार्डों में न तो बेहतर ढंग से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा हैए न ही फागिंग मशीनें ही चल रही हैं।

वार्डों को मच्छरमुक्त बनाने हो रहा दवाओं का छिड़काव

रायपुर नगर निगम की ओर से प्रत्येक वर्ष मच्छरों के उन्मूलन पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। 70 वार्डों को मच्छरमुक्त बनाने के लिए सभी दस जोनों में मशीनों के माध्यम से फागिंग की जाती है। दवाओं का छिड़काव किया जाता है। लेकिन हालात में संतोषजनक सुधार नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेशभर में वर्ष.2021 में डेंगू के 1,086 मरीज मिले थे,जो वर्ष.2022 में बढ़कर 2,679 हो गए। वर्ष.2022 में डेंगू

से दस लोगों को जान भी गंवानी पड़ी थी। इस वर्ष भी राजधानी समेत प्रदेशभर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। आठ माह में ही डेंगू के 248 से अधिक मरीज मिले चुके हैं।

अंबेडकर अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

राजधानी के अंबेडकर अस्पताल में डेंगू पीड़ितों की संख्या दिन.प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विगत दो माह में डेंगू के 117 मरीज यहां पहुंचे हैं। विगत एक सप्ताह के भीतर ही करीब 100 पीड़ित इलाज कराने के लिए पहुंच चुके हैं। वर्तमान में मेडिसिन विभाग में 37 मरीज भर्ती हैं जो रविवार को 32 थे। सोमवार को 12 मरीज भर्ती किए गए हैं। डाक्टरों का कहना है कि विगत दस दिनों से रोजाना सात से आठ मरीज आ रहे हैं। जिला अस्पताल में भी डेंगू से पीड़ित दो मासूम समेत पांच लोग भर्ती हैं। राजधानी के निजी अस्पतालों में भी डेंगू के मरीज भर्ती हैं। महामारी नियंत्रण संचालक डा सुभाष मिश्रा ने कहाए डेंगू पीड़ितों की कान्ट्रेक्ट ट्रेसिंग में परेशानी आ रही है इसलिए अस्पताल संचालकों को मरीज का लैंडमार्क के साथ पूरा पता लिखने के लिए निर्देशित किया गया है। डेंगू मरीजों के लिए अगल से वार्ड बनाया जाना चाहिए। डेंगू से अभी तक एक भी मौत नहीं हुई है। नगर निगम महापौर एजाज ढेबर ने कहाए शहर के सभी 70 वार्डों में मच्छरजनित रोग डेंगू से बचाव के लिए जनजागरण का एक सप्ताह का विशेष अभियान शुरू किया गया है। पार्षदों के नेतृत्व में मच्छर उन्मूलन के लिए सुबह एंटी लार्वा ट्रीटमेंट, कीटनाशक दवा का छिड़काव और शाम को फागिंग अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा नगर निगम की ओर से हर वर्ष मच्छर उन्मूलन अभियान के नाम पर दो करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं लेकिन इसका असर नहीं दिखता। सभी वार्डों में गंदगी पसरी हुई है। वार्ड में न तो एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाता है न ही फागिंग की जाती है।

रक्षाबंधन पर बेरोजगारी भत्ता

1.29 लाख युवाओं के खाते में सीएम भूपेश ने वर्चुअली ट्रांसफर किए 34.55 करोड़

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को खाते में 34 करोड़ 55 लाख रुपए ट्रांसफर किए। प्रदेश के 1 लाख 29 हजार बेरोजगार युवाओं के खाते में ये राशि ट्रांसफर की गई है। इस दौरान डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। वहीं मंत्री अमरजीत भगत भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मे छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की है। इसके जरिए जिन बेरोजगार युवाओं ने आवेदन किया है उनको 2500 रुपए प्रति महीना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया

कि इस योजना के तहत अप्रैल महीने से अब तक 146 करोड़ 98 लाख से ज्यादा की राशि बेरोजगार युवाओं के खाते में ट्रांसफर की जा चुकी है। राष्ट्रपति के दौरे के कारण पहले भत्ता दिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हर महीने महीने की आखिरी तारीख को युवाओं के खाते में बेरोजगारी भत्ते की राशि ट्रांसफर की जाती हैं लेकिन कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा है इसलिए भत्ता देने का फैसला आज किया गया है। कहा कि बेरोजगारों के खाते में पैसा भेजने के दिन बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था लेकिन रक्षाबंधन पर्व है इसलिए कार्यक्रम वर्चुअल आयोजित किया जा रहा है।

शिक्षक प्रमोशन घोटाले में सरकार बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षक प्रमोशन घोटाले में राज्य सरकार बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। एक तरफ जहां शिक्षकों के प्रमोशन को रद्द कर दिया है, वहीं दूसरी कैविएट लगाकर शिक्षकों के लिए दोगुनी मुश्किल खड़ी कर दी है। इससे पहले 4 अगस्त को ही विधि विभाग ने महाधिवक्ता को पत्र भेजकर ये सूचना दे दी थी कि प्रमोशन संशोधन निरस्त करने राज्य सरकार जा रही है। इसलिए कैविएट दायर करना होगा। राज्य सरकार के पत्र के बाद हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया गया। 29 अगस्त को इसका प्रकाशन अखबारों में भी कर दिया गया।

कैविएट की सूचना से साफ है कि राज्य सरकार ने सभी प्रमोशन संशोधन को निरस्त कर दिया है। हेडमास्टर व शिक्षक के तमाम प्रमोशन को 9 अगस्त के आदेश से ही निरस्त कर दिये हैं। अब विभाग की तरफ से सिर्फ औपचारिक निर्देश जारी किये जायेंगे। इसके लिए 4 अगस्त को ही विधि विधायी विभाग ने महाधिवक्ता को पत्र भेजकर कैविएट दायर करने को कहा था।

इसी बीच शिक्षा विभाग ने 9 अगस्त को सभी संशोधन आदेश निरस्त कर दिया। अब विभागों से संभागवार निरस्तीकरण आदेश जारी किया जायेगा।

भाजपा इस सप्ताह कर सकती हैं 42 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव सर पर हैं। लेकिन कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा अभी तक नहीं की है उम्मीद हैं कि , 06 सितम्बर तक कॉंग्रेस अपने प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी करेगी। वहीं भाजपा ने अपने 21 उम्मीदवारों की टिकट घोषित कर प्रारंभिक घोषणा की है। खबर यह भी हैं कि, इस सप्ताह और कई सीटों पर भाजपा टिकट की घोषणा कर सकती है जिसमें रायगढ़, शक्ति, जांजगीर, जशपुर, बस्तर, चंद्रपुर जैसी प्रमुख सीटें भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार इस सप्ताह भाजपा 42 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करने जा रही है।

इनमे कई ऐसी सीट भी है जहां पर पेंच फंसे होने की बात कही जा रही थी। इन विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवार भी इस दिन घोषित कर दिए जाएंगे। तीसरे और अंतिम चरण में उन सीटों को शामिल किया गया है जहां पर इनके विधायक मौजूद हैं। इसपर भाजपा का नेतृत्व काफी मशक्कत कर रहा है। दरअसल

वहां भाजपा को कई जगह कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है ऐसे में सीटिंग विधायक का टिकट कटेगा या नहीं यह तय नहीं हो पा रहा है। भाजपा ने अबतक जिन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है वहां सर्वे के अनुसार भाजपा की जीत के कोई लक्षण नहीं थे।

ऐसे में उम्मीदवारों को अपना प्रचार करने के लिए पूरा वक्त मिलेगा। इसके अलावा इन सीटों पर कांग्रेस पर भी जल्द उम्मीदवारों की घोषणा करने का दवाब बनेगा। खबर यह भी हैं की इस वजह से वहां असंतोष की स्थिति भी बन सकती है जिसका लाभ भाजपा को मिल सकता है।

इन 21 सीटों में से जितनी भी सीट भाजपा जीतेगी वह सरप्लस ही होगा। यहां सीटों की घोषणा के बाद चुनावी धुंध छंट जायेगी। हालांकि कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद उनपर भी जल्द उम्मीदवारों की घोषणा का दवाब बढ़ेगा और वे भी जल्द अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सकते हैं।

बहरहाल भाजपा नेतृत्व के अबतक 63 सीटों के नाम फाइनल कर दिए हैं और उन्हें केंद्रीय कमिटी को भेज दिया गया है, उसपर केंद्रीय कमिटी की मुहर भी लग गई है लेकिन घोषणा होना अभी बाकी है। सूत्रों के अनुसार इसमें रायगढ़, सक्ति, जांजगीर, जशपुर, सरगुजा आई बचे हुए कई सीट, बस्तर के कई सीटों का नाम शामिल है। जल्द ही इन नामों की घोषणा भी हो जायेगी और इसके साथ ही वादे, आरोप और प्रत्यारोप का दौर शुरू हो जायेगा।

चौबे, कवासी, उमेश, अकबर की टिकट पक्की

किसी ने नहीं किया दावा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को कुछ महीने ही शेष हैं, ऐसे में भाजपा ने 21 सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है वहीं कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों को जल्द से जल्द घोषित करने की फिराक में हैं। वहीं प्रदेश के 4 मंत्रियों के विधानसभा से उनके अलावा कोई और दावेदार नहीं है। जिनमें मंत्री रविंद्र चौबे, कवासी लखमा, मो.अकबर और मंत्री उमेश पटेल के खिलाफ कोई दावेदार नहीं है, ऐसे में इन मंत्रियों को टिकट मिलना तय माना जा रहा है। वहीं प्रदेश के अन्य जिलों में जिला कांग्रेस कमेटी 3-3 नाम तय कर भेजेगी प्रदेश

कांग्रेस कमेटी को भेजेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की मीटिंग में इन रायपुर जिले के 7 विधानसभा में भी कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी के नाम भी सामने आए हैं। जिनमे रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, आरंग से मंत्री शिव डहरिया, अभनपुर विधानसभा से विधायक धनेंद्र साहू, वहीं रायपुर उत्तर के पैनल में पहला नाम विधायक कुलदीप जुनेजा, रायपुर ग्रामीण के पैनल में पहला नाम पंकज शर्मा, रायपुर दक्षिण विधानसभा में तीन नामों के बीच अभी भी संशय बना हुआ है, जिनमे प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा, सन्नी अग्रवाल के नाम शामिल है। इसके साथ ही धरसींवा विधानसभा में नए चेहरे को मौका मिलने के संकेत है। इसके साथ ही यह खबर भी है कि अहिवारा में मंत्री गुरु रूद्रकुमार की दावेदारी को लेकर कार्यकर्ताओं में बढ़ते विरोध के चलते नवागढ़ से प्रत्याशी बनाया जा सकता हैं। वहीं कल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सभी दावेदारों के नाम भेजे जायेंगे है।

बिलासपुर-रायपुर के बीच बड़ा रेल हादसा टला

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। ओडिशा के बालासोर की तरह बुधवार की शाम बिलासपुर-रायपुर के बीच दाधादापारा-चकरभाठा के बीच एक ही ट्रैक्कर पर मालगाड़ी और एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। जिसके बाद यात्री दहशत में आ गए। वहीं, इस नजारे को देखने के लिए वहां लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि, ट्रेन में टक्कर नहीं हुई और कोई हादसा नहीं हुआ। लेकिन, इसमें रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

बीते जून महीने में बालासोर में एक ही ट्रैक पर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और मालगाड़ी के साथ ही तीन गाड़ियों की टक्कर हो गई थी, जिसमें 288 लोगों की मौत हो गई और 900 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस हादसे की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब 4 बजे बिलासपुर से एक यात्री ट्रेन रायपुर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन दाधापारा स्टेशन से निकलकर चकरभाठा स्टेशन से ओवरब्रिज के पास आकर खड़ी हो गई। इसी दौरान उसके पीछे-पीछे मालगाड़ी आते दिखी, जिसे देखकर यात्रियों में अफरातफरी मच गई और सभी ट्रेन से उतर गए।

आज भी मनाया जाएगा रक्षाबंधन

राशि अनुसार भाई को बांधे रेशम की डोर

भाई की राशि के अनुसार राखी का रंग

रक्षाबंधन का सबसे शुभ मुहूर्त

30 अगस्त को पूरे दिन भद्रा का साया था। कुछ लोग सूर्यास्त के बाद राखी नहीं बांधते. ऐसे में अगर आप 31 अगस्त को रक्षाबंधन मना रहे हैं तो राखी बांधने के लिए ब्रह्मा मुहूर्त को सबसे शुभ माना गया है. आज 31 अगस्त को सुबह 4ः26 से 5ः14 के बीच राखी बांध सकते हैं।

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन इस साल एक नहीं बल्कि 2 दिनों का मनाया जा रहा है. रक्षाबंधन की तिथि और शुभ मुहूर्त को लेकर सभी में उलझन की स्थिति बन गई है. भद्रा के साये में राखी बांधना शुभ नहीं होता है.माना जाता है कि भद्रा का साया लगने पर किसी भी तरह के मांगलिक और शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं. पौराणिक कथाओं के अनुसार रावण (ऋड्ड1ड्डठ्ठड्ड) की बहन ने उसे भद्रा काल में राखी बांधी थी जिसके बाद उसका वध हो गया था. इसीलिए भद्रा काल में राखी बांधने से बचा जाता है।

रक्षाबंधन पर भद्राकाल कब से कब तक

30 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन सुबह 10.59 से भद्रा लग जाएगी और इसका समापन रात्रि 9.02 पर होगा. ऐसे में रक्षाबंधन पर पूरे दिन भद्रा का साया रहने वाला है. इसलिए आप भद्रा समाप्त होने के बाद ही रात्रि में भाई को राखी बांधे. या फिर अगले दिन 31 अगस्त को सुबह 07.04 तक भी राखी बांध सकते हैं।

प्रदेश सरकार डेंगू के इलाज के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय आंकड़ों को छिपाकर अपनी चमड़ी बचाने में लगी है : भाजपा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने डेंगू के बढ़ते कहर पर चिंता जाहिर कर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है कि प्रदेश के हर जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार फैल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार खामोश बैठी है, उसे न तो मरीजों की चीत्कार सुनाई दे रही है और न ही डेंगू फैलाव नजर आ रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह तार-तार हो चुकी है और सरकारी अस्पतालों की बदहाली के चलते डेंगू के मरीजों को विवश होकर निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है जहाँ एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट जमा किए बिना आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज का खर्च वसूलने के लिए क्लेम किया जा रहा है।

भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज राजधानी समेत पूरे प्रदेश में डेंगू का कहर दिख रहा है और लोगों की जानें जा रही हैं, लेकिन ऐसे समय में भी प्रदेश सरकार बजाय इलाज के पुख्ता इंतजाम करने के आँकड़ेबाजी करने और सही आँकड़ों को छिपाकर केंद्र सरकार को गलत रिपोर्ट देकर अपनी चमड़ी बचाने में लगी है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज राजधानी समेत प्रदेश के अमूमन सभी शहरों, नगरों, कस्बों के मोहल्लों में हर परिवार डेंगू के कहर से जूझ रहा है और अपनी चमड़ी बचाने में लगी प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में डेंगू से लोगों की जान बचाना नहीं है, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। चिकित्सा शिक्षा से जुड़े डॉ. विष्णु दत्त भी एक सप्ताह से डेंगू का इलाज अंबेडकर अस्पताल में करा रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश में डेंगू का प्रकोप भयावह हो चला है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार को आज डेंगू की रोकथाम के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है।

राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता छोड़ बघेल व सिंहदेव लोगों की जान बचाने की दिशा में पुख्ता पहल करें : संजय श्रीवास्तव

भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने राजधानी में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की डेंगू से हुई मौतों का जिक्र करते हुए कहा कि डेंगू के चलते प्रदेश में हँसते-खेलते परिवार उजड़ रहे हैं। अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को छोड़कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव को लोगों की जान बचाने की दिशा में पुख्ता पहल करनी चाहिए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के ही क्षेत्र अंबिकापुर में 4 नवजात शिशुओं की हुई मृत्यु को दुर्भाग्यपूर्ण है, जहाँ एक सरकारी अस्पताल में बिजली गुल होने से वेंटीलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट बंद होने के कारण ये मौतें हुईं। यह प्रदेश सरकार के नाकारापन का प्रमाण है कि प्रदेश में इलाज के अभाव में 40 हजार माताओं की गोद सूनी हो गई। प्रदेश सरकार ने खुद विधानसभा में 39,267 बच्चों की मौत समुचित इलाज के अभाव में होने की बात स्वीकार की है।

जवाहर यादव बने लिपिक संघ के जिला अध्यक्ष, इदरीश खान संरक्षक बने



रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रोहित तिवारी ने रायपुर राजधानी के वरिष्ठ कर्मचारी नेता इदरीश खान को लिपिक संघ का संरक्षक तथा जवाहर यादव सहायक ग्रेड 2 जल संसाधन विभाग बोध घाट परियोजना को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ की एक बैठक ओसीएम चौक स्थित जल संसाधन विभाग में संपन्न हुई। जिसमें इदरीश खान एवं जवाहर यादव ने अपने सैकड़ो कर्मचारी साथियों के साथ लिपिक वर्ग की सदस्यता ग्रहण की तथा लिपिकों के वेतन में विसंगति व अन्य चुनावी घोषणा पत्र में शामिल मांगों को पूरा करने का संकल्प पारित किया है।

गुंडा व निगरानी बदमाशों की कंट्रोल रूम परिसर में ली हाजिरी

भिलाई नगर, 30 अगस्त। शलभ कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक दुर्ग व्दारा बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने तथा आगामी विधान सभा चुनाव 2023 एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये निगरानी गुण्डा बदमाशों की चेकिंग करने हाजिरी लगाने, उनका गुजर बसर की तस्दीक करने आपराधिक कृत्यों से दूर रहने, किसी भी प्रकार का कहीं भी कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यवाही करने निर्देशित किया था। जिसके पालन में आज संजय कुमार ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) व्दारा क्षेत्र के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को पुलिस कंट्रोल रूम, भिलाई में तलब कर उपस्थित निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को सामाजिक परिवेश में बने रहने, किसी भी आपराधिक कृत्यों में संलग्न नहीं रहने, कहीं भी किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं करने, किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर ठोस कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु सख्त हिदायत दी गई। 180 से अधिक उपस्थित हुए। इस दौरान इनके बारे मे गुजर बसर के बारे मे पूछताछ कर हाजिरी लिया गया जो उपस्थित नहीं सके उनका अनुपस्थिति रिपोर्ट डाला गया पृथक से तलब करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया।

चलती ट्रेन से उतरते समय युवक का पैर फिसला, दोनों पैर कटे

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रेल से हो रही दुर्घटनाओं का सिलसिला नहीं थम रहा है. राजधानी के सरस्वती नगर स्टेशन पर भी चलती हुई ट्रेन से उतरने के फेर में एक युवक के दोनों पैर कट गया। दरअसल चलती गाड़ी से उतरते समय युवक की लापरवाही से उसके दोनों पर पहिए के नीचे आ गए जिससे गाड़ी दो विलंब हुई है, साथ ही उसने अपने दोनों पैर गवा दिए लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इतनी हड़बड़ी क्या है कि लोग अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं।

प्रदेश के मुख्य सचिव ने कलेक्टरों आला अफसरों की ली वर्चुअल बैठक

खैरागढ़, 30 अगस्त। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आला अफसरों और कलेक्टरों की वर्चुअल बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में चुनावी तैयारियों की जानकारी, अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और सडक़ निर्माण आदि पर चर्चा कर निर्देशित किये। वर्चुअल बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा भी उपस्थित हुये। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू अर्जन के जितने भी लंबित मामले हैं, उनका जल्द निराकरण करें। उन्होंने यह भी कहा कि सडक़ सहित अन्य मामले जिसमें किसी प्रकार की कठिनाई हो, भू-अर्जन के मामले का निराकरण करें। बैठक में आगामी विधानसभा की चुनावी तैयारियों की जानकारी लेकर विशेष निर्देश दिये। इसके साथ ही अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि कलेक्टर अपनी टीम तैयार कर जिले में मॉनिटरिंग करें. स्वच्छ भारत मिशन में प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कार्य हुआ है। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नेहा कपूर, जिला पंचायत नोडल दिलीप कुर्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सुशील शुक्ला को संचार विभाग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा मिली



रायपुर, 30 अगरस्त। प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने कांग्रेस मीडिया विभाग की नई सूची जारी की है। इसके साथ ही संयुक्त महासचिवों की भी नियुक्ति की गई है।

कांग्रेस मीडिया विभाग में नए-पुराने नेताओं को मिलाकर प्रवक्ताओं और मीडिया पैनलिस्ट की बड़ी लिस्ट जारी की गई है।नई सूची के अनुसार, सुशील आनंद शुक्ला को संचार विभाग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा मिली है। वहीं सुरेन्द्र शर्मा, शिशुपाल शोरी,आर पी सिंह ,धनंजय सिंह,घनश्याम राजू तिवारी,सहित 7 वरिष्ठ प्रवक्ता के लिस्ट में शामिल किये गए हैं। श्री कुमार मेमन,वंदना राजपूत,नितिन भंसाली,श्रीमती कांति बंजारे,रूपेश दुबे,प्रकाश मनी प्रवक्ता बनाए गए हैं।टीबी डिबेट के लिए 39 मीडिया पैनेलिस्ट नियुक्त किये गए हैं। वहीं 7 कार्यकर्ता मीडिया समन्वयक बनाए गए हैं।

यथार्त के आधार पर होगा घोषणा पत्र : अमर अग्रवाल

भाटापारा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के घोषणा पत्र समिति के सह-संयोजक अमर अग्रवाल भाटापारा पहुंचे। सबसे पहले विधायक शिवरतन शर्मा के साथ शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय-विधि महाविद्यालय के छात्रा- छात्राओं, कृषि उपज मंडी में किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों, सब्जी व्यापारियों, पेंशनर भवन में रिटायर अधिकारी- कर्मचारियों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक फेडरेशन, दैनिक वेतन भोगी, प्रदेश शिक्षक सेवी संघ, अधिवक्ता संघ, सविंदा कर्मचारी, सफाई कर्मचारी संघ, मितानीन व स्व- सहायता समूह के साथ विस्तार से चर्चा कर घोषणा पत्र के लिए लिखित और मौखिक सुझाव लिए।

तत्पश्चात अमर अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने भाजपा कार्यालय भाटापारा में प्रेसवार्ता की। अमर अग्रवाल ने बताया कि, घोषणा पत्र के लिए भाजपा को वाट्सअप के जरिए 20 हजार सुझाव मिले हैं, वहीं मेल आईडी के जरिए 05 हजार सुझाव आए हैं। अमर अग्रवाल ने बताया कि, 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेजी गई सुझाव पेटियों से भी लोगों के सुझाव बड़ी संख्या में मिल रहे हैं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि, जनता से जिस प्रकार के सुझाव मिल रहे हैं, वे बता रहे हैं कि, लोगों का विश्वास भाजपा पर है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों की शिकायतें भी मिल रही हैं। अग्रवाल ने कहा कि, सरकार ने पौने 05 साल में किसान और जनता को जो दिया उससे ज्यादा वसूल भी किया। अमर अग्रवाल ने कहा कि युवाओं से बेरोजगारी भत्ते, भर्ती में गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। नामांकन, सीमांकन में भी लोगों के साथ छल हुआ है। अमर अग्रवाल ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों को कर्जदार बना दिया है। अमर अग्रवाल ने कहा कि, आम जनता ने शिकायतों के साथ भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा के घोषणा पत्र में जनभावना का ख्याल रखा जायगा। इतना ही नहीं बल्कि, गुड गवर्नेंस की छाप भाजपा के घोषणा पत्र में दिखाई देगी। हमारा घोषणा पत्र यथार्त के आधार पर होगा। उक्त कार्यक्रम में सनम जांगड़े,राकेश तिवारी, मोहन बांधे, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, टेसुलाल धुरंधर, मनिदर गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, सतीश सोनी, व्यास यदु, आशिष पुरोहित, लाला शर्मा, अभिषेक मिश्रा, नीरा साहू, सुरेश यदु, धनीराम साहू, देवक साहू, कान्हा मिश्रा, मेहुल, बृजेश निषाद, राजेश, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

2 सितंबर को तीज महोत्सव

रायपुर, 30 अगस्त। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की महिला विंग की ओर से तीज महोत्सव 2 सितंबर को मनाया जाएगा। जिसमें बॉलीवुड तंबोला भी साथ में खेला जाएगा। कार्यक्रम होटल वुड केसल मैग्नेटो मॉल के बाजू में रखा गया है। जिसमें आकर्षक उपहार रखे गए हैं।

- सिंधी काउंसिल की महिला विंग का आयोजन
- सांसद सोनी और विधायक बृजमोहन ने पोस्टर का विमोचन किया

कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सांसद सुनील सोनी और विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने किया। हीरे के हार, सोने के सिक्क, हीरे की अंगूठी और 200 से ज्यादा अलग अलग प्रकार की गिफ्ट उपहार में दिए जाएंगे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल के साथ विधायक बृजमोहन, सांसद सुनील सोनी और शदाणी दरबार के सचिव उदय शदाणी शामिल होंगे। इनके अलावा सिंधी एकेडमी के अध्यक्ष राम गिडलानी भी उपस्थित रहेंगे। सिंधी काउंसिल महिला विंग की महामंत्री राशि बलवानी ने कहा कि अहमदाबाद गुजरात से लय अंतानी अपनी टीम के साथ बॉलीवुड तंबोला खिलाएंगे। वहीं एंकर लक्ष्मी सिंह साथ में मुंबई से बॉलीवुड डांस ग्रुप्र अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षक उपहार डायमंड नेकलेस, डायमंड इयरिंग सोने की गिन्नी एटी ज्वेलर्स की ओर से दिए जाएंगे। इसके साथ में तीज चीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट मेकअप, बेस्ट ज्वेलरी, बेस्ट मेहंदी, बेस्ट हेयर स्टाइल इसके अलावा नेल आर्ट, एस्ट्रोलॉजर, मीनाक्षी सैलून एवम अष्टविनायक रियलिटी और श्री शिवम द्वारा बहुत से आकर्षक उपहार रखे गए हैं। सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, सिंधी काउंसिल महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी, नीलम कुकरेजा,जूही दरयानी, लक्ष्मी चंचलानी, ईशा वाधवानी, सोनिया निंज्यानी, आशा सचदेवए विनीता जसूजा, मानसी कुकरेजा, रिया जयसिंघानी,प्रिया मलंग,श्वेता सिधवानी भी पोस्टर विमोचन के दौरान मौजूद रहे।

निधन

देवांतीन वर्मा

पलारी, 30 अगस्त। तुकाराम वर्मा की माता देवनतीन वर्मा (पठारीडीह) वाली का आकस्मिक निधन आज दोपहर ग्राम जघलोर में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार पलारी के मुक्तिधाम में शाम को किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजनों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



धनीराम मल्होत्रा

भिलाई नगर, 30 अगस्त। नेहरू नगर पूर्व निवासी 84 वर्षीय धनीराम मल्होत्रा का निधन 30 अगस्त को हो गया। उनकी इच्छा अनुसार उनके देह को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु दान किया गया है। वे सुरेश मल्होत्रा के पिता थे।

रक्षाबंधन पर कई घरों में भाई बनकर पहुंचते हैं समाजसेवी छगन यादव

गरियाबंद, 30 अगस्त। रक्षाबंधन ऐसा पर्व है जहां भाई की कलाई सुनी न रहे और हर बहन को राखी बांधने कलाई मिले इसकी सभी कामना करते है। इसे देखते हुए नगर के समाज सेवी छगन यादव ने अपने वार्ड के उन बहनो और वृद्धजनों से रखी बँधवाई जिन बहनो के भाई नहीं रहे या किसी वजह से उनके भाई शहर से बाहर है। ऐसी कई बहनो ने बुधवार छगन को राखी बांधी। इनमें से एक कुंडों बाई यादव ने बताया कि उनका भाई अब दुनिया में नही है, रक्षाबंधन में वे उसे याद कर दुखी रहती थी पर अब छगन उनके यहां राखी बंधवाने आता है, उसकी देखरेख करता है, अपने भाई की कमी महसुस नही होने देता। वही 85 वर्षीय कमला बाई यादव ने बताया उनका और वार्ड की कई महिलाओ के भाई शहर से बाहर रहते है, ऐसे में छगन कलाई में राखी बांधकर इस पर्व और परम्परा को निभा रहे है। हम सभी बहने यही चाहते हैं कि वह हमेशा स्वस्थ रहें और शहर की सेवा करते रहें। इधर समाज सेवी छगन ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हे कई बहिने मिली है जो उनकी कलाई में राखी सजाती है, उनके लिए दुआ करती है। वही उन्हे उनकी सेवा का अवसर मिलता है। छगन ने मार्मिक रूप से कहा कि रक्षाबंधन में ना किसी भाई की कलाई सुनी रहे और ना ही कोई बहन भाई की कलाई में राखी बांधने से वंचित रहे। भाई बहन दोनो के जीवन में खुशिया रहे, इसके लिए ही वे यह प्रयास करते है।

नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा के प्रयास से छत्तीसगढ़िया संस्कृति से जुड़े भोजली घाट का निर्माण हुआ पूरा

बालोद, 30 अगस्त। नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया की छत्तीसगढ़िया संस्कृति में भोजली तिहार का बहुत महत्व है। जिस प्रकार भोजली एक सप्ताह के भीतर खूब बढ़ जाती है, उसी प्रकार हमारे खेतों में फसल दिन दूनी रात चौगुनी हो जाय। कहते हुए महिलाएं जैसे भविष्यवाणी करती हैं कि इस बार फसल लहलहायेगी और वे सुरीले स्वर में लोकगीत गाती हैं। छत्तीसगढ़ में भोजली का त्योहार रक्षा बंधन के दूसरे दिन मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्पराओं के मूल में अध्यात्म एवं विज्ञान है। यहाँ लोकाचार भी अध्यात्म से पोषित होता है और विज्ञान की कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही परम्पराओं की निसेनी तक पहुँचता है। यहाँ का लोक विज्ञान समृध्द है। हमारा छत्तीसगढ़ च्च धान का बौटका च्च है। यहाँ धान की शताधिक किस्में बोई जाती हैं। धान छत्तीसगढ़ की आत्मा है। भोजली के लोकगीत है जो श्रावण शुक्ल नवमी से रक्षाबंधन के दुसरे दिन तक छत्तीसगढ़ के गांव गांव में गूंजते है और भोजली माई के याद में पूरे वर्ष भर गाए जाते है। छत्तीसगढ़ में बारिस के रिमझिम के साथ कुंआरी लडकियां एवं नवविवाहिताएं औरतें भोजली गाती है। भोजली को घर के किसी पवित्र स्थान में छायेदार जगह में स्थापित किया जाता है। दाने धीरे धीरे पौधे बनते बढते हैं, महिलायें उसकी पूजा करती हैं एवं जिस प्रकार देवी के सम्?मान में देवी की वीरगाथाओं को गा कर जवांरा जस सेवा गीत गाया जाता है वैसे ही भोजली दाई के सम्?मान में भोजली सेवा गीत गाये जाते हैं। सामूहिक स्?वर में गाये जाने वाले भोजली गीत छत्?तीसगढ की शान हैं। महिलायें भोजली दाई में पवित्र जल छिडकते हुए अपनी कामनाओं को भोजली सेवा करते हुए गाती हैं भादो कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को भोजली का विसर्जन किया जाता है। भोजली सेराने की यह प्रक्रिया बहुत ही सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में अत्यन्त भाव पूर्ण ढंग से सम्पन्न होती है। मातायें-बहनें और बेटियाँ भोजली को अपने सिर पर रखकर विसर्जन के लिए धारण करती हैं और भजन मण्डली के साथ बाजे-गाजे के साथ भाव पूर्ण स्वर में भोजली गीत गाती हुई तालाब की ओर प्रस्थान करती हैं। संध्या 4 बजे भोजली लेकर गांव की बालिकाएं गांव के चौपाल में इकट्ठा होती हैं और बाजे गाजे के साथ वे भोजली लेकर जुलूस की शक्ल में पूरे गांव में घूमती हैं। गांव का भ्रमण करते हुए गांव के गौंटिया/मालगुजार के घर जाते हैं जहां उसकी आरती उतारी जाती है फिर भोजली का जुलूस नदी अथवा तालाब में विसर्जन के लिए ले जाया जाता है। नदी अथवा तालाब के घाट को पानी से भिगोकर धोया जाता है फिर भोजली को वहां रखकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है और तब उसका जल में विसर्जन किया जाता है।

हड़ताली कर्मचारियों पर सरकार ने दमनचक्र चलाया : विजय झा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आवाहन पर 21 अगस्त से जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन के आज दसवें दिन रक्षाबंधन त्यौहार पर आंदोलन को राज्य सरकार ने कुचलने का कुचक्र चलाया है।

कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कल्याण संध टार्जन गुप्ता ने बताया है कि आज महिला नर्सिंग की बहनें रक्षाबंधन होने के कारण मुख्यमंत्री निवास रक्षाबंधन बांधने के लिए गए थे। वे एक बहन के रूप में अपने भाई से रक्षा की उम्मीद लगाएं, भारत के सबसे बड़े त्यौहार भाई बहन का रक्षाबंधन मनाने गए थे। लेकिन पुलिस ने महिलाओं को दुत्कार कर भगा दिया गया। भाई का बहन और बहन के भाई की रक्षा नहीं हुई। दूसरी ओर महामहिम राष्ट्रपति आगमन व श्री राहुल गांधी के प्रवास के बहाने बूढ़ातालाब धरना स्थल से तूता भेजने वाली सरकार अब उन्हें हटाकर स्टेडियम भेज दिया है। श्री झा ने कहा है न सर झुका के जियो, न सर झुका के जियो। महामहिम राष्ट्रपति और श्री राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ क्या हो रहा है इसे वस्तुस्थिति से अवगत होना चाहिए। लेकिन राज्य सरकार अपनी कमजोरी व वादाखिलाफी को छुपाने के लिए ऐसा कर रही है। आज आंदोलनकारी टार्जन गुप्ता, इकबाल हुसैन, डॉ वी के पेंगवार, प्रवीण डिढवाशी, डॉ केशव साहू, रीना राजपूत प्रदेश अध्यक्ष कल्याण संघ,सुमन शर्मा, आर के अवस्थी आदि ने रक्षाबंधन जैसे त्यौहार में स्वास्थ्य कर्मचारियों के उपेक्षा व चर्चा न करने की निंदा की है।

रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई
सीता गृह उद्योग
झाडू, पत्तल, हार्डवेयर, सेनेटरी वेयर, बाथरूम सामग्री, ब्रश इत्यादि के थोक व चिल्हर विक्रेता एवं झाडू, पोछा, पेपर गिलास थाली के थोक विक्रेता
कुन्दन भक्त
मो. 99937-34467
मो. 98264-13778
मो. 98271-67800
पता- डुमरतराई एवं गुढ़ियारी डागा फटाका दुकान के बाजू सीता गृह उद्योग गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.)

राजस्थान की महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है, जिनमें दो लड़के और दो लड़कियां है। आयुष्मान अस्पताल की डॉ. शालिनी अग्रवाल ने बताया कि वजीरपुरा निवासी किरण कंवर (28) को रविवार रात 2 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उसके परिजन अस्पताल लेकर आए। सुबह करीब छह बजे महिला का ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। अग्रवाल के मुताबिक, तीन नवजातों का वजन 1 किलो 350 ग्राम है, जबकि चौथे का वजन 1 किलो 650 ग्राम है। उन्होंने कहा, 'इन बच्चों को स्पेशल मॉनिटरिंग की जरूरत है। 1 किलो 350 ग्राम वजन वाले तीन बच्चों को सुरक्षा के लिए जनाना अस्पताल रेफर किया गया है। चौथे को उसकी मां के साथ रखा गया है।'

बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क में पनपते परजीवी कीड़ा का पता चला



कैनबरा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क की सर्जरी करके, एक परजीवी कीड़े को निकाला है। मंगलवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गयी

एएनयू और कैनबरा अस्पताल के एक प्रमुख संक्रामक रोग विशेषज्ञ संजय सेनानायके ने एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि महिला (64) को तीन सप्ताह से पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी। जिसके बाद, उन्हें वर्ष 2021 में दक्षिण-पूर्व न्यू साउथ वेल्स

महिला साल 2022 में भूलने की बीमारी और अवसाद से घिर गयी थी

(एनएसडब्ल्यू) के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पेट संबंधी बीमारी के इलाज के बाद, महिला साल 2022 में भूलने की बीमारी और अवसाद से घिर गयी। जब वह कैनबरा अस्पताल के एक न्यूरोसर्जन के पास गयी, तब उन्होंने एमआरआई स्कैन किया। इसमें मस्तिष्क के दाहिने हिस्से में एक जीवित परजीवी कीड़े को पनपते देखा। उन्होंने महिला के मस्तिष्क की सर्जरी की। डॉक्टरों ने परजीवी कीड़े की पहचान आठ सेमी का ओफिडास्करिस रोबर्टसी राउंडवॉर्म के रूप में की। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) और कैनबरा अस्पताल के शोधकर्ताओं ने परजीवी राउंडवॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। एएनयू के अनुसार, इस तरह का परजीवी अजगर में पाया जाता है।

अध्ययन में अनुमान लगाया गया कि मरीज महिला संभवत: देशी घास को छूने या खाने से संक्रमित हुआ थी, जिसमें एक कालीन अजगर ने परजीवी को छोड़ दिया था। गौरतलब है कि महिला अभी भी संक्रामक रोग और मस्तिष्क विशेषज्ञों की निगरानी में बनी हुई है।

यूट्यूब ने नियम उल्लंघन के कारण भारत में प्लेटफॉर्म से हटाए 19 लाख वीडियो

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने 'कम्युनिटी गाइडलाइन्स' का उल्लंघन करने के चलते जनवरी और मार्च 2023 के बीच भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 1.9 मिलियन से ज्यादा वीडियो हटा दिए हैं। विश्व स्तर पर वीडियो-स्ट्रीमिंग जायंट ने नियम उल्लंघन के लिए 6.48 मिलियन से ज्यादा वीडियो हटा दिए। कंपनी ने इसी अवधि में 8.7 मिलियन से ज्यादा चैनलों को हटा दिया, जिन्हें यूट्यूब की स्पैम पॉलिसी का उल्लंघन करने के लिए समाप्त कर दिया गया था, जिनमें स्कैम, मिसलिडिंग मेटाडेटा या थंबनेल और वीडियो और कमेंट्स स्पैम शामिल थे, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं थे।

यूट्यूब ने 853 मिलियन से ज्यादा कमेंट्स भी हटा दिए, जिनमें से अधिकतर स्पैम थे। यूट्यूब ने बुधवार को कहा, 'पिछले कुछ सालों में, हमने यूट्यूब कम्युनिटी की सुरक्षा के लिए आवश्यक पॉलिसी और प्रोडक्ट्स में भारी निवेश किया है। आज, ज्यादातर क्रिएटर्स विश्वास के साथ पॉलिसी के तहत कंटेंट अपलोड करते हैं। हमारा मानना है कि शैक्षिक प्रयास उन क्रिएटर्स की संख्या को कम करने में सफल हैं जो अनजाने में हमारी पॉलिसी का उल्लंघन करते हैं। कंपनी के अनुसार, यूट्यूब द्वारा हटाए गए 93

गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने 'कम्युनिटी गाइडलाइन्स' का उल्लंघन करने के चलते जनवरी और मार्च 2023 के बीच भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 1.9 मिलियन से ज्यादा वीडियो हटा दिए हैं

प्रतिशत से अधिक वीडियो पहले इंसानों के बजाय मशीनों द्वारा चिह्नित किए गए थे। मशीनों द्वारा पहचाने गए वीडियो में से, 38 प्रतिशत को एक बार देखने से पहले ही हटा दिया गया था, और 31 प्रतिशत को हटाने से पहले एक से 10 बार देखा गया था। 2019 में, यूट्यूब ने पॉलिसी उल्लंघन के लिए चेतावनी देना शुरू कर दिया, जिससे क्रिएटर्स को कार्रवाई का सामना करने से पहले रिव्यू करने का मौका मिला कि क्या गलत हुआ। चेतावनी प्राप्त करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक क्रिएटर्स कंपनी की पॉलिसी का उल्लंघन नहीं करते हैं।

इसके अलावा, यूट्यूब की सुरक्षा करने वाली पलिसी और सिस्टम को संरक्षित करने के लिए, कंपनी ने क्रिएटर्स के लिए 'एजुकेशनल ट्रेनिंग कोर्स' शुरू किया है।

यूट्यूब ने कहा, 'आज से, क्रिएटर्स के पास कम्युनिटी गाइडलाइन्स संबंधी चेतावनी मिलने पर एजुकेशनल ट्रेनिंग कोर्स' लेने का विकल्प होगा। ये रिसोर्सेज क्रिएटर्स को यह समझने के नए तरीके प्रदान करेंगे कि वे भविष्य में हमारी पॉलिसी का उल्लंघन करने वाले कंटेंट अपलोड करने से कैसे बच सकते हैं।

मेटा ने चाइनीज प्रोपेगंडा कैपेंन से जुड़े 7000 से ज्यादा फर्जी अकाउंट्स को हटाया

सैन फ्रांसिस्को। मेटा ने चाइनीज प्रोपेगंडा कैपेंन को जुड़े हजारों फेसबुक और कई इंस्टाग्राम अकाउंट हटा दिए हैं। मेटा ने कुल मिलाकर 7,704 फेसबुक अकाउंट, 954 पेज, 15 ग्रुप और 15 इंस्टाग्राम अकाउंट हटा दिए, जिससे यह कंपनी द्वारा अब तक खोजे गए फर्जी अकाउंट के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक बन गया। टेक दिग्गज के अनुसार, फर्जी अकाउंट्स ने चीन समर्थक संदेश फैलाने की कोशिश की, जिसमें चीन और उसके प्रांत शिनजियांग के बारे में सकारात्मक टिप्पणी और अमेरिका, पश्चिमी विदेश नीतियों और पत्रकारों और शोधकर्ताओं सहित चीनी सरकार के आलोचकों की आलोचना शामिल थी। मेटा ने मंगलवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, 'हमने हाल ही में हजारों अकाउंट और पेज हटा दिए हैं जो दुनिया में सबसे बड़े क्रॉस-प्लेटफॉर्म सीक्रेट इन्फ्लुएंस ऑपरेशन का हिस्सा थे। इन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), यूट्यूब, टिकटॉक, रेडिट, पिनटेरेस्ट, मीडियम, ब्लॉगस्पॉट, लाइवजर्नल, वीकॉन्टैक्टे, वीमियो और दर्जनों छोटे

'जवान' के ट्रेलर लॉन्च और रिलीज से पहले शाहरुख खान ने किए माता वैष्णो देवी के दर्शन

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अपनी अपकमिंग फिल्म 'जवान' की रिलीज से पहले सुपरस्टार शाहरुख खान वैष्णो देवी मंदिर के दरबार पहुंचे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर में एक्टर ने पूजा-अर्चना की। वह मंगलवार देर रात मत्था टेकने के लिए दरबार पहुंचे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्टर वैष्णो देवी में ब्लू जैकेट पहने और अपना चेहरा पूरी तरह से ढके हुए नजर आ रहे हैं। क्लिप में वैष्णो देवी मंदिर के पुलिस अधिकारी नजर आ रहे हैं। इनके अलावा, स्टार के प्राइवेट स्टाफ को भी देखा जा सकता है। यह पहली बार नहीं है जब शाहरुख ने मंदिर का दौरा किया। इससे पहले, पिछले साल दिसंबर में उन्होंने वैष्णो देवी का दौरा किया था। 'जवान' एटली द्वारा निर्देशित गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति है। यह फिल्म 7 सितंबर, 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।

दक्षिण कोरिया में जनसंख्या में आई गिरावट

सियोल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में जून में जनसंख्या में कमी आई है, क्योंकि प्रजनन दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। सांख्यिकी कोरिया की मासिक रिपोर्ट के अनुसार, जून में केवल 18,615 बच्चे पैदा हुए, जो एक साल पहले की तुलना में 1.6 प्रतिशत कम है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया में लगातार 91 महीने से जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या में गिरावट आई है। इसके विपरीत, बढ़ती आबादी के बीच देश में मौतों की संख्या इस अवधि में 7.6 प्रतिशत बढ़कर 26,820 हो गई। जन्म से अधिक मौतों की प्रवृत्ति लगातार 44 महीनों से जारी है। देश की कुल प्रजनन दर, एक महिला द्वारा अपने जीवनकाल में पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या, 2023 की दूसरी तिमाही में 0.7 के रिकॉर्ड

निचले स्तर पर आ गई, जो एक साल पहले की तुलना में 0.05 कम है। यह 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से बहुत कम है, जो दक्षिण कोरिया की जनसंख्या को 51 मिलियन पर स्थिर रखेगा। आंकड़ों से पता चला कि इस अवधि में विवाहों की संख्या 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,053 हो गई। यह वृद्धि तब हुई, जब उन जोड़ों ने, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी शादियों में देरी की थी, आखिरकार शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया। इस अवधि में तलाक के मामलों में भी 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 7,791 मामले सामने आए। दूसरी तिमाही में, जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत कम होकर 56,087 हो गई।

अप्रैल-जून की अवधि में मौतों की संख्या 83,359 रही, जो इसी अवधि में 7.9 प्रतिशत की गिरावट है। इन आंकड़ों के कारण जनसंख्या में 27,272 की कमी हुई।

अपनी बहन नुपुर सेनन के साथ रक्षाबंधन मना रही कृति सेनन

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी बहन नुपुर सेनन के साथ रक्षाबंधन मना रही हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि उनके बीच कितना झगड़ा और बहस होता था। लेकिन, उनके बीच एक मजबूत और अटूट बंधन है। इंस्टाग्राम पर कृति सेनन ने अपने यूट्यूब वीडियो की एक रील पोस्ट की, जहां दोनों अपने रिश्ते के बारे में बताती हैं, साथ ही दोनों बहनें एक-दूसरे को 'हैप्पी राखी' की शुभकामनाएं देती हैं। कृति सेनन ने कैप्शन दिया: 'द सेनन सिस्टर्स!!' दोनों ने अपने रिश्ते का एक मोंटाज शेयर किया। कृति सेनन वीडियो में कहती हैं, 'सुबह वास्तव में मज़ेदार थी, क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा था कि 'ओह, आज हम एक साथ शूटिंग कर रहे हैं'! नूपुर सेनन ने कहा, 'मैं जल्दी चली गई और उनके दादा ने कहा, 'आप इतनी जल्दी जा रहे हो? क्यों? तो मैंने कहा 'मुझे टाइम से पहुंचना है।' इसलिए उन्होंने शूटिंग के लिए अलग-अलग कार में सफर किया। नूपुर ने खुलासा किया कि उन्होंने यह सब सिर्फ इसलिए प्लान किया, क्योंकि उसे अपनी बहन के साथ राइडिंग करना पसंद नहीं है क्योंकि वह उसे अपने पंजाबी सॉन्ग सुनने नहीं देती है। अपने शूट के बारे में बात करते हुए, कृति ने कहा, 'आप जानते हैं कि यह कभी-कभी वास्तव में परेशान करने वाला होता है, लेकिन अंत में मुझे अभी भी उनके साथ शूटिंग करना पसंद है, क्योंकि हम हंसी-मजाक भी करते हैं।' नूपुर, जो अपनी डेब्यू की तैयारी कर रही हैं, ने कहा, 'मैं आमतौर पर सिर्फ अपनी बहन की बात सुनती हूं क्योंकि वह ज्यादा स्मार्ट है, जाहिर है क्योंकि उसने बहुत काम किया है, इसलिए वह और भी बहुत कुछ जानती है।'

झाला का पांचवां हास्य व्यंग्य संग्रह 'हास्यम् लास्यम्' वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। देश के लोकप्रिय हास्य कवि संजय झाला का पांचवां हास्य व्यंग्य संग्रह 'हास्यम् लास्यम्' वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। हास्य आधारित यह संग्रह पहली बार तीन भाषाओं संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी में एक साथ प्रकाशित हुआ है। सिंपली जयपुर द्वारा प्रकाशित संग्रह के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के राज्य प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने संस्कृत दिवस के अवसर पर बुधवार को लेखक संजय झाला सहित वरिष्ठ संस्कृत विद्वानों को रिकॉर्ड संबंधी प्रमाण पत्र सौंपा। जयपुर के श्याम नगर स्थित विश्वगुरु दीप आश्रम द्वारा 'हास्यम् लास्यम्' के आलोक में संस्कृत भाषा में नवाचार—नवोन्मेष पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रपति सम्मानित प्रो. बनवारी लाल गौड़ ने कहा कि पुस्तक में वेद वाक्यों की अनुकृति, भाष्य शैली और उपनिषदों—पुराणों की प्रश्नोत्तर शैली में श्री झाला ने हास्य की संरचना की है जो नई पीढ़ी के लिए आवश्यक थी। राष्ट्रपति सम्मानित प्रो. दयानंद भार्गव ने कहा कि असहिष्णुता के दौर में हास्य—व्यंग्य लिखना सर्वाधिक कठिन काम है। सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे उक्ति का झाला ने बखूबी निर्वाह किया है। सिंपली जयपुर की अंशु हर्ष ने कहा कि सोशल मीडिया और युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए शॉर्ट्स और रील्स की तरह की गई यह रचना है।

इसरो का सूर्य मिशन प्रगति पर, शनिवार को होगा प्रक्षेपण

चेन्नई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष स्पेस केन्द्र से दो सितंबर को सूर्य के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किये जाने वाले पहले मिशन की तैयारी प्रगति पर है

और इसके लांच करने का पूर्वाभ्यास पूरा कर लिया गया है। इसरो ने बताया कि आदित्य-एल1 उपग्रह सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष आधारित भारतीय वेधशाला होगी। इसे शनिवार पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च वाहन पीएसएलवी-सी57 से प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन की आंतरिक जांच भी पूरी कर ली गई है। सूर्य मिशन को लेकर इसरो ने एक पोस्ट में कहा प्रक्षेपण की तैयारी प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्षेपण अभ्यास वाहन की आंतरिक जांच पूरी हो गई है। उल्लेखनीय है कि यह दस दिनों की छोटी अवधि में भारत द्वारा दूसरा प्रमुख अंतर-ग्रहीय अन्वेषण होगा। चंद्रयान -3 ने 23 अगस्त को चंद्रमा के अंधेरे वाले हिस्से सफलतापूर्वक उतरकर और लैंडर मॉड्यूल से निकलकर वहां से रोवर चंद्र सतह का रासायनिक विश्लेषण करना शुरू कर दिया है तथा चंद्रमा की तस्वीरें भेज रहा है।

पुष्पा 2- द रूल से अल्लू अर्जुन का लुक रिलीज

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2- द रूल से उनका लुक रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा- द राइज' वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुई थी। फिल्म में अल्लू अर्जुन ने अपने अवतार से फैंस का दिल जीत लिया था। 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में अल्लू अर्जुन को 'पुष्पा- द राइज' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। अब वह फिल्म की सीक्वल पुष्पा 2- द रूल लेकर आ रहे हैं। पुष्पा 2-

द रूल से अल्लू अर्जुन का लुक रिलीज हो गया है। फोटो में अल्लू अर्जुन शान से ट्रक के सामने खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। उनका स्वैग ऑन-पॉइंट है। अल्लू अर्जुन सोने की ज्वेलरी से लदे हुए हैं। अर्जुन का नया लुक देखकर उनके फैंस काफी खुश हैं।

साउथ के ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला वियबालन के मुताबिक, पुष्पा 2- द रूल 22 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

विजय पर्व के तौर पर बुंदेली मनाते हैं रक्षाबंधन

महोबा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार देश दुनिया मे सावन की पूर्णिमा को मनाया जाता है लेकिन बुंदेलखंड में यह दूसरे दिन विजय पर्व के रूप में आयोजित होता है। इस दौरान बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती है और कजली का विसर्जन भी करती है। वीरों की भूमि बुंदेलखंड में त्योहारों को लेकर प्रचलित मान्यताओं और परंपराओं में राखी के पर्व का खास महत्व है। रक्षा सूत्र के रूप में यहां यह एक बहन द्वारा भाई की कलाई में बांधा जाने वाला धागा न होकर राष्ट्र के मान,सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। जिसमें बारह सौ वर्ष पूर्व दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान द्वारा उतपन्न किये गए संकट को महोबा के शूरवीर योद्धाओं आल्हा, ऊदल, ढेबा, मलखान आदि ने अपने शौर्य और पराक्रम

से कीरत सागर के महत्वपूर्ण युद्ध मे विजय.श्री हासिल करके न सिर्फ चन्देलों की आन-बान-शान को बहाल रखा था बल्कि चन्देल साम्राज्य की यश कीर्ति का परचम चारो ओर फहरा दिया था। 841 साल पुरानी इस घटना की यादगार में आज भी महोबा एवं आसपास के क्षेत्र में रक्षा बंधन का त्योहार मनाए जाने की परंपरा है। जगनिक शोध संस्थान के सचिव डा वीरेंद्र निर्झर कहते है कि 'भुजारियों की लड़ाई' शीर्षक से इतिहास में प्रमुख अध्याय के रूप में दर्ज यह घटना सन 1182 ई की है,जब माहिल के उकसाने पर दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान ने महोबा पर आक्रमण कर दिया था। उसने तब चन्देल राजा परमाल को सूचना भेज युद्ध रोकने के बदले में नोलखा हार,लोहे को छुलाते ही स्वर्ण में बदल देने वाली पारस पथरी और राजकुमारी चंद्रावल का डोला समेत पांच प्रमुख चीजें भेंट स्वरूप भेजने की मांग रखी थी।

मातृभूमि पर आए संकट की सूचना पाकर कन्नौज में निर्वासित जीवन बिता रहे आल्हा.ऊदल का खून खौल उठा था। उन्होंने अपने चुनिंदा सैनिकों के साथ आनन.फानन में महोबा पहुंच पृथ्वीराज की सेना से भीषण युद्ध लड़ा और उसे बुरी तरह पराजित करके खदेड़ दिया था।

महोबा में पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का लिया संकल्प

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा में पर्यावरण प्रेमियों ने बुधवार को रक्षाबंधन का त्योहार अनूठे अंदाज में पेड़ों को राखी बांध उनकी सुरक्षा का संकल्प लेकर मनाया। सावन की पूर्णिमा के मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आज तड़के यहां गोरखगिरी धाम की परंपरागत परिक्रमा भजनकीर्तन के साथ श्रद्धा और उल्लास के माहौल में पूर्ण की। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे एवं वृद्ध भी इसमें सम्मलित रहे। इस दौरान करीब पांच किलोमीटर के परिक्रमा मार्ग में स्थित वृक्षों को राखी बांध कर लोगों ने उनके संरक्षण का संकल्प लिया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि पेड़ पर्यावरण के रखवाले है। इनका मानव से सृष्टि की रचना के समय से ही सम्बन्ध है। मत्स्य पुराण में एक पेड़ दस पुत्र समान की सूक्ति देकर इनकी महत्वता को इंगित किया गया है। यही वजह रही है कि बुंदेली समाज ने पेड़ो के संरक्षण कार्यक्रम में रक्षाबंधन को शामिल करके इस त्योहार को मनाया। संगीत साधक सिद्ध गोपाल सेन ने बताया कि महोबा का गोरखगिरी धाम की प्रमुख धार्मिक क्षेत्र के रूप में मान्यता स्थापित हुई है। यहां प्रत्येक पूर्णमासी को परिक्रमा के लिए भारी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटती है।

ग्रामीणों के लिए तेंदुआ बना खिलौना

देवास, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक तेंदुआ ग्रामीणों के लिए खिलौना बन गया और वे उसके साथ पालतू जानवर जैसा व्यवहार करते रहे, सेल्फी भी लेने से नहीं चूके। मामले की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और तेंदुआ को अपने कब्जे में लिया। मंगलवार शाम सोनकच्छ के पीपलरावा थाना क्षेत्र के इकलेर माताजी गांव की झाड़ियों में ग्रामीणों को तेंदुआ नजर आया। पहले तो वे उसे देखकर घबरा गए, लेकिन तेंदुए को सुस्त हालत में पाया तो वे उसे तंग करने लगे। ग्रामीणों ने तेंदुए को गांव में घुमाया। सभी ने उसके साथ सेल्फी ली और उसे सहलाते रहे। गांव में तेंदुआ होने की जानकारी वन विभाग को मिली, तो वन अमला मौके पर पहुंचा और तेंदुए को अपने कब्जे में लिया।

- ग्रामीण तेंदुआ के साथ पालतू जानवर जैसा व्यवहार करते रहे
- सेल्फी भी लेने से नहीं चूके लोग

रायपुर, गुरुवार 31 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

भाई का प्यार या हार का डर ?

'रक्षाबन्धन की बहनों को सौगात' के नाम पर चाहे केन्द्र सरकार ने रसोई गैस की कीमत एक सुखद आश्चर्य के रूप में तत्काल प्रभाव से घटाई हो, परन्तु माना जा रहा है कि यह जनहित में उठाया गया कदम नहीं वरन सियासी मकसद गांठने की कवायद है। इसका कारण यह है कि हर वस्तु की कीमतों में सिर्फ बढ़ोतरी करने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किसी भी उपभोक्ता वस्तु या सेवा की कीमतें कम करने की कोई उम्मीद ही नहीं करता। उससे ऐसे किसी भी लोक कल्याणकारी कदम की अपेक्षा देशवासियों ने रखनी छोड़ दी है। जो भी हो, इसका लाभ महंगाई से त्रस्त जनता को आंशिक रूप से ही सही, लेकिन मिलेगा तो ज़रूर। वैसे यह देखना दिलचस्प होगा कि सत्तारुढ़ भाजपा को इसका राजनैतिक लाभ मिलता है या नहीं। मंगलवार को लिये गये फैसले के अंतर्गत केन्द्र द्वारा सीधे-सीधे प्रति सिलेंडर 200 रुपये की कमी की घोषणा की गई है। यह दर बुधवार से लागू हो गई। अब 14.2 किलोग्राम का गैस सिलेंडर 903 रुपये का मिलेगा। उज्ज्वला योजना के तहत इसकी कीमत 703 रुपये होगी।

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसे 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से महिलाओं को राखी का उपहार' बताया है। स्वयं मोदी ने एक बयान में कहा है कि 'रक्षाबन्धन का पर्व खुशियां बढ़ाने वाला होता है। इस फैसले से बहनों को राहत मिलेगी। मेरी प्रार्थना है कि मेरी हर बहन खुश और स्वस्थ रहे।' इस फैसले का लाभ 33 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगा। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 75 लाख नये एलपीजी कनेक्शन दिये जाने का भी निर्णय लिया गया है जिससे इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जायेगी। चाहे गैस घटाने का उद्देश्य करोड़ों बहनों को कथित राहत पहुंचाना और उन्हें खुश व स्वस्थ देखने की पीएम की मंगल कामना बताया गया है लेकिन इसे इसी साल होने वाले 5 राज्यों के तथा अगले वर्ष के लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र लिया गया निर्णय माना जा रहा है। इसे राजस्थान सरकार द्वारा 500 रुपये में दिये जा रहे सिलेंडर का जवाब भी समझा जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस ने यह ऐलान कर रखा है कि अगर उसकी सरकार बनती है तो सस्ते गैस सिलेंडर दिये जायेंगे। राजस्थान सरकार के निर्णय एवं मप्र कांग्रेस के इस वायदे से धारणा बन गई है कि भाजपा को हराने से जनता को सस्ती दर पर सिलेंडर मिलेंगे। अब भाजपा को डर है कि उसे यह मुद्दा महंगा पड़ सकता है और इसका असर विधानसभा चुनावों तक सीमित न रहकर लोकसभा चुनावों के नतीजों पर भी पड़ सकता है।

यह फैसला ऐसे वक्त पर लिया जा रहा है जब कांग्रेस सहित 26 विपक्षी दल गुरुवार व शुक्रवार को महाराष्ट्र की राजधानी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बैठक करने जा रहे हैं। इस वर्ष के ही जून में बिहार की राजधानी पटना और फिर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में (जुलाई, 2023) विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूज़िव एलाएंस) की हुई बैठकों से लगातार विस्तृत और मजबूत हो चुका है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने तंज कसा है कि 'अभी तो हमारे संगठन की सिर्फ दो बैठकें हुई हैं और एलपीजी 200 रुपये सस्ती हो गई है। ये है 'इंडिया' का दम।' ममता के बयान में इसलिये वजन है क्योंकि ऐसे संकेत हैं कि इंडिया में कुछ नये दल शामिल हो सकते हैं और राजनैतिक पण्डित मानते हैं कि पांच राज्यों के नतीजों के बाद यह कुनबा और भी बढ़ सकता है। ऐसा इस आधार पर कहा जा रहा है कि क्योंकि 5 राज्यों में भाजपा की पराजय तय बतलाई जा रही है।

विधानसभा के साथ ही साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर जो कयास लगाये जा रहे हैं, वे भी भाजपा को डरा रहे हैं। ध्रुवीकरण का भाजपा का चिर-परिचित मुद्दा और मोदी का चेहरा अब स्वयं भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चुनाव जीतने की गारंटी नहीं दे रहा है। संघ के मुखपत्र ने पहले ही चेता दिया है कि हिन्दुत्व व मोदी के बल पर अगला चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। कई तरह के चुनावी सर्वे भाजपा के नेतृत्व में बने एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस) पर 'इंडिया' की बढ़त और ब्रांड भाजपा-मोदी में बड़ी गिरावट दर्ज कर रहे हैं। भाजपा के हिन्दुत्व एवं सामाजिक ध्रुवीकरण के कई पैंतरे बेकार हो चले हैं। हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक के चुनावी नतीजे तो इन विमर्शों की सीधी-सीधी हार ही बतला रहे हैं। इन्हीं कारणों से मोदी की अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किरकिरी भी हुई है। मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी साम्प्रदायिक दंगे, नूंह में हुआ हिन्दू-मुसलमान टकराव, जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस का गोली कांड (जिसमें एक व्यक्ति द्वारा मुसलमानों की हत्या करना) आदि ऐसी वारदातें हैं जिनके कारण भाजपा सरकारों की पर्याप्त बदनामी हुई है और उसकी लोकप्रियता जबर्दस्त रूप से गिरी है।

इन कारणों से भाजपा को आखिरकार जनहित के मुद्दों का सहारा लेना पड़ रहा है। 1 दिसम्बर 2011 को 400 रुपये का मिलने वाला गैस सिलेंडर दिसम्बर 2015 को 545, मई 2020 को 588, अगस्त 2023 को निर्विघ्न रूप से केन्द्र सरकार द्वारा 1103 रुपये कर दिया गया। इसकी आलोचना करने या विरोध करने वालों को राष्ट्रविरोधी व हिन्दूविरोधी करार किया जाता रहा। यूपीए सरकार के समय गैस महंगी होने पर सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने वाली स्मृति ईरानी खामोश रहीं। जो भी हो, अब जनता को पेट्रोल, डीज़ल, प्याज, चीनी, दाल सहित महंगी हो चुकी सैकड़ों वस्तुओं की कीमतें घटने का इंतज़ार है- चुनावी पराभव से डरकर ही सही।

इंसानियत की कीमत

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मोहित ने इंसानियत दिखाई थी और अपनी जान देकर उसकी कीमत चुकाई। जिस देश में भाजपा आजादी का अमृतकाल लाने का दावा करती है, ये दो वाक्य उस अमृतकाल का कड़वा सच हैं। अब इंसानियत दिखाने वाले को सम्मानित नहीं किया जाता। उसे आदर्श के तौर पर समाज में प्रस्तुत नहीं किया जाता। बल्कि अब इंसानियत दिखाने वाले को जान देकर उसकी कीमत चुकानी पड़ती है। यूपी रोडवेज में बस कंडक्टर की नौकरी करने वाले मोहित यादव का कसूर यही था कि उन्होंने संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का सम्मान किया। अपनी बस में सवार मुस्लिम यात्रियों के लिए दो मिनट बस रुकवा दी, ताकि वो नमाज पढ़ सकें। बरेली-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3 जून को यूपी रोडवेज की बस में सवार दो मुस्लिम यात्रियों के लिए ड्राइवर और कंडक्टर ने दो मिनट के लिए बस रोक दी, क्योंकि उनकी नमाज का समय हो गया था। बस सिर्फ दो मिनट के लिए रुकी थी और इसी दौरान दोनों यात्रियों ने नमाज पढ़ ली थी। लेकिन इस घटना का किसी यात्री ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कितने नकारात्मक संदर्भों में हो सकता है। किस तरह एक उपयोगी चीज को नफरत फैलाने का जरिया बनाया जा सकता है, इसका एक और उदाहरण इस घटना से सामने आया है। इससे पहले भी कभी ट्रेन में या मॉल में या अस्पताल में किसी मुस्लिम ने नमाज पढ़ी तो उसे इस तरह दिखाया गया, मानो कोई गलत काम हो रहा है। एयरपोर्ट पर घेरा बनाकर गरबा करने को जो लोग संस्कृति से प्रेम बताते हैं, सड़क घेरकर भंडारा करने, भजन करने को धर्म की सेवा बताते हैं, उन्हीं लोगों को शांति से नमाज पढ़ने वालों से इतनी तकलीफ हो जाती है, कि उसे धर्म के लिए खतरे की तरह पेश किया जाता है। मोहित यादव के साथ ऐसा ही हुआ। नमाज के लिए दो मिनट बस रुकवाने पर उन्हें तरह-तरह से बेइज्जत किया गया। इस मामले में उन्हें और ड्राइवर को निलंबित भी कर दिया गया। मोहित अनुबंध पर नौकरी में थे, तो उन्हें वापस नौकरी मिलने की कोई उम्मीद भी नहीं रही। आठ लोगों के परिवार को अकेले पालने वाले मोहित इस घटना से इतने परेशान हो गए कि अवसाद में चले गए और इस सोमवार को ट्रेन से कटा उनका शव मिला।

दो मिनट के वीडियो से फैलाई गई नफरत का इतना घातक असर हुआ कि एक संभावनाशील जीवन का दारुण अंत हो गया। तकनीकी तौर पर मोहित यादव ने आत्महत्या की है। लेकिन क्या यह नफरत प्रायोजित हत्या प्रतीत नहीं होती। सोशल मीडिया की ट्रोल आर्मी इस बात पर घमंड कर सकती है कि उसकी कमाई का जरिया नफरत का प्रसार है। उसके पास इतनी ताकत है कि वह अदृश्य रहकर, परदे के पीछे रहकर महज अपने शब्दों से किसी को मानसिक तौर पर परेशान, उत्पीड़ित कर सकती है। लेकिन यह प्रताड़ना जानलेवा भी हो सकती है, यह बात भी ट्रोल आर्मी को याद रखना चाहिए। जो लोग इस प्रताड़ना को सहन कर लेते हैं वो जिंदा रह जाते हैं, जो नहीं कर पाते वो मोहित यादव जैसे खुद को ट्रेन के आगे डाल देते हैं। मोहित यादव अपनी मौत से पहले काफी परेशान रहते थे और टाइम्स ऑफ इंडिया के एक रिपोर्टर को उन्होंने अपनी व्यथा सुनाई भी थी, जिसे बाकायदा रिकार्ड किया गया है। वीडियो में मोहित यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि मैंने यह सोचकर बस रुकवाई कि सिर्फ दो मिनट की ही तो बात है। वो इस दौरान नमाज भी पढ़ लेंगे। बस रुकी तो लोग शौच के लिए भी गए। लेकिन किसी ने उस बारे में शिकायत नहीं की। सारी शिकायत नमाज पढ़ने देने को लेकर है। मोहित की पत्नी ने उनकी मौत के बाद कहा है कि मोहित ने इंसानियत दिखाई और अपनी जान देकर उसकी कीमत चुकाई है।

वैसे अगर हम ये मान रहे हैं कि मोहित की मौत के बाद समाज की आंखें खुलेंगी, लोग नफरत के घातक असर को समझेंगे और धर्म के नाम पर खड़े किए जा रहे बेबुनियाद झगड़ों से खुद को बचाएंगे, तो ये केवल मुगालता ही है। आज के भारत में एक-दूसरे से द्वेष और घृणा का असर कितना बुरा हो रहा है, इसका उदाहरण हम मणिपुर से लेकर नूंह तक देख चुके हैं। लेकिन भविष्य के भारत के लिए भी नफरत के बीज बोए जा रहे हैं, इसके कुछेक उदाहरण अभी सामने आए हैं। मुजफ्फरनगर में एक प्राइमरी स्कूल का वीडियो पिछले दिनों सामने आया था, जिसमें तृप्ता त्यागी नाम की शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को किसी मामूली गलती पर खड़ा करवाकर उसके हमउम्र बाकी बच्चों से उसे थप्पड़ लगवाए। बड़ों का काम छोटों के बीच झगड़ों को रुकवाना और उनमें सुलह करवाना है। लेकिन न्यू इंडिया में जो ऊंचे पद पर बैठा है, वो झगड़ा करवा रहा है, यही परिपाटी चल रही है। तृप्ता त्यागी ने भी उसका अनुसरण किया। उन्होंने धर्म के आधार पर बच्चों में भेद करवाया। एक बच्चे को बाकियों से अलग किया और उनसे प्रताड़ित करवाया। जो बच्चा पीड़ित हुआ, वो अब मानसिक तौर पर परेशान बताया जा रहा है। बाकी बच्चों के दिल में नफरत के जो बीज बोए गए हैं, वो शायद अंकुरित होना शुरु हो गए होंगे। इस गंभीर घटना के बाद कायदे से सभी बच्चों को एक साथ बिठाकर उन्हें मानसिक परामर्श और संबल देने की जरूरत थी। लेकिन इस घटना से राजनैतिक नुकसान हो सकता था, तो अब इसे गांव की बात गांव में रहे, इस अंदाज से निपटाया जा रहा है। पहले बच्चों को किसान नेताओं ने एक-दूसरे के गले लगने कह दिया, एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया और बात खत्म हो गई। बच्चे नासमझ होते हैं, इसलिए उन्हें थप्पड़ लगाने कहा तो वो उसमें राजी हो गए, गले मिलने कहा तो गले भी मिल लिए। लेकिन इन घटनाओं का उन पर जो मानसिक असर हुआ होगा, उसकी फिक्र कौन करेगा।

हाल में एक और वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक पांच-छह साल की बच्ची, जिसकी वाणी अभी पूरी तरह साफ भी नहीं है, वो देश के गद्दारों को, गोली मारो सालों को, जैसी पंक्तियों का सस्वर पाठ कर रही है। उस बच्ची को न गद्दार शब्द का मतलब पता होगा, न ये पता होगा कि साला अपशब्द है, गाली है, जिसे सभ्य समाज में कहना वर्जित है। लेकिन केवल अल्पसंख्यकों पर अपनी घृणा दिखाने के लिए बच्ची को असभ्य भाषा के संस्कार ही नहीं दिए जा रहे, उसे हिंसा और नफरत का पाठ पढ़ाया जा रहा है। एक बच्ची को हिंसा और आतंक के रास्ते पर धकेल कर आसपास खड़े लोग उसके सस्वर पाठ पर तालियां बजा रहे हैं। मुमकिन है उसके मां-बाप को उस पल गौरव का अनुभव हुआ होगा, लेकिन आखिर में वो अपने लिए पछतावा ही पाएंगे, क्योंकि एक मासूम मन को घृणा से विकृत करने का काम उन्होंने किया है।

लोगों को धर्म के नाम पर उन्मादी बनाकर कुछ लोग अपने लिए स्थायी सत्ता बनाना चाहते हैं। हिटलर ने जर्मनी में यही प्रयोग किया था। हिटलर को गुमान हुआ था कि लोगों ने उसे शिखर पर पहुंचाया है और वो उसकी नफरत पर अपनी मुहर लगा रहे हैं। लेकिन आखिर में हिटलर को क्या हासिल हुआ, यह इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। आज जर्मनी में हिटलर का नाम लेना भी गुनाह जैसा है। इतिहास सबका लेखा-जोखा दर्ज करता ही है। अब ये भारतीय समाज को देखना है कि वह किस रूप में अपना नाम दर्ज कराना चाहता है।

> **लोगों को धर्म के नाम पर उन्मादी बनाकर कुछ लोग अपने लिए स्थायी सत्ता बनाना चाहते हैं। हिटलर ने जर्मनी में यही प्रयोग किया था। हिटलर को गुमान हुआ था कि लोगों ने उसे शिखर पर पहुंचाया है और वो उसकी नफरत पर अपनी मुहर लगा रहे हैं। लेकिन आखिर में हिटलर को क्या हासिल हुआ, यह इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। आज जर्मनी में हिटलर का नाम लेना भी गुनाह जैसा है।**

बदलती 'दंड संहिता' के निहितार्थ

अरविन्द मोहन

भारतीय न्याय संहिता, ''भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य बिल' नाम से जिन तीन नई विधायी पहल से नरेंद्र मोदी सरकार 'भारतीय दंड संहिता' को आमूलचूल बदलने की पहल कर रही है वह अपने हिन्दी नामों और मंशा के चलते तो स्वागतयोग्य हैं, लेकिन अपने प्रावधानों को लेकर अभी भी संशय पैदा करते हैं। संशय की वजह सरकार की मंशा नहीं, उसके सोच और इस पहल की दिशा है। उम्मीद करनी चाहिए कि जब इस पहल पर संसद में बहस होगी और कानून अपने अंतिम रूप में पास होगा तो कई बातें बदली होंगी।

कुछ चर्चा बाहर मीडिया में होने लगी है, कुछ और होगी ही। तब भी कहना होगा कि इस पौने दो सौ साल पुराने कानून को बदलने की न तो पूरी तैयारी हुई है, न पर्याप्त चर्चा हो रही है। मोदी सरकार पुराने कानूनों को बदलना अपना एक काम मानती है, जो अच्छी बात है, लेकिन उसमें इतने लंबे समय के अनुभव को शामिल न किया जाए यह चिंता की बात है-खासकर वैसे मामले में जिससे हर किसी का पाला पड़ता है-सीधे या परोक्ष रूप से।

जी हां, सरकार ने 'भारतीय दंड संहिता' को बदलने की पहल की है जिसका 'दंड' अपराध को रोकने और अपराधी को सुधारने के जितने काम आता है, उसका 'डंडा' उससे ज्यादा सबको डराने के काम आता ही है। थाना, कचहरी ही नहीं इन मामलों वाला गृह मंत्रालय भी हमारी नजर में खौफ और शासन करने वालों के 'इकबाल' से ही ज्यादा चलता है। जब 1837 में लार्ड मैकाले ने इस कानून की पहल की थी तब उनके लिए खौफ और इकबाल लक्ष्य थे, बेंथम के दर्शन के अनुसार, शासन को खड़ा रहने के लिए तरह-तरह के अपराधों के लिए खास तरह के दंड जरूरी थे और विभिन्न रजवाड़ों और मजहबों द्वारा चलाई जा रही न्याय प्रणालियों में एकरूपता लाने की जरूरत थी।

वर्ष 1860 में दंड संहिता अंतिम रूप में आई और तब से अब तक इसमें पचासों संशोधन की जरूरत अंगरेजों को और हम भारतीयों को हुई। जेल को सुधारगृह, किशोर कैदियों को अलग रखने की व्यवस्था, सजा का लक्ष्य अपराधी को सुधारना, फांसी की सजा पर रोक, दहेज हत्या, पुलिस हिरासत से तकलीफ, राजद्रोह के प्रावधान पर सवाल से लेकर मानवाधिकार के सवालों को उठाया गया है या कानून में बदलाव हुए हैं। इस बीच दुनिया में 'दण्ड' की जगह व्यवहार सुधारने और ज्यादा-से-ज्यादा वित्तीय जुर्माने या दोषियों पर दूसरे दबाव बनाने (जैसे-वाहन लाइसेंस स्थगित या रद्द करना, पासपोर्ट पर सख्ती, पेशा वाला कार्ड रद्द करना) के काम हुए हैं।

दूसरी तरफ, हमने डंडा से सुधार (हालांकि हमने भी इस बीच पुलिस के 'थर्ड डिग्री' इलाज पर रोक लगाई है), वर्दी से खौफ, सुरक्षा गार्डों से इज्जत, ब्लैक कैट से राजनैतिक शान की व्यवस्था इतनी मजबूत कर ली है कि यह हमारे दिमागों में बैठ गई है। नए कानून के हिन्दी नाम में 'न्याय' को प्रमुखता जरूर दी गई है, लेकिन पुलिस हिरासत की संभावित अवधि पंद्रह दिन की जगह साठ दिन कर दी गई है, फांसी की सजा को बरकरार रखा गया है, राजद्रोह के प्रावधानों को और सख्त किया गया है और 'माब लिंचिंग' (जिसका सीधा प्रावधान पहली बार हुआ है) के लिए सामान्य हत्या से कम सजा का प्रावधान किया गया है। ये बातें दंड की जगह न्याय और सुधार को प्राथमिकता दिए जाने की मंशा को हल्का बनाती हैं।

राजद्रोह वाला मामला तो खास है क्योंकि जब सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों इसे समाप्त करना चाहा तो सरकार ने अदालत में भरोसा दिया था कि वह खुद इस पर पुनर्विचार कर रही है और वह जो नया कानून लाने जा रही है उसमें इसकी जरूरत नहीं रहेगी। अब जो नया कानून लाया जा रहा है उसमें सरकार के खिलाफ असंतोष वाली बात को तो नहीं रखा गया है, लेकिन देश की एकता और अखंडता वाले प्रावधानों को सख्त किया गया है। आपराधिक षडयन्त्र का प्रावधान अंग्रेजी हुकूमत ने 1913 में किया था और आज की सरकार को भी यह जरूरी लगता है, जबकि वह खुद राष्ट्रद्रोह और शासनद्रोह का फरक दिखाना चाहती है।

माना जाता है कि मुकदमों की बाढ़ रोकने की जिस असली इच्छा से कानून लाया गया है, पुलिस हिरासत वाली नई व्यवस्था उस पर पानी फेर देगी। अभी पुलिस ज्यादा-से-ज्यादा पंद्रह दिन की हिरासत और वह भी पहले पंद्रह दिन ही किसी अभियुक्त को पास रख सकती थी-पूछताछ और जानकारियां जुटाने के लिए। इस बीच जमानत का भी प्रावधान है, पर पुलिस वाले उसे टलवाने का प्रयास करते थे। अब पुलिस पहले सात दिनों में कभी भी हिरासत मांग सकती है और इस आधार पर अदालत से अभियुक्त को जमानत न देने की गुहार लगा सकती है।

अपराधी भाग जाएगा, जांच को प्रभावित करेगा-जैसे तर्क पहले पंद्रह दिनों के लिए इस्तेमाल होते थे, अब साठ दिनों के लिए होंगे। इसमें भी अपराधी के चरित्र के आधार पर दो वर्ग बनाए गए हैं, लेकिन जब पुलिस का असर ज्यादा लंबे समय तक रहेगा तो मामले लंबा खिंचेंगे ही। हत्या और गैर-इरादतन हत्या की परिभाषाएं भी विवादास्पद हैं और इनसे सजा वाला पक्ष प्रबल होता है, सुधार या रोक वाला पक्ष नहीं।

हम पत्रकार भी कानून की रिपोर्टिंग करते हैं, खूब करते हैं और कई बार इसी चक्कर में उसकी चपेट में भी आते हैं। बल्कि इधर तो हर अखबार, हर चैनल में अदालती रिपोर्टिंग कई गुना बढ़ गई है। 'अदालत की अवमानना' नामक प्रावधान ऐसा है जिसमें मुक्ति की कोई राह नहीं है। अदालत अपने सारे फैसलों पर बार-बार पुनर्विचार करती है, लेकिन अवमानना के मामले में पत्रकारों के लिए कोई राहत नहीं है।

ऐसा ही एक मसला मानहानि का भी है और संपादकों (जिन पर खबर छापने की वैधानिक जिम्मेदारी होती है) का काफी सारा वक्त और ऊर्जा अदालती चक्करों में बीतता है। इस बार इनसे बचाव का कोई हिसाब नहीं रखा गया है, जबकि मानहानि कानून में दो-तीन बदलाव किए गए हैं। दूसरी ओर, 'हेट स्पीच' के मामले में कोई बदलाव नहीं है। समलैंगिकता, विवाहेत्तर संबंध और इनसे पैदा संतानों के अधिकार, ऐसा संबंध रखने वाली महिला के अधिकार को लेकर इधर काफी अच्छे और महत्वपूर्ण निर्णय सुप्रीम कोर्ट से आए हैं, पर व्यभिचार पर वही ईरानी नजरिया दिखाता है जिसकी दुनिया आलोचना करती है।

(सर्वोदय प्रेस सर्विस से)

> **मुकदमों की बाढ़ रोकने की जिस असली इच्छा से कानून लाया गया है, पुलिस हिरासत वाली नई व्यवस्था उस पर पानी फेर देगी। अभी पुलिस ज्यादा-से-ज्यादा पंद्रह दिन की हिरासत और वह भी पहले पंद्रह दिन ही किसी अभियुक्त को पास रख सकती थी-पूछताछ और जानकारियां जुटाने के लिए। इस बीच जमानत का भी प्रावधान है, पर पुलिस वाले उसे टलवाने का प्रयास करते थे। अब पुलिस पहले सात दिनों में कभी भी हिरासत मांग सकती है।**

पावन प्रसंग

अहंकार छोड़ें

न तो अन्न बुरा है और उसको खाना बुरा है। उसका हजम न हो पाना और हैजे के रूप में फूट निकलना व्यक्ति को कष्ट पहुंचाता है। संपदाएं बुरी नहीं हैं, उन्हें कमाना और अर्जित किया जाना चाहिए, लेकिन उसके कारण अपने को दूसरों से श्रेष्ठ समझना, उनका ऐसा भौंडा प्रदर्शन करना जिसका उद्देश्य दूसरों पर अपना बड़प्पन की छाप छोड़ना हो, अहंकार है। अहंकार यह प्रवृत्ति बताती है कि व्यक्ति संपदाओं को हजम नहीं कर पा रहा है और वह ओछेपन के रूप में फूटकर निकल रहा है। कहा जा चुका है कि संपदाएं बुरी नहीं हैं. पर उनका नशा बुरा है, जिसे अहंकार कहते हैं। चावल, जौ, गुड़ इनमें से कोई भी बुरा नहीं है। इन्हें विषयान्न कहते हैं, पर इन्हें सड़ाकर जब शराब बनाई जाती है। संपदा जब विकृत होकर किसी व्यक्ति के मन पर छा जाती है तो वह नशे जैसा प्रभाव उत्पन्न करती और मनुष्य उन्मत होकर उद्धत आचरण करने लगता है। संपदाओं की जब ऐसी ही प्रतिक्रिया होती है तो उसे अहंकार कहा जाता है। वह व्यक्ति जो अहंकार से ग्रसित होता है इस काम में पड़ जाता है कि वह उपलब्धियों के कारण दूसरों से बहुत बड़ा हो गया है। सबको उसकी संपदाओं और उपलब्धियों का विवरण जानना चाहिए तथा इसके आधार पर उसकी श्रेष्ठता स्वीकार करके सम्मान प्रदान करना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए वह विविधविध ऐसे आचरण करता, ऐसे प्रदर्शन करता है, जिससे लोग उसका बड़प्पन भूल न जाएं। तो फिर याद कर लें वह जो भी बातचीत करता है, उसमें उसका आधे से अधिक भाग तो आत्मप्रशंसा का होता है। बात-बात में अपने वैभव पराक्रम और बुद्धिमत्ता की चर्चा करता है, अपने को सफल सिद्ध करता है। यद्यपि ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं होती।

शारीरिक दृष्टि से कोई व्यक्ति बलिष्ठ हो और उसमें बलिष्ठता का अहंकार उत्पन्न हो जाए तो प्राय: उसकी प्रतिक्रिया गुंडागर्दी के रूप में भी उभरती है। उसमें यही प्रवृत्ति काम करती है, लोग उसके बल पर अपना ध्यान केंद्रित करें, उसे सराहें। यह उद्देश्य अच्छे सद्कार्य कर के भी पूरा किया जा सकता था, पर ओछे मनुष्य का दृष्टिकोण इतना परिष्कृत कहां होता है ? उसे यह बात कब सूझती है ? उसमें इस प्रकार की योग्यता भी कहां रहती है ? उद्दंडता उसके लिए सरल पड़ती है किसी का अपमान कर देना, उसे सताना, तोड़-फोड़ करना, अपशब्द कहना,अवज्ञा करना, उच्छृंखलता बरतना और मर्यादाओं का व्यतिक्रमण करना यही बात ओछे व्यक्ति आसानी से कर सकते हैं अत: वही वे करते हैं। किसी का रंग गोरा हो, छवि सुंदर हो तो उसके लिए इतराने के लिए यह भी बहुत है।

विद्या का अभिमान तो और भी विचित्र है। विद्या ददाति विनयं के अनुसार विद्या का फल विनय होना चाहिए, पर यदि विद्वान अविनयशील हो जाए, पग-पग पर अपने लिए सम्मान मांगे और चाहे, कहीं रत्ती भर कमी दिखे तो पारा चढ़ जाए, इस विचित्र मन:स्थिति में ही आज के विद्वान कलाकार देखे जाते हैं।

साधु- महात्मा कहे जाने वाले त्यागी व्यक्तियों में भी यह अहंकार उन्माद भरा देखा जा सकता है। अपने घरों पर, आश्रमों में वे अपने लिए ऊंची गद्दी बिछाते हैं और दूसरे आगंतुकों को नीचे बैठने की व्यवस्था करते हैं। यह कैसा अशिष्ट और असामाजिक तरीका है। दूसरों के घर में जाएं और वहां वे लोग ऊंचे आसन पर बिठाएं तथा खुद नीचे बैठें तो बात कुछ समझ में आती है, पर अपने घर आया हुआ अतिथि तो देव है, उसे अपने से नीचा आसन नहीं देना चाहिए। बड़प्पन का अर्थ दूसरों को छोटा समझना या उनका असम्मान करना नहीं है।

इस तथ्य को समझा जाना चाहिए और अहंकार को आत्मवाद के अर्थों में मानवीय गरिमा के रूप में प्रयुक्त करते हुए तदनुरूप जीवन-नीति अपनाना चाहिए, यही आत्मनिर्माण है, प्रगति का प्रथम सोपान है।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

प्रतिभा पलायन : शिक्षा क्षेत्र में भारी आर्थिक और बौद्धिक क्षति

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं, इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की ही है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटें। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें। अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं, जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी-लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है। भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल है। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाएं, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वहीं के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती हैं। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप की 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था, इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिसकी उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-प्रतिशत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लगेगा। हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

संजीव ठाकुर

रूस के ब्रांस्क में जांच समिति की इमारत में विस्फोट

मॉस्को। रूस के ब्रांस्क शहर में जांच समिति की इमारत के अंदर बुधवार को विस्फोट हुआ, लेकिन अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है । शहर प्रशासन ने यह जानकारी दी। प्रशासन ने टेलीग्राम पर कहा, जीपीएस 101 के रेडियो एक्सचेंज से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 6:10 बजे ब्रांस्क क्षेत्र के लिए रूसी जांच समिति के जांच विभाग में 158 क्रास्नोर्मेस्काया स्ट्रीट पर एक विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई। विस्फोट के कारण की जानकारी नहीं दी गयी है।

इमरान की न्यायिक हिरासत 13 सितम्बर तक बढ़ी

तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन बाद आया फैसला

इस्लामाबाद, 30 अगस्त (एजेंसियां)। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दायर मामलों की सुनवाई के लिए हाल ही में स्थापित एक विशेष अदालत ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी। श्री खान के वकील ने भी इसकी पुष्टि की। समाचारपत्र 'डॉन' के अनुसार यह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तोशखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन बाद यह फैसला

आया है। तोशाखाना मामले में श्री खान को पांच अगस्त को दोषी ठहराया गया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में श्री खान की दोषसिद्धि और तीन साल की जेल की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी थी। फैसले के निलंबन के बाद हालांकि, विशेष अदालत ने अटॉक जिला जेल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान को 'न्यायिक लॉकअप' में रखा जाए और सिफर मामले के संबंध में उन्हें आज पेश किया जाए। पीटीआई का आरोप है कि इसमें अमेरिका की ओर से श्री खान को सत्ता से बाहर करने की धमकी दी गई थी।

पाकिस्तानी जला रहे बिजली बिल

सरकार लोगों का गुस्सा शांत करने में विफल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बिजली बिलों में भारी बढ़ोत्तरी को लेकर राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं कार्यवाहक सरकार नागरिकों को कोई राहत देने में विफल रही है और वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नाराजगी से बचने और नागरिकों की परेशानी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रही है। यह जानकारी डॉन ने बुधवार को दी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अंतरिम मंत्रिमंडल ने इस मुद्दे का समाधान करने में असहायता व्यक्त की, यहां तक कि किश्तों में बिजली बिल लेने पर भी दुविधा है जब तक कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष इसे अपनी मंजूरी प्रदान नहीं करता। अंतरिम सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी ने बाद में एक निजी टीवी चैनल से कहा कि सरकार बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत उपायों के संबंध में आईएमएफ से बातचीत कर रही है।

चीन के समुद्री खाद्य आयात प्रतिबंध का जवाब देगा जापान

डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का कर रहा विचार

टोक्यो, 30 अगस्त (एजेंसियां)। जापान ने कहा कि वह अपने समुद्री खाद्य उत्पादों के आयात पर पाबंदी लगाने की चीन की कार्रवाई का मुकाबला विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत करेगा। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने बुधवार को यह बात कही। गौरतलब है कि जापान के फुकुशिमा परमाणु बिजली घर (एनपीपी) के शोधित पानी को समुद्र में वापस छोड़े जाने को लेकर चीन ने पिछले दिनों जापान के समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात पर रोक लगा दी है। जापान के संवाद समिति क्योडो ने कल एक रिपोर्ट में कहा कि जापान सरकार चीन की कार्रवाई के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का विचार कर रही है। श्री मात्सुनो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस तरह की कार्रवाई (चीन की कार्रवाई) को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम डब्ल्यूटीओ की व्यवस्था के अंतर्गत

आवश्यक कार्रवाई करने के विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फुकुशिमा परमाणु बिजली घर में कुछ वर्ष पहले बड़ी दुर्घटना हुई थी। जापान ने 24 अगस्त को वहां से शोधित पानी को प्रशांत महासागर में छोड़ना शुरू कर दिया था। पानी छोड़ने से पहले उसमें बड़ी मात्रा में समुद्र का जल मिलाया गया था। इसके खिलाफ चीन के सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जापान से समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। चीन ने फुकुशिमा परमाणु बिजली घर का पानी समुद्र में छोड़ने को लेकर जापान की आलोचना करते हुए कहा है कि वह पानी रेडियोधर्मी विकिरण से दूषित है।

सुडोकू 6302

6		9						1
2			8					
		1	5		3			
7					1	6		3
		2				8		
1		3	2					5
			9		6	1		
					4			9
5						7		4

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 31 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 13

राशिफल



मेष -आज का दिन आप सामाजिक कार्यों और मित्रों के साथ व्यतीत करेंगे। मित्र मंडली में नए मित्र जुड़ेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। बुजुर्गों से लाभ होगा और उनका सहयोग मिलेगा। आकस्मिक धन लाभ से मानसिक प्रसन्नता होगी।

वृषभ -नौकरी में पदोन्नति के समाचार मिलेंगे। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा। गृहस्थजीवन में सुख-शांति रहेगा। नए कामों का आयोजन हाथ में लेंगे। अधूरे काम पूरे कर सकेंगे।

मिथुन -आज आपको थोड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। कार्यस्थल पर भी साथी कर्मचारियों और अधिकारियों का व्यवहार सहयोगात्मक नहीं रहेगा।

कर्क -आज के दिन आप पर नकारात्मकता हावी रहेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनैतिक काम और चोरी जैसे विचारों पर संयम रखें, अन्यथा अनिष्ट हो सकता है। आज वाणी पर संयम रखें।

सिंह -आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों के विषय में आपका व्यवहार उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या -परिवार में आनंद एवं उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला -आज आप अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति को अच्छी तरह काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियां या चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक -आपको आज का दिन शांति से व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य तो बिगड़ेगा ही, मानसिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह सकेंगे। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु -आज आप पर गूढ़ रहस्यवाद और आध्यात्मिकता का रंग चढ़ेगा। इस विषय में गहराई से जानने का प्रयास करेंगे। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा की संभावना है।

मकर -आज यदि वाणी पर संयम रखेंगे तो बहुत से अनर्थ से बच जाएंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कम सफलता मिलेगी। नकारात्मक विचारों पर काबू रखें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ -शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। परिजनों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद उठाएंगे।दांपत्यजीवन की मधुरता का आनंद उठा सकेंगे। उपहार और धन की प्राप्ति होगी।

मीन -थोड़े समय में लाभ की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की जरुरत है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब रहेगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1881- अमेरिका मे पहली बार टेनिस चैंपियनशिप खेला गया।
1919- अमेरिकन कम्युनिस्ट पार्टी का गठन।
1920- अमेरिकी शहर डेट्रायट में रेडियो पर पहली बार समाचार प्रसारित किया गया।
1956- भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य पुनर्गठन विधेयक को मंजूरी दी।
1957- मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त कर ली।
1962- कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से स्वतंत्र हुए।
1964- कैलिफोर्निया आधिकारिक रूप से अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रांत बना।
1968- भारत में टू-स्टेज राउंडिंग रॉकेट रोहिणी-एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण किया गया।
1983- भारत के उपग्रह इनसेट-1 बी को अमेरिका के अंतरिक्ष शटल चैलेंजर से प्रसारित किया गया।
1991- उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1994- आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने लंबे संघर्ष के बाद युद्ध विराम की घोषणा की।
1997- ब्रिटेन की राजकारी और राजकुमार चार्ल्स की पूर्व पत्नी डायना की पेरिस में कार दुर्घटना में मौत।
1998- उत्तरी कोरिया ने जापान पर बैलिस्टिक मिसाइल दागा।
2010- इराक में अमेरिकी सैनिक हस्तक्षेप आधिकारिक रूप से समाप्त किया गया।
2010- भारत सरकार ने पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि 50 लाख से बढ़ाकर ढ़ाई करोड़ डॉलर किया।

दक्षिण कोरिया व अमेरिका ने किया संयुक्त वायु सेना अभ्यास

सोल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने बुधवार को वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान कम से कम एक अमेरिकी निर्मित बी-1बी रणनीतिक बमवर्षक की तैनाती के साथ वायु सेना का संयुक्त अभ्यास किया। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि वायु सेना का अभ्यास दक्षिण कोरिया-अमेरिका के बीच चल रहे उल्ची फ्रीडम शील्ड और वारियर शील्ड फील्ड अभ्यास का हिस्सा था, जो 21 अगस्त को शुरू हुआ। बी-1बी के साथ अमेरिका द्वारा तैनात एफ-16 जेट और दक्षिण कोरिया के एफ-50 लड़ाकू विमान भी थे। मंत्रालय ने अभ्यास में शामिल विमानों की संख्या का खुलासा नहीं किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस अभ्यास ने उत्तर कोरिया के हाल ही में कथित बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के जवाब में अमेरिकी रणनीतिक संपत्तियों के समय पर समन्वय और तैनाती के माध्यम से ठोस संयुक्त रक्षा क्षमताओं तथा विस्तारित निरोध प्रक्रियाओं की सक्रियता का प्रदर्शन किया। यह दसवीं संयुक्त कवायद थी। गौरतलब है कि गत 24 अगस्त को उत्तर कोरिया ने आधिकारिक तौर पर सैन्य टोही उपग्रह लॉन्च करने के दूसरे प्रयास की विफलता की घोषणा की और कहा कि वह अक्टूबर में तीसरे लॉन्च का प्रयास करेगा।

कांग्रेस नेता ने की जिनपिंग के सामने अरुणाचल के नक्शे का मुद्दा उठाने की मांग

ईटानगर, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता निनोंग एरिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ (पीआरसी) चीन की ओर से जारी किए अरुणाचल प्रदेश के मानचित्र के मुद्दे को उठाने की मांग की है। श्री

निनोंग एरिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खिला पत्र

जिनपिंग दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने वाले हैं। इससे पहले चीन ने एक नक्शा जारी किया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया है। पासीघाट पश्चिम से विधायक एरिंग ने श्री मोदी को लिखे पत्र में कहा, चीन की ओर से इस अप्रत्याशित, दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन जानबूझकर की गई घटना ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। यह सामान्य जानकारी है कि चीन ने पहले भी अप्रैल 2023 में 11 स्थानों, 2021 में 15 स्थानों और 2017 में छह स्थानों का नाम बदलकर अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने की कोशिश की थी। चीन का मानक मानचित्र% की हालिया घटना उसकी नापाक योजनाओं की परिणति है और यह मामला विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। इस घटना ने 1962 के भारत-चीन युद्ध की यादें ताजा कर दी है। विधायक ने कहा, 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में तथा दिसंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़पें हुयी थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री की विद्वता पर पूरा विश्वास है और भारतीय सेना देश की सीमाओं से लगे नियंत्रण रेखा (एलओसी) तथा वास्तविक नियंत्रण रखा की रक्षा कर सकती है। मैं आपका ध्यान उपरोक्त मानचित्र के जारी होने को भारत की संप्रभुता और अखंडता पर हमले के रूप में मानने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।



कनाडा ने एलजीबीटी यात्रियों को अमेरिकी जोखिमों के प्रति किया आगाह

ओटावा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा ने अमेरिका की यात्रा की योजना बना रहे अपने समलैंगिक, उभयलिंगी और ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) नागरिकों के लिए नई यात्रा चेतावनी जारी की है। बीबीसी ने बुधवार को बताया कि अमेरिका में एलजीबीटी विरोधी विरोध प्रदर्शन 2017 की तुलना में पिछले साल 30 गुना बढ़ गया। साथ ही एलजीबीटी अधिकारों को प्रतिबंधित करने के कानूनी कदम भी बढ़ रहे हैं।

अमेरिका में एलजीबीटी विरोधी विरोध प्रदर्शन बढ़े

ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने चेतावनी दी कि कुछ देश के कानून उनकी यात्रा पर प्रभाव डाल सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि कहां। ऐसी चेतावनियां आमतौर पर युगांडा, रूस या मिस्र जैसे देशों के लिए होती हैं। कनाडा के अमेरिकी यात्रा सलाह पृष्ठ पर लिखा है, कुछ देशों ने कानून और नीतियां बनाई हैं जो टू एसएलजीबीटीक्यूआई+ व्यक्तियों को प्रभावित कर सकती हैं। प्रासंगिक देश और स्थानीय कानूनों की जांच करें।

अफगानिस्तान में सोने की खदान धंसने से तीन खनिकों की मौत



तालेकन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तन के उत्तरी प्रांत तखर में सोने की खदान धंसने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल मोबिन सफी ने कहा कि मंगलवार दोपहर को रस्ताक जिले में एक सोने की खदान की सुरंग में कई खनिक काम कर रहे थे(

प्रथम पृष्ठ का शेष

आर्थिक संबल के साथ युवाओं को ...



को कौशल प्रशिक्षण भी दे रहे हैं, ताकि वे अपने हुनर से आसानी से रोजगार हासिल कर सकें। वर्तमान में 07 हजार 200 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शीघ्र ही 1782 और युवाओं का प्रशिक्षण शुरु हो जाएगा। हाल ही में हमने 36 शासकीय आईटीआई में नए कोर्स आरंभ करने टाटा टेक्नोलॉजी के साथ एमओयू किया है। 1186 करोड रुपए की लागत से हुए इस एमओयू से 10,000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। स्कूली शिक्षा को भी हमने आईटीआई के साथ जोड़ा है। 116 विकासखंडों के 119 स्कूलों को आईटीआई से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के युवाओं को डिमांड आधारित नए ट्रेड में प्रशिक्षित करने टाटा टेक्नोलॉजिस के साथ 36 आईटीआई के उन्नयन का एमओयू किया गया है। पहले चरण में इनमें से 5 आईटीआई का लोकार्पण सितम्बर महीने में किया जाएगा। इससे युवाओं को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर विभिन्न जिलों के बेरोजगारी भत्ता से लाभान्वित्त युवाओं तथा चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों से भी बात-चीत की। इसमें युवाओं ने चर्चा करते हुए बताया कि बेरोजगारी भत्ता से उन्हें काफी राहत मिली है। साथ ही इससे अपने कैरियर को संवारने में भी मदद मिल रही है। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंह देव तथा खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य खनिज निगम गिरीश देवांगन और मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला, सचिव-रोजगार एवं प्रशिक्षण टोपेश्वर वर्मा, संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण अवनीश शरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कौशल विकास सुश्री दिव्या मिश्रा आदि उपस्थित थे।

कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना ...

कर्नाटक में तकरीबन 600 किमी चले और मैंने आपसे (महिलाओं) बात से। यहां मुझे एक बात गहराई से समझ आ गई। आपने कहा कि महंगाई की चोट लग रही है। चाहे वो पेट्रोल हो, डीजल या गैस-सिलेंडर हो। अंत में चोट हमारी मांओं-बहनों को लगती है। हजारों महिलाओं ने मुझे कहा कि वे महंगाई को सह नहीं पा रही हैं। कर्नाटक की महिलाएं ही इस प्रदेश की नींव हैं, फाउंडेशन हैं।

पेरिस में विश्वविद्याल के छात्रों को संबोधित करेंगे

नई दिल्ली। अगले महीने भारत में राजनीतिक हलचल तेज रहेगी। राजधानी दिल्ली में आठ से दस सितम्बर तक चलने वाली जी-20 देशों की बैठक पर पूरी दुनिया की नजर होगी। हालांकि दिलचस्प बात है कि इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश से बाहर यूरोप पर रहेंगे। जिसको लेकर राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चाएं हैं। सूत्रों ने बताया कि आठ से दस सितम्बर के दौरान राहुल यूरोप के कई देशों की यात्रा पर रहेंगे। बेल्जियम में वे यूरोपियन कमीशन के सदस्यों से भेंट करेंगे। वहीं पेरिस में विश्वविद्याल के छात्रों को संबोधित करेंगे। ओस्लो में उनका भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी पांच दिवसीय यात्रा पर यूरोप जा रहे हैं।

प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की...

सल्फर, कैल्शियम, लोहा, क्रोमियम और टाइटेनियम सहित कई रासायनिक पदार्थों की उपस्थिति की खोज की है और हाइड्रोजन की खोज जारी है। इसके साथ ही प्रज्ञान ने चांद की सतह पर तापमान की माप की है। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश है। ऐसे में चंद्रयान-3 से मिलने वाले डाटा पर विश्व की निगाहें टिकी हैं।

जामिया के पूर्व छात्र ने मिशन में निभाई अहम भूमिका

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के पूर्व छात्र मोहम्मद अदनान ने अंतरिक्ष एजेंसी के ऐतिहासिक मिशन चंद्रयान-3 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोहम्मद अदनान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में 2008 से काम कर रहे हैं। अदनान वर्तमान में इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क में वैज्ञानिक 'एफ' के पद पर कार्यरत हैं। पिछले 15 साल से अदनान इसरो से जुड़े हैं और चंद्रयान-2 और मिशन मार्स (एमओएम) की टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। बिहार के दरभंगा से ताल्लुक रखने वाले अदनान ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से वर्ष 2007 में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस) और वर्ष 2003 में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया था।

वर्ग पहेली 6302

बायें से दायें:-

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति (उर्दू)
७. तोड़फोड़ बर्बादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाला, धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
१९. किताब
२१. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

ऊपर से नीचे:-

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित, वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१९. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात (उर्दू)

वर्ग पहेली-6301

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दुनिया को जानें

चीन व अमेरिका पर्यटन पर उच्च स्तरीय वार्ता करने पर सहमत

बीजिंग, 30 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय ने घोषणा की कि चीन और अमेरिका पर्यटन सहयोग को फिर से शुरू करने और विकसित करने के लिए 2024 में चीन में 14वीं चीन-अमेरिका उच्च स्तरीय पर्यटन वार्ता आयोजित करने पर सहमत हुए। 29 अगस्त को चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्री हू हफिंग ने पेइचिंग में चीन की यात्रा पर आई अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की।

हू हफिंग ने कहा कि चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय के साथ मिलकर बाली में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच संपन्न महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने और कर्मियों के आदान-प्रदान का विस्तार करने को तैयार है। उन्हें आशा है कि अमेरिका और चीन के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बढ़ाएंगे, चीनी नागरिकों को अमेरिका के लिए वीजा के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान करेंगे, ताकि दोनों देशों के पर्यटकों के लिए एक-दूसरे का दौरा करने के लिए बेहतर स्थितियां बनाई जा सके।

खेल जगत

पाकिस्तान एक असाधारण टीम है : रविचंद्रन अश्विन

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान को सबसे मजबूत दावेदार और भारत के साथ पसंदीदा बताया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि पाकिस्तान की सफलता काफी हद तक कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। अश्विन ने कहा, अगर बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़वान मध्यक्रम में बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो पाकिस्तान इस एशिया कप और विश्व कप में एक शानदार टीम बनने जा रही है। पाकिस्तान एक असाधारण टीम है। उन्होंने पाकिस्तान को भारत से इतनी ऊंची रेटिंग देने के पीछे का कारण भी बताया। अश्विन ने कहा, यह सब उनकी टीम की गहराई पर निर्भर करता है। पाकिस्तान ने हमेशा असाधारण क्रिकेटर पैदा किए हैं, टेप बॉल क्रिकेट के कारण, उनके पास हमेशा तेज गेंदबाज रहे हैं।

चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच बीसीसीआई मीडिया राइट्स बेचने के लिए बेताब

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया की निगाहें एशिया कप पर टिकी हुई हैं, ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत में सितम्बर 2023 से मार्च 2028, तक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों के लिए 31 अगस्त को द्विपक्षीय मीडिया राइट्स बेचने की तैयारी कर रहा है। बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मीडिया राइट्स के लिए ई-ऑक्शन का विकल्प चुना है जिसमें भारत के डिजिटल + शेष विश्व टीवी और डिजिटल अधिकारों के लिए आधार मूल्य 25 करोड़ रुपये और भारत के टेलीविजन अधिकारों के लिए 20 करोड़ रुपये है, जो आईपीएल मीडिया राइट्स के रुझान को जारी रखता है। हालांकि इसमें एक शर्त है, एक मैच का संचयी मूल्य 60 करोड़ रुपये से कम नहीं होना चाहिए, अन्यथा बीसीसीआई के पास नीलामी रद्द करने का अधिकार है।

यह कुल 88 मैचों के लिए प्रति मैच संयुक्त अधिकार मूल्य 45 करोड़ रुपये है, जो पिछले चक्र में डिज़्नी स्टार द्वारा भुगतान किए गए प्रति मैच 60 करोड़ रुपये से कम है।

इन अधिकारों की बोली बीसीसीआई द्वारा 2022 में आईपीएल अधिकारों की बिक्री से 48,390 करोड़ रुपये प्राप्त करने के बाद आई है। लेकिन जब गुरुवार की द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों की बोली की बात आती है तो परिस्थितियां अब अलग हैं। खर्च में मंदी के कारण बाजार का माहौल चुनौतीपूर्ण हो गया है। विशेष रूप से विज्ञापन के मोर्चे पर, साथ ही टी20 लीगों के प्रसार के कारण द्विपक्षीय मैचों में रुचि की कमी हो रही है।

अगर आप इस बार की अधिकार नीलामी को देखें, तो पिछली बार की तुलना में इस बार बाजार का माहौल बहुत अलग है।बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के मामले में, मूल्य निर्धारण पहले ही कम रखा गया है और व्यापक मूल्य निर्धारण के संदर्भ में, यह प्रति मैच लगभग 25 प्रतिशत कम है।

इलारा कैपिटल के वरिष्ठ वीपी-रिसर्च मीडिया विश्लेषक करण तौरानी ने एजेंसियां से कहा, दूसरी ओर, यदि आप आईपीएल को देखें, तो यह पहले के संस्करणों की तुलना में बेस प्राइस के मामले में 50त्न अधिक था। इसलिए, आपको आईपीएल की तुलना में यहां आक्रामक प्रतिक्रियाएं देखने को नहीं मिलेंगी।

तौरानी का मानना है कि बोली प्रक्रिया में केवल तीन प्रतियोगियों के कारण द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों में प्रतिस्पर्धा कम हो जाएगी। आप इसके लिए इस तरह के भारी प्रीमियम नहीं देखेंगे क्योंकि ये प्रसारक अपनी बोली के मामले में बहुत रूढ़िवादी होने जा रहे हैं।

द्विपक्षीय मीडिया अधिकार नीलामी में, केवल तीन खिलाड़ी हैं - सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, डिज़्नी स्टार और वायाकॉम18। सोनी, ज़ी के साथ अपने विलय के आधार पर और नवंबर के मध्य तक पूरा होने के कारण, 2024-28 चक्र के लिए विश्व कप मैचों के भारत टेलीविजन अधिकार अपने पास रखेगा। डिज़्नी स्टार, जिसके पास पिछले दो चक्रों में बीसीसीआई के द्विपक्षीय मीडिया अधिकार थे। उसके पास विश्व कप मैचों और आईपीएल टेलीविजन अधिकारों के डिजिटल अधिकार हैं। इस बीच, वायाकॉम 18 के पास आईपीएल डिजिटल अधिकार के साथ-साथ डब्ल्यूपीएल टीवी और डिजिटल अधिकार भी हैं। वायाकॉम18 अपनी गहरी जेब के कारण ई-नीलामी प्रक्रिया में, विशेष रूप से डिजिटल अधिकारों में, एक कड़ी चुनौती देना चाहता है, जिससे तौरानी सहमत हैं। उन्होंने कहा, यदि आप उनकी रणनीति को देखें, तो जहां तक ओटीटी का सवाल है, वे आक्रामक रूप से मार्केट लीडर बनना चाहते हैं।

ऐसा नहीं है कि वो आईपीएल हासिल करके पीछे हट गए, क्योंकि उन्होंने इसके बाद भी कई फिल्में और ओरिजिनल जियो सिनेमा पर लॉन्च की हैं और यह प्रक्रिया जारी है। इस मामले में भी, वे गंभीर बोलीदाताओं में से एक बन जाएंगे और वे संभावित रूप से इस प्रकार की संपत्ति के लिए आक्रामक बोली लगाएंगे।

बीसीसीआई ने पहली बार एक कंसोर्टियम बोली की अनुमति दी है लेकिन तौरानी, सोनी और ज़ी को एक साथ नीलामी में प्रवेश करते नहीं देख रहे हैं। क्योंकि अभी इसे पूरी तरह लागू होने में समय लग सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि विलय वाली कंपनी नवंबर के मध्य से पहले बनेगी। लेकिन एक साथ बोली लगाने के लिए कंपनियों के बीच किसी तरह की रणनीति और तालमेल हो सकता है। लेकिन आधिकारिक तौर पर वे एक साथ बोली नहीं लगा सकते क्योंकि विलय प्रक्रिया दो महीने दूर है।

तौरानी का मानना है कि डी-मर्जर और आईपीएल के डिजिटल अधिकारों के नुकसान के कारण राजस्व में गिरावट की खबरों के साथ, डिज्नी स्टार द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों की बोली में आक्रामक नहीं हो सकता है। जहां तक स्टार की बात है, उनके पास एक मिश्रित प्रकार की रणनीति है। अगर आप आईपीएल को देखें, तो वे टीवी पर मौजूद हैं। इसके अलावा, विश्व कप-2023 के बाद, उन्होंने ज़ी को टीवी अधिकारों की उप-फ़्रैंचाइज़ी दी है और उसके लिए डिजिटल अधिकार बरकरार रखे हैं। इसलिए, वे एक ऐसी रणनीति का पालन कर रहे हैं जहां वे इसे अपनी रणनीति में सुरक्षित रख सकें और संभावित रूप से दोनों प्लेटफॉर्म प्राप्त करने का प्रयास कर सकें। तौरानी का मानना है कि सबसे आदर्श परिदृश्य यह होगा कि एक बोलीदाता टीवी और डिजिटल दोनों अधिकार ले लेगा। इस मामले में, ऐसा संयोग हो सकता है, जहां टीवी और डिजिटल अधिकार निश्चित रूप से दो अलग-अलग प्लेटफार्मों को बेचे जा रहे हों। लेकिन मेरा मानना है कि सबसे आदर्श परिदृश्य यह है कि एक मंच टीवी और डिजिटल दोनों के अधिकार ले ले। ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर एक बार अधिकार दो अलग-अलग खिलाड़ियों को अलग-अलग बेचे जाते हैं, तो आपको विज्ञापनदाताओं की रुचि और विज्ञापनदाताओं के बीच प्रतिस्पर्धा के मामले में बहुत अधिक चुनौती देखने को मिलती है।

अगर भारत जल्दी विकेट नहीं खोता है, तो मैच सिर्फ उनका होगा : मांजरेकर

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को एशिया कप और विश्व कप 2023 में पहले दस ओवरों में अपना विकेट न खोने और गेंदबाजों का सम्मान करने की सलाह दी है। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, देखिए, सौभाग्य से भारत के लिए, नंबर एक, दो और तीन, जब विराट नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हैं, तो वे तीन बहुत अच्छे टेस्ट बल्लेबाज होते हैं। और आप शायद 50 ओवरों के बारे में बात कर सकते हैं- दिन का मैच और सफेद गेंद वाला क्रिकेट और वह सब, लेकिन 50 ओवर के खेल की शुरुआत टी20 मैच की तरह नहीं है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में कुछ गंभीर कौशल की जरूरत है और फिर रोहित शर्मा ने पिछले विश्व कप में ये पांच शतक लगाए। मांजरेकर ने शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक पर भी प्रकाश डाला और उन्हें उस तकनीक के साथ खेलने के लिए कहा। संजय मांजरेकर ने कहा,मुझे याद है कि वह पहले 10 ओवरों में गेंदबाजी का सम्मान करते थे। और ये तीन लोग - गिल, रोहित शर्मा और विराट - जिनके पास रक्षात्मक टेस्ट बल्लेबाजों के रूप में उत्कृष्ट साख है, उन्हें यही खेल लाना होगा। अगर वे शुरुआती विकेट नहीं खोते हैं, तो यह सिर्फ उनका मैच होगा। इस बीच, एक अन्य पूर्व भारतीय क्रिकेटर, संजय बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक अन्य साक्षात्कार में केएल राहुल की अनुकूलनीय प्रकृति और प्रशिक्षण शिविर में आजमाए गए विभिन्न बल्लेबाजी संयोजनों के बारे में बात की। बांगड़ कहा, केएल राहुल एक बहुत ही बहुमुखी खिलाड़ी हैं, खासकर जब उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में खेलाया जाता है। कभी उन्होंने पारी की शुरुआत की है, कभी उन्होंने नंबर 5 पर बल्लेबाजी की है। इसलिए, आज हमें इस शिविर में बहुत कुछ देखने को मिला। उन्होंने कहा, आज, हमने खिलाड़ियों की अलग-अलग जोड़ियों को एक साथ बल्लेबाजी करते हुए देखा, जैसा कि हमने कल के सत्र में देखा था - शुभमन गिल और रोहित शर्मा जोड़ियों में बल्लेबाजी कर रहे थे। आज, केएल और रोहित जोड़ियों में एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। बांगड़ ने आगे कहा, इस प्रकार इसका मतलब है कि टीम प्रबंधन के मन में यह विचार हो सकता है कि क्या केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। मुझे नहीं लगता कि यह उनका पहला विकल्प है, लेकिन जाहिर है, वे इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ मौका देना चाहते हैं, या वे अपने पास एक विकल्प रखना चाहते हैं।

> **मुझे याद है कि वह पहले 10 ओवरों में गेंदबाजी का सम्मान करते थे। और ये तीन लोग - गिल, रोहित शर्मा और विराट - जिनके पास रक्षात्मक टेस्ट बल्लेबाजों के रूप में उत्कृष्ट साख है, उन्हें यही खेल लाना होगा। अगर वे शुरुआती विकेट नहीं खोते हैं, तो यह सिर्फ उनका मैच होगा:**
> **संजय मांजरेकर**

ज्यूरिख में डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन दोहराना चाहते हैं विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)।2023 वांडा डायमंड लीग ज्यूरिख में सीजन की अपनी 11वीं प्रतियोगिता की मेजबानी करेगी, जिसमें विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा अपनी शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगे। लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर भी एक्शन में नजर आएंगे। गत चैंपियन के लिए यह तीसरा डायमंड लीग इवेंट होगा जहां वह चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च और जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर हैं। दोनों व्यक्ति दस सदस्यीय मजबूत क्षेत्र बनाएंगे जिसमें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर सहित अन्य शामिल होंगे।

इस बीच, श्रीशंकर डब्ल्यूएसी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (ग्रीस), विलियम विलियम्स (यूएसए) और कैरी मैकलियोड (जमैका) जैसे कट्टर प्रतिस्पर्धियों को ज्यूरिख में पछाड़ने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलीट फिलहाल लंबी कूद तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसे शीर्ष के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

सभी गतिविधियां जियोसिनेमा पर लाइव होंगी और 31 अगस्त को स्पोर्ट्स18, 1 एचडी और एसडी पर प्रसारित होंगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को 15-1 से रौंदा

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 30 अगस्त (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह के चार तथा उपकप्तान मोहम्मद रहील के तीन गोल की बदौलत भारत ने बांग्लादेश को सलाला(ओमान) में पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर के छह टीमों के इलीट पूल मैच में 15-1 से हरा अपना अभियान शानदार ढंग से शुरू किया। विजेता भारत के लिए साथ ही सुखविंदर, गुरजोत और पवन राजभर ने भी दो-दो तथा कप्तान मनदीप मोर तथा डिप्सन टिर्की ने भी एक - एक गोल किया। बांग्लादेश के लिए इकलौता गोल सवन सरोवर ने दूसरे मिनट में दागा।

भारत ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया लेकिन पवन राजभर के मैदानी गोल करने का मौका चूकने के बाद दूसरे ही मिनट सवन सरोवर ने गोल कर बांग्लादेश को 1-0 से आगे कर सभी को चौंका दिया। मोहम्मद रहील ने अगले ही क्षण गोल कर भारत करे एक-एक की बराबरी दिला दी। शुरू में गोल खाने से बचने और एक दूसरे की थाह लेने की मंशा में भारत और बांग्लादेश की टीमों ने संभल कर आगाज किया। कप्तान मनदीप मोर ने आठवें मिनट में, अगले ही मिनट डिप्सन टिर्की औरमनिंदर ने दो मिनट बाद अपना पहला गोल भारत को 4-1 से आगे कर मैच पर उसकी मजबूत पकड़ बना दी। गुरजोत ने पहला हाफ खत्म होने से दो मिनट पहले अपना पहला , सुखविंदर ने अगले ही क्षण एक और गोल तथा रहील ने अपना दूसरा गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 7-1 से आगे कर मैच पर उसकी मजबूत पकड़ बना दी थी।

भारत ने दूसरे हाफ में अपने हमले जारी रखे। मनिंदर ने दाएं से बढ़ कर दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में,अगले ही मिनट पवन राजभर ने तथा तीन मिनट बाद सुखविंदर और अगले ही मिनट गुरजोत ने गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। मोहम्मद रहील ने मैच के 24 वें मिनट में अपना तीसरा गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। पवन राजभर ने मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत की 13-1 कर दी। मनिंदर सिंह ने खेल खत्म होने से दो गोल और कर भारत को 15-1 से मैच जिता दिया।

सार संक्षेप

सांस लेने की परेशानी पर काबू पाकर ओन्स जाबौर दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। पिछले साल की फाइनलिस्ट ट्यूनीशिया की ओन्स जाबौर ने सांस लेने में दिक्कत के बावजूद कोलंबियाई युवा कैमिला ओसोरियो को 7-5, 7-6(4) से हराकर मंगलवार को यूएस ओपन के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 2022 की उपविजेता, जो सोमवार को 29 साल की हो गयी, ने सांस लेने में कठिनाई के बावजूद कोलंबियाई युवा कैमिला ओसोरियो को पछाड़कर लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम के अंदर एक साहसी प्रदर्शन के साथ जीत हासिल की ।जाबौर ने अपने ट्रेडमार्क ड्रॉप शॉट्स और लूपिंग लॉब्स का इस्तेमाल करते हुए जीत दर्ज की।ट्यूनीशियाई का अगला मुकाबला गुरुवार को चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने मैडिसन ब्रेंगल को आसानी से 6-2, 6-1 से हराया। महिला एकल प्रतियोगिता के पहले दौर के मैच में एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने कनाडा की 2021 यूएस ओपन महिला एकल उपविजेता लेयला फर्नांडीज को हरा दिया। काफी नाटकीयता वाले कड़े मुकाबले में एलेक्जेंड्रोवा 7-6(4), 5-7, 6-4 से मैच जीतने में सफल रही। दूसरे दिन पहले दौर के अन्य मैचों में, यूनाइटेड किंगडम की केटी बोल्टर ने फ्रांस की डायने पैरी को 6-4, 6-0 से हराया, जबकि जर्मनी की मारिया तात्जाना क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक से 6-2, 6-1 से हार गईं।

यूएस ओपन : शीर्ष सितारे मेदवेदेव, ज्वेरेव, बेरेटिनी दूसरे दौर में पहुंचे

न्यूयॉर्क। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव मंगलवार को यहां हंगरी के अत्तिला बालाज को 6-1, 6-1, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गए। यह तीसरी वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी की सीज़न की 50वीं टूर-स्तरीय जीत थी। अब उनके पास यूएस ओपन में 24-5 का रिकॉर्ड है, उन्होंने हार्ड-कोर्ट इवेंट में तीन अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं (ऑस्ट्रेलियाई ओपन 21, विंबलडन 13, रोलैंड गैरोस 7) की तुलना में अधिक जीत हासिल की है। उनका अगला मुकाबला मैक्स परसेल और क्रिस्टोफर ओकोनेल के बीच होने वाले ऑस्ट्रेलियाई मैच के विजेता से होगा।

कोहली बढ़ाएंगे पाकिस्तान की टेंशन : मोहम्मद कैफ

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पिछली बार जब पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप-2022 में भारत का सामना किया था, तो विराट कोहली ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सबका दिल जीत लिया था। इस मैच में भारत ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। पिछले साल खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत को बेहद कठिन परिस्थितियों से निकालते हुए यादगार जीत दिलाई थी। ये जीत भारतीय क्रिकेट फैंस के जहन में हमेशा ताजा रहेगी।

ऐसे में एक बार फिर, जब एशिया कप-2023 में पाकिस्तान और भारत, 2 सितंबर को आमने-सामने होंगे। तो, फैंस को कोहली से एक बार फिर विराट पारी की उम्मीद होगी। यह बात पाकिस्तानी टीम भी जानती है कि किंग कोहली उनके लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान को बड़ी टेंशन दे दी है। उन्होंने कोहली की इस पारी को याद करते हुए कहा कि विराट को गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज निश्चित रूप से दबाव में होंगे। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के खिलाफ कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और जब पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह एक दमदार बल्लेबाज हैं। वह पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और लक्ष्य का पीछा करने में माहिर हैं।

उस विश्व कप में उनका जो फॉर्म था, वह एशिया कप-2022 में उनके प्रदर्शन के कारण था, जिसकी शुरुआत उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लगाए गए शतक से की थी। प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कोहली द्वारा खेली गई 53 गेंदों में 82* रनों की मैच विजयी पारी निश्चित रूप से उनकी सबसे कठिन पारियों में से एक थी। वह खुद इसे टी-20 में अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी मानते हैं।

इंग्लैंड में महिला क्रिकेट टीम की फीस पुरुषों के बराबर हुई

लंदन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को घोषणा की कि वो तत्काल प्रभाव से महिला टीम की मैच फीस को पुरुष टीम की मैच फीस के बराबर कर रहे हैं। इंग्लैंड ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की इस घोषणा का यह मतलब है कि मैच फीस में समानता इंग्लैंड की महिलाओं की श्रीलंका के खिलाफ आगामी सफेद गेंद वाली घरेलू श्रृंखला से प्रभावी होगी। न्यूजीलैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड अपनी अंतरराष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के लिए मैच फीस बराबर करने वाला चौथा क्रिकेट राष्ट्र बन गया है। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने इस ऐतिहासिक कदम पर कहा, यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाना जारी रखें और इंग्लैंड की महिलाओं और इंग्लैंड के पुरुषों के लिए समान मैच फीस देखना शानदार है। मैं खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करने और पेशेवर खेल के विकास में उनके समर्थन के लिए पीसीए और इंग्लैंड महिला खिलाड़ी साझेदारी को भी धन्यवाद देना चाहूंगी।

यह विकास इस ग्रीष्मकालीन महिला एशेज श्रृंखला में जून और जुलाई में 110,000 की रिकॉर्ड-तोड़ भीड़ के बाद आया है। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह एक यादगार पल था। इंग्लैंड ने एजबेस्टन, किआ ओवल और लॉर्ड्स में महिलाओं की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के नए रिकॉर्ड बनाए। हीथर ने श्रृंखला को महिलाओं के खेल के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला घोषित किया।

ईसीबी ने कहा कि इस साल घरेलू वेतन में बढ़ोतरी और द हंड्रेड में महिला खिलाड़ियों का वेतन पिछले साल दोगुने से अधिक होने के कारण अतिरिक्त निवेश हुआ है। दुनिया भर की प्रतियोगिताओं में कमाई के बढ़ते अवसरों के साथ, यह खेल वर्तमान में महिला टीम खेलों के बीच कमाई के कुछ बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में प्लेटिनम खिलाड़ियों में हरमनप्रीत, ऋचा, दीप्ति, जेमिमा, पूजा

मेलबर्न, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर बुधवार को लीग द्वारा घोषित उद्घाटन डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में प्लेटिनम खिलाड़ियों में शामिल की गयी हैं। कुल मिलाकर, 3 सितंबर को होने वाले बीबीएल और डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट के लिए 50 खिलाड़ियों को प्लेटिनम का दर्जा दिया गया है। प्लेटिनम सूची में नामित 25 खिलाड़ी शीर्ष वेतन बैंड के भीतर टीमों द्वारा पहले दौर में ड्राफ्ट किए जाने के पात्र हैं।

हरमनप्रीत ने लीग में सिडनी थंडर और मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेला है, जबकि ऋचा ने पिछले साल के डब्ल्यूबीबीएल सीज़न में होबार्ट हरिकेंस का प्रतिनिधित्व किया था। जेमिमा मेलबर्न स्टार्स और रेनेगेड्स के लिए खेल चुकी हैं, जबकि दीप्ति सिडनी थंडर के लिए खेल चुकी हैं और पूजा ने अतीत में ब्रिस्बेन हीट का प्रतिनिधित्व किया था। चामरी अटापट्टू , लॉरेन बेल, तज़मिन ब्रिट्स, ऐलिस कैप्सी, केट क्रॉस, निदा डार, सोफी डिवाइन, डींड्रा डॉटिन, सारा ग्लेन, शबनिम इस्माइल, मारिज़ैन कप्प, अमेलिया केर, हीथर नाइट, हैली मैथ्यूज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, स्टैफनी टेलर, क्लो ट्रायॉन , लॉरा वोल्वार्ड्ट, इस्सी वोंग और डैनी व्याट डब्ल्यूबीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची में अन्य खिलाड़ी हैं। बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में इंग्लैंड का दबदबा है, जिसके 14 खिलाड़ी गस एटकिंसन, सैम बिलिंग्स, हैरी ब्रूक, जो क्लार्क, जैक क्रॉली, टॉम करेन, एलेक्स हेल्स, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, टॉम कोहलर-कैडमोर, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, फिल साल्ट और जेम्स विंस हैं।

अन्य बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में क्विंटन डी कॉक, फाफ डु प्लेसिस, मार्टिन गुप्टिल, राशिद खान, शादाब खान, कॉलिन मुनरो, निकोलस पूरन, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान, रिले रोसौव और मुजीब उर रहमान शामिल हैं। ड्राफ्ट में केवल कुछ ही दिन बचे हैं, उम्मीदें बढ़ रही है और हम प्रत्येक ड्राफ्ट के लिए प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची साझा करने के लिए उत्साहित हैं। दोनों सूचियों में विश्व स्तरीय टी20 प्रतिभाएं शामिल हैं, जो इस गर्मी में क्रिकेट उत्कृष्टता के एक शानदार प्रदर्शन का वादा करती हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, दोनों ड्राफ्ट के लिए नामांकन असाधारण हैं, और हम रविवार रात के ड्राफ्ट कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें क्लब कुल मिलाकर न्यूनतम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन कर सकेंगे, प्रत्येक क्लब को कम से कम एक राउंड में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। ड्राफ्ट नाइट में चार श्रेणियां होंगी जिनमें खिलाड़ियों का चयन किया जा सकता है- प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज़। प्रत्येक श्रेणी के लिए वेतन विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी दरों पर निर्धारित किया गया है, जिसमें प्लेटिनम खिलाड़ी का उच्चतम भुगतान है। डब्लूबीबीएल में, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 110,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमश: 90,000, 65,000 और 40,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे। बीबीएल के लिए, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 420,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलना तय है, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमश: 300,000, 200,000 और 100,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे।

सुडोकू 6302 का हल

6	3	9	7	4	2	5	8	1
2	7	5	8	1	9	3	4	6
4	8	1	5	6	3	9	7	2
7	5	8	4	9	1	6	2	3
9	4	2	6	3	5	8	1	7
1	6	3	2	8	7	4	9	5
3	2	4	9	7	6	1	5	8
8	1	7	3	5	4	2	6	9
5	9	6	1	2	8	7	3	4

सर्वाधिक बढने वाले शेयर

पावरग्रिड	2.50 प्रतिशत
एलटी	2.09 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	1.95 प्रतिशत
एचडीएफसी	1.01 प्रतिशत
सन फार्मा	0.89 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

रिलायंस	1.11 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.97 प्रतिशत
एचसीएल टेक	0.67 प्रतिशत
टाइटन	0.59 प्रतिशत
आईटीसी	0.56 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2500-3000
गेहूं दडा	2150-2160
आटा	2800-2290
मैदा	945-950
चोकर	620-630

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

बासमती औसत किस्म	4500-4600
परमल	1750-1775
चावल सेला	2250-2350
आरआर (आठ)	1650-1670

दाल-दलहन

चना	4,850-4,950
दाल चना	4,850-4,950
मसूर काली	7,800-7,900
उड़द दाल	10300-10400
मूंग दाल	7,900-8,000
अरहर दाल	9700-9800

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

गैर-बासमती चावल की फंसी निर्यात खेप के लिए नियम संशोधित, निर्यातकों को राहत

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी संबंधी नियमों में कुछ नये संशोधन किये हैं ताकि पिछले निर्णयों के कारण बंदरगाहों पर फंसी निर्यात की खेप दूसरे देशों के उनके विभिन्न गंतव्य के लिए आगे बढ़ायी जा सके ।

चावल निर्यातकों ने कहा है कि इस संबंध में मंगलवार को जारी अधिसूचना से उन्हें बड़ी राहत मिली है और इसके लिए उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया है । नेशनल राइस एक्सपोर्ट फेडरेशन (आईआरईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम गर्ग ने कहा कि सरकार के नये निर्णय से निर्यातकों की कुल करीब 1.5 लाख टन चावल की खेप अब निकल जाएगी जो विभिन्न बंदरगाहों पर फंसी हुई थी । विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी द्वारा 29 अगस्त को जारी अधिसूचना में गैर बासमती चावल पर पाबंदी के लिए 20 जुलाई, 2023 की को जारी अधिसूचना में संशोधन करते हुए नया प्रावधान यह किया गया है। इससे 20 जुलाई को पाबंदी लागू होने के दिन एक निश्चित समय के पहले तक बंदरगाहों पर पहुंच

चुके माल की खेप को निर्यात के लिए अब जारी किया जा सके ।

अधिसूचना में कहा गया है कि यदि (1) - गैर-बासमती चावल की निर्यात के लिए निकली खेप 20 जुलाई, 2023 को रात 21 बजकर 57 मिनट एक सेंकेड से पहले सीमा शुल्क विभाग की कंप्यूटर प्रणाली में दर्ज हो चुकी थी या उस समय तक सीमा शुल्क केंद्र में प्रवेश कर गयी थी और उसका तिथि तथा समय सहित पुष्ट प्रमाण है तो उसका 30 अक्टूबर तक निर्यात किया जा सकता है। (2) ऐसे माल जिस पर पाबंदी की उस तिथि को रात 21 बज कर 57 मिनट से पहले निर्यात शुल्क का भुगतान हो चुका हो उसके निर्यात की भी छूट होगी। पाबंदी से पहले गैर बासमती चावल का निर्यात नियंत्रित करने के लिए 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगा हुआ था।

गौरतलब है कि चावल की कीमतों में तेजी को देखते हुए सरकार ने जुलाई में गैर-बासमती सफद चावल के निर्यात पर रोक लगा दी थी। सरकार ने उसके बाद एक निश्चित दर से कम भाव वाले बासमती चावल का निर्यात भी रोक दिया है क्यों कि उसने देखा था कि कुछ निर्यातक वैश्विक बाजार में तेजी का फायदा उठाते हुए बासमती के नाम पर गैर बासमती चावल बाहर भेजने लगे थे। डॉ गर्ग ने बासमती चावल पर लागू किए गए 1200 डालर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य को घटा कर 1000 डालर करने की मांग भी की है ।

आईआरईएफ के अध्यक्ष डॉ गर्ग ने सरकार का धन्यवाद करते हुए एक बयान में कहा, इस फैसले से भारत के चावल व्यापारी, चावल मिल मालिक, चावल निर्यातक, ट्रांसपोर्टर, पैकिंग सामग्री वाले, क्लियरिंग हाउस एजेंट, किसान एवं मजदूर भाई सभी को फायदा हुआ है और सबने बड़ी राहत की सांस ली है। डॉ गर्ग का अनुमान है कि आगे दो-तीन महीनों के अंदर जो चावल की नयी फसल बजार में आने पर बाजार शांत होगा। उन्होंने कहा, 'हम दोबारा जारी किए गए नोटिफिकेशन के लिए सरकार का कोटि कोटि धन्यवाद करते हैं। हमें उम्मीद है कि भारत सरकार चावल के मुक्त व्यापार (निर्यात) को दोबारा से खोलेगी।

देश के अधिकांश शहरों में पहली तिमाही में घर हुए महंगे : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद जैसे आठ प्रमुख महानगरों सहित 50 बड़े शहरों में से 43 में घरों की कीमत तेज हुई। यह तथ्य राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) द्वारा बुधवार को जारी आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक पहली तिमाही में कोलकाता, मुंबई और पुणे में भी संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। एनएचबी रेसिडेक्स नामक आवास मूल्य सूचकांक तिमाही आधार पर चुनिंदा 50 शहरों में आवासीय संपत्तियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर निगाह रखता है। इस सूचकांक के लिए तुलना का आधार वित्तीय वर्ष 2017-18 की कीमतों को रखा गया है। बुधवार इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के आठ प्रमुख शहरों में प्राथमिक आवासीय बाजारों में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी कहीं एक प्रतिशत से कम तो कहीं नौ प्रतिशत तक देखी गई। इनमें अहमदाबाद में कीमतों में वार्षिक आधार पर 9.1 प्रतिशत, बेंगलुरु (8.9 प्रतिशत), चेन्नई (1.1 प्रतिशत), दिल्ली (0.8 प्रतिशत), हैदराबाद (6.9 प्रतिशत),

कोलकाता (7.8 प्रतिशत) , मुंबई (2.9 प्रतिशत), और पुणे में (6.1 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गयी।

बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से एकत्रित 50-शहरों की आवासीय संपत्तियों के मूल्यांकन के आंकड़ों के आधार पर तैयार एचपीआई सूचकांक में वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में वृद्धि सात प्रतिशत थी। अलग अलग शहरों में आवास की कीमतों में बदलाव का अनुपात अलग-अलग है। उदाहरण के लिए इस दौरान गुरुग्राम में कीमतें सालाना आधार पर 20.1 प्रतिशत ऊंची हुई हैं जबकि लुधियान में प्राथमिक आवासीय सम्पत्तियों के भावों में एक साल पहले की तुलना में 19.4 प्रतिशत की गिरावट रही।

अधिकांश कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर अच्छा महसूस नहीं करते : सर्वे

बेंगलुरु, 30 अगस्त, (वार्ता) भारतीय संस्थानों में काम करने वाले केवल 24 प्रतिशत कर्मचारी ही अपने कार्यस्थलों पर काफ़ी अच्छा महसूस करते हैं। भारतीय व्यवसायों में काम करने वाले कर्मचारियों में तीन-चौथाई से ज़्यादा ने कम अच्छा महसूस होने की बात कही है। हालाँकि, कार्यस्थल पर कम खुशहाली केवल भारत में ही नहीं है। यह समस्या पूरे विश्व की है। इनडीड और फॉरेस्टर कंसल्टिंग द्वारा जारी एक संयुक्त रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। सर्वे के मुताबिक़ भारतीय संस्थानों में खुशहाल कर्मचारियों की संख्या वैश्विक औसत- 25 प्रतिशत के लगभग बराबर है। वर्क वेलबीइंग इन इंडिया 2023 रिपोर्ट हाउ थ्राइविंग पीपल क्रिएट थ्राइविंग कंपनीज़ शीर्षक की इस रिपोर्ट का उद्देश्य कर्मचारियों की खुशहाली मापने और नौकरी के प्रदर्शन, कार्यस्थल उत्पादकता एवं संगठनों में कर्मचारी के रिटेंशन लेवल आदि पर उनके प्रभाव को पहचानना था। ज़्यादा अच्छा महसूस करने वाले कर्मचारियों को 'कार्यस्थल पर खुशहाल' माना जाता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में वैलनेस रिसर्च सेंटर के अनुसार, ऐसे कर्मचारी निम्नलिखित गुण या अनुभव प्रदर्शित करते हैं - नौकरी से अत्यधिक संतुष्ट, काम को लेकर बहुत कम तनाव, अत्यधिक सकारात्मकता/खुशी, और संस्थान में अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट उद्देश्य। सर्वे में शामिल 67 प्रतिशत से ज़्यादा कर्मचारियों ने माना कि कार्यस्थल पर उनकी खुशहाली की ज़िम्मेदारी उनके नियोक्ता की है। ऐसे कार्यस्थलों में समावेशिता की भावना, स्वीकृति, सम्मानजनक बातचीत और सहयोगपूर्ण मैनेजर्स की उपस्थिति जैसी विशेषताएँ होती हैं। अधिकांश

कर्मचारियों (93प्रतिशत) ने कहा कि उनका मैनेजर सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व प्रदर्शित करता है, 87प्रतिशत ने बताया कि उनका मैनेजर उदाहरण द्वारा नेतृत्व करता है। लेकिन यदि भारत में कार्यस्थल की संस्कृति पर किए गए मुख्य अध्ययनों को देखें तो इस तरह के उदाहरण बहुत कम हैं। सर्वे में शामिल 69प्रतिशत कर्मचारियों के मुताबिक़ उनके संगठनों में वरिष्ठ नेतृत्व उनसे चाहता है कि वो अपने निर्धारित दायित्वों से बढ़कर काम करें।

इनडीड इंडिया के विक्रय प्रमुख शशि कुमार ने कहा, कार्यस्थल पर खुशहाली हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, फिर चाहे हम रिमोट काम करें या ऑफिस में। हमारे द्वारा किए गए अध्ययनों में सामने आया है कि आगे चलकर कार्यस्थल पर खुशहाली के ऊपर ज़्यादा ज़ोर दिया जाएगा। सर्वे में खुशहाली को लेकर कर्मचारियों के दृष्टिकोण में स्पष्ट पीढ़ीगत परिवर्तन देखने को मिलता है। 18 से 26 साल के जेन ज़ी समूह (20प्रतिशत) अपने के ज़्यादा उम्र के मिलेनियल्स (24प्रतिशत) और जेन-एक्स (27प्रतिशत) की तुलना में कम खुशहाल कर्मचारी हैं। ज़्यादा उम्र के कर्मचारी कर्मचारियों की खुशहाली को प्राथमिकता देने के मामले में अपने नियोक्ताओं की क्षमता पर भी ज़्यादा भरोसा करते हैं। 67प्रतिशत जेन ज़ी कर्मचारियों का मानना है कि उनके नियोक्ता खुशहाली और कल्याण को व्यवसायिक सफलता से जोड़ते हैं। मिलेनियल्स और जेन-एक्स के मामले में ये आंकड़े 78प्रतिशत और 74प्रतिशत थे।

शेयर बाजार सपाट

मुंबई 30 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, दूरसंचार, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में लिवाली होने के बावजूद आज शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 11.43 अंक की मामूली बढ़त लेकर 65,087.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन एस ई) के निफ़्टी 4.80 अंक बढ़कर 19347.45 अंक पर सपाट बंद हुआ। वहीं, दिग्गज कंपनियों के मुक़ाबले मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.55 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,207.87 अंक और स्मॉलकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36,851.14 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2302 में लिवाली जबकि 1343 में बिकवाली हुई वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 30 कंपनियां तेजी जबकि 21 गिरावट पर रही। बीएसई के चौदह समूहों में लिवली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.63, सीडी 1.03, एफ एम सी जी 0.53, हेल्थ केयर 0.20, इंडस्ट्रियल्स 0.42, आईटी 0.71, दूरसंचार 1.40, ऑटो 0.68, कैपिटल गुड्स 0.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.72, रियल्टी 1.38, टेक 0.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.14 प्रतिशत मजबूत रहे जबकि पॉवर, तेल एवं गैस ऊर्जा, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और बैंकिंग समूह के शेयर 0.61 प्रतिशत की गिरावट पर रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.13, जापान का

निक्केई 0.33 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.46 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 236 अंक की तेजी लेकर 65,311.58 अंक पर खुला और लिवली की बदौलत दोपहर से पहले 65,458.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,052.74 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,075.82 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 65,087.25 अंक पर रहा। निफ़्टी भी 91 अंक बढ़कर 19,433.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,452.80 अंक के उच्चतम जबकि 19,334.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,342.65 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत बढ़कर 19,347.45 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की तेजी पर रही 17 कंपनियों में से जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.99 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा स्टील 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.53, मारुति 1.50, इंफोसिस 1.19, एचसीएल टेक 0.91, अल्ट्रासिम्को 0.77, आईटीसी 0.59, नेस्ले इंडिया 0.58, सन फार्मा 0.49, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.40, टीसीएस 0.37, एशियन पेंट 0.28, भारती एयरटेल 0.28, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.23, एक्सिस बैंक 0.23 और टाइटन के शेयर भी 0.13 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, पावरग्रिड 1.59, एसबीआई 1.31, आईसीआईसीआई बैंक 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.71, इंडसइंड बैंक 0.55, एनटीपीसी 0.36, कोटक बैंक 0.35, एलटी 0.29, विप्रो 0.20, बजाज फाइनेंस 0.18, टाटा मोटर्स 0.16, बजाज फाइनेंस 0.14, टेक महिंद्रा 0.10 और रिलायंस के शेयरों ने 0.08 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

इंडिगो विमान में खराबी, डीजीसीए कर रहा व्यापक तकनीकी मूल्यांकन

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय विमानन नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) मंगलवार को दो अलग-अलग इंडिगो विमानों में आई इंजन से संबंधित समस्याओं का व्यापक तकनीकी मूल्यांकन कर रहा है। विमानन नियामक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, डीजीसीए एयरलाइन ऑपरेटर के साथ कड़ा सहयोग बनाए रखते हुए इन दोनों घटनाओं के तकनीकी मूल्यांकन की निगरानी कर रहा है। मंगलवार को कुछ घंटों के अंतराल में दूसरी घटना में कोलकाता से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में हवा में खराबी आ गई। इस घटना में विमान का एक इंजन बंद हो गया, हालांकि, फ्लाइट सुरक्षित रूप से उतरने में सफल रही। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, कोलकाता से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 455 तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के बाद कोलकाता लौट आई। पायलट ने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया और कोलकाता में प्लेन को वापस उतार लिया। यात्रियों को बेंगलुरु लाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। इससे पहले मंगलवार को मदुरै से उड़ी इंडिगो प्लेन एक इंजन बंद होने के बावजूद मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गई। एयरबस ए321 सुरक्षित रूप से मुंबई में लैंड कराया गया। इस मामले पर एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, मदुरै से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई 2012 में मुंबई में लैंडिंग से पहले एक तकनीकी समस्या थी। पायलट ने मुंबई में लैंडिंग को प्राथमिकता दी। विमान को मुंबई में रोक दिया गया है। प्लेन आवश्यक रखरखाव के बाद परिचालन में वापस आ जाएगा। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।



खाद्य तेलों में टिकाव

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 65 रिंगिट उबलकर 3866 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट की तेजी लेकर 63.74 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

24 कंपनियों ने किया हाईवेयर पीएलआई स्कीम में आवेदन

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार की कंप्यूटर हार्डवेयर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे चरण में आज आखिरी दिन कम से कम 32 कंपनियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं और ये सभी कंपनियां भारत में एक टिकाऊ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में योगदान को लेकर खासी उत्साहित हैं।

संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में लैपटॉप, डेस्कटॉप, सर्वर आदि हार्डवेयर के निर्माण के लिए पीएलआई 2.0 योजना में अंतिम दिन तक 24 कंपनियों के आवेदन आये हैं उनमें एचपी, डेल, एसर, एसिस, लेनोवो, थॉमसन, एचपी एंटरप्राइजेज़, वीवीडीएन आदि शामिल हैं। इनमें से 25 प्रतिशत घरेलू, 22 प्रतिशत हाईब्रिड विनिर्माण करेंगी। कुछ भारतीय

कंपनियां भी हैं जो विश्व के बड़े ब्रॉण्डों के लिए विनिर्माण करेंगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि इस चरण में देश में उत्तरोत्तर उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपए तक का होने का अनुमान है। जबकि ये कंपनियां 2430 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी तथा इससे 75 हजार प्रत्यक्ष एवं करीब सवा दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निस्तारण बहुत तेजी से किया जाएगा और उन्हें जल्द से जल्द उत्पादन शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

लाइसेंस प्रणाली को लेकर विवाद के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी आवेदकों से उनकी सीधी बात हुई है और एक भी कंपनी को इस बारे में कोई शिकायत या चिंता नहीं है। सभी कंपनियां भारत में मेक इन इंडिया को सफल बनाने और भारत को हार्डवेयर के क्षेत्र में टिकाऊ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और मूल्यवर्धन श्रृंखला बनाने को लेकर खासी उत्सहित हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह विश्वास जताया कि जिस प्रकार से भारत मोबाइल आयातक देश से ना सिर्फ मोबाइल फोन निर्यातक देश बन गया है और भारत में 98 प्रतिशत मोबाइल फोन सेट स्वदेश निर्मित हैं। हार्डवेयर पीएलआई योजना से इससे भी अच्छी स्थिति निर्मित होगी।

एपल कंपनी के इस पीएलआई योजना में भाग नहीं लेने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एपल के भी आने की उम्मीद है। वर्तमान में एपल भारत में ऐसे चार कंपोनेंट बनाती है जिसे विश्व भर में निर्यात किया जाता है।

हार्डवेयर पीएलआई स्कीम 2.0 के अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपए का बजटीय आवंटन किया गया है। इस योजना की अवधि विनिर्माण शुरू होने के बाद छह वर्ष तक है। बीते आठ वर्षों में कंप्यूटर हाईवेयर क्षेत्र में भारत में 17 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गयी है। हार्डवेयर पीएलआई स्कीम 2.0

सार संक्षेप

एक्सिस कम्युनिकेशंस का पहला एक्सपीरियंस सेंटर

नई दिल्ली। नेटवर्क वीडियो क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एक्सिस कम्युनिकेशंस ने बेंगलुरु में पहला एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर एक्सिस इंडिया ऑफिस का हिस्सा है, जो नेटवर्क सिक्योरिटी सोल्यूशंस में हो रही आधुनिक प्रगति का प्रदर्शन करेगा। इस हब में पूरे देश के अंशधारकों के विशाल नेटवर्क के साथ संलग्न होकर सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर (एईसी) और इस ऑफिस के उद्घाटन के अवसर पर एक्सिस कम्युनिकेशंस एबी के सीईओ रे मॉरिट्सन; एशिया पैसिफ़िक के उपाध्यक्ष बुडेविज्न पेश्च; साउथ एशिया पैसिफ़िक के क्षेत्रीय निदेशक कार्ल माल्मक्विस्ट और एक्सिस कम्युनिकेशंस इंडिया एवं सार्क के निदेशक सुधींद्र होल्ला मौजूद थे। बेंगलुरु में स्थापित इस नये परिसर द्वारा राज्य में एक्सिस की स्थिति मज़बूत होगी और गठबंधन के लिए संभावित साझेदारों का परिवेश मिल सकेगा, जिससे इनोवेशन और उत्कृष्टता लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर में उत्पादों के भौतिक एवं इंटरैक्टिव प्रदर्शन द्वारा भविष्य की टेक्नोलॉजी का फर्स्ट-हैंड अनुभव मिलेगा। कंपनी के नवीनतम उत्पादों का अवलोकन पेश करते हुए, एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर परिवेश के साझेदारों को उत्पादों का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण देगा, ताकि वो टेक्नोलॉजीज की सही कार्यप्रणाली समझ सकें, और ग्राहकों को हर टच पॉइंट पर बेहतरीन अनुभव मिले। एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर में ऑडियो एनालिटिक्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन, ऑटोमेटेड एक्सेस कंट्रोल सिस्टम और डेटा एनालिटिक्स टूल्स सहित एडवांस्ड सर्विलेंस सिस्टम एवं कई अन्य उत्पादों का प्रदर्शन होगा, जिससे बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

स्पाउडी का स्व-रोजगार महिला समूह 'सेवा' से करार

नई दिल्ली। ग्रीन-टेक इनोवेटर स्पाउडी और दुनिया की सबसे बड़ी स्व-रोजगार महिला संगठन 'सेवा' ने भारत की हजारों महिला लघु किसानों को स्मार्ट फार्मिंग शुरू करने योग्य बनाने के लिए 5 साल के एक करार पर हस्ताक्षर किए। इस करार को वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 2 के तहत आपसी सहयोग पूरा किया जाएगा। यह घोषणा वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 1 की सफलता देखने के बाद की गई है जिसमें स्पाउडी और सेवा ने भारत के चार राज्यों में जमीनी स्तर पर कार्यरत सेवा सदस्यों को स्मार्ट फार्मिंग टेक्नोलॉजी और प्रशिक्षण दिया। वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 1 का संचलान एसएचएल मेडिकल के सहयोग से किया गया था। वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव के कई साझेदार हैं जो छोटे किसानों के कृषि कार्य में बड़ा बदलाव करते हुए उन्हें स्मार्ट फार्मिंग करने में सक्षम बनाते हैं। इसमें कम पानी में अधिक पैदावार और अधिक मुनाफा लेने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सेवा की निदेशक रीमाबेन नानावटी ने कहा स्मार्ट फार्मिंग अलायंस की वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव सेवा के स्वच्छ आकाश अभियान की तर्ज पर शुरू की गई है, जिसमें हमारा मिशन अधिक से अधिक पर्यावरण अनुकूल रोजगार सृजन करना और भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वच्छ आसमान सुनिश्चित करना है।

त्याग, समर्पण की माता है तेलिनसत्ती : रंजना

साहू समाज की आराध्य देवी है तेलिनसत्ती माता, जिनके आशीर्वाद से दुख निकट नहीं आते

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम तेलिनसत्ती ग्रामवासियों की बहु प्रतीक्षित मांग जिसमें तेलिनसत्ती माता मंदिर प्रांगण के सामने शेड निर्माण कार्य, आदिवासी समाज के आस्था का प्रतीक देवगुड़ी निर्माण एवं बाल समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग निरंतर की जा रही थी, जिसको विधायक रंजना साहू ने स्वीकृत दिए जिसका भूमिपूजन किया गया, भूमिपूजन पुर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने साहू समाज की आराध्य देवी एवं गांव की माता तेलिनसत्ती माता की पूजा अर्चना किए तद्उपरांत भूमि पूजन कार्यक्रम ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ग्राम वासियों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में मानिकपुरी पानिका समाज जिला अध्यक्ष जीवनदास सार्वा ने कहा कि विधायक द्वारा भूमि पूजन किया गया है उससे पूर्व हमारे समाज के लिए सामुदायिक भवन दिए यह उनकी उदारता हैं, उद्बोधन की कड़ी में सेन कुमार मंडावी आदिवासी मुड़ा अध्यक्ष ने देवगुढ़ी निर्माण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किरते हुए कहा कि विधायक द्वारा निरंतर क्षेत्र में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं। गौठान समिति अध्यक्ष मोहनलाल जांगड़े ने निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किए और कहा कि धमतरी विधानसभा की अब तक की सबसे सक्रिय विधायक रंजना साहू है जो निरंतर क्षेत्र में दौरा करती रहती है उनके द्वारा परस्पर सभी गांव में सामाजिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्य किया गया हैं इसीलिए क्षेत्र में विकास कार्य और विधानसभा में जनहित मुद्दों के लिए सक्रियता पूर्वक आवाज उठाने के लिए हमारी विधायक रंजना साहू जी को उत्कृष्ट विधायक चुनी गई जो हम सभी धमतरी विधानसभा वासियों के लिए गौरव की बात है। अपने जनपद क्षेत्र में विकास कार्य की सौगात देने के लिए जनपद सदस्य चंद्रकला बंजारे ने विधायक का आभार प्रकट किए। अंतिम उत्पादन के रूप में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रंजना साहू ने कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी है तेलिनसत्ती माता, जिनके आशीर्वाद से दुख निकट नहीं आते हैं, त्याग समर्पण की माता तेलिनसत्ती है, जिन्होंने समाज में समर्पण का भाव सिखाई। श्रीमती साहू ने आगे कहां की ग्रामवासियों द्वारा बनाई गई आमंत्रण कार्ड सराहनीय पहल है, जिसमें भारत की कामयाबी चंद्रयान के सफलता को चित्रांकित किया गया है निश्चित ही यह देश की बहुत बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार साहू अध्यक्ष साहू समाज तेलीनसत्ती भानपुरी परिक्षेत्र एवं कार्यक्रम का आभार कृष्णा राम साहू पूर्व उपसरपंच ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुंदर सिंह मरकाम, राकेश सिन्हा, जीवन साहू, शंकर लाल सिन्हा, काशीराम ध्रुव, बलराम मण्डावी पूर्व सरपंच, राधिका साहू पूर्व उपसरपंच, ईश्वरी प्रसाद सिन्हा, ओम प्रकाश साहू, भूपेश सिन्हा, माखन साहू, लता ध्रुव, भगवंती ध्रुव, सावित्री ध्रुव, उपसरपंच टोकेश सिन्हा, भारत दास, आकाश साहू, खिम्मन साहू, पंचराम ध्रुव, बिशाल यादव, भगत राम, राधे सिन्हा, बिसनाथ साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

आदि अनन्त है भगवान शिव की महिमा : पं. हरिशरण

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। श्री बोल बम कांवरिया संघ के द्वारा धमतरी इतवारी बाजार में विराजमान बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चल रहे शिवमहापुराण कथा श्रवण करने विधायक रंजना डीपेंद्र साहू पहुंची। विधायक ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिए और महाराज जी को साल श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिए। कथावाचक पुज्य श्री हरिशरण वैष्णव जी महाराज द्वारा श्रावन मास के पावन अवसर पर शिवमहापुराण कथा बखान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदि अनन्त है भगवान शिव की महिमा, इस सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा देव है तो उसे पालनहार श्री हरि विष्णु और संहार कर्ता भगवान भोलेनाथ है। इस पावन अवसर में कथा रसपान उपरांत भगवान महादेव की आरती करने का सौभाग्य समस्त श्रोताओं को मिला, विधायक रंजना साहू ने भगवान बुढ़ेश्वर महादेव की पूजा अर्चना किए और शिव महापुराण कथा स्थल में महाआरती में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि जितना ज्ञान प्रभु के आशीर्वाद से जहां मिले उसे अपने झोली में समेटने का प्रयत्न करते हैं। भगवान शिव अवघटदानी है, जो भक्त के दुख को हरकर उनकी झोली में खुशियां भर देते हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि ऊं नम: शिवाय बोलने मात्र से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं, ऊं में आस्था, विश्वास, भक्ति,

कन्या महाविद्यालय में यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर कार्यशाला

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी से सुनीता टोप्पो, अध्यक्ष, आंतरिक शिकायत समिति, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य अतिथि के रूप में तथा समिति के सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, ऋचा शर्मा, तथा संध्या तुर्रे उपस्थित रहीं। सुनीता टोप्पो के द्वारा कार्यशाला पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में बहुत सारी जानकारी प्रदान की गई उन्होने भवरी बाई घटना का उल्लेख करते हुए महिला सुरक्षा के बारे में बताया तथा 2013 एक्ट के तहत आंतरिक शिकायत समिति का गठन की जानकारी दी उन्होने कहा की स्त्री को आर्थिक, सामाजिक निर्णय लेने का अधिकार है। मौलिक अधिकार के तहत महिला एवं पुरूष को समानता का अवसर प्रदान करना चाहिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में इनके लिए योजना लाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रभारी प्राचार्य डॉ. रोहिणी मरकाम ने भी महिला उत्पीड़न से संबंधित बातें बताई तथा कहा की सोशल मिडिया का सदुपयोग करें दुरूपयोग न करे इसके अलावा जानकारी दी कि महाविद्यालय में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। जिसमें अभी तक कोई शिकायत नहीं आयी है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.एल. पाटले के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया एवं मंच संचालन डॉ. जयश्री रणसिंह ने किया।

सभी भर्तियां और निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

महासमुंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज महानदी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय.सीमा की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, एसडीएम सरायपाली हेमंत नंदनवार, महासमुन्द एसडीएम उमेश साहूए डिप्टी कलेक्टर मिसा कोसले सहित सभी जनपद सीईओए सीएमओ एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री मलिक ने सभी समय सीमा पत्रक, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जन चौपाल के सभी प्रकरणों को समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए तथा उसे तत्काल निराकरण करके पोर्टल में एंट्री करने कहा। श्री मलिक ने कहा कि आगामी

निर्वाचन को देखते हुए एवं अक्टूबर माह में आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन एवं अधूरे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी, पंचायत, नगरी निकाय आदि निर्माण एजेंसी को उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मलिक ने स्वामी आत्मानन्द स्कूल में सभी भर्तियां जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही हर पद के लिए वेटिंग लिस्ट तैयार करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिया। उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली और पंखा की स्थिति की समीक्षा की और महिला बाल विकास व विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। न्यायालयीन प्रकरणों में समय.सीमा के तहत अपने जवाबदावा प्रस्तुत करें। आबकारी विभाग को अवैध शराब की बिक्री पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने निर्वाचन तैयारियों के संबंध में कहा कि पीपीईएस एंट्री जिन विभागों ने नहीं किए हैं वे तत्काल एंट्री कर पूर्णत: सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें। विशेषकर बैंकर्स द्वारा एंट्री की धीमी गति पर निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारियों का स्थानांतरण और नियुक्ति हुई है उनका अद्यतन रिकॉर्ड एंट्री करे। कलेक्टर श्री मलिक ने अधिकारियों से मतदाता सूची में नाम महासमुंद जिले में स्थानांतरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने सभी बूथों का भौतिक सत्यापन कर लें और चेक लिस्ट के अनुसार कमियों को पूरा करें। बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी परिवारों के सर्वे में किसी तरह की गलती न करें। विलोपन फार्म के लिए संबंधित से आवेदन लेकर ही विलोपित किया जाए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर

मैनुअल निविदा सूचना

दूरभाष नम्बर-07782-222865 ई-मेल आई डी-eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/3165/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2023-24 जगदलपुर, दिनांक 25/08/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु प्रथम बार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
2	होम्यो. औषधालय नवीन भवन निर्माण, साकेत कालोनी, जगदलपुर	13.80 लाख	12.09.2023

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा की सम्बधी शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/resworks से भी दिनांक 31.08.2023. के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है ।

(डी.पी.देवांगन)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

जी-04736

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MINAKSHI VINAY JOSEPH ALIAS MINKASI JOSEPH W/O VINAY JOSEPH resident of NEAR BALAJI MANDIR, ANAND NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MINAKSHI VINAY JOSEPH AND MINKASI JOSEPH W/O VINAY JOSEPH so in future I should be recognized by my new name that is MINAKSHI JOSEPH W/O VINAY JOSEPH in all Government and other documents.

MINAKSHI JOSEPH
NEAR BALAJI MANDIR,
ANAND NAGAR, RAIPUR (C.G.)
492001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, TANYA KESHWANI W/O HARISH KESHWANI resident of H.N. 75 GALI NO. 04 NEAR SINDHI DHARAMSHALA TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) have changed my old name TANYA KESHWANI W/O HARISH KESHWANI so in future I should be recognized by my new name that is TANIYA KESHWANI W/O HARISH KESHWANI in all Government and other documents.

TANIYA KESHWANI
H.N. 75 GALI NO. 04 NEAR
SINDHI DHARAMSHALA
TELIBANDHA RAIPUR (C.G)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KIRAN DEEP KAUR W/O SIMRANJEET SINGH KHAIRA resident of MIG-63, HOUSING BOARD COLONY NEAR WATER TANK TATIBANDH RAIPUR (C.G.) have changed my old name KIRAN DEEP KAUR W/O SIMRANJEET SINGH KHAIRA so in future I should be recognized by my new name that is KIRAN DEEP KAUR KHAIRA W/O SIMRANJEET SINGH KHAIRA in all Government and other documents.

KIRAN DEEP KAUR KHAIRA
MIG-63, HOUSING BOARD
COLONY NEAR WATER TANK
TATIBANDH RAIPUR (C.G.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति स्वामी श्री अतुल द्विवेदी पिता श्री जवाहर लाल शर्मा निवासी द्वारा श्री जवाहर लाल शर्मा निवासी एम 2/205, वार्ड क्रमांक 04, गोकुल नगर, चैतन्य टॉवर, धरमपुर रोड, रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) की संपत्ति भूमि खसरा नंबर 290/1, 290/7, ,290/12, 290/19, 291/4, 291/6, 292/19, कुल रकबा 1.410 हेक्टेयर जो मौजा बरौंडा, प.ह.नं-96/23, रा.नि.म. धरसींवा-1, तहसील व जिला रायपुर में स्थित है, ने विक्रेता बालानी डेव्हलपर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री सुनील बालानी पिता श्री एस आर बालानी निवासी गुरूद्वारा के पीछे, श्याम नगर, तेलीबांधा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से एक किता पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है जिसका उल्लेख उप पंजीयक कार्यालय रायपुर के अनुसूची-।। में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्र 73259, पेज नंबर 100 से 118, सरल क्रमांक 6617, दिनांक 21.03.2018 में दर्ज है।

यह कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के खसरा नंबर 290/2 (शामिल 290/6), 291/2 कुल रकबा 0.108 हेक्टेयर भूमि को पूर्व में संपत्ति स्वामी बालानी डेव्हलपर्स प्रा.लि. ने संपत्ति को विक्रेता श्री राकेश कुमार पाण्डेय से एक पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है जिसका उल्लेख उप पंजीयक कार्यालय रायपुर के अनुसूची-।। में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्र 62725, पेज 46 से 78, सरल क्रमांक 116 (ग), दिनांक 02.04.2014 में दर्ज है जो कहीं गुम गया है। यह कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के उपरोक्त वर्णित सभी मूल पंजीकृत दस्तावेज को बैंक ऑफबड़ौदा द्वारा (एकाउंट टी.एम.सी. मिनरल रिसोर्सेस प्रा.लि.) में बंधक रख ऋण देना प्रस्तावित है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति के उपरोक्त पूर्व मूल पंजीकृत विक्रय विलेख सरल क्रमांक 116 (ग), दिनांक 02.04.2014 के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, निकाय, प्राधिकरण, सोसायटी अन्य कोई वित्तदायी संस्था या अन्य किसी को आपत्ति, दावा हो तो इस सूचना पत्र प्रकाशन के तीन दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें। आम सूचना के माध्यम से किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगा। समय समाप्ति पश्चात् मेरे उपरोक्त पक्षकार द्वारा साम्य बंधक रखे जाने की औपचारिकता को पूर्ण करा लिया जायेगा तथा इस संबंध में कोई भी आपत्ति दावा अवैध व शून्य प्रभावी होगा जो मेरे उपरोक्त पक्षकार को लागु नहीं होगा।

दिनांक: 30.08.2023 प्रफुल्ल अग्रवाल/मृणाल अग्रवाल
अधिवक्तागण
ऑफिस नंबर 214, 'एज', द्वितीय तल,
सी-ब्लॉक, विधानसभा रोड, मोवा, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

प्रथम बार निविदा सूचना क्रमांक-61

क्रमांक 2022/व.ले.लि./ग्रा.या.सेवा/2023-24 राजनांदगांव, दिनांक 24.08.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक 08.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
ग्रुप-2 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (6 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर अं. चौकी	8.54
ग्रुप-3 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (9 नग) विकास खण्ड अॅ. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	11.42
ग्रुप-4 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (6 नग) विकास खण्ड अं.चौकी जिला मोहला- मानपुर-अं. चौकी	9.12
ग्रुप-5 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (5 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	7.72
ग्रुप-6 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (7 नग) विकास खण्ड अं चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	11.00
ग्रुप-7 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (3 नग) विकास खण्ड अॅ. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	4.56
ग्रुप-8 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (5 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	7.97
ग्रुप-9 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (5 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	8.39
ग्रुप-10 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (5 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं चौकी	9.21
ग्रुप- 11 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (7 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला - मानपुर-अं. चौकी	11.77
ग्रुप- 12 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (6 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	8.94
ग्रुप- 13 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (6 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	5.60
ग्रुप-14 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (5 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर- अ. चौकी	9.06
ग्रुप-15 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (7 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	11.18
ग्रुप-16 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (6 नग) विकास खण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर-अं. चौकी	8.95

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 25.08.2023 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 08.09.2023 सायं 5,30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

जी-04663/3

कार्यालय, नगर पालिका परिषद जामुल, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ई-प्रोक्योमेंट निविदा सूचना (द्वितीय सूचना)

क्र./1370/ निविदा आमंत्रण/2023-24 जामुल, दिनांक 29/08/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / मान्यता प्राप्त संस्था से पंजीकृत निर्मात से निर्माण कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	System Tender No	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. लाख में	भरे हुए निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि
01	145863	Construction of Atamanand Utrishit English Medium School	Rs.66.06 Lacs	14/09/2023
02	145858	Selection Placement Agency for supply of Safal Labour for jamul	Rs. 30.00 Lacs	14/09/2023
03	145859	Selection Placement Agency for supply of Semi Skilled Lineman Helper, Mechanic etc for jamul	Rs.28.08 Lacs	14/09/2023
04.	145860	Selection Placement Agency for supply of Skilled Computer Operator, Driver and other for jamul	Rs. 29.16 Lacs	14/09/2023

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही वेब पोर्टल www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
जल ही जीवन है, व्यर्थ न बहाएं।
करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नपाप जामुल

कार्यालय, नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

क्र./1767/न.पा.प./ लो.नि.वि./2023 बेमेतरा दिनांक 29.08.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सडक/भवन एसओआर. 01.01.2015 पर कम/सामान/अधिक दर पर डी.एम.एफ. मद अंतर्गत स्वीकृत वार्ड के 10 राष्ट्रीय मुख्यमार्ग से पी.एच.ई. जल संसाधन कार्यालय तक सीसी सडक निर्माण कार्य, स्वीकृत लागत राशि 19.93 लाख रुपये हेतु दिनांक 19.09.2023 को कार्यालयीन अवधि समय 03.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि	11.09.2023	शाम 5.30 बजे तक
2	निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि	14.09.2023	शाम 05.30 बजे तक
3	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	19.09.2023	शाम 04.00 बजे तक
4	निविदा दर खोलने की तिथि	20.09.2023	शाम 05.00 बजे

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गरियाबंद (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक, आदि.वि./निर्माण/2023-24 1465 गरियाबंद, दिनांक 25/08/2023

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-गरियाबंद (छ.ग.) अंतर्गत निम्नांकित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 14.09.2023 सायं 05.00 बजे तक है -

क्रं.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	ठेकेदारों की श्रेणी
1	2	3	4	5
1	145698	आदिवासी बालक कीडा परिसर गरियाबंद में जीर्णोद्धार कार्य।	71.54	"A", "B", "C", "D",

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http:eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास गरियाबंद
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

जी-04740

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

ज्ञापन क्र. 3745/व.ले.लि./ रायपुर, दिनांक 24/08/2023

निविदा निरस्तीकरण आदेश

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 13/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 31.07.2023 सिस्टम निविदा क्र. 142917 द्वारा 'महानदी मुख्य नहर के बोरिद माइनर, बोरिद सब माइनर एवं परसकोल माइनर के शेष भाग में सी.सी. लाईनिंग का कार्य' (प्रथम आमंत्रण) राशि रू. 205.18 लाख की निविदा आमंत्रित की गयी थी, संबंधित निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा निविदा में भाग न लेने के कारण पुन: निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही किया जायेगा।

अत: आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक 142917 निविदा सूचना क्रमांक 13/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 31.07.2023 (G-No 03963 Dated 03.08.2023) को एतद् द्वारा निरस्त की जाती हैं।

सहपत्र-शून्य।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्र.-1,
रायपुर (छ.ग.)

जी-04693

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00064 तेलीबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440 725100052

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00064 के अंतर्गत ग्राम तेलीबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी सुरेश कुमार अग्रवाल पिता/पति स्व. बी.पी. अग्रवाल पता मिलेनियम प्लाजा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15027/1 0.0031 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती तारा अग्रवाल पति सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता/पति पता पिथौरा महासमुंद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00082 सेजबाहर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-632822007 2023060

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबाहर के वर्तमान भूमिस्वामी सैय्यद शकील पिता पति हाजी मो. सैय्यद कमाल पता छोटापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 295/2 0.1659, 295/4 0.1219, 296/2 0.0150 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हालाइ मेमन जमात नर्मदा पारा रायपुर द्वारा अध्यक्ष अख्तर ढेबर पिता/पति स्व. हाजी जिकर भाई ढेबर पता छोटापारा रायपुर, हालाइ मेमन जमात नर्मदा पारा रायपुर द्वारा सचिव मोहम्मद हनीफ गंज पिता/पति स्व. अब्दुल्स सत्तार गंज पता मौदहापारा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.07.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने गोविन्द प्रसाद दुबे एवं केंवरा बाई पिसरान श्री दयाराम प्रसाद दुबे निवासी ग्राम बिरोदा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. से उसके स्वामित्व की ग्राम बिरोदा प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 465/52 रकबा 0.1170 हे. को क्रय करने का सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय विलेख पंजीयन कराना शेष है।

अत: उक्त भूमि के संव्यवहार बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या किसी भी अन्य को कोई उजर, दावा हो तो मय सुसंगत दस्तावेज सहित 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित में आपत्ति पेश करें। मियाद बाद मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय विलेख पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा। उसके बाद की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना ताकीद जाने।
स्थान-रायपुर
दिनांक 29.08.2023

सोहन सिन्हा
अधिवक्ता
तहसील कार्यालय परिसर अभनपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
मो. नंबर 7224998722

न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)
ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202308200 100016/ अ-20 (1)/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक साथी समाज सेवी संस्था कुम्हारपारा कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-मण्डीसेंटर में स्थित शासकीय भूमि रिक्त/खुली जगह नजूल संधारण खसरा शीट नंबर 02 भूखण्ड क्रमांक 691/1 अभिन्यास क्रमांक 48 क्षेत्रफल 4800 वर्गफीट भूमि सामाजिक उद्देश्य हेतु स्थायी पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 08.09.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नजूल अधिकारी
कोण्डागांव

NAME CHANGE

It is informed to the general public that, I MOHAMMED WASIM KASMANI S/O MOHAMMAD MAHMOOD, resident of H.NO.24 Royal Garden Colony, Lokamnya Tilak ward NO.37, POST-JAGDALPUR, DISTRICT - BASTAR (C.G) -494001, Declare that My name has been wrongly written as MOHAMMAD WASIM in my wife SAMINA BANO, In her Passport. My actual name is MOHAMMED WASIM KASMANI, which may be amended accordingly.

MOHAMMED WASIM KASMANI
JAGDALPUR
DISTRICT - BASTAR
(C.G) -494001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that, I MOHAMMAD MAHMOOD S/O MOHAMMAD HASAN, resident of H.NO.24 Royal Garden Colony, Lokamnya Tilak ward NO.37, POST-JAGDALPUR, DISTRICT - BASTAR (C.G) -494001, Declare that My name has been wrongly written as MOHAMMED MEHMOOD in my son MOHAMMED WASIM KASMANI, In his Passport. My actual name is MOHAMMAD MAHMOOD, which may be amended accordingly.

MOHAMMAD MAHMOOD
JAGDALPUR
DISTRICT - BASTAR
(C.G) - 494001

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. ब/121 वर्ष 2022-23
ग्राम रिसदा प.ह.नं. 14

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवनलाल जायसवाल पिता लहाराम जायसवाल जाति कलार निवासी ग्राम रिसदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन किया है कि अपने स्वयं का जन्म दिनांक 21.11.1944 को स्थान ग्राम रिसदा घर में हुआ है। जिसका भूलवश ग्राम पंचायत रिसदा में जन्म पंजीकरण अभिलेख मे पंजीयन नही कराया था। जिसका जन्म पंजीकरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वंय अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 01.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी कया गया।

सील तहसीलदार
बलौदाबाजार

न्यायालय नायब तहसीलदार, सण्डी के न्यायालय में मामला क्रमांक 202308211700031
ईश्तहार

मामले की श्रेणी-राजस्व

विषय:-ब-121 सन् 2022-23
सकरी प.ह.नं. 38
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार ललितकुमार
अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललितकुमार पिता रामलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम सकरी प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा छत्तीसगढ राजस्व जन्म/मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9(3) भारत शासन जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के चाचा अधीन पिता सुखीराम साहू की मृत्यु दिनांक 18.05.2006 को ग्राम सकरी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन ग्राम कोटवार के पास भूलवश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया है। इसलिए आवेदक के द्वारा अपने चाचा जी का मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत सकरी के पास दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावाा आपत्ति करना हो तो पेशी तारीख 13.09.2023 तक इस न्यायालय में अपने अभिभाषक के माध्यम उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.08.2023 को जारी किया गया।

सील नायब तहसीलदार
सण्डी (पलारी)

मित्रता का अभूतपूर्व उत्सव है भोजली: भूपेश

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय भोजली महोत्सव-2023 में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर मित्रता का अभूतपूर्व उत्सव 'भोजली' पर्व के आयोजन के लिए गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति को बधाई दी और इसे प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं को सहेजने की दिशा में सराहनीय बताया।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि भोजली का पर्व हमारी विशिष्ट छत्तीसगढ़ी संस्कृति है। भोजली मित्रता का उत्सव भी है। छत्तीसगढ़ में मित्रता के अटूट बंधन के लिए भोजली बदने की परम्परा रही है। इस तरह से भोजली केवल एक पारंपरिक अनुष्ठान नहीं रह जाता अपितु लोगों के दिल में बस जाता है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि जब हमारी संस्कृति बचेगी, तभी हम बचेंगे। जब हमें अपनी संस्कृति पर गौरव होगा, तभी हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। हम प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए कार्य तो कर ही रहे हैं। कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेश के सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है लेकिन इसके साथ ही हम सांस्कृतिक विकास को भी उतना ही महत्व दे रहे हैं।

■ राष्ट्रीय भोजली महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि हमने देवगुड़ियों और घोटुल के संरक्षण के लिए कार्य किया है। मुख्यमंत्री पर्व सम्मान निधि और आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के माध्यम से हम स्थानीय उत्सवों को मनाने के लिए सभी पंचायतों को दस हजार रुपए वार्षिक सहायता दे रहे हैं। बस्तर में हमने बादल का गठन किया है। बस्तर लोक संस्कृति एवं भाषा अकादमी नाम से जानी जाने वाली इस संस्था के माध्यम से बस्तर के लोकगीतों को, लोकधुनों को और पारंपरिक रिवाजों को तथा बोली को सहेजने का काम हो रहा है। इसके माध्यम से बस्तर की सांस्कृतिक सुंदरता को दुनिया जान पा रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति बेहद खूबसूरत है। इसके नृत्य, संगीत, परिधान और भाषा-बोली अपने में अनेक रंग समेटे हैं। इसकी सुंदरता को दुनिया जाने और इसे इसका वास्तविक मान मिल सके, इसके लिए हमने राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन कराया। इस महोत्सव के माध्यम से देश-विदेश के कलाकारों ने अपना हुनर दिखाया। इतने बड़े मंच पर आदिवासी कला का आयोजन पहले कभी नहीं हुआ था और इसे भरपूर सराहना मिली। इस अवसर पर खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, विधायक रामकुमार यादव, महापौर रायपुर नगर पालिक निगम एजाज ढेबर और छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा तथा राजस्थान आदि राज्यों से आदिवासी समाज के पुरूष-महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बाल ग्राम-स्कूल की बालिकाओं ने राज्यपाल हरिचंदन को बांधी राखी

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को रक्षा बंधन के अवसर पर एस.ओ.एस. बाल ग्राम रायपुर और सेंट जेवियर्स स्कूल की बालिकाओं ने राखी बांधी। राज्यपाल ने सभी बालिकाओं को मिठाई खिलाई और उनको आर्शीवाद दिया। बाल ग्राम की बालिकाओं ने अपने हाथ से बनाया हुआ मंडला आर्ट पेंटिंग उन्हें भेंट किया। सेंट जेवियर्स की बालिकाओं ने स्वनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड और हरियाली का संदेश देते हुए आम का पौधा राज्यपाल को भेंट किया।

इस अवसर पर एस.ओ.एस. बाल ग्राम की बालिकाएं कुमारी राजे सलबम, मिष्ठी बोस, अक्षरा राव, संजना जंघेल, चुनेश्वरी साहू और बाल राम की निर्देशिका कुमारी निपुना सेन, परामर्श दाता श्रीमती मुनिता सिंह ठाकुर सेंट जेवियर्स स्कूल की बालिकाएं कु. आर. श्रीदेवी, मौलश्री, अविका त्यागी, समृद्धी सिघंल और स्कूल की शिक्षिका श्रीमती शोभा चौहान आदि उपस्थित थे।

युवक की हत्या की सुलझी गुत्थी

कांकेर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। लापता युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में थाना गोण्डाहूर में दर्ज अपराध-धारा 302, 201, 34, 120 बी आईपीसी के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें आरोपी संजू तिर्की (27 वर्ष) निवासी हानफरसी और बिज तिर्की (33 वर्ष) निवासी हानफरसी व जेरोमिना तिर्की पति राजकुमार तिर्की (26 वर्ष) निवासी हानफरसी हैं।

पुलिस अधीक्षक कांकेर दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंखाजूर रविकुमार कुजूर के दिशानिर्देश में थाना गोण्डाहूर क्षेत्र के ग्राम हानफरसी में 9 अगस्त की रात्रि से मृतक नवरदीप पाण्डे अपने घर से बीना बताए कही चला गया था। 11 अगस्त को हीरालाल कुजूर के घर बाडी के पीछे मृत अवस्था मिला था। मर्ग जांच कार्यवाही के कार्यवाही दौरान भुतक के परिजनों से पूछताछ पर बताये कि गांव के जेरोमिना तिर्की के घर आना जाना करता था। दोनों में प्रेम संबंध था। मुखबिर के बतायेनुसार छत्रपाल सिंह कंवर थाना प्रभारी थाना गोण्डाहुर के नेतृत्व में थाना गोण्डाहुर की टीम गठित की गई। प्रधान आरक्षक समोद शर्मा, बाबूलाल गावडे आरक्षक चंदन कुलदीप, ईश्वर सिंह मरकाम, गुलशन मण्डावी, रघुवीर शौरी, संदेश कोराम के द्वारा मुखबिर एवं मृतक के घर वाले से पुछताछ पर बतायेनुसार जेरोमिना तिर्की ग्राम हानफरसी के घर आना जाना रहता था तथा दोनो में प्रेम संबंध था प्रेम संबंध के चलते जेरोमिना तिर्की एवं इनके देवर संजू तिर्की व ब्रिज तिर्की एक राय होकर जान से मारने के नियत से रात में बुलाकर घर में रखे ईट से मृतक के पीठ पर मारा, जिससे मृतक गिर गया था। उसके बाद घर के मीटर से बिजली करेंट लगाकर हत्या कर साक्ष्य सबूत छिपाने के लिये लाश को घर बाड़ी से कुछ दूर में हीरालाल कुजूर के घर बाडी के पीछे फेंक दिए थे। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से संजू तिर्की व ब्रिज तिर्की को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के आरोपिया जेरोमिना तिर्की वर्तमान में सकुनत से फरार है। जैरोमिना तिर्की की तलाश जारी है।

■ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दक्षिण कोरिया के इक्सन सिटी मेयर का छत्तीसगढ़ी राजकीय गमछा से सम्मान

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एमएके मिकी के द्वारा दक्षिण कोरिया के इक्सन सिटी के मेयर जून्ग-हून यूल को आज छत्तीसगढ़ी राजकीय गमछा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने मेयर को बताया कि यह हमारे प्रदेश का राजकीय गमछा है। इस परिधान के माध्यम से हमारी संस्कृति को प्रतीक रूप में प्रदर्शित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत और दक्षिण कोरिया सांस्कृतिक रूप से काफी नजदीकी रूप से जुड़े हुए हैं। कोरिया में इस बात के ऐतिहासिक दस्तावेज हैं कि लगभग दो हजार साल पहले अयोध्या की एक राजकुमारी का ब्याह कोरिया के राजकुमार से हुआ था और जल मार्ग से अयोध्या की राजकुमारी कोरिया गई थी इस घटना की स्मृति में अयोध्या में एक पार्क भी स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ भी चूंकि भगवान राम का ननिहाल रहा है। अत: इस तरह से यह प्रगाढ़ सांस्कृतिक संबंध है।

हाल ही में दक्षिण कोरिया में सम्पन्न हुए 25वें विश्व स्काउट गाइड जंबूरी 2023 में इण्डियन स्काउट फेलोशिप तथा अटास इण्डिया का 29 सदस्यीय संयुक्त दल राष्ट्रीय अध्यक्ष उड़ीसा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति जस्टिस कल्पेश झवेरी के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ था। इक्सन सिटी मेयर कार्यालय के द्वारा भारतीय दल को राजकीय अतिथि का दर्जा देते हुए इक्सन कल्चर एवं टूरिजम फाउंडेशन तथा डिपार्टमेंट ऑफ कल्चर एण्ड टूरिजम इण्डस्ट्री इक्सन, दक्षिण कोरिया के द्वारा सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्व के स्थलों का दिनांक 04 एवं 05 अगस्त को भ्रमण कराया गया तथा भारतीय दल के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया था। इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एमएके मिकी को दक्षिण कोरिया के द्वारा मानद नागरिकता प्रदान की गई है। इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप एवं अटास इण्डिया के संयुक्त भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से अटास इण्डिया छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा तथा उपाध्यक्ष जितेन्द्र साखरे सम्मिलित हुए थे।

उल्लेखनीय है कि 25वें विश्व स्काउट जंबूरी में सम्मिलित होने के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी थी।

सहायक आरक्षक की हत्या करने वाला नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के मोरमेड और चिंतनपल्ली के जंगलों में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबल के जवानों ने तीन नक्सलियों को सहायक आरक्षक हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ पुलिस थाना तोयनार में मामला दर्ज कर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बस्तर फाइटर 19/सी छसबल तोयनार और तोयनार थाना पुलिस की संयुक्त टीम मंगलवार को नक्सल विरोधी अभियान के तहत गश्त में निकली थी। सुरक्षाबल के जवान मोरमेड और चिंतनपल्ली की ओर निकले थे। इसी दौरान चिंतनपल्ली के जंगल से सुरक्षाबलों को तीन नक्सलियों को पकड़ने में सफलता मिली।

गिरफ्तार नक्सली का नाम विज्जा तेलम (उम्र 45 वर्ष) है, जो माओवादी दल के जनताना सरकार अध्यक्ष रहा है। वहीं बुधु कुड़ियम उम्र 43 वर्ष और अशोक कुड़ियम उम्र 21 वर्ष है। यह दोनों नक्सली जन मिलिशिया सदस्य रहे हैं। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ तोयनार पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय बीजापुर पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा

सक्ती, 30 अगस्त (देशबन्धु)। फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध दोष सिद्ध पाए जाने पर 22 वर्षीय आरोपी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है। विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने बताया कि 14 वर्ष 10 माह की नाबालिग को घटना दिवस को सुबह 10 बजे अभियुक्त ने मोबाइल से फोन कर अपने घर बुलाया। जब किशोरी आरोपी के घर पैदल पहुंची तो नाबालिग की मां अभियुक्त को फोन लगाकर नाबालिग के संबंध में पूछताछ की तो अभियुक्त ने बोला था कि हमारे घर नहीं आई है । इसके बाद अभियुक्त अपने मोटरसाइकिल से नाबालिग के घर अकेले पहुंच गया और उसके पिता को अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर किशोरी को खोजने के लिए बाराद्वार ले गया और वहां से वापस आकर उसके पिता को उसके घर में छोड़ दिया तथा स्वयं अपने घर वापस आ गया। यहां नाबालिग थी, उसके पश्चात अभियुक्त नाबालिग को अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर अपने साथ अपने चाची के गांव उनके घर में नाबालिग को छोड़कर अपने चाची के बेटे के साथ नाबालिग के घर गया। वहां से वापस अपने चाची के गांव घर में आ गया और नवरात्रि के समय होने के कारण नाबालिग को अपने साथ नवरात्रि पंडाल में घूमाने ले गया। इसी गांव में स्थित अपने एक अन्य चाची के घर नाबालिग किशोरी को ले गया और वहां से पूर्व में जिस चाची के घर गए थे,वहां नाबालिग को ले जाकर रात्रि में उसके साथ अभियुक्त ने शारीरिक संबंध बनाया। अभियुक्त मोटरसाइकिल से सुबह अकेले अपने घर आ गया और नाबालिग के माता को अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर थाना जय जयपुर ले गया, जहां नाबालिग की मां गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद अभियुक्त नाबालिग की मां को बोला कि अब वापस घर चलते हैं, किंतु उसकी मां थाने में ही रुक गई थी। अभियुक्त रात्रि में अपने चाची के घर वापस आया,जहां नाबालिग को छोड़ा था। रात्रि 2 बजे नाबालिग को अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर अपने गांव ले जाकर शनि मंदिर में छोड़कर नाबालिग के घर सुबह 5ः00 बजे पहुंचा।

नाबालिग को ढूंढने की ढोंग करने लगा और वापस आकर नाबालिग को मोटरसाइकिल में बिठाकर चांपा तरफ ले गया और चांपा में नाबालिग को अकेले उसे बस में बिठा दिया और बोला कि तुम बस से चलो मैं पीछे-पीछे आ रहा हूं। तब नाबालिग के मामा और पुलिस वाले आ गए और नाबालिग एवं अभियुक्त को पुलिस वाले पड़कर थाना जय जयपुर लाये एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज कर विवेचना की तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के खिलाफ धारा 363 ,366 ,376 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 4 , 6 पॉक्सो एक्ट एवं (3) (2) (ङ्क) (ङ्क ङ्कु) अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार और निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पत्र तैयार कर विशेष न्यायालय एफटीएससी सक्ती में पेश किया गया था।

विशेष न्यायालय शक्ति ने उभय पक्षों को पर्याप्त समय अपने पक्ष रखने के लिए देने के पश्चात तथा अभियोजन एवं अभियुक्त पक्ष के अंतिम तर्क श्रवण करने तथा संपूर्ण विचारण पूर्ण होने के पश्चात न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया। अभियोजन द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध संदेह से परे प्रमाणित कर दिए जाने से अभियुक्त रविंद्र कुमार वैष्णव (22 वर्ष) थाना जय जयपुर जिला शक्ति को विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी द्वारा सिद्ध दोष पाए जाने पर दोष सिद्ध घोषित किया गया। अभियुक्त को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 (2) के अपराध के लिए 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,000 के अर्थदंड से एवं धारा 363 भारतीय दंड संहिता के अपराध के लिए 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 के अर्थदंड तथा धारा 366 भारतीय दंड संहिता के अपराध के लिए 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने की।

प्रेमी-प्रेमिका ने खाया जहर, युवक की मौत

अंबिकापुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां एक प्रेमी ङ्क प्रेमिका ने जहर खा लिया। इस घटना में प्रेमी की मौत हो गयी, जबकि प्रेमिका की हालत बेहद नाजुक है। प्रेमिका को अंबिकापुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। घटना लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोसगा देवभुडू इलाके की बतायी जा रही है।

■ शादी के लिए राजी नहीं थे परिवार वाले

जानकारी के मुताबिक युवक का गांव की ही युवती के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी घरवालों को भी थी, लेकिन दोनों की शादी के लिए परिवार वाले राजी नहीं थे। आज दोपहर प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को बुलाया और फिर साथ में बैठकर जहर का सेवन कर लिया। प्रेमी और प्रेमिका जहर पीने के बाद वहीं बेसुध होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने दोनों को इस हाल में देखा तो अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने प्रेमी युवक को मृत घोषित कर दिया।

इधर घटना की सूचना पर लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाहै। डाक्टरों ने भी जांच में बताया है कि युवक की मौत जहर के सेवन से प्रतीत हो रही है। पुलिस परिजनों से इस संबंध में पूछताछ कर रही है।

3 सीट पर 134 दावेदार

■ टिकट के दावदारों ने ठोकी ताल
■ रात 2 बजे तक सर्किट हाउस में वन टू वन चर्चा

बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में चंद महीनों में चुनाव होना है. इसी क्रम में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य नेट्टा डिसूजा बलौदाबाजार पहुंची. यहां उन्होंने रात 2 बजे तक सर्किट हाउस में जिले के तीनों विधानसभा के दावेदारों से वन टू वन चर्चा की. इस दौरान बड़ी संख्या में दावेदार अपने समर्थकों के साथ सर्किट हाउस में डटे रहे.

बता दें कि, वन टू वन चर्चा की शुरुआत कसडोल विधानसभा के दावेदारों से हुई. कसडोल के बाद बलौदाबाजार और फिर भाटापारा के दावेदारों से चर्चा की.

इस संबंध में डिसूजा ने कहा कि, कांग्रेस एक परिवार है और हम सभी मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किए गए जनहित के कार्यों के आधार पर मैदान में उतरेंगे और जनता से अगले पांच साल का कार्यकाल मांगेंगे. साथ ही उन्होंने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पर कहा कि, शीर्ष नेतृत्व इस पर निर्णय लेगी.

वहीं जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि, कसडोल से 52, बलौदा बाजार से 32 और भाटापारा से 54 लोगों ने दावेदारी की है. इनमें से कुछ लोगों को छोड़कर शेष सभी यहां उपस्थित होकर वन टू वन चर्चा में शामिल हुए.

अनियंत्रित कार तालाब में गिरी, भाजपा नेता की मौत

महासमुंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बेलपारा बावनकेरा निवासी भाजपा नेता 45 वर्षीय अजय खरे की मंगलवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। भाजपा नेता अजय खरे का अंतिम संस्कार बेलपारा में बुधवार को किया गया।

बताया गया है कि, भाजपा नेता अजय बीते कुछ समय से राजिम में किराए का मकान लेकर निवासरत थे। वहां उनकी पत्नी शासकीय सेवा में हैं। मंगलवार की रात अजय किसी स्वजन को छोड़ने बुंदेली पहुंचे थे और पिथौरा लौट रहे थे। चिखली गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर तालाब में डूब गई। साथ बैठे दो व्यक्ति तैरकर बाहर निकले। बाद अजय को भी निकाला। किन्तु तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

अजय पूर्व सांसद चंदूलाल साहू के प्रतिनिधि रहे। भाजपा पिथौरा शहर मंडल में महामंत्री रहे। निधन से क्षेत्र में शोक है। अजय के चाचा शशांक खरे रायपुर में पत्रकार हैं। महासमुंद निवासी चाचा बंधु राजेश्वर खरे साहित्यकार हैं।

NECC

31.08.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	4.60	80	165
चिल्हर	5.50	95	190

डिलीवरी 475 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पप्पू जलेबी बेच रहा था, लेकिन कह रहा था- आलू ले लो आलू ले लो।
राहगीर- लेकिन ये तो जलेबी है।
पप्पू- चुप हो जा! वरना मक्खियां आ जाएंगी।

संपादकीय

कार्ययोजना बनाकर स्थाई हल निकालें

सड़कों पर मवेशियों के कारण हादसे होते रहे हैं। इन हादसों में लोगों की जानें गई हैं और कई मवेशी भी मारे जाते रहे हैं। सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों को सड़कों पर भटकने से रोका जाए। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य शासन को इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्यभर में ऐसे मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई अभियान के रुप में चलाई जा रही है। इस तरह की कार्रवाइयां पहले भी होती रही लेकिन आवारा मवेशियों की समस्या दूर नहीं की जा सकी। इसके लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों की देखभाल की भी व्यवस्था की जाये। ऐसे पशुपालकों पर कार्रवाई की जाय जो अपने पशुओं को सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं। इससे पशुओं की भी अच्छी देखभाल हो सकेगी। राज्य सरकार ऐसे पशुओं के लिए गौठानों की व्यवस्था की है। आवारा पशुओं को इन गौठानों में भेजा जा सकता है। उनके चारे-पानी का प्रबंध होना चाहिये। शहरों में ही यह समस्या नहीं है बल्कि गांवों में भी पशुपालक पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऐसे पशु खतरा बने हुए हैं। पशुओं की अच्छी देखभाल वातावरण की स्वच्छता से भी जुड़ा हुआ है। इस दृष्टि से भी आवारा पशुओं की समस्या को देखा जाना चाहिए। कई शहरों में इसी उद्देश्य से गोकुलनगर बसाए गए हैं। शहर में चल रही डेयरियों को वहां शिफ्ट किया गया है। इन गोकुलनगरों का हाल भी अच्छा नहीं है। वहां की स्व्चछता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। डेयरी संचालक भी मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। गोकुलनगर शहर के बाहरी हिस्सों में बवास गए थे, लेकिन वहां भी एक बड़ी आबादी बस चुकी है। बिलासपुर में बसाए गए गोकुलनगर के आसपास की आबादी के लिए नगर निगम ने दो करोड़ की लागत से सीसीरोड का निर्माण कराया है। इस सीसी रोड पर पशुओं का डेरा देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़कों पर भटकने वाले पशुओं की समस्या दूर करने के लिए किस तरह काम हो रहा है। आवारा पशुओं की समस्या से निपटाने के लिए इतनी ही कार्रवाई काफी है कि उन्हें पकड़कर कहीं छोड़ दिया जाये बल्कि इसके लिए कार्ययोजना बनाने की जरुरत है। जब तक इन आवारा पशुओं की देखभाल की व्यवस्था नहीं की जायेगी, यह समस्या दूर होने वाली नहीं है। कई शहरों में अघोषित गौठान जैसी स्थिति बनी हुई है। खासकर इन इलाकों में जहां इन पशुओं को पकड़कर छोड़ दिया जाता है। प्रशासन ने पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देने वाले पशुपालकों के खिलाफ जब तक की भी चेतावनी दी है। ऐसे पशुपालकों के जब तक नहीं होगी, पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान सफल नहीं सकती।

शोध केंद्र और गाइड की कमी से जूझ रहा शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय

जगदलपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में दस साल पहले 10 विषयों में पीएचडी की शुरुआत हुई थी तब पीएचडी करने के लिए सौ के करीब अभ्यर्थियों ने रुचि दिखाई थी। दस साल की कड़ी मशक्कत के बाद भी सिर्फ 14 खुशनसीब शोधार्थी ही अपने नाम के आगे डाक्टर लिखवाने कामयाब हो पाए। इसमें से कुछ तो पहले ही दौर में बाहर हो गए थे। शेष बचे 48 अभ्यर्थियों में से 25 की थिसीस जमा हो पाई है जबकि 20 से ज्यादा आवेदकों को दस साल बाद फिर नए सत्र में पीएचडी की कवायद पूरी करनी होगी। हालात यह हैं कि इसके बावजूद उनके शोध के पूरा होने की उम्मीद कम है। वजह है विश्वविद्यालय के अंतर्गत गिनती के शोध केंद्र व पर्याप्त संख्या में गाइड व सुपरवाइजर का न होना।

विश्वविद्यालय में सिर्फ दो प्रोफेसर

पीएचडी के लिए अभ्यर्थियों को आवेदन के बाद इन्हें डाक्यूमेंट की हार्ड कापी जमा करनी होती है। इसके बाद एंट्रेंस एक्जाम होता है। रिसर्च एप्टिट्यूड में उन्हें पचास प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने के बाद साक्षात्कार की प्रक्रिया के बाद वे गाइड तक पहुंचने सफल होंते हैं। इसी मोड़ पर आकर इन आवेदकों की रफ्तार को ब्रेक लग गया। चूंकि विश्वविद्यालय के पास पर्याप्त संख्या में गाइड उपलब्ध नहीं थे। विवि से संबद्ध कालेजों को परे रखें तो भी इस विश्वविद्यालय की दस अध्ययनशाला में सिर्फ एंथ्रोपॉलाजी व वाइल्ड लाईफ विषय में ही दो प्रोफेसर स्तर के गाइड हैं। बीते दस साल में विश्वविद्यालय के पास स्वयं के दो शोध केंद्र के अलावा सिर्फ शासकीय दंतेश्वरी कालेज, कांकेर व दंतेवाड़ा कालेज ही शोधकेंद्र ही थे। शोध केंद्र खोलने यूजीसी के नियम आड़े आ रहे हैं। यूजीसी का कहना है कि स्नातकोत्तर कालेज में ही शोध केंद् बनाए जा सकेंगे। इसके अलावा इन यूजी कालेज में भी पीएचडी धारी योग्यता वाले प्राध्यापक ही गाइड के लिए पात्र होंगे। जबकि अब ज्यादातर प्राध्यापक नेट व स्लेट उतीर्ण हैं। ऐसे में इन अभ्यर्थियों का शोध करने का सपना साकार होता नजर नहीं आ रहा है। कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शोध केंद्र व सुपरवाइजर से गाइड की पूर्ति करेंगे। विश्वविद्यालय व इससे संबद्ध कालेज में शोधकेंद्र की कमी है। इसके अलावा पीएचडी डिग्री वाले प्राध्यापक जो गाइड बनने योग्य हैं वे भी कम संख्या में हैं। इन अड़चन के बीच पीएचडी करवाना विवि के लिए चुनौती है। विवि प्रबंधन बाहर के कुछ कालेज व कुछ योग्य प्राध्यापकों के सुपरवाइजर को गाइड के तौर पर रखने तैयारी में है।

जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी, संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करें : कलेक्टर

जगदलपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने समय सीमा की बैठक में जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी करने के लिए बास्तानार बीईओ, तहसीलदार और लोहंडीगुड़ा तहसीलदार को स्पष्टिकरण जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए अधिकारियों निर्देशित किए कि महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नागरिक आपूर्ति निगम, कॉपरेटिव के मजदूर और निर्माण विभाग के अकुशल श्रमिकों को इनशोरेन्स क्लेम दिलवाने के प्रयास करने की आवश्यकता बताई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत कार्य, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, सांसद निधि, विधायक निधि अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। गोधन न्याय योजना के समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वर्मी कामोस्ट और गोमूत्र से बने उत्पाद का उठाव करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रीपा की आर्थिक गतिविधियों का संचालन की समीक्षा करते हुए उत्पादित गोबर पेंट को पूर्व आर्डर देकर सभी निर्माण विभागों को उठाव करवाने कहा। बैठक के उपरांत सहकार से समृद्धि योजना के एजेंडा और जल जीवन समिति की बैठक किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मलकीत सिंह गैदू के प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन एवं प्रशासन बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर स्वागत

जगदलपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मलकीत सिंह गैदू को प्रभारी प्रदेश महामंत्री संगठन और प्रशासन का दायित्व सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेसियों द्वारा राजीव भवन के समक्ष उनका भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ता गण गज माला और आतिशबाजी के साथ मलकीत सिंह गैदू का स्वागत किया।

इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री गैदू ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व पार्टी द्वारा सौंपा गया है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे और सत्ता व संगठन में सामाजिक स्थापित करते हुए सभी को एक साथ लेकर आगामी विधानसभा चुनाव में बस्तर संभाग की पूरी 12 के 12 सीटों पर फिर से कांग्रेस के विधायकों को जीताने के लिए रणनीति बनाकर कार्य किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह नजर आया। इस अवसर पर मलकीत सिंह ने कांग्रेस के सभी दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

अनर्गल आरोप लगाकर चुनावी माहौल बना रहे भाजपाई : सुशील मौर्य

जगदलपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस की नगर सरकार के विरोध में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इस विषय को लेकर राजीव भवन में बुधवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर अनर्गल बयान बाजी कर चुनावी माहौल बनाने का आरोप लगाया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि जब जगदलपुर नगर निगम में कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार है। भारतीय जनता पार्टी के पास अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में बहुमत नहीं है इसके बावजूद अविश्वास प्रस्ताव लाकर भाजपा पार्षदअपनी ही बेज्जती करवा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे अपने बयानों में महापौर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं क्या भाजपा के पार्षद मुख्यमंत्री या अन्य माध्यम से इसकी शिकायत किए हैं। बेवजह भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर महापौर और कांग्रेस के नगर सरकार को बदनाम करने के लिए अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं क्योंकि भाजपा मुद्दा विहीन हो गई है। कांग्रेस की नगर सरकार नगर सौंदर्य कारण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का सही ढंग से संचालन कर रही है जिसे भाजपा पचा नहीं पा रही है। श्री मौर्य ने कहा कि मुद्दों

की राजनीति होनी चाहिए। चुनाव सामने है कांग्रेस परिवार एक है। बस्तर के नेता मलकीत सिंह गैदू को कांग्रेस पार्टी के द्वारा नए दायित्व सौंपा गया है जिनके पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होने सभी कांग्रेस नेता और पार्षद गए हुए थे। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। विधायक एवं संसदीय सचिव रेख चंद जैन ने कहा कि महापौर के नेतृत्व में जनता के हित में काम कर रहे है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भागने का काम भाजपाई करते है। उन्होंने कहा कि जब शेषनारायण तिवारी नगर निगम के सभापति थे और उनके विरोध अविश्वास प्रस्ताव आया था तब भाजपा के पार्षद भी अविश्वास प्रस्ताव में शामिल नहीं हुए थे। भाजपा पार्षद अल्पमत में होने के बाउजूद अविश्वास लाए थे जो ध्वस्त हो गया, इससे भाजपा को समझ जाना चाहिए कि कांग्रेस के पार्षद सभी एकजुट हैं।

पत्रकार वार्ता में उपस्थित इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा अपने अतीत में झांके। वह कांग्रेस को इन बताएं कि कांग्रेसियों को क्या करना चाहिए। विपक्ष को चाहिए की वह अपना बहुमत साबित करे। नगर निगम की कांग्रेस की सरकार गढ़ाबो नया जगदलपुर को चरितार्थ करने पूरी एकजुट के साथ कार्य कर रही है और नगर सरकार से शहर की जनता भी प्रश्न है। दलपत सागर स्वच्छता का कार्य हो, शहर सौंदर्य करण या सड़क नालियों के निर्माण का कार्य हो सभी कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनके शासनकाल में जो भ्रष्टाचार किए उसी आइना से देख रहे है। भाजपाइयों को उनके कृत्य पर शर्मसार होना चाहिए। नगर निगम और प्रदेश में काग्रेस की सरकार है।कोरोना काल में भी विकास के कार्य हुए। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद गण बिना कार्य योजना के बड़े नेताओं से परामर्श लिए बगैर अविश्वास प्रस्ताव लाकर अपनी ही शिक्षा लीटर करवायें है। हमे किसी से सलाह लेने की जरूरत नहीं है, बीजेपी की जग हसाई हुई है। उन्होंने पत्रकारों द्वारा बदले की कार्रवाई के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बदले की भावना नहीं बदलाव का व्यवहार है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित महापौर सफीर साहू ने भी कहा कि कांग्रेस के सभी पार्षदों का समर्थन उन्हें प्राप्त है और सभी एक जड़ता के साथ नगर में विकास के कार्यों को गति दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए अनर्गल बयान कर नगर सरकार को बदनाम करने की कोशिश हो रही है लेकिन शहर की जनता जानती है कि कांग्रेस की सरकार पूरी ईमानदारी के साथ नगर सौंदर्य कारण एवं आम जनता के सहूलियत के लिए कार्यों को बखूबी अंजाम दे रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान यशवर्धन राव, उदयनाथ जेम्स एवं अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

ओड़िशा से अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों छिन्दगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

सुकमा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी दिनों मे छ.ग. राज्य मे होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा सभी जिलों को विशेषकर अंतर्राज्यीय सीमा से लगने वाले जिलों को अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए आदेशित किया गया जिसके बाद लगातार जिला सुकमा के सीमावर्ती ओड़िशा राज्य से लगने वाले सीमा क्षेत्र मे नाकेबंदी कर तथा सूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध शराब, गांजा(मादक पदार्थ) के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है।

मंगलवार को थाना छिन्दगढ़ ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम कोतरा पहुंचकर मनीष बघेल के घर की घेराबंदी की गई और मनीष बघेल अपने घर के सामने में ही अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया। मनीष बघेल के पास से कुल 17040 एम.एल अंग्रेजी शराब सभी में ओड़िशा राज्य का लेबल लगा हुआ जप्त किया गया। आरोपी मनीष बघेल से पूछताछ करने पर उसने उक्त अंग्रेजी शराब को शबरी नदी के उस पार रहने वाले बुड़दी निवासी ओरिन्द्रो नाग से खरीद कर लाना बताया जिसके आधार पर ग्राम बुड़दी जाकर ओरिन्द्रो नाग के घर की घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसके कब्जे से कुल 28380 एम.एल. अंग्रेजी शराब सभी में ओड़िशा राज्य का लेबल लगा हुआ एवं शराब बिक्री का नकदी रकम 1520 रू. जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से तकरीबन 45 लीटर 420 एम.एल. अंग्रेजी शराब जप्त कर दोनों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उन्हे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक एकेश्वर नाग एवं सउनि व्ही कृष्णा राव, प्र.आर. शेख शरीफ सिद्धीकी, आसमन माँझी, चंदन नेगी आरक्षक मनोज साहू, सहायक आरक्षक सोड़ी दुला महिला आरक्षक पद्मनी नाग एवं कल्पना वर्मा का विशेष योगदान रहा।

राखी और ओणम के त्योहार पर मोदी सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर दिया तोहफा : सोयम मूका

सुकमा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के आदिवासी नेता सोयम मूका ने मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि राखी और ओणम के त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहन बेटियों और माताओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा। श्री मूका ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटने का फैसला भी लिया है। जिससे देश की निर्धन वर्ग की महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलेगी और वह बेहतर माहौल में अपने घर की रसोई तैयार कर सकेंगी।

भाजपा नेता सोयम मूका ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। राज्य में 59 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 34 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिला है। उज्ज्वला हितग्राहियों को केंद्र सरकार पूर्व से ही सब्सिडी दे रही है ताकि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ ना पड़े। आज मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों सहित सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को त्यौहार का उपहार दिया है, देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति का प्राथमिकता के साथ ध्यान रखा है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के देश की सभी महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं चाहे वह किसी भी धर्म वर्ग या पंथ से जुड़ी हुई क्यों न हों। एक देश में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। इस दिशा में भारत में पहली बार नीतियां बनी हैं तो यह नीतियां मोदी सरकार की देन हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले मोदी जी ने सबसे पहले हमारी बहन बेटियों माताओं को उनके घर पर शौचालय निर्माण के जरिए सम्मान दिया है। मोदी सरकार ने गरीब महिलाओं को पक्के मकान की सौगात दी है। उन्होंने अब रसोई गैस के दाम में बड़ी कटौती करने का जो फैसला लिया है, उससे केंद्र सरकार पर 7680 करोड़ का अतिरिक्त बोझ आएगा। लेकिन बहनों की खुशी से बढ़कर भाजपा के लिए और कुछ भी नहीं है। यही कारण है कि महिलाओं के हित में यह फैसला लिया गया है। जिसका असर पूरे देश के आम नागरिकों पर दिखाई देगा। देश के हर निवासी, हर परिवार को इस राहत का लाभ मिलेगा।

नमोशुद्र को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने राजनीतिक दल घोषणा पत्र में शामिल करें : बंगाली समाज

भूमि अधिकार पट्टा देने और शिक्षा सत्र में बंगाली भाषा पढ़ाने की भी मांग

जगदलपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। निखिल भारत बंगाली उद्वास्तु समन्वय समिति ने बुधवार को स्थानीय पत्रकार भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विधानसभा चुनाव में समाज की मांगों को राष्ट्रीय दल के घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की है। अन्यथा समाज द्वारा चुनाव बहिष्कार किए जाने की बात कही है।

पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के अध्यक्ष जगदीश चंद्र मंडल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के कोने कोने में हर जिले में हर ब्लॉक में बंगाली समाज के लोग कही कम संख्या में कही अधिक संख्या में निवासरत हैं। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ लगभग 25 लाख परिवार निवासरत है। बंगाली समाज के लोगों का निर्णय ही वोट अनेक विधानसभा को प्रभावित करता है, जीत-हार का कारण भी बनता है। पूर्व अविभाजित मध्यप्रदेश एवं वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य में हमारे बंगाली समाज के आरक्षण, बंगला भाषा व भूमि स्वामी अधिकार के लिए किसी भी राजनैतिक दल ने कभी प्रयास नही किया गया है। बंगाली समाज के लोग आजादी से पूर्व से ज्यादातर लोग धार्मिक प्रताड़ना के चलते बंटवारे के समय व बंटवारा के बाद बंगलादेश बनने के पहले पूर्वी पाकिस्तान से हिन्दु मुस्लिम दंगों व अत्याचार के बाद संयुक्त राष्ट संघ के सहयोग से जवाहरलाल नेहरू एवं लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल के समय सम्पूर्ण भारत के प्रत्येक राज्य में अलग अलग जगह पर बसाया गया है। अविभाजित मध्यप्रदेश में बसाये गये बंगाली परिवार व अन्यबंगाली परिवार जो पहले से निवासरत थे, उनके साथ तत्कालीन मध्यप्रदेश की राज्य सरकार ने बंगाली समाज का भला नहीं किया व आरक्षण से वंचित रखा। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भाजपा 15 साल व कांग्रेस ने 08 साल में बंगाली समाज को अनदेखी किया, समाज के मांगों को लेकर कभी गंभीर नहीं रही। छत्तीसगढ़ राज्य के सम्पूर्ण बंगाली समुदाय के प्रमुख जनो के अलावा विभिन्न बंग संगठनों ने यह निर्णय लिया है कि जो राष्ट्रीय दल अपने चुनावी घोषणा पत्रों में बंगाली समाज के मांगों को शामिल करेगा, उसे ही समाज के लोग सहयोग करेंगे। समाज के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

कांग्रेसी पार्षद ही महापौर के विरुद्ध थे, इसलिए राजधानी ले जाए गए : आलोक अवस्थी

जगदलपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा पार्षद दल के द्वारा महापौर के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के फ्लोर टेस्ट में महापौर समेत कांग्रेसी पार्षदों की अनुपस्थिति व पलायन से कांग्रेस ने नगर निगम में अपना बहुमत स्वयं समाप्त कर दिया है। नैतिकता के आधार पर महापौर को पद पर बैठने का अब अधिकार नहीं है। कांग्रेस की महापौर को स्वयं पद का त्याग कर देना चाहिये। मोतीलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस के 29 पार्षद ही महापौर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में वोट करने वाले थे, इसलिये कांग्रेस संगठन ने सभी कांग्रेसी पार्षदों को फ्लोर टेस्ट में शामिल नहीं होने दिया और अप्रिय स्थिति से बचने राजधानी रायपुर ले गये।

भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि भाजपा पार्षद दल के सभी 19 पार्षद आरंभ से लेकर अंत तक फ्लोर टेस्ट में भी एकजुटता के साथ खड़े रहे और कांग्रेसी पार्षदों का इंतज़ार किया। शहर की समूची जनता ने बहुमत का दावा करने वाली कांग्रेस का पलायन देख लिया है। जहाँ भाजपा के सारे पार्षद संगठित व अनुशासित रहे, वहीं कांग्रेसी पार्षदों की कलह ने ही कांग्रेस को परास्त कर दिया। आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस की महापौर पद में रहने का अधिकार खो चुकी हैं। भाजपा पार्षद दल की आठ सम्मानीय महिला पार्षद अब नगर निगम की महापौर हैं, जो योग्यता के साथ नगर निगम का कुशल संचालन करते हुये जनहित से जुड़ी शहर की तमाम व्यवस्थाओं को बखूबी संभाल सकती हैं। नगर निगम में कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभायें, जनता जनार्दन भी यही चाहती है जिसका पूरा सम्मान कांग्रेस को करना चाहिये।

भूपेश सरकार से जनता त्रस्त बदलाव के मूड में : विधायक प्रणव यादव

दल्लीराजहरा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। डोंडीलोहारा विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद देवलाल ठाकुर का प्रथम नगर आगमन दल्लीराजहरा नगर में हुआ भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा देवलाल ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया देवलाल ठाकुर के प्रथम नगर आगमन पर जगह जगह आम लोगो ने स्वागत किया। भाजपा नेता विशाल मोटवानी के नेतृत्व में 50 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता लिया। डौण्डी लोहारा विधानसभा के भाजपा प्रभारी प्रवासी विधायक प्रणव यादव बी एस पी गेस्ट में पत्रकारवार्ता में कहा की कांग्रेस की भूपेश सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है जमीनी स्तर पर पौने पांच सालों पर कोई काम नही दिख रहा है,इस बात को शहर व गांव के ग्रामिण बहुत अच्छी तरह से जान रहे है। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 36 वादे किये थे उसमें एक भी वायदे को पुरा नही किया। डौण्डी लोहारा सहित पुरे प्रदेश की जनता बीते पौने पांच सालों में जान गई है की किसका विकास हुआ है।

प्रदेश के महिलाएं किसान श्रमिक युवा वर्ग सब के साथ कांग्रेस की भूपेश सरकार छल करने का कार्य किया है। प्रदेश की महिलाएं प्रताड़ित है बेरोजगारी भत्ता के लिए ऐसी शर्त रख दी है कि बेरोजगार को समझ आ गया की हमारे साथ छलावा हुआ है। प्रदेश में करोड़ रूपये के शराब घोटाले के सबुत मिल चुके है कोयला की निलामी का ठेका ऑनलाइन से मैन्युअल कर करोड़ो का घोटाला कांग्रेस शासन का उजागर हुआ है। महादेव सट्टा ऐप मुख्यमंत्री कार्यलय से चल रहा है। कांग्रेस समर्थित अधिकारियों व नेताओं उद्धोगपतियों के घर बाथरूम से करोड़ो रूपय ईडी के छापे में बैल्कमनी निकल रहे है,जिसे जनता देख रही है उसके बाद भी प्रदेश के मुखिया अपने संकल्प शिविर सभा में देश की ईडी संस्था व केन्द्र सरकार के उपर दोष मढ़ने में परहेज नही करते है। कांग्रेस के 50 साल के भ्रष्टाचार को पुरा देश अपनी आंखों से देखते आ रहा है,उसके बाद किसी बात की गुंजाइश नही रह जाती है की किसके शासन में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार हो गई है। विधानसभा प्रभारी प्रणव ने यह भी कहा की मेरे द्वारा डौण्डी लोहारा क्षेत्र के गांव गांव का दौरा किया गया है वहां के जनप्रतिनिधि ग्रामिणों का यही कहना है की हम लोगो लगभग पांच साल की कांग्रेस शासन में सिर्फ

- प्रदेश में करोड़ों का शराब कोयला घोटालों का मिला सबूत केन्द्र व ईडी को देते दोष
- विधायक प्रत्याशी देवलाल ठाकुर का नगर में हुआ भव्य स्वागत

मुकदर्शक बन के रह रहे है जितने भी विकास कार्य ग्रामों में हो रही है,अधिकांश कार्य केन्द्र की डी एम एफ फंड 15 वित्त आयोग मनरेगा योजनाओं से हो रही है जिसका पेमेंट भी समय से नही होती है। ऐसी स्थिति पहले कभी ग्राम पंचायतों में निर्मित नही हुई थी। ग्रामिण विकास की सारी योजनाएं भ्रष्टाचार के भेट चढ़ चुकी है। विधायक के निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के सारे गांवों विकास से वंचित हो गये है। पी एम ग्रामिण विकास योजना से ले कर जल जीवन मिशन केन्द्र की योजना राज्य सरकार के अहंकार व भ्रष्टाचार में पुरी तरह धाराशाही हो चुकी है। यह में नही गांव के जनप्रतिनिधि व जनता मुझसे कहा रहे है।

उन्होने यह भी कहा की छत्तीसगढ़ का विकास डबल इंजन की सरकार से होगा उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से कहा की पार्टी से जो भी जबाबदारी आप लोगों को मिली है,सारे मतभेद भूलाकर अपने जिम्मेदारी से अधिक पार्टी के प्रति अपने जबाबदारी का निर्वाहन करते हुए एक जूटता से डौण्डी लोहारा के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में सार्थक भूमिका से कार्य करे व प्रदेश में भाजपा पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाए,साथ ही 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पुन: केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने में अपना जी जान लगा दे। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डौण्डी लोहार विधानसभा के प्रभारी प्रवासी बिहार विधायक प्रणव यादव के समक्ष पुरी ताकत के साथ प्रदेश व केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष शीतल नायक ,जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंग, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ,मनीष झा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकर भाजपा नेता अजय चौहान नगर पालिका अध्यक्ष सोमेश सोरी उपाध्यक्ष डॉ रूपेश नायक, देवलाल ठाकुर फेंस क्लब व युवा नेता श्याम जायसवाल प्रदेश किसान मोर्चा विशाल मोटवानी ,प्रदेश प्रवक्ता अल्पसंख्यक मोर्चा स्वाधीन जैन, मंडल महामंत्री महेन्द्र सिंग, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव सिंग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व आम नागरिक उपस्थित रहे।

नवागढ़ जिपं सदस्य शशिप्रभा ग्रामीणों से जनसंपर्क किया

बेमेतरा, 30 अगस्त। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़ ने भ्रमण के दौरान ग्राम चमारी, मेहना, बदनारा, कुरा एवं अन्य ग्रामों जनसंपर्क कर ग्रामवासियों का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान सभी को छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में समर्थन प्राप्त किया।

घरेलू गैस में 200 की छुट मोदी को धन्यवाद : संध्या अजेंद्र साहू

गुरुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राखी के त्योहार पर हमारे देश की माताएं और बहनों को हमारे देश के प्रधानमंत्री के द्वारा उपहार मिला घरेलू एल पी जी गैस उपभोक्ताओं को केंद्र से नरेंद्र मोदी सरकार ने बड़ी राहत देते हुए प्रति सलेंडर 200 रुपये कम करने का जो फैसला लिए है वह अवश्य ही मेरे देश कि माता बहनों के लिए एतिहासिक और बहुत बड़ी खुशखबरी की बात है माताओ के लिए उपहार स्वरूप है मोदी बढ़ती महंगाई से जनता को राहत दिलाने को ध्यान में रख कर यह निर्णय किये है मोदी हमेशा जमीन से जुड़े लोगों की हित व उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो इसे ध्यान रख कर निर्णय लेते हैं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

मायालु संगीत ग्रुप के कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति

कुम्हारी, 30 अगस्त। सोमवार, सावन माह के अंतिम सोमवार को मायालु संगीत रुप के द्वारा छत्तीसगढ़ के एकमात्र पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्ति गीतों के इस आयोजन में देर रात तक श्रोता शिवभक्ति से सराबोर रहे। यह अपने आपमें एक अलग तरह का आयोजन था जिसे लोगों ने खूब सराहा। भक्ति संगीत के इस आयोजन में प्रमुख रूप से बी एस अधिकारी, वीरेन्द्र राई, दुर्गा अधिकारी, विक्रम शाह ठाकुर, मनोज खत्री, राजेन्द्र राना, रेणुका लामा, सरोज खत्री ,रेणुका सुब्बा एवं गंगा छेत्री ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र राई (सह संचालक) एवं आभार संचालिका दुर्गा अधिकारी ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कैलाश नेपाली सेवा समिती के वरिष्ठ सदस्य सरिता लामा,अनुराधा गुरूंग, ममता गुरूंग, पूर्णिमा राना, कला साही, बिंदु सोनी एवं गोरखा समाज के सभी वरिष्ठजनों का योगदान रहा।

सड़क पर आवारा मवेशियों का कब्जा, राजस्व व नगर निकाय के अधिकारी कर रहे है खानापूर्ति

गंडई पंडरिया, 30 अगस्त (देशबन्धु)। नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावड़ा वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या के नगर के दुर्ग रोड, भुरभुस्सी रोड, पंडरिया रोड, बस स्टैंड, राजनांदगांव रोड और कवर्धा रोड पर दिखाई देती है। बरसात शुरू होने के बाद सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है।

सबसे अधिक समस्या राजनांदगांव - कवर्धा रोड पर की है। आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पशुओं के स्वच्छंद जमावड़ा से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सुरही नदी पुल और बूढ़ासागर रोड पुल पर सुबह से लेकर रात तक मवेशी सड़कों पर डटे रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी डेली और साप्ताहिक बाजार में होती है। आवारा पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है।

खानापूर्ति कर भूले अभियान

खानापूर्ति के लिए पिछले 25 अगस्त को केसीजी जिले के कलेक्टर के आदेश पर राजस्व एवं नगर निकाय के अधिकारी आवारा मवेशियों को पकड़ कर उन्हे रेडियम पट्टा पहनाए थे और पकड़ कर गौशाला भेजा गया

था। लेकिन बताया जाता है कि कुछ देर बाद उनहे वापस छोड़ दिया गया। जिसके चलते सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा दिखाने लगा है। कलेक्टर के आदेश का राजस्व और नगरीय निकाय अधिकारियों ने एक दिन ही पालन किया, जिसमें दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा गया। सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। मवेशियों के अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और फिर दुर्घटना हो जाता है।

पशु मालिक बेपरवाह

नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा व कब्जा होने के पीछे बहुत हद तक पशु मालिक भी जिम्मेदार हैं। मवेशियों से दूध और गोबर जैसे हित साधने के बाद इन्हें सड़कों पर छोड़ दिया जाता है जैसे मवेशियों से उनका कोई नाता न हो। दुर्घटना में मवेशियों की मौत के बाद वे मुआवजा के लिए जानवरों पर दावा करते हैं।

रोका-छेका अभियान का नहीं किया गया पालन

मानसून के दौरान फसलों को आवारा मवेशी बड़ा नुकसान पहुंचाते हैं। इन मवेशियों से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए छत्तीसगढ़ में 6 जुलाई से विशेष अभियान चलाया जाने वाला है, जिसे 'रोका-छेका' अभियान नाम दिया गया है। जोकि धरातल पर बेअसर दिखाई दे रहा है। गांव-गांव में बनाए गए आदर्श गौठन खाली हैं और मवेशी सड़कों को गौठन बनाकर बैठे नजर आते हैं।

विधायक रंजना साहू ने दी समस्त क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई



धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई संदेश देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह, विश्वास का त्यौहार है, यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, एकता व सद्भावना का प्रतीक है। इस पर्व को -बड़े हर्षोल्लास के साथ एक बहन अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र राखी बांधकर अपना स्नेह समर्पित करती है। आगे विधायक ने कहा कि रक्षाबंधन हमारे सनातन हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण त्यौहार में से एक है, राखी सिर्फ एक धागा नहीं बल्कि एक बहन का प्रेम और विश्वास है कि उसका भाई सदैव उसकी रक्षा करेगा, वक्त आने पर उनका सहारा बनेगा। यह पर्व एक भाई का अपने के लिए वादा है कि वह हमेशा अपनी बहन की रक्षा करेगा आने वाले हर मुश्किलों से उसे बचाएगा। रक्षा का यह पर्व सामाजिक सद्भाव के साथ ही महिलाओं के प्रति आदर एवं सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है। यह राखी का त्यौहार ढेर सारी खुशियां लेकर आया है, जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शुभकामनाएं सहित सभी बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधेगी, जिसमें स्नेह, प्रेम और विश्वास छिपा हुआ है, भाई बहन के खूबसूरत इस रिश्ते प्रेम, विश्वास और सर्व कल्याण की भावना से ओतप्रोत अनुपम पर्व रक्षाबंधन की समस्त क्षेत्रवासियों को विधायक ने बधाई दिए।

जेठकन्हार के ट्रांसफार्मर फेल होने की सूचना पर सुरेश सिन्हा ने ली जानकारी



डोंगरगढ़, 30 अगस्त। ब्लॉक के ग्राम जेठ कन्हार में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर का दो फेस फेल होने की सूचना सोमवार शाम 5:00 बजे को बहल दास साहू के द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा को सूचना दी इस पर सहायक अभियंता डोंगरगढ़ ठाकुर साहब को दी गई इसके वर्तमान में ट्रांसफर पदोन्नति होकर अन्यत्र चले गए हैं लेकिन उन्होंने पदस्त डोंगरगढ़ सहायक अभियंता को इसकी जानकारी दी जिसे मंगलवार को जेठकन्हार स्थल निरीक्षण करने पहुंचे सुरेश सिन्हा ,दिनतू प्रकाश जांगड़े को ग्रामीणों ने बताया कि आज ही नया ट्रांसफर लगा दिया है तत्परता से कार्य करने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने डोंगरगढ़ बिजली विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें उपस्थित थे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सेक्टर प्रभारी दिनतू प्रकाश जांगड़े, ग्रामीण बहल दास साहू, धनसिंग कंवर ,दरियाओ दास मानिकपुरी, रविंद्र कंवर एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

भाजपा ने किया विधायक कार्यालय का घेराव

कवर्धा, 30अगस्त। कवर्धा विधायक के तानाशाही रवैए और सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विधायक कार्यालय का घेराव किया. घेराव से पहले गांधी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कवर्धा विधायक के पिछले पांच वर्षों को आम लोगों, व्यापारियों, सरकारी कर्मचारी परिवारों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रताड़ना का समय बताया. उन्होंने विधायक अकबर की निष्क्रियता को रेखांकित करते हुए उनपर धारदार सवाल दागे. सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रमुख नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के आह्वान पर कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी एवं बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ़ भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा आज कवर्धा विधायक कार्यालय का घेराव किया गया. आज नगर पालिका कवर्धा में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की किस्त की राशि तत्काल प्रदान किया जाने,गन्ना किसानों के रिकवरी/प्रोत्साहन राशि सहित समस्त भुगतान में विलम्ब, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती ,समस्त गरीब हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास(ग्रामीण) स्वीकृत नहीं करने , जिला में बढ़ते अपराध, जुवा, सट्टा, नशाखोरी,चोरी डकैती, पीएससी एवं व्यापम के माध्यम से हुए भर्ती परीक्षाओं में भारी भ्रष्टाचार तथा गांव-गांव, गली-गली में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ जैसे विषयों को लेकर ये बड़ा प्रदर्शन पार्टी द्वारा किया गया. इस प्रदर्शन में सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला संगठन प्रभारी दिनेश गांधी, खुशवंत साहेब, विस प्रभारी राजेंद्र वैष्णव, रामकुमार भट्ट, डा सियाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, राजेंद्र चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, बरसाती वर्मा, महामंत्री संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, रघुराज सिंह, यश गुप्ता, मनीराम साहू, सतविंदर पाहुजा, सविता ठाकुर, आनंद मिश्रा, शीतल साहू, विजय लक्ष्मी तिवारी, सुनील दोषी, पंच राम कोसले, हेमंत ठाकुर, भुनेश्वर चंद्राकर, रवि राजपूत, अजय ठाकुर, जयराम साहू, सनत साहू, सीताराम साहू, भाजपा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डोंगरगांव से गोपी वर्मा को भाजपा प्रत्याशी बनाने की मांग

डोंगरगढ़, 30 अगस्त। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा को डोंगरगांव विधानसभा 76 से कर्मचारी संगठन,स्थानीय मिडीया व समाज के लोगो ने प्रत्याशी बनाये जाने की मांग करते हुए दावेदारी का समर्थन किया है लोधी समाज के जिला अध्यक्ष ने भी समर्थन दिया है। रामाटोला राजनीति का गढ़ रहा है जहां से स्व.हीराराम वर्मा 3 बार विधायक रह चुके हैं गोपी वर्मा जिले में शिक्षकों के हित के लिए सदैव संघर्ष करते हुए उनके हितों का रक्षण किये,वे पूरे जिले साफ-छवि की पहचान रखते है श्री गोपी वर्मा विगत 25 वर्षो से संगठन के विभिन्न पद पर रहकर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। 2013 में प्रांतीय महासचिव के पद पर रहकर शिक्षकों को छठवां वेतनमान दिलाने और 2018 में जिलाध्यक्ष के पद रहकर शिक्षक आंदोलन का नेतृत्व करते हुए शिक्षको का शिक्षा विभाग के मूल पदों पर संविलियन कराने जैसे निर्णायक लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया, पूर्ण पेंशन बहाली हेतु सेवा अवधि की गणना व शिक्षको को वन टाइम रिलेक्शन के तहत क्रमोन्नति व समयमान दिलाने कटिबद्ध हैं। सामाजिक क्षेत्र में भी समाज के(लक्ष्य) बच्चो का प्रतिभा सम्मान में सदैव सहरानीय भूमिका निभाते रहें हैं। गोपी वर्मा जी आसपास के क्षेत्रों में सृजनात्मक व जनहित के कार्यो में हमेशा सक्रिय रहते हैं,

मिलनसार होने के कारण युवाओं के प्रेरणास्त्रओ व आदर्श है गोपी वर्मा 2018 के चुनाव में भी डोंगरगांव विधानसभा 76 में भारतीय जनता पार्टी से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर चुके है,वे 2023 के विधानसभा चुनाव में भी डोंगरगांव 76 लोधी समाज की ओर से मजबूत प्रबल दावेदार हैं। श्री गोपी वर्मा ब्याख्याता के पद कार्यरत हैं वे सरल सहज मिलनसार व होनहार होने के कारण जिले के अन्य कर्मचारी संगठन ,मिडीया के साथ-साथ समाज का भी समर्थन है। श्री गोपी वर्मा बौद्धिक वर्ग से आते हैं जहां पर हजारों कर्मचारी ग्रामीणों से जुड़कर काम करते हैं जिसका उनको लाभ भी मिलेगा। गोपी वर्मा जी के प्रबल इच्छाशक्ति को देखते हुए पार्टी उन विश्वास करके अवसर देती है तो कोई आश्चर्य नही होगी।

प्रादेशिकी का शेष...

नमोशूद्र को अनुसूचित जनजाति...

नमोशूद्रो को भारत वर्ष के 09 राज्यों में आरक्षण दिया गया है, जैसा कि असम, मणीपुर, - मेघालय, उड़िसा, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, मिजोरम अरूणाचल प्रदेश, झारखंड की तरह अनुसूचित जाति एवं मध्यप्रदेश असम, मेघालय उड़िसा पश्चिम बंगाल की तरह पिछड़ा वर्ग मंडल आयोग 31 दिसम्बर 1980 के रिपोर्ट अनुसार पिछड़ा वर्ग में आने वाले जातियों को छत्तीसगढ़ राज्य में आरक्षण देने की घोषणा पत्र में करेगा, उसी दल को बंगाली समाज को वोट देने आव्हान करेगा, जो दल नजरअंदाज करेगा, उस दल का हम समाज के लोगों से बहिष्कार करने का आव्हान करेगा।

नमोशूद्रों जाति के लोगों को अनुसूचित जाति में शामिल किया जावे। छत्तीसगढ़ प्रदेश में बंगाली बाहुल्य क्षेत्र में शिक्षा सत्र में बंगला भाषा को शामिल करना। विस्थापन के समय सरकार के द्वारा दिया गया भूमि को स्थाई भूमिस्वामी हक दिलाया जावे। पत्रकार वार्ता के दौरान जीवानंद हालदार, मनोरंजन राय, मिनदु कर, तपन चौधरी, परितोष घोष,श्याम घोष एवं अन्य उपस्थित थे।

लाखों रुपए की चोरी का खुलासा

सिमगा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सिमगा एवं सायबर सेल के संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सिमगा क्षेत्र में घटित लाखों रूपये के चोरी का किया गया खुलासा चोरों से लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात व नगदी रकम किया गया जप्त पकड़े गए आरोपी में से एक आरोपी हुआ थाने से फरार। प्रार्थीया मंजुला शर्मा साकिन कर्मचारी कालोनी सिमगा थाना सिमगा द्वारा दिनांक 21/08/2023 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 19.08.2023 से 20.08.2023 के मध्य किसी अज्ञात चोर द्वारा मकान के मेन गेट तथा अंदर के दरवाजे का ताला तोडकर घर में रखे सोने चोदी जेवरात को चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर थाना सिमगा एवं साईबर सेल की संयुक्त टीम के साथ जाकर घटना स्थल निरीक्षण किया गया।

टीम द्वारा घटना स्थल कर्मचारी कालोनी सिमगा के आसपास का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया, जिसमें 02 अज्ञात व्यक्ति घटना दिनांक की रात्रि 19/08/2023 से 20/08/2023 के दरम्यानी रात को घर के अंदर घुसकर चोरी करने का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ। सीसीटीवी फुटेज अधार पर अज्ञात आरोपियों का पता तलाश किया गया, जिसमें आरोपी 01. संदीप महिलांगे उर्फ पिता बद्री महिलांगे उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण हाल निवासी न्यू आनंद नगर भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर 02. एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में थाना लाकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। 26 अगस्त को मेमोरेण्डम कथन के आधार पर आरोपी संदीप महिलांगे से 2,50,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी जेवर व नगदी रकम 40,000 सहित कुल ?2,90,00 बरामद किया गया है। साथ ही आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवेंजेर भी जप्त किया गया है। इसी प्रकार अपचारी बालक से आज दिनांक को पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसमें अपचारी बालक से मेमोरेण्डम कथन के आधार पर ?1,50,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर व नगदी रकम ?12,000 सहित कुल ?1,62,000 बरामद किया* गया है। साथ ही अपचारी बालक से घटना में प्रयुक्त जुपीटर स्कूटी भी जप्त किया गया है। इस प्रकार पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से कुल ?4,00,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर, नगदी ?52,000 सहित कुल ?4,52,000 कीमत मूल्य का चोरी का समान बरामद किया गया है। उक्त आरोपीगण द्वारा साथ मिलकर अन्य कई स्थानों पर चोरी करना कबूल किया गया है व चोरी पश्चात चोरी किये गये सामान को आपस में बांट लेना बताया गया है। अपचारी बालक के विरूद्ध अपराध घटित करना पाये जाने से सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर अपचारी बालक को माननीय किशोर न्यायालय बलौदाबाजार में पेश किया गया।

आरोपी संदीप महिलांगे दिनांक 26.08.2023 को मेमोरेण्डम व जप्ती कार्यवाही के पश्चात अन्य प्रकरण में पूछताछ हेतु हिरासत में लेकर थाना सिमगा लाकर सुरक्षित रखा गया तथा आरोपी सदर की सुरक्षा में पर्याप्त संख्या में पुलिस स्टाफ लगाया गया था। कि इसी बीच आरोपी संदीप महिलांगे दिनांक 26-27.08.2023 की दरम्यानी रात्रि में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया, जिसके विरूद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 279/2023 धारा 224 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है तथा फरार आरोपी की खोजबीन सरगर्मी से की जा रही है। उक्त फरार आरोपी संदीप महिलांगे की सुरक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले थाना सिमगा के 05 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा प्रकरण में आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

महापौर ने बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप पिलाकर जिले में किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में शिशु संरक्षण माह के प्रथम चरण का आयोजन आज से आगामी 29 सितम्बर तक किया जा रहा है। नगरनिगम धमतरी के महापौर विजय देवांगन ने आज ईतवारी बाजार धमतरी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों को विटामिन 'ए' का सिरप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने बताया कि शिशु संरक्षण माह में मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित कार्यक्रम एवं गतिविधियां, 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को 6 माह के अंतराल में विटामिन 'ए' सिरप पिलाना, आयरन फोलिक एसिड सिरप देना, बच्चों में पोषण स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी और अति कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराना आदि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग, मोतियाबिन्द, रतौंधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले में विटामिन 'ए' के 74 हजार 631 हितग्राही बच्चे हैं, वहीं आयरन फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही बच्चों की संख्या 79 हजार 021 है।

रोजगार मेला के नाम पर हो रहा धोखा, बेरोजगार आदिवासियों के साथ : गोंडवाना समाज

कोण्डागांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रोजगार मेला के नाम पर हो बेरोजगार आदिवासियों के साथ धोखा हो रहे होने का आरोप लगाते हुए, गोंडवाना समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव के नेतृत्व में कलेक्टर को कार्यवाही करने के लिए पत्र दिया गया है। बताया गया कि कलेक्टर ने भी दो तीन दिन का समय कार्यवाही करवाने हेतु लिया है। कोतवाली थाना कोंडागांव पुलिस के द्वारा एफआईआर नहीं करने एवं मनीषा दास पर कार्यवाही नहीं किया गया है। मनीषा दास, जिला रोजगार मेला कोंडागांव के माध्यम से 16 लड़कियों को हैदराबाद में गार्जियन एंड फैसलिटीज प्रा. लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद हेतु 15 से 18 हजार रुपए वेतन देने की बात कहकर ले गई, जहां गार्जियन सिक्योरिटी एंड फैसलिटीज प्रा. लिमिटेड में 7250 रुपए प्रति व्यक्ति लिया गया। सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी न देकर उन्हें ब्लू टूथ कंपनी में ले जाया गया, जहां लड़कियों के द्वारा यह कहकर विरोध करने पर कि जिस सिक्योरिटी गार्ड काम के लिए हमें लाया गया है, हम लोग वही काम करेंगे। तो वहां के अधिकारी द्वारा लड़कियों के साथ बदतमीज किया गया, लड़कियों को बिना आवष्यक राषि के बस स्टेशन में छोड़ दिया, जिससे आदिवासी युवतियों को काफी परेशानियों की सामना करनी पड़ी। कोंडागांव जिला के प्रेस प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश शुक्ला के द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर आदिवासी युवतियां कोंडागांव तक पहुंच पाई।

कलेक्टर कोण्डागांव से मिलने के दौरान गोडवाना समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव के ब्लॉक अध्यक्ष सोनधर नेताम, युवा प्रभाग अध्यक्ष रोशन गावडे, लवकुमार नेताम, कैलाश मरकाम, संजय नेताम, खेमलाल उसेंडी, शांति सलाम, ललित नेताम, सुरुजलाल नेताम, दसरू नेताम आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

एसपी ने थाना अनंतपुर का किया वार्षिक निरीक्षण

पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू हो, समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

कोण्डागांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। एसपी द्वारा जिले के थाना अनंतपुर में पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया गया इस दौरान थाना के अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिए जाने सहित आगामी छग विधानसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र में लगे चेकपोस्ट का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

29 अगस्त 2023 को एसपी कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार (आई.पी.एस.) द्वारा थाना अनंतपुर का वार्षिक निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के निराकरण सम्बन्धित प्रस्ताव तैयार किया गया। उनके द्वारा अच्छी गणवेश और अच्छी कानूनी जानकारी रखने वाले कर्मचारियों के लिये ईनाम प्रतिवेदन तैयार किया गया तथा तनाव दूर करने के लिए नियमित रुप से योगा व खेल खेलने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनके व्यावसायिक और निजी जीवन की समस्याएं सुनी ॉ एस.पी.कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार के द्वारा थाना के सभी रजिस्टरों का निरीक्षण कर आर्म्स एम्युनेशन का भौतिक सत्यापन किया गया व दस्तावेजों और आर्म्स एम्युनेशन के रख-रखाव के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीमावर्ती क्षेत्र में लगे चेकपोस्ट में आने-जाने वाले वाहनों का अच्छे से चेक करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा निरीक्षण के बाद थाना परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान साथ में कोण्डागांव एसडीओपी निमितेश सिंह परिहार, थाना प्रभारी अनंतपुर निरीक्षक ललित यादव व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

जिले के अधिकारियों को प्रेरित करने राजभाषा आयोग की कार्यशाला

शासकीय कामकाज में छतीसगढ़ी का प्रयोग करने किया प्रेरित

कोण्डागांव 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा जिले के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करके उन्हें शासकीय काम काज में छत्तीसगढ़ी के प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया।

छत्तीसगढ़ी भाषा शासकीय कामकाज की भाषा बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कोण्डागांव जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ.अनिल भतपहरी सहित कलेक्टर दीपक सोनी, सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोर्ते, छत्तीसगढ़ भाषा विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आरएस बंजारे भी उपस्थित रहे। जहां राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ.अनिल भतपहरी ने छत्तीसगढ़ी को सरकारी कार्य मे उपयोग करने पर जोर देते हुए अधिकारियों को प्रदान किये गए किट के माध्यम से छतीसगढ़ी शब्दों के शब्दकोशों को प्रयोग करने पर बल दिया। डॉ. बंजारे ने छत्तीसगढ़ी भाषा को प्रशासनिक भाषा बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जहां जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित राजभाषा आयोग कोण्डागांव के अध्यक्ष हरेंद्र यादव एवं सहसंयोजक मधु तिवारी ने छत्तीसगढ़ी में उद्बोधन दिया। कोण्डागांव जिले के राजभाषा संयोजक हरेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ी कविता सुनाकर सभी को आल्हादित किया। छत्तीसगढ़ी के प्रसिद्ध कलाकार खिरेंद्र यादव, उमेश मंडावी भी कविता पाठ किया।

घरेलू रसोई गैस के दाम घटे, रक्षाबंधन में प्रधानमंत्री मोदी ने बहनों को दिया उपहार : किरण देव

- संवेदनशील केन्द्र सरकार का ऐतिहासिक कदम
- 75 लाख गरीब परिवारों को उज्जवला योजना में मुफ्त गैस कनेक्शन का मिलेगा लाभ

जगदलपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी एवं 75 लाख परिवारों को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे चल रही भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की संवेदनशीलता व ठोस वित्तीय प्रबंधन को दर्शाती है। घरेलू रसोई गैस की कीमतों मे 200 रुपये व उज्जवला योजना के तहत प्राप्त सिलेंडर पर 400 रुपए की कमी देश की बहनों को रक्षाबंधन पर देश की संवेदनशील भाजपा सरकार द्वारा दिया गया उपहार है। भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर संभाग प्रभारी किरण देव ने कहा कि कोरोना आपदा व वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच केंद्र सरकार का यह कदम क्रांतिकारी व ऐतिहासिक है। किरण देव ने कहा कि ठोस वित्तीय अनुशासन व राष्ट्र प्रथम की नीति पर चल रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के कामों का परिणाम है कि भारत आज विश्व मे सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में शुमार है,जिसके परिणामस्वरूप देश की जनता को वैश्विक अस्थिरता मे भी केंद्र सरकार राहत पहुँचाने मे सफल रही। श्री देव ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों का सुखद नतीजा है कि आज देश में 13 करोड़ लोग बहुत कम समय मे बहुआयामी गरीबी से बाहर आए । नीति आयोग द्वारा निर्धारित बहुआयामी गरीब सूचकांक मे ईंधन उपलब्धता भी एक मानक है । 75 लाख परिवारों को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन भारत से गरीबी उन्मूलन की दिशा को तेज करेगा।

मोदी सरकार देश का भला चाहते हैं तो पेट्रोल डीजल के दाम भी करें कम : उषा पटेल

पिथौरा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। साढ़े 9 सालों तक 400 रूपए का एलपीजी गैस सिलेंडर 1100 रुपए में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे, तब कोई महगा सिलेंडर के दाम कम करने की याद नहीं आई, आने वाले कुछ महीनो में कई राज्यों में चुनाव होने हैं तो वही 2024 मे देश मे लोकसभा का चुनाव होना हैं इसे देखते हुए केंद्र की सरकार देशवासियों को लॉलीपॉप दिया हैं। 400 रूपया का सिलेंडर 1100 रूपए किया तब देश की बहनों की पीड़ा नजर नही आई आज सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम कर कोई एहसान नहीं किया हैं मोदी सरकार ने उक्त बातें महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कही। श्रीमती उषा पटेल ने कहा की महज अपने फायदे के लिए आज गैस सिलेंडर के दाम मे कमी की गई हैं देश की इंटरनेशनल कंपनिया तीज त्यौहार के समय लोगों को लुभाने ऑफर्स लाते हैं जिससे चंद दिन ग्राहक को अपने जाल मे फसाये रखते हैं ठीक उसी तरह आज ये सिलेंडर के दाम कम हुए हैं। केंद्र की मोदी सरकार से मेरा एक ही सवाल है सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम किए हैं तो मोदी सरकार गारंटी दे अब के बाद गैस सिलेंडर के दामों में किसी प्रकार का कोई इजाफा नहीं करेगी। मोदी सरकार व्यापारियों की सरकार है तभी साढ़े नौ सालों बाद उन्हें बहनों की याद आई महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने कहा कि इस वक्त खेती किसानी का दौर चल रहा है। देश के किसान खेतों में फसल बोने में लगे हैं लगे हाथ मोदी सरकार डीजल पेट्रोल के दामों में भी कमी करें अगर मोदी सरकार सही मायने में देश का भला चाहते हैं तो सिलेंडर के साथ पेट्रोल डीजल के दाम भी कम करें।

मंत्री मरकाम ने सेजेस तहसीलपारा में किया पौधारोपण

पर्यावरण संरक्षण में पौधारोपण की उपयोगिता हेतु सामूहिक प्रयास के लिए किया जागरूक

कोण्डागांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार को आदिम जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय तहसीलपारा में नगर पालिका कोण्डागांव के राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित 'एक सेल्फी पर्यावरण संरक्षण के नाम' कार्यक्रम में पहुंचकर स्कूली बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। जिसके तहत मंत्री द्वारा शालेय एवं महाविद्यालयीन बच्चों को पौधों का वितरण किया गया एवं उन्होंने स्वयं भी बच्चों के साथ पौधारोपण कर सेल्फी ली। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत जिला प्रशासन, वनमण्डल कोण्डागांव, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष संकल्प एवं जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिला मुख्यालय के सभी 27 स्कूलों में छटवीं से बारवीं तक के बच्चों के मध्य सामुहिक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत बच्चों को फलदार वृक्षों का रोपण करने हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को पौधों का वितरण किया जा रहा है, जिसका निरीक्षण 20 जनवरी 2024 को प्रतियोगिता के निर्णायकों द्वारा किया जायेगा, जिसमें स्कूल के कक्षावार छात्रों के पौधों को अधिक स्वस्थ्य एवं अधिक विकसित होने वाले पौधों के लिए छात्र समूहों को वृद्धि के अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा एवं छात्र समूहों को 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस समारोह में भी सम्मानित किया जायेगा।

मंत्री मोहन ने पेड़ की पूजा कर बांधी राखी

दक्षिण वन विभाग कोंडागांव का आयोजन

कोण्डागांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मंत्री एवं कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम द्वारा पेड़ की पूजा करके पेड़ में राखी बांधा गया। ज्ञात हो कि दक्षिण वन मण्डल कोंडागांव के द्वारा वन क्षेत्र सहित समस्त स्थानों में खड़े पेड़ों की रक्षा करने के लिए लोगों में जागरुकता लाने हेतु पेड़ों को राखी बांधने के कार्यक्रम का आयोजन विगत कई सालों से किया जा रहा है। इसी क्रम को जारी रखते हुए इस वर्श भी दक्षिण वन मण्डल कोण्डागांव के सामने सड़क के किनारे वन विभाग के अधिकारियों हेतु निर्मित आवासों के सामने लगे पेड़ों में राखी बांधकर पेड़ों की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में दक्षिण वन मण्डल कोंडागांव के अधिकारी-कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों सहित उपस्थित नजर आए।

इस वर्श कांग्रेस के अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम भी पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधने के दौरान मौजुद रहे और उन्होंने भी पेड़ों में राखी बांधा और कहा कि वनों की रक्षा के लिए हम सबको जागरुक होना पड़ेगा और आगे आना होगा, तभी पेड़ों की रक्षा होगी, क्योंकि वन है, जो जीवन है। वन विभाग के लेखापाल शेलेन्द्र मिश्रा ने बताया कि विगत 18 वर्ष पुर्व तत्कालीन डी.एफ.ओ. श्री नंदी द्वारा प्रारम्भ किए गए परम्परा को प्रतिवर्ष निभाया जा रहा है। उक्त क्रम में इस वर्ष भी रक्षाबंधन के दिन दक्षिण वन मंडल कोण्डागांव के द्वारा वन एवं समस्त पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है कि वनों की रक्षा से ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

महाकाल की पालकी यात्रा में जनसैलाब

भाटापारा, 30 अगस्त। भाटापारा नगरपालिका स्थित महाकाल मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को विशाल पालकी यात्रा निकाली गई इस पालकी यात्रा का विशेषता यह रहा कि बनारस काशीविश्वनाथ नगरी के तर्ज पर अघोरी आश्रम से आधा दर्जन से अधिक अघोरी अपने वेष भूषा से सज्जित यात्रा का अगुवाई कर रहे थे जिसे देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा उधर डीजे साउण्ड सिस्टम व ढोल ताशे पर पुरुष महिलाएं बुजुर्ग बच्चे नाचते गाते यात्रा का शोभा बढ़ाते रहे महाकाल की पालकी यात्रा शाम चार बजे नगरपालिका के सामने से निकाली गई जिसमें हजारों भक्त शामिल हुए लगभग 45 मिनट में चार कदम की दूरी तक पहुंच पाए।

ओमप्रकाश के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत

नवापारा राजिम, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला रायपुर द्वारा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला के नेतृत्व में नवनियुक्त रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारतीय जी का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया तथा विगत वर्ष अक्टूबर - नवंबर 2022 में सहायक शिक्षक से प्राथमिक प्रधान पाठक में पदोन्नत पश्चात प्रतीक्षा सूची से तत्काल पात्र सहायक शिक्षकों को प्राथमिक प्रधानपाठक पद पर नियुक्ति करने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया, साथ ही जीपीएफ पासबुक संधारण एवम् सर्विस बुक संधारण हेतु ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाने,बीएलओ व अभिहित अधिकारी की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर नियुक्त करने की मांग , परीक्षा अनुमति प्रतिमाह नियमित रूप से शिक्षक संवर्गों को प्रदान करने की मांग की गई, जिस पर सभी मांगों पर शीघ्र निराकरण करने की उनके द्वारा कही गई। मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में ओमप्रकाश सोनकला, योगेश ठाकुर, सुखनंदन साहू, जितेंद्र मिश्रा, पूरनलाल साहू, कन्हैया कंसारी, गोपाल वर्मा, हरिश दीवान, रविन्द्र सांग सुरतान, बुद्धेश्वर बघेल, मनोज मुछावर, रुद्र नारायण तिवारी, बसंत साहू सहित जिला व ब्लॉक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी भत्ते की 5वीं किश्त के रूप में 3741 हितग्राहियों को जारी की राशि

कोण्डागांव के साक्षी व नवीन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री ने की चर्चा

कोण्डागांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को अगस्त 2023 के राशि का अंतरण एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। मुख्य मंत्री ने बेरोजगारी भत्ता योजना हितग्राहियों एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति हेतु प्रथम चरण के सत्यापन उपरांत नियुक्ति आदेश जारी 82 लोगों से चर्चा भी की।

मुख्यमंत्री ने कोण्डागांव के बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों एवं आईटीआई अंतर्गत भर्ती हुए नए अधिकारियों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए बेरोजगारी भत्ता प्राप्त 3741 हितग्राहियों को 2500 रुपये प्रति हितग्राही के मान से 5 वीं किश्त का भुगतान किया गया।

बेरोजगारी से रोजगार की ओर बढ़ी साक्षी

बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाली हितग्राही साक्षी नेताम एवं अरुण बंजारे भी मुख्य मंत्री से मुखातिब हुए। जिसमें साक्षी नेताम ने बताया कि मैं लाईवलीहुड कॉलेज में सिलाई का प्रशिक्षण ले रही हूं और आपके कारण अब मुझे बेरोजगारी भत्ता भी प्राप्त हो रहा है, जिससे मुझे आने जाने और प्रशिक्षण सामग्री लेने में सहायता प्राप्त होने से मैं अब बेरोजगारी से रोजगार की ओर बढ़ रही हूँ। इसके लिए मुख्य मंत्री को धन्यवाद।

सपनों में रंग भरने नवीन ने जताया आभार

इस अवसर पर आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी के लिए चयनित नवीन देवांगन ने मुख्य मंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि मैं कोण्डागांव निवासी हूँ, मुझे कोण्डागांव में ही प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई बस्तर के रूप में चयन किया गया है। मैं पिछले 5 वर्षों से प्रयास कर रहा था। आपने मेरे सपनों में रंग भर दिया। व्यापम के माध्यम से मुझे नौकरी प्राप्त हुई और आज नियुक्ति पत्रक भी प्राप्त हुआ है, जिसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। जिस पर मुख्य मंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, एपीओ लाइवलीहुड पुनेश्वर वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं बेरोजगारी भत्ते के हितग्राही उपस्थित रहे।

सकल जैन संघ कोण्डागांव ने जिला अस्पताल में 160 नग लेंस किया दान

नेत्रदान महादान की उक्ति को चरितार्थ

कोण्डागांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। नेत्रदान महादान की उक्ति को चरितार्थ करते हुए सकल जैन श्री संघ कोण्डागांव के धर्मनिष्ठ सुश्रावक द्वारा जिला अस्पताल में 160 नग लेंस, दान स्वरूप भेंट किया गया। साथ ही भविष्य में भी आवश्यकता पड़ने पर और भी लेंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। उपरोक्त जानकारी सकल जैन श्री संघ के मीडिया प्रभारी जीतू भाई गोलछा एवं मनोज संचेती ने देते हुए बताया कि कोण्डागांव जिला सहित कांकेर, नारायणपुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा जिले में भी आवश्यकता होने पर उपलब्ध कराने की ईच्छा जाहिर की गई है। सकल जैन श्री संघ में हमेशा धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहते हैं। इनके द्वारा पहले भी कई बार नेत्र शिविर का आयोजन किया जा चुका है। इतना ही नहीं नगर में धार्मिक और पुण्य कार्य में आवश्यकता होने पर तन-मन-धन से सहयोग करते हैं।

उल्टा पुल्टा

दो दोस्त आपस में बात करते हुए।
रामू- मैं कभी ईट का जवाब पत्थर से नहीं देता।
श्यामू- क्यों?
रामू- क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।

संपादकीय

राजनैतिक चेतना की नई बयार

जीवन का कोई भी क्षेत्र हो एकरसता उदासी भी लाती है। पांच साल पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी। पार्टी ने लगातार 15 साल सरकार चलाई। वर्ष 218 में चुनाव हुए तो लोगों ने परिवर्तन के लिए मतदान किया। यह परिवर्तन ऐसा था जैसे भाजपा सरकार से कोई बड़ी नाराजगी हो। तीनों बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली पार्टी 9 सदस्यीय विधानसभा में 15 सीटों पर सिमट गई। राज्य में जब कुछ माह बाद आम चुनाव होने वाले हैं, एक नई राजनीतिक चेतना दिखाई दे रही है। राजनीति में इस तरह का बदलाव सरकारें बदलने से आती ही है। कई राज्य इसके उदाहरण हैं। राजनीतिक दलों के सभा-सम्मेलनों में अधिक भीड़ जुट रही है। टिकिट के दावेदारों की भी लंबी लिस्ट तैयार हो रही है। इनमें दो राय नहीं कि इस बार का चुनाव पिछले चुनावों से एकदम अलग होगा। राजनीतिक दलों को एक-एक सीट पर जीत के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाना होगा। भितरघातियों की भी कमी नहीं होगी। ऐसे में पाटियों के लिए अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखना होगा तभी बाजी हाथ लग सकती है। पार्टियों के शीर्ष नेताओं को अभी से इसका अनुमान भी हो गया है और चेतावनियां भी जारी की जा रही हैं। चुनावों को लेकर आम लोगों में जैसी राजनैतिक चेतना दिखाई दे रही उसमें राज्य के चुनावी इतिहास की लिहाज से कांग्रेस- भाजपा को छोड़ दूसरे दलों के लिए इस बार भी संभावनाएं बहुत कम है।

हालांकि इस चुनाव में दूसरी पार्टियां भी पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार दिखाई दे रही है। सत्ता में वापसी के लिए भाजपा ने अच्छा होमवर्क किया है। वह 9 में से 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इन प्रत्याशियों को लेकर कहा जा रहा है कि इनके नामों के ऐलान से पहले उनके जीतने की संभावनाओं के हर पहलू पर पार्टी ने विचार किया है। कई नए चेहरों को पार्टी ने मौका दिया है। सत्तारूढ कांग्रेस में पार्टी प्रत्याशियों के नामों पर अभी मंथन चल रहा है। पार्टी टिकट के फैसले से पहले कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर संगठन की सहमति ले रही है। पैनल तैयार कर जिला संगठन और फिर प्रदेश संगठन को भेजा जा रहा है। यह कोशिश की जा रही कि प्रत्याशियों के नाम के फैसले पर संगठन स्तर पर असहमति की कोई गुजाइंश नहीं रहेगी। यह कोशिश चुनावों में पार्टी को एकजुट रखने में मददगार हो सकती है। कांग्रेस अन्तर्विरोध के कारण ही वर्षों से सत्ता से बाहर रही। राज्य में कहा जाने लगाथा कि कांग्रेस को कोई और नहीं कांग्रेस के लोग ही हराते हैं।

वर्ष 218 के चुनावों में इस अन्तर्विरोध को दूर करने की कोशिश हुई और पार्टी ने 15 वर्षों के बाद सत्ता में वापसी की। राजनीतिक पार्टियों का अन्तर्विरोध एक सच्चाई है। जिसने इसे भांपकर काम किया उनकी जीत होती है। इस समय की जो चुनावी तस्वीर है उसमें चुनावों को लेकर सभी पार्टियां उत्साहित नजर आ रही है। अभी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होना बाकी है। प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद क्या तस्वीर बनेगी, सबकी नजर उस पर होगी। दोनों प्रमुख पार्टियों की जैसी तैयारी चल रही है उसमें मुकाबले की स्थिति बनती दिखाई दे रही है।

राष्ट्रपति दो दिवसीय प्रवास पर आज आ रही है

पुलिस ने रोड मैप किया तैयार, कड़ी सुरक्षा में 12 सौ जवानों की चप्पे-चप्पे पर तैनाती

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार 31 दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही हैं। रायपुर जिला पुलिस और प्रशासन की ओर से राजधानी में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। रायपुर और बिलासपुर में दो दिनों का पूरा ट्रैफिक्र प्लान बनाया गया है। राष्ट्रपति के रायपुर पहुंचने के बाद उनके काफिले को एयरपोर्ट से जगनाथ मंदिर गायत्री नगर आने.जाने में कोई परेशानी ना हो इसको लेकर प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान रखा गया। इसके अलावा अन्य जगहों पर कार्यक्रम हैं। रायपुर में 12 सौ जवानों की तैनाती की गई है। रेलवे स्टेशनए बस स्टैंडए होटल में आने.जाने वालों की चेकिंग तीन दिन से की जा रही है। चप्पे.चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। रायपुर एयरपोर्ट से राष्ट्रपति का काफिला जैसे.जैसै आगे बढ़ा उसके ठीक 15 मिनट पहले उन मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रोक लगा दी जायेगी। वहीं राष्ट्रपति के आगमन और उनके सुरक्षा के मद्देनजर शहर के निर्धारित मार्ग पर करीब 100 स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है।

नहीं कर सकते गाड़ी पार्क

राष्ट्रपति का काफिला एयरपोर्ट से जैसे.जैसे आगे बढ़ता जाएगा पीछे से बंद मार्गों को सामान्य परिचालन के लिए खोल दिया गया। इस बीच किसी भी वाहन सवार को कटिंग से आगे बढ़ने या आने जाने की अनुमति

होगी। एयरपोर्ट से वीआइपी चौक तक बीच का मार्ग दोनों ओर से खाली रखा जाएगा। जगह.जगह पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। कटिंग वाली जगह पर बैरिकेडिंग की जाएगी। सड़क के दोनों ओर वाहनों की पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रत्येक गाड़ियों की चेकिंग

राजधानी से आने वाले और जाने वाले प्रत्येक गाड़ियों और संदेहियों की चेकिंग की जा रही है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए राजधानी में एक आइजी, डीआइजी,10 एसपी, 12 एएसपी, 25 डीएसपी सहित अन्य बल 1200 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

वही, बिलासपुर के कार्यक्रम के लिए एक आइजी, दो डीआइजी, 10 एसपी, 10 एएसपी, 22 डीएसपी सहित 1500 से ज्यादा अधिकारियों.कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राष्ट्रपति के दो दिनों के कार्यक्रम के दौरान लगभग 3000 हजार से ज्यादा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सुरक्षा पर तैनात रहेंगे।

यहां आवागम रहेगा प्रभावित- राष्ट्रपति को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर, शांति सरोवर सड्डूए महंत घासीदास संग्रहालय एवं राजभवन में आवागमन प्रस्तावित है। इस दौरान आवागमन के लिए माना.विमानतल से पीटीएस चौक, फुंडहर, श्रीराम मंदिर टर्निंग, महासमुंद बैरियर, तेलीबांधा चौक, आनंद नगर चौक, भारतमाता चौक,अनुपम नगर चौक, खम्हारडीह थाना के सामने, गायत्री नगर,जगन्नाथ मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर से वापस अनुपम नगर चौक, श्रीराम नगर ओवर ब्रिज, वीआइपी क्लब तिराहा, वीआइपी टर्निंग, साइंस सेंटर तिराहा, शांति सरोवर तक रूट निर्धारित है। राष्ट्रपति सुबह 11 बजे माना विमानतल से निर्धारित रूट पर सड़क मार्ग से जगन्नाथ मंदिर, शांति सरोवर कार्यक्रम स्थल के पश्चात महंत घासीदास संग्रहालय एवं राजभवन आएंगी। वीवीआइपी कारकेड के गुजरने के दौरान 15 मिनट पूर्व सड़क मार्ग के दोनों तरफके यातायात को पूर्णत: रोका जाएगा रूट पर आवागमन शून्य रहेगा। आवागमन के दौरान निम्नानुसार मार्ग में यातायात रोका जाएगा। असुविधा से बचने के परिवर्तितए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान प्रतिबंधित मार्ग माना विमानतल से वीआइपी रोड से होकर श्रीराम मंदिर टर्निंग तक सुबह लगभग 11.15 से 11.25 बजे तकए श्रीराम मंदिर टर्निंग से तेलीबांधा आनंद नगरए भारतमाता चौक तक लगभग 11.25 से 11.35 बजे तक तक न जाएं।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया रहेंगे 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे है प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही महीनों का समय बचा हुआ है इस बीच प्रदेश में बड़े.बड़े राजनेताओं का दौरा कार्यक्रम शुरू हो गया है वहीं केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया 31 अगस्त और 1 सितम्बर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे इस दौरान वह भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

सीएम भूपेश बघेल को ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी राखी

रायपुर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास कार्यालय में आज प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर की ब्रह्मकुमारी दीदी आशा बहन,सविता बहन, वनीषा बहन ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री बघेल को राखी बांधी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन के लिए मंगलकामनाएं की,सीएम भूपेश बघेल ने इस स्नेह और सम्मान के लिए ब्रह्मकुमारी दीदीयों का आभार प्रकट किया।

प्रदेश में मच्छर पर रोकथाम के लिए करोड़ों खर्च, फिर भी तेजी से बढ़ रहे मरीज

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी समेत प्रदेश में मच्छर और मलेरिया पर रोकथाम के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी मच्छरों के डंक से निजात नहीं मिल पा रही है। राजधानी में अब तक डेंगू संक्रमित चार लोगों की मौत हो चुकी है हालांकि स्वास्थ्य विभाग इससे इनकार कर रहा है। शहर के हर वार्ड से डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में भी रोजाना डेंगू के मामले आ रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के लगातार दबाव के बावजूद वार्डों में न तो बेहतर ढंग से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा हैए न ही फागिंग मशीनें ही चल रही हैं।

वार्डों को मच्छरमुक्त बनाने हो रहा दवाओं का छिड़काव

रायपुर नगर निगम की ओर से प्रत्येक वर्ष मच्छरों के उन्मूलन पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। 70 वार्डों को मच्छरमुक्त बनाने के लिए सभी दस जोनों में मशीनों के माध्यम से फागिंग की जाती है। दवाओं का छिड़काव किया जाता है। लेकिन हालात में संतोषजनक सुधार नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेशभर में वर्ष.2021 में डेंगू के 1,086 मरीज मिले थे,जो वर्ष.2022 में बढ़कर 2,679 हो गए। वर्ष.2022 में डेंगू

से दस लोगों को जान भी गंवानी पड़ी थी। इस वर्ष भी राजधानी समेत प्रदेशभर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। आठ माह में ही डेंगू के 248 से अधिक मरीज मिले चुके हैं।

अंबेडकर अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

राजधानी के अंबेडकर अस्पताल में डेंगू पीड़ितों की संख्या दिन.प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विगत दो माह में डेंगू के 117 मरीज यहां पहुंचे हैं। विगत एक सप्ताह के भीतर ही करीब 100 पीड़ित इलाज कराने के लिए पहुंच चुके हैं। वर्तमान में मेडिसिन विभाग में 37 मरीज भर्ती हैं जो रविवार को 32 थे। सोमवार को 12 मरीज भर्ती किए गए हैं। डाक्टरों का कहना है कि विगत दस दिनों से रोजाना सात से आठ मरीज आ रहे हैं। जिला अस्पताल में भी डेंगू से पीड़ित दो मासूम समेत पांच लोग भर्ती हैं। राजधानी के निजी अस्पतालों में भी डेंगू के मरीज भर्ती हैं। महामारी नियंत्रण संचालक डा सुभाष मिश्रा ने कहाए डेंगू पीड़ितों की कान्ट्रेक्ट ट्रेसिंग में परेशानी आ रही है इसलिए अस्पताल संचालकों को मरीज का लैंडमार्क के साथ पूरा पता लिखने के लिए निर्देशित किया गया है। डेंगू मरीजों के लिए अगल से वार्ड बनाया जाना चाहिए। डेंगू से अभी तक एक भी मौत नहीं हुई है। नगर निगम महापौर एजाज ढेबर ने कहाए शहर के सभी 70 वार्डों में मच्छरजनित रोग डेंगू से बचाव के लिए जनजागरण का एक सप्ताह का विशेष अभियान शुरू किया गया है। पार्षदों के नेतृत्व में मच्छर उन्मूलन के लिए सुबह एंटी लार्वा ट्रीटमेंट, कीटनाशक दवा का छिड़काव और शाम को फागिंग अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा नगर निगम की ओर से हर वर्ष मच्छर उन्मूलन अभियान के नाम पर दो करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं लेकिन इसका असर नहीं दिखता। सभी वार्डों में गंदगी पसरी हुई है। वार्ड में न तो एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाता है न ही फागिंग की जाती है।

रक्षाबंधन पर बेरोजगारी भत्ता

1.29 लाख युवाओं के खाते में सीएम भूपेश ने वर्चुअली ट्रांसफर किए 34.55 करोड़

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को खाते में 34 करोड़ 55 लाख रुपए ट्रांसफर किए। प्रदेश के 1 लाख 29 हजार बेरोजगार युवाओं के खाते में ये राशि ट्रांसफर की गई है। इस दौरान डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। वहीं मंत्री अमरजीत भगत भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मे छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की है। इसके जरिए जिन बेरोजगार युवाओं ने आवेदन किया है उनको 2500 रुपए प्रति महीना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया

कि इस योजना के तहत अप्रैल महीने से अब तक 146 करोड़ 98 लाख से ज्यादा की राशि बेरोजगार युवाओं के खाते में ट्रांसफर की जा चुकी है। राष्ट्रपति के दौरे के कारण पहले भत्ता दिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हर महीने महीने की आखिरी तारीख को युवाओं के खाते में बेरोजगारी भत्ते की राशि ट्रांसफर की जाती हैं लेकिन कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा है इसलिए भत्ता देने का फैसला आज किया गया है। कहा कि बेरोजगारों के खाते में पैसा भेजने के दिन बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था लेकिन रक्षाबंधन पर्व है इसलिए कार्यक्रम वर्चुअल आयोजित किया जा रहा है।

शिक्षक प्रमोशन घोटाले में सरकार बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षक प्रमोशन घोटाले में राज्य सरकार बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। एक तरफ जहां शिक्षकों के प्रमोशन को रद्द कर दिया है, वहीं दूसरी कैविएट लगाकर शिक्षकों के लिए दोगुनी मुश्किल खड़ी कर दी है। इससे पहले 4 अगस्त को ही विधि विभाग ने महाधिवक्ता को पत्र भेजकर ये सूचना दे दी थी कि प्रमोशन संशोधन निरस्त करने राज्य सरकार जा रही है। इसलिए कैविएट दायर करना होगा। राज्य सरकार के पत्र के बाद हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया गया। 29 अगस्त को इसका प्रकाशन अखबारों में भी कर दिया गया।

कैविएट की सूचना से साफ है कि राज्य सरकार ने सभी प्रमोशन संशोधन को निरस्त कर दिया है। हेडमास्टर व शिक्षक के तमाम प्रमोशन को 9 अगस्त के आदेश से ही निरस्त कर दिये हैं। अब विभाग की तरफ से सिर्फ औपचारिक निर्देश जारी किये जायेंगे। इसके लिए 4 अगस्त को ही विधि विधायी विभाग ने महाधिवक्ता को पत्र भेजकर कैविएट दायर करने को कहा था।

इसी बीच शिक्षा विभाग ने 9 अगस्त को सभी संशोधन आदेश निरस्त कर दिया। अब विभागों से संभागवार निरस्तीकरण आदेश जारी किया जायेगा।

भाजपा इस सप्ताह कर सकती हैं 42 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव सर पर हैं। लेकिन कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा अभी तक नहीं की है उम्मीद हैं कि , 06 सितम्बर तक कॉंग्रेस अपने प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी करेगी। वहीं भाजपा ने अपने 21 उम्मीदवारों की टिकट घोषित कर प्रारंभिक घोषणा की है। खबर यह भी हैं कि, इस सप्ताह और कई सीटों पर भाजपा टिकट की घोषणा कर सकती है जिसमें रायगढ़, शक्ति, जांजगीर, जशपुर, बस्तर, चंद्रपुर जैसी प्रमुख सीटें भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार इस सप्ताह भाजपा 42 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करने जा रही है।

इनमे कई ऐसी सीट भी है जहां पर पेंच फंसे होने की बात कही जा रही थी। इन विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवार भी इस दिन घोषित कर दिए जाएंगे। तीसरे और अंतिम चरण में उन सीटों को शामिल किया गया है जहां पर इनके विधायक मौजूद हैं। इसपर भाजपा का नेतृत्व काफी मशक्कत कर रहा है। दरअसल वहां भाजपा को कई जगह कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है ऐसे में सीटिंग विधायक का टिकट कटेगा या नहीं यह तय नहीं हो पा रहा है। भाजपा ने अबतक जिन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है वहां सर्वे के अनुसार भाजपा की जीत के कोई लक्षण नहीं थे।

ऐसे में उम्मीदवारों को अपना प्रचार करने के लिए पूरा वक्त मिलेगा। इसके अलावा इन सीटों पर कांग्रेस पर भी जल्द उम्मीदवारों की घोषणा करने का दवाब बनेगा। खबर यह भी हैं की इस वजह से वहां असंतोष की स्थिति भी बन सकती है जिसका लाभ भाजपा को मिल सकता है।

इन 21 सीटों में से जितनी भी सीट भाजपा जीतेगी वह सरप्लस ही होगा। यहां सीटों की घोषणा के बाद चुनावी धुंध छंट जायेगी। हालांकि कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद उनपर भी जल्द उम्मीदवारों की घोषणा का दवाब बढ़ेगा और वे भी जल्द अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सकते हैं।

बहरहाल भाजपा नेतृत्व के अबतक 63 सीटों के नाम फाइनल कर दिए हैं और उन्हें केंद्रीय कमिटी को भेज दिया गया है, उसपर केंद्रीय कमिटी की मुहर भी लग गई है लेकिन घोषणा होना अभी बाकी है। सूत्रों के अनुसार इसमें रायगढ़, सक्ति, जांजगीर, जशपुर, सरगुजा आई बचे हुए कई सीट, बस्तर के कई सीटों का नाम शामिल है। जल्द ही इन नामों की घोषणा भी हो जायेगी और इसके साथ ही वादे, आरोप और प्रत्यारोप का दौर शुरू हो जायेगा।

चौबे, कवासी, उमेश, अकबर की टिकट पक्की

किसी ने नहीं किया दावा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को कुछ महीने ही शेष हैं, ऐसे में भाजपा ने 21 सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है वहीं कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों को जल्द से जल्द घोषित करने की फिराक में हैं। वहीं प्रदेश के 4 मंत्रियों के विधानसभा से उनके अलावा कोई और दावेदार नहीं है। जिनमें मंत्री रविंद्र चौबे, कवासी लखमा, मो.अकबर और मंत्री उमेश पटेल के खिलाफ कोई दावेदार नहीं है, ऐसे में इन मंत्रियों को टिकट मिलना तय माना जा रहा है। वहीं प्रदेश के अन्य जिलों में जिला कांग्रेस कमेटी 3-3 नाम तय कर भेजेगी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की मीटिंग में इन रायपुर जिले के 7 विधानसभा में भी कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी के नाम भी सामने आए हैं। जिनमे रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, आरंग से मंत्री शिव डहरिया, अभनपुर विधानसभा से विधायक धनेंद्र साहू, वहीं रायपुर उत्तर के पैनल में पहला नाम विधायक कुलदीप जुनेजा, रायपुर ग्रामीण के पैनल में पहला नाम पंकज शर्मा, रायपुर दक्षिण विधानसभा में तीन नामों के बीच अभी भी संशय बना हुआ है, जिनमे प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा, सन्नी अग्रवाल के नाम शामिल है। इसके साथ ही धरसींवा विधानसभा में नए चेहरे को मौका मिलने के संकेत है। इसके साथ ही यह खबर भी है कि अहिवारा में मंत्री गुरु रूद्रकुमार की दावेदारी को लेकर कार्यकर्ताओं में बढ़ते विरोध के चलते नवागढ़ से प्रत्याशी बनाया जा सकता हैं। वहीं कल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सभी दावेदारों के नाम भेजे जायेंगे है।

बिलासपुर-रायपुर के बीच बड़ा रेल हादसा टला

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। ओडिशा के बालासोर की तरह बुधवार की शाम बिलासपुर-रायपुर के बीच दाधादापारा-चकरभाठा के बीच एक ही ट्रैक्र पर मालगाड़ी और एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। जिसके बाद यात्री दहशत में आ गए। वहीं, इस नजारे को देखने के लिए वहां लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि, ट्रेन में टक्कर नहीं हुई और कोई हादसा नहीं हुआ। लेकिन, इसमें रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

बीते जून महीने में बालासोर में एक ही ट्रैक पर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और मालगाड़ी के साथ ही तीन गाड़ियों की टक्कर हो गई थी, जिसमें 288 लोगों की मौत हो गई और 900 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस हादसे की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब 4 बजे बिलासपुर से एक यात्री ट्रेन रायपुर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन दाधापारा स्टेशन से निकलकर चकरभाठा स्टेशन से ओवरब्रिज के पास आकर खड़ी हो गई। इसी दौरान उसके पीछे-पीछे मालगाड़ी आते दिखी, जिसे देखकर यात्रियों में अफरातफरी मच गई और सभी ट्रेन से उतर गए।

आज भी मनाया जाएगा रक्षाबंधन

राशि अनुसार भाई को बांधे रेशम की डोर

भाई की राशि के अनुसार राखी का रंग

रक्षाबंधन का सबसे शुभ मुहूर्त

30 अगस्त को पूरे दिन भद्रा का साया था। कुछ लोग सूर्यास्त के बाद राखी नहीं बांधते. ऐसे में अगर आप 31 अगस्त को रक्षाबंधन मना रहे हैं तो राखी बांधने के लिए ब्रह्मा मुहूर्त को सबसे शुभ माना गया है. आज 31 अगस्त को सुबह 4=26 से 5=14 के बीच राखी बांध सकते हैं।

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन इस साल एक नहीं बल्कि 2 दिनों का मनाया जा रहा है. रक्षाबंधन की तिथि और शुभ मुहूर्त को लेकर सभी में उलझन की स्थिति बन गई है. भद्रा के साये में राखी बांधना शुभ नहीं होता है.माना जाता है कि भद्रा का साया लगने पर किसी भी तरह के मांगलिक और शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं. पौराणिक कथाओं के अनुसार रावण (ऋड्ड1ड्डठ्ठड्ड) की बहन ने उसे भद्रा काल में राखी बांधी थी जिसके बाद उसका वध हो गया था. इसीलिए भद्रा काल में राखी बांधने से बचा जाता है।

रक्षाबंधन पर भद्राकाल कब से कब तक

30 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन सुबह 10.59 से भद्रा लग जाएगी और इसका समापन रात्रि 9.02 पर होगा. ऐसे में रक्षाबंधन पर पूरे दिन भद्रा का साया रहने वाला है. इसलिए आप भद्रा समाप्त होने के बाद ही रात्रि में भाई को राखी बांधे. या फिर अगले दिन 31 अगस्त को सुबह 07.04 तक भी राखी बांध सकते हैं।

प्रदेश सरकार डेंगू के इलाज के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय आंकड़ों को छिपाकर अपनी चमड़ी बचाने में लगी है : भाजपा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने डेंगू के बढ़ते कहर पर चिंता जाहिर कर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है कि प्रदेश के हर जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार फैल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार खामोश बैठी है, उसे न तो मरीजों की चीत्कार सुनाई दे रही है और न ही डेंगू फैलाव नजर आ रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह तार-तार हो चुकी है और सरकारी अस्पतालों की बदहाली के चलते डेंगू के मरीजों को विवश होकर निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है जहाँ एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट जमा किए बिना आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज का खर्च वसूलने के लिए क्लेम किया जा रहा है।

भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज राजधानी समेत पूरे प्रदेश में डेंगू का कहर दिख रहा है और लोगों की जानें जा रही हैं, लेकिन ऐसे समय में भी प्रदेश सरकार बजाय इलाज के पुख्ता इंतजाम करने के आँकड़ेबाजी करने और सही आँकड़ों को छिपाकर केंद्र सरकार को गलत रिपोर्ट देकर अपनी चमड़ी बचाने में लगी है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज राजधानी समेत प्रदेश के अमूमन सभी शहरों, नगरों, कस्बों के मोहल्लों में हर परिवार डेंगू के कहर से जूझ रहा है और अपनी चमड़ी बचाने में लगी प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में डेंगू से लोगों की जान बचाना नहीं है, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। चिकित्सा शिक्षा से जुड़े डॉ. विष्णु दत्त भी एक सप्ताह से डेंगू का इलाज अंबेडकर अस्पताल में करा रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश में डेंगू का प्रकोप भयावह हो चला है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार को आज डेंगू की रोकथाम के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है।

राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता छोड़ बघेल व सिंहदेव लोगों की जान बचाने की दिशा में पुख्ता पहल करें : संजय श्रीवास्तव

भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने राजधानी में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की डेंगू से हुई मौतों का जिक्र करते हुए कहा कि डेंगू के चलते प्रदेश में हँसते-खेलते परिवार उजड़ रहे हैं। अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को छोड़कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव को लोगों की जान बचाने की दिशा में पुख्ता पहल करनी चाहिए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के ही क्षेत्र अंबिकापुर में 4 नवजात शिशुओं की हुई मृत्यु को दुर्भाग्यपूर्ण है, जहाँ एक सरकारी अस्पताल में बिजली गुल होने से वेंटीलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट बंद होने के कारण ये मौतें हुईं। यह प्रदेश सरकार के नाकारापन का प्रमाण है कि प्रदेश में इलाज के अभाव में 40 हजार माताओं की गोद सूनी हो गई। प्रदेश सरकार ने खुद विधानसभा में 39,267 बच्चों की मौत समुचित इलाज के अभाव में होने की बात स्वीकार की है।

जवाहर यादव बने लिपिक संघ के जिला अध्यक्ष, इदरीश खान संरक्षक बने



रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रोहित तिवारी ने रायपुर राजधानी के वरिष्ठ कर्मचारी नेता इदरीश खान को लिपिक संघ का संरक्षक तथा जवाहर यादव सहायक ग्रेड 2 जल संसाधन विभाग बोध घाट परियोजना को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ की एक बैठक ओसीएम चौक स्थित जल संसाधन विभाग में संपन्न हुई। जिसमें इदरीश खान एवं जवाहर यादव ने अपने सैकड़ो कर्मचारी साथियों के साथ लिपिक वर्ग की सदस्यता ग्रहण की तथा लिपिकों के वेतन में विसंगति व अन्य चुनावी घोषणा पत्र में शामिल मांगों को पूरा करने का संकल्प पारित किया है।

गुंडा व निगरानी बदमाशों की कंट्रोल रूम परिसर में ली हाजिरी

भिलाई नगर, 30 अगस्त। शलभ कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक दुर्ग व्दारा बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने तथा आगामी विधान सभा चुनाव 2023 एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये निगरानी गुण्डा बदमाशों की चेकिंग करने हाजिरी लगाने, उनका गुजर बसर की तस्दीक करने आपराधिक कृत्यों से दूर रहने, किसी भी प्रकार का कहीं भी कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यवाही करने निर्देशित किया था। जिसके पालन में आज संजय कुमार ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) व्दारा क्षेत्र के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को पुलिस कंट्रोल रूम, भिलाई में तलब कर उपस्थित निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को सामाजिक परिवेश में बने रहने, किसी भी आपराधिक कृत्यों में संलग्न नहीं रहने, कहीं भी किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं करने, किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर ठोस कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु सख्त हिदायत दी गई। 180 से अधिक उपस्थित हुए। इस दौरान इनके बारे मे गुजर बसर के बारे मे पूछताछ कर हाजिरी लिया गया जो उपस्थित नहीं सके उनका अनुपस्थिति रिपोर्ट डाला गया पृथक से तलब करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया।

चलती ट्रेन से उतरते समय युवक का पैर फिसला, दोनों पैर कटे

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रेल से हो रही दुर्घटनाओं का सिलसिला नहीं थम रहा है. राजधानी के सरस्वती नगर स्टेशन पर भी चलती हुई ट्रेन से उतरने के फेर में एक युवक के दोनों पैर कट गया। दरअसल चलती गाड़ी से उतरते समय युवक की लापरवाही से उसके दोनों पर पहिए के नीचे आ गए जिससे गाड़ी दो विलंब हुई है, साथ ही उसने अपने दोनों पैर गवा दिए लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इतनी हड़बड़ी क्या है कि लोग अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं।

प्रदेश के मुख्य सचिव ने कलेक्टरों आला अफसरों की ली वर्चुअल बैठक

खैरागढ़, 30 अगस्त। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आला अफसरों और कलेक्टरों की वर्चुअल बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में चुनावी तैयारियों की जानकारी, अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और सडक़ निर्माण आदि पर चर्चा कर निर्देशित किये। वर्चुअल बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा भी उपस्थित हुये। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू अर्जन के जितने भी लंबित मामले हैं, उनका जल्द निराकरण करें। उन्होंने यह भी कहा कि सडक़ सहित अन्य मामले जिसमें किसी प्रकार की कठिनाई हो, भू-अर्जन के मामले का निराकरण करें। बैठक में आगामी विधानसभा की चुनावी तैयारियों की जानकारी लेकर विशेष निर्देश दिये। इसके साथ ही अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि कलेक्टर अपनी टीम तैयार कर जिले में मॉनिटरिंग करें. स्वच्छ भारत मिशन में प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कार्य हुआ है। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नेहा कपूर, जिला पंचायत नोडल दिलीप कुर्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सुशील शुक्ला को संचार विभाग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा मिली



रायपुर, 30 अगरस्त। प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने कांग्रेस मीडिया विभाग की नई सूची जारी की है। इसके साथ ही संयुक्त महासचिवों की भी नियुक्ति की गई है।

कांग्रेस मीडिया विभाग में नए-पुराने नेताओं को मिलाकर प्रवक्ताओं और मीडिया पैनलिस्ट की बड़ी लिस्ट जारी की गई है।नई सूची के अनुसार, सुशील आनंद शुक्ला को संचार विभाग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा मिली है। वहीं सुरेन्द्र शर्मा, शिशुपाल शोरी,आर पी सिंह ,धनंजय सिंह,घनश्याम राजू तिवारी,सहित 7 वरिष्ठ प्रवक्ता के लिस्ट में शामिल किये गए हैं। श्री कुमार मेमन,वंदना राजपूत,नितिन भंसाली,श्रीमती कांति बंजारे,रूपेश दुबे,प्रकाश मनी प्रवक्ता बनाए गए हैं।टीबी डिबेट के लिए 39 मीडिया पैनेलिस्ट नियुक्त किये गए हैं। वहीं 7 कार्यकर्ता मीडिया समन्वयक बनाए गए हैं।

यथार्त के आधार पर होगा घोषणा पत्र : अमर अग्रवाल

भाटापारा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के घोषणा पत्र समिति के सह-संयोजक अमर अग्रवाल भाटापारा पहुंचे। सबसे पहले विधायक शिवरतन शर्मा के साथ शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय-विधि महाविद्यालय के छात्रा- छात्राओं, कृषि उपज मंडी में किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों, सब्जी व्यापारियों, पेंशनर भवन में रिटायर अधिकारी- कर्मचारियों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक फेडरेशन, दैनिक वेतन भोगी, प्रदेश शिक्षक सेवी संघ, अधिवक्ता संघ, सविंदा कर्मचारी, सफाई कर्मचारी संघ, मितानीन व स्व- सहायता समूह के साथ विस्तार से चर्चा कर घोषणा पत्र के लिए लिखित और मौखिक सुझाव लिए।

तत्पश्चात अमर अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने भाजपा कार्यालय भाटापारा में प्रेसवार्ता की। अमर अग्रवाल ने बताया कि, घोषणा पत्र के लिए भाजपा को वाट्सअप के जरिए 20 हजार सुझाव मिले हैं, वहीं मेल आईडी के जरिए 05 हजार सुझाव आए हैं। अमर अग्रवाल ने बताया कि, 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेजी गई सुझाव पेटियों से भी लोगों के सुझाव बड़ी संख्या में मिल रहे हैं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि, जनता से जिस प्रकार के सुझाव मिल रहे हैं, वे बता रहे हैं कि, लोगों का विश्वास भाजपा पर है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों की शिकायतें भी मिल रही हैं। अग्रवाल ने कहा कि, सरकार ने पौने 05 साल में किसान और जनता को जो दिया उससे ज्यादा वसूल भी किया। अमर अग्रवाल ने कहा कि युवाओं से बेरोजगारी भत्ते, भर्ती में गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। नामांकन, सीमांकन में भी लोगों के साथ छल हुआ है। अमर अग्रवाल ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों को कर्जदार बना दिया है। अमर अग्रवाल ने कहा कि, आम जनता ने शिकायतों के साथ भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा के घोषणा पत्र में जनभावना का ख्याल रखा जायगा। इतना ही नहीं बल्कि, गुड गवर्नेंस की छाप भाजपा के घोषणा पत्र में दिखाई देगी। हमारा घोषणा पत्र यथार्त के आधार पर होगा। उक्त कार्यक्रम में सनम जांगड़े,राकेश तिवारी, मोहन बांधे, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, टेसुलाल धुरंधर, मनिदर गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, सतीश सोनी, व्यास यदु, आशिष पुरोहित, लाला शर्मा, अभिषेक मिश्रा, नीरा साहू, सुरेश यदु, धनीराम साहू, देवक साहू, कान्हा मिश्रा, मेहुल, बृजेश निषाद, राजेश, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

2 सितंबर को तीज महोत्सव

रायपुर, 30 अगस्त। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की महिला विंग की ओर से तीज महोत्सव 2 सितंबर को मनाया जाएगा। जिसमें बॉलीवुड तंबोला भी साथ में खेला जाएगा। कार्यक्रम होटल वुड केसल मैग्नेटो मॉल के बाजू में रखा गया है। जिसमें आकर्षक उपहार रखे गए हैं।

- सिंधी काउंसिल की महिला विंग का आयोजन
- सांसद सोनी और विधायक बृजमोहन ने पोस्टर का विमोचन किया

कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सांसद सुनील सोनी और विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने किया। हीरे के हार, सोने के सिक्क, हीरे की अंगूठी और 200 से ज्यादा अलग अलग प्रकार की गिफ्ट उपहार में दिए जाएंगे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल के साथ विधायक बृजमोहन, सांसद सुनील सोनी और शदाणी दरबार के सचिव उदय शदाणी शामिल होंगे। इनके अलावा सिंधी एकेडमी के अध्यक्ष राम गिडलानी भी उपस्थित रहेंगे। सिंधी काउंसिल महिला विंग की महामंत्री राशि बलवानी ने कहा कि अहमदाबाद गुजरात से लय अंतानी अपनी टीम के साथ बॉलीवुड तंबोला खिलाएंगे। वहीं एंकर लक्ष्मी सिंह साथ में मुंबई से बॉलीवुड डांस गुप्र अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षक उपहार डायमंड नेकलेस, डायमंड इयरिंग सोने की गिन्नी एटी ज्वेलर्स की ओर से दिए जाएंगे। इसके साथ में तीज चीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट मेकअप, बेस्ट ज्वेलरी, बेस्ट मेहंदी, बेस्ट हेयर स्टाइल इसके अलावा नेल आर्ट, एस्ट्रोलॉजर, मीनाक्षी सैलून एवम अष्टविनायक रियलिटी और श्री शिवम द्वारा बहुत से आकर्षक उपहार रखे गए हैं। सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, सिंधी काउंसिल महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी, नीलम कुकरेजा,जूही दरयानी, लक्ष्मी चंचलानी, ईशा वाधवानी, सोनिया निंज्यानी, आशा सचदेवए विनीता जसूजा, मानसी कुकरेजा, रिया जयसिंघानी,प्रिया मलंग,श्वेता सिधवानी भी पोस्टर विमोचन के दौरान मौजूद रहे।

निधन

देवांतीन वर्मा

पलारी, 30 अगस्त। तुकाराम वर्मा की माता देवनतीन वर्मा (पठारीडीह) वाली का आकस्मिक निधन आज दोपहर ग्राम जघलोर में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार पलारी के मुक्तिधाम में शाम को किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजनों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



धनीराम मल्होत्रा

भिलाई नगर, 30 अगस्त। नेहरू नगर पूर्व निवासी 84 वर्षीय धनीराम मल्होत्रा का निधन 30 अगस्त को हो गया। उनकी इच्छा अनुसार उनके देह को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु दान किया गया है। वे सुरेश मल्होत्रा के पिता थे।

रक्षाबंधन पर कई घरों में भाई बनकर पहुंचते हैं समाजसेवी छगन यादव

गरियाबंद, 30 अगस्त। रक्षाबंधन ऐसा पर्व है जहां भाई की कलाई सुनी न रहे और हर बहन को राखी बांधने कलाई मिले इसकी सभी कामना करते है। इसे देखते हुए नगर के समाज सेवी छगन यादव ने अपने वार्ड के उन बहनो और वृद्धजनों से रखी बँधवाई जिन बहनो के भाई नहीं रहे या किसी वजह से उनके भाई शहर से बाहर है। ऐसी कई बहनो ने बुधवार छगन को राखी बांधी। इनमें से एक कुंडों बाई यादव ने बताया कि उनका भाई अब दुनिया में नही है, रक्षाबंधन में वे उसे याद कर दुखी रहती थी पर अब छगन उनके यहां राखी बंधवाने आता है, उसकी देखरेख करता है, अपने भाई की कमी महसुस नही होने देता। वही 85 वर्षीय कमला बाई यादव ने बताया उनका और वार्ड की कई महिलाओ के भाई शहर से बाहर रहते है, ऐसे में छगन कलाई में राखी बांधकर इस पर्व और परम्परा को निभा रहे है। हम सभी बहने यही चाहते हैं कि वह हमेशा स्वस्थ रहें और शहर की सेवा करते रहें। इधर समाज सेवी छगन ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हे कई बहिने मिली है जो उनकी कलाई में राखी सजाती है, उनके लिए दुआ करती है। वही उन्हे उनकी सेवा का अवसर मिलता है। छगन ने मार्मिक रूप से कहा कि रक्षाबंधन में ना किसी भाई की कलाई सुनी रहे और ना ही कोई बहन भाई की कलाई में राखी बांधने से वंचित रहे। भाई बहन दोनो के जीवन में खुशिया रहे, इसके लिए ही वे यह प्रयास करते है।

नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा के प्रयास से छत्तीसगढ़िया संस्कृति से जुड़े भोजली घाट का निर्माण हुआ पूरा

बालोद, 30 अगस्त। नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया की छत्तीसगढ़िया संस्कृति में भोजली तिहार का बहुत महत्व है। जिस प्रकार भोजली एक सप्ताह के भीतर खूब बढ़ जाती है, उसी प्रकार हमारे खेतों में फसल दिन दूनी रात चौगुनी हो जाय। कहते हुए महिलाएं जैसे भविष्यवाणी करती हैं कि इस बार फसल लहलहायेगी और वे सुरीले स्वर में लोकगीत गाती हैं। छत्तीसगढ़ में भोजली का त्योहार रक्षा बंधन के दूसरे दिन मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्पराओं के मूल में अध्यात्म एवं विज्ञान है। यहाँ लोकाचार भी अध्यात्म से पोषित होता है और विज्ञान की कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही परम्पराओं की निसेनी तक पहुँचता है। यहाँ का लोक विज्ञान समृध्द है। हमारा छत्तीसगढ़ च्च धान का बौटका च्च है। यहाँ धान की शताधिक किस्में बोई जाती हैं। धान छत्तीसगढ़ की आत्मा है। भोजली के लोकगीत है जो श्रावण शुक्ल नवमी से रक्षाबंधन के दुसरे दिन तक छत्तीसगढ़ के गांव गांव में गूंजते है और भोजली माई के याद में पूरे वर्ष भर गाए जाते है। छत्तीसगढ़ में बारिस के रिमझिम के साथ कुंआरी लडकियां एवं नवविवाहिताएं औरतें भोजली गाती है। भोजली को घर के किसी पवित्र स्थान में छायेदार जगह में स्थापित किया जाता है। दाने धीरे धीरे पौधे बनते बढते हैं, महिलायें उसकी पूजा करती हैं एवं जिस प्रकार देवी के सम्-?मान में देवी की वीरगाथाओं को गा कर जवांरा जस सेवा गीत गाया जाता है वैसे ही भोजली दाई के सम्-?मान में भोजली सेवा गीत गाये जाते हैं। सामूहिक स्-?वर में गाये जाने वाले भोजली गीत छत्-?तीसगढ की शान हैं। महिलायें भोजली दाई में पवित्र जल छिडकते हुए अपनी कामनाओं को भोजली सेवा करते हुए गाती हैं भादो कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को भोजली का विसर्जन किया जाता है। भोजली सेराने की यह प्रक्रिया बहुत ही सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में अत्यन्त भाव पूर्ण ढंग से सम्पन्न होती है। मातायें-बहनें और बेटियाँ भोजली को अपने सिर पर रखकर विसर्जन के लिए धारण करती हैं और भजन मण्डली के साथ बाजे-गाजे के साथ भाव पूर्ण स्वर में भोजली गीत गाती हुई तालाब की ओर प्रस्थान करती हैं। संध्या 4 बजे भोजली लेकर गांव की बालिकाएं गांव के चौपाल में इकट्ठा होती हैं और बाजे गाजे के साथ वे भोजली लेकर जुलूस की शक्ल में पूरे गांव में घूमती हैं। गांव का भ्रमण करते हुए गांव के गौंटिया/मालगुजार के घर जाते हैं जहां उसकी आरती उतारी जाती है फिर भोजली का जुलूस नदी अथवा तालाब में विसर्जन के लिए ले जाया जाता है। नदी अथवा तालाब के घाट को पानी से भिगोकर धोया जाता है फिर भोजली को वहां रखकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है और तब उसका जल में विसर्जन किया जाता है।

हड़ताली कर्मचारियों पर सरकार ने दमनचक्र चलाया : विजय झा

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आवाहन पर 21 अगस्त से जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन के आज दसवें दिन रक्षाबंधन त्यौहार पर आंदोलन को राज्य सरकार ने कुचलने का कुचक्र चलाया है।

कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कल्याण संध टार्जन गुप्ता ने बताया है कि आज महिला नर्सिंग की बहनें रक्षाबंधन होने के कारण मुख्यमंत्री निवास रक्षाबंधन बांधने के लिए गए थे। वे एक बहन के रूप में अपने भाई से रक्षा की उम्मीद लगाएं, भारत के सबसे बड़े त्यौहार भाई बहन का रक्षाबंधन मनाने गए थे। लेकिन पुलिस ने महिलाओं को दुत्कार कर भगा दिया गया। भाई का बहन और बहन के भाई की रक्षा नहीं हुई। दूसरी ओर महामहिम राष्ट्रपति आगमन व श्री राहुल गांधी के प्रवास के बहाने बूढ़ातालाब धरना स्थल से तूता भेजने वाली सरकार अब उन्हें हटाकर स्टेडियम भेज दिया है। श्री झा ने कहा है न सर झुका के जियो, न सर झुका के जियो। महामहिम राष्ट्रपति और श्री राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ क्या हो रहा है इसे वस्तुस्थिति से अवगत होना चाहिए। लेकिन राज्य सरकार अपनी कमजोरी व वादाखिलाफी को छुपाने के लिए ऐसा कर रही है। आज आंदोलनकारी टार्जन गुप्ता, इकबाल हुसैन, डॉ वी के पेंगवार, प्रवीण डिढवाशी, डॉ केशव साहू, रीना राजपूत प्रदेश अध्यक्ष कल्याण संघ,सुमन शर्मा, आर के अवस्थी आदि ने रक्षाबंधन जैसे त्यौहार में स्वास्थ्य कर्मचारियों के उपेक्षा व चर्चा न करने की निंदा की है।

रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई
सीता गृह उद्योग
झाडू, पत्तल, हार्डवेयर, सेनेटरी वेयर, बाथरूम सामग्री, ब्रश इत्यादि के थोक व चिल्हर विक्रेता एवं झाडू, पोछा, पेपर गिलास थाली के थोक विक्रेता
कुन्दन भक्त
मो. 99937-34467
मो. 98264-13778
मो. 98271-67800
पता- डुमरतराई एवं गुढ़ियारी डागा फटाका दुकान के बाजू सीता गृह उद्योग गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.)

19 साल बाद त्रियोग में रक्षाबंधन

सावन पूर्णिमा आज भी

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। देशभर में आज रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। लेकिन इसकी तारीख और समय को लेकर लोगों में कंफ्यूजन है। सावन पूर्णिमा 30 और 31 अगस्त दोनों दिन रहेगी हालांकि 31 अगस्त की सुबह करीब 7.35 बजे पूर्णिमा खत्म हो जाएगी। पंचांगों में आज ही रक्षाबंधन मनाने की सलाह दी गई है।

रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य डा दत्तात्रेय होस्केरे के अनुसार 19 साल बाद त्रियोग में रक्षाबंधन होने जा रहा है। वैदिक पंचांग के अनुसार श्रावण महीने की पूर्णिमा तिथि यानी आज 30 अगस्त को सुबह 10 बजकर 58 मिनट से शुरू हो जाएगी। लेकिन इसी के साथ भद्रा भी लग जाएगी। भद्राकाल में राखी बांधना अशुभ माना जाता है। भद्रा का समापन 30 अगस्त को रात 9 बजकर 01 मिनट पर होगा। आज रात 09 बजकर 03 मिनट से 31 अगस्त 2023 की सुबह 07 बजकर 07 मिनट तक राखी बांधने के लिए शुभ समय है। आज भद्रा के कारण राखी बांधने का मुहूर्त दिन में नहीं है। इस दिन रात में 9 बजे के बाद राखी बांधने का मुहूर्त है। इसके अलावा 31 अगस्त को सावन पूर्णिमा सुबह 07 बजकर 07 मिनट तक है और इस समय में भद्रा नहीं है। ऐसे में 31 अगस्त को सुबह 7 बजे तक बहनें भाई को राखी बांध सकती हैं।

कैदी भाइयों के हाथों में बहनें नहीं बांध पाई राखी

रायपुर सेंट्रल जेल में कैद भाईयों को इस बार भी उनकी बहनें कलाई पर राखी नहीं बांध पाई। दरअसल सेंट्रल जेल में इन दिनों आई फ्लू का संक्रमण फैला हुआ है। वहीं कोराना वायरस का संक्रमण पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ है। इस वजह से कैदियों के स्वजनों को जेल के भीतर आने पर जेल प्रशासन ने पाबंदी लगा रखी थी। ऐसे में बुधवार को कई बहनें राखी लेकर बांधने के लिए जेल के मुख्य द्वार पर पहुंची तो उन्हें निराशा हाथ लगी। जेल प्रशासन ने राखी लेकर बहनों को वापस लौटा दिया। रायपुर सेंट्रल जेल में हर साल राखी त्योहार पर मेले जैसा माहौल रहता था। हजारों की संख्या में बहनें अपने कैदी भाइयों को राखी बांधने पहुंचती थी। साथ ही स्वजन सहित अन्य भी मिलने और बातचीत कर दुख.सुख बांटने आते थे। इस अवसर पर जेल प्रशासन भी अपनी ओर से पूरी व्यवस्था रखता था, लेकिन इस बार राखी पर्व पर स्वजनों के अंदर आने पर मनाही होने के कारण राखी लेकर पहुंची बहनों को लिफाफे में रखकर राखी को काउंटर पर जमा करना पड़ा। राखी से भरे इन लिफाफों को गुलाबी डिब्बों में एकत्रित कर जेल प्रशासन ने कैदियों को उपलब्ध कराया।

रायपुर सेंट्रल जेल में आई फ्लू का कहर

चार साल से लगातार पाबंदी: यह लगातार चौथा साल है, जब बहनें केंद्रीय जेल में कैद अपने भाइयों की कलाई पर राखी नहीं बांध पा रही हैं इस साल को छोड़कर बीते तीन सालों तक कोरोना संक्रमण की वजह से कैदी भाइयों से बहनों की मुलाकात पर प्रतिबंध लगाया गया था। कोरोना का असर खत्म होने के बाद इस बार बहनों को उम्मीद थी कि वे अपने भाइयों को राखी बांध पाएंगी लेकिन जेल उप महानिरीक्षक एसएस तिग्गा ने एक आदेश जारी कर बहनों की आशा को निराशा में बदल दिया है।

फोन पर कराई गई बहनों, स्वजनों से बात

जेल अधीक्षक एसएस तिग्गा ने जारी आदेश में कहा है कि रक्षा बंधन पर्व पर प्राप्त राखियों को पूरी तरह से सेनेटाइज करके ही कैदी भाईयों को दिया जाए। साथ ही आवश्यकतानुसार पुरूष, महिला कैदियों की उनके स्वजनों से प्रिजन कालिंग सिस्टम के जरिए बात कराया जाए। इस आदेश के बाद देर शाम को कई कैदी भाईयों ने अपनी बहनों व स्वजनों से फोन पर बातचीत कर एक दूसरे का दुख.दर्द बांटा।

बहन से लव मैरिज करने पर दोस्त की हत्या

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई है। युवक की हत्या उसके ही एक पुराने दोस्त ने की है।

- **चाकू से पेट और पीठ पर किए तीन वार**
- **दो महीने पहले ही हुई थी शादी**

इस हत्या की असल वजह आरोपी की मुंहबोली बहन के साथ दोस्त ने पहले अफेयर किया। फिर मौका देखकर उन्होंने छिपकर लव मैरिज कर ली। जिसके बाद से दोनों दोस्तों के में दुश्मनी हो गई थी। फिलहाल तेलीबांधा पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक नीरज नंदा श्याम नगर तेलीबांधा में रहता था। वो समान खरीदने बेचने का धंधा करता था। वहीं पास में उसका दोस्त राजेन्द्र राजपूत भी रहता है। दोनों पुराने अच्छे दोस्त थे। इसी बीच नीरज को राजेंद्र राजपूत की मुंह बोली बहन से प्यार हो जाता है। दोनों ने अफेयर के बाद 2 महीने पहले ही शादी की थी। ये बात आरोपी राजेन्द्र को पंसद नही आई। तभी से दोनों के बीच कहासुनी हुई और फिर वो आपसी दुश्मनी में बदल गई।

दोनों को लगता था एक दिन हत्या होगी: पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों के बीच आपसी दुश्मनी बहुत ज्यादा बढ़ चुकी थी। मृतक और आरोपी दोनों को ये लगता था कि सामने वाला हमें मौका मिलते ही जान से मार देगा। फिर हुआ भी कुछ ऐसा ही मंगलवार की रात साढ़े 11 बजे के करीब नीरज अपने घर के पास मौजूद था। तभी राजेंद्र चाकू लेकर वहां पहुंचा। उसने नीरज के पीठ और पेट में चाकू से 3 वार कर दिए। जिससे वो लहूलुहान होकर जमीन में गिर पड़ा। जिससे शरीर से खून बहने से उसकी मौत हो गयी। इस मामले को लेकर तेलीबांधा टीआई फैजल होदाशाह ने बताया कि आरोपी कल रात हत्या करके फरार हो गया था। जिसे आज दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या की वजह आपसी दुश्मनी सामने आई हैं। अब इस मामलें में आगे की कार्यवाई की जा रही है।

डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को सामाजिक समरसता सम्मान

रायपुर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। विलुप्त इतिहास के पन्नों में दबे कोहिनूर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. अनंतराम बर्छिहा जयंती एवं सामाजिक समरसता सम्मान समारोह का आयोजन 28 अगस्त को कौशल धाम चंदखुरी बस्ती में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को अतिथियों के करकमलों से सामाजिक समरसता सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रविशंकर धीवर प्रथम अध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी, अध्यक्षता कर रहे मा. प्रणय वर्मा अधिवक्ता एवं अध्यक्ष जयंती आयोजन समिति, कार्यक्रम संयोजक एवं संचालक मा. उमाकांत वर्मा विशिष्ट अतिथि रमेश यादु, राकेश तिवारी वरिष्ठ लोक कलाकार, शोभाराम वर्मा, रमेश पटेल लोधी, तोषी साहित्यकार, एवं समस्त ग्रामवासी चन्दखुरी उपस्थित थे।

रायपुर के मानिक ताम्रकार और दिलीप पटेल को स्टेट में गोल्ड मेडल मिला

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। 27 अगस्त को चिरमिरी में आयोजित पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस की प्रतियोगिता में रायपुर जिला के दो पावर लिफ्टर को गोल्ड मेडल मिला दोनो लिफ्टर वर्तमान में ताम्रकार गोल्ड जिम न्यू चंगोरा में अभ्यास करते है पहला मेडल मास्टर वर्ग एक से दिलीप कुमार पटेल ने लिया जबकि दूसरा मेडल मानिक ताम्रकार ने लिया प्रतियोगिता एक दिवसीय था प्रतियोगिता का मुख्य निर्णायक ऊदल वाल्मीकि दुर्ग रामनगिना भिलाई अमित रामटेके सोहन वर्मा रायपुर सागर दास धर्मेंद्र दास चिरमिरी राजा पवार सुधांशु जायसवाल चांपा सक्ति प्रदीप भिलाई महिला में कुमारी राजमणि सिंह बिलासपुर थे कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र दास ने किया दोनो गोल्ड मेडलिस्ट को शिव मोहन शुक्ला हरिबल्लभ अग्रवाल हेमंत परमाले कुंदन सिंह ठाकुर रायपुर जिला जिम एसोसिएशन के सचिव पोषण बांधे छग पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष लखपति सिंदूर ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए।

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, अपचारी बालक हिरासत में

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने कबीर नगर थाना अंतर्गत खुशी कालोनी में हुई चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है इस दौरान एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया हैं। बताया गया कि प्रार्थी संजय देवांगन ने थाना कबीर नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सीता नगर खुशी कॉलोनी के पीछे स्वयं के मकान में रहता है। 23 जून के सुबह प्रार्थी की माता एवं बहन पूजा कार्यक्रम हेतु राजिम गये थे जिसके बाद प्रार्थी तथा उसके पिता घर में ताला लगाकर काम पर चले गये था। प्रार्थी को शाम करीबन 5.00 बजे उसके पड़ोसी ने सूचना दिया कि उसके घर के बाहर गेट में लगा ताला टूटा हुआ है सूचना पर प्रार्थी घर जाकर देखा तो पाया की घर के बाहर के गेट तथा मेनगेट में लगा ताला टूटा हुआ था घर अंदर जाकर देखा तो पाया कि आलमारी का एक पल्ला मुड़ा हुआ था तथा उसमें रखा सोने चांदी का जेवरात एवं नगदी रकम नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर के दरवाजे में लगे ताला को तोड़कर अंदर प्रवेश कर घर अंदर रखे आलामारी के पल्ले को तोड़कर उसमें रखे मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 454 380 भादविण् का अपराध पंजीबद्ध किया गया है ।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीर नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित उसके परविार के सदस्यों से विस्तृत पूछताछ कर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही.कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में कबीर नगर निवासी 01 बालक जो विधि के साथ संघर्षरत है को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की सोने चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 1,00,000 रूपये जप्त कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया। विधि के साथ संघर्षरत बालक पूर्व में भी थाना कबीर नगर एवं गुढ़ियारी से चोरी के प्रकरणों में बाल सम्प्रेक्षण गृह माना में निरूद्ध रह चुका है।

निर्माणाधीन मकान से छड़ की चोरी, आरोपी युवक गिरफ्तार

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने निर्माणधीन मकान से छड़ चोरी के मामले को सुलझा लिया हैं। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया हैं बताया गया कि प्रार्थी मोहनीश एस आनंद ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बी.2,19 उदला सोसायटी से.01 टाटीबंध रायपुर में रहता है तथा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम करता है। प्रार्थी का ग्राम कुरूद क्षेत्रांतर्गत कृष्ण विहार सोसयाटी में मकान निर्माण नाली निर्माण का काम चल रहा है जिसके हेतु प्रार्थी ने लगभग डेढ़ टन जी.के टीएमटी सरिया छड़ को कृष्ण विहार सोसयाटी के खुली जगह पर रखा था। 27 अगस्त की दोपहर 3.00 बजे कृष्ण विहार सोसायटी में जाकर अपने रखे हुए डेढ़ टन सरिया छड़ को देखा तो उसमें लगभग 750 किलोग्राम कुल 07 बंडल सरिया छड़ नही था। कोई अज्ञात चोर कृष्णा विहार सोसायटी में रखा कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु प्रार्थी का सरिया छड़ को चोरी कर ले गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर घटना में संलिप्त मंदिर हसौद निवासी टीकाराम पटेल को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करना पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 05 बंडल जी.के टीएमटी सरिया छड़ जुमला कीमती लगभग 30,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

स्टंटबाजों पर खाकी का एक्शन

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कुछ दिन पहले मंदिर हसौद थाना क्षेत्रांतर्गत अटल नगर नवा रायपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा आम रोड में दोपहिया वाहनों में स्टंट किया जा रहा था जिससे दुर्घटना की संभावना थी, युवकों के स्टंट का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, वायरल वीडियो को पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने गंभीरता से लिया, जिसके बाद एसएसपी प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों को वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी कर आवश्यक कर्रवाई करने को निर्देशित किया गया, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मंदिर हसौद थाना और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने वीडियो में दिख रहे दोपहिया वाहन और व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए व्यक्तियों की पहचान जितेन्द्र वर्मा चरोदा, धरसींवा, सुनील कुमार साहू, भानसोज, आरंग, और निरंजन साहू गोंदवारा, खमतराई, के रूप में की गई, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफथाना मंदिर हसौद में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उनके कब्जे से स्टंट में प्रयुक्त ड्यूक बाइक, बुलेट और स्पलेण्डर प्लस जब्त किया गया है

- **पुलिस ने जब्त की बाइक**
- **आईजी के निर्देश पर हुई कार्रवाई, अपराध भी दर्ज**

120 फीट ऊंचे चंद्रयान-3 के माडल में विराजेंगे गणपति

कोलकाता के कलाकार तैयार कर रहे प्रदेश का सबसे बड़ा पंडाल

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवपर भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि का असर राजधानी रायपुर में गणेशोत्सव के लिए बन रहे पंडालों में दिखाई दे रहा है। इस साल गणेश उत्सव 19 सितंबर से शुरू होगा। गणेश उत्सव को लेकर राजधानी में कई बड़ी गणेश उत्सव समितियां विशेष थीम आधारित में बड़े.बड़े पंडाल तैयार करवा रही हैं। कालीबाड़ी में इस बार चंद्रयान.3 के जैसा 120 फीट ऊंचा और 70 फीट चौड़ाई का पंडाल बनाया जा रहा है। आकर्षक झांकी बनाने में कोलकाता से कारीगर आए हुए हैं। वहीं कोलकाता के 30 कारीगर इस काम में दिन.रात जुटे हुए है।

चंद्रयान-3 में विराजेंगे भगवान गणेश : जय भोले गुप्र के परमवीर सिंह ने बताया कि कालीबाड़ी समिति चंद्रयान.3 थीम पर कोलकाता के कारीगरों से आकर्षक पंडाल तैयार करवा रही है। 120 फीट ऊंचे पंडाल का आकार आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा सेंटर से लाचिंग के लिए तैयार चंद्रयान.3 के जैसा दिखेगा। इसी पंडाल के भीतर विघ्न नाशक गणपति विराजेंगे।

भोले बाबा की जटा में दिखेंगी पूरी सृष्टि : समिति का दावा है कि छत्तीसगढ़ का यह सबसे बड़ा पंडाल चंद्रयान.3 के रूप में होगा। 120 फीट ऊंचा एवं 70 फीट चौड़ाई का यह पंडाल सबसे आकर्षक पंडाल रहेगा जिसकी चर्चा पूरे छत्तीसगढ़ में रहेगा। रेणुका राणा कृष्ण मूर्ति कला केंद्र के द्वारा भगवान श्री गणपति जी की मूर्ति पिछले तीन महीने से बनाई गई जा रही है। मूर्ति की ऊंचाई 17 फीट और चौड़ाई 26 फीट है इसमे नौ ग्रह का रूप दिया हुआ है। इसमे एलियंस चांद में खड़े होकर तिरंगा लहरा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में पहली बार इस रूप में गणेश जी की मूर्ति बनी है और भोले बाबा की जटा में पूरी सृष्टि दिखायी गई है ।यह अपने आप में एक आकर्षक झांकी होगा।

गांजा ब्रिकी की फिराक में घूम रहा युवक पकड़ाया

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित नया बस स्टैण्ड में एक व्यक्ति अपेन पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर थाना प्रभारी टिकरापारा को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अब्दुन शहबाज निवासी टिकरापारा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी अब्दुल शहबाज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 09 किलो 900 ग्राम गांजा कीमती लगभग 1,00,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

कालेजों में प्रवेश जारी, विश्वविद्यालय को पता ही नहीं, अब तक कितने छात्रों ने लिया एडमिशन

रायपुर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन को पता ही नहीं है कि कितने छात्रों ने अब तक प्रवेश ले लिया है। विश्वविद्यालय प्रबंधन के पास कालेजों में चल रही प्रवेश प्रक्रिया की मानिटरिंग करने के लिए अभी तक कोई सिस्टम भी नहीं है। किस कालेज में कितनी सीटें खाली रह गई इसका भी पता नहीं चलता है। कालेजों की प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय संचालित करता है। विश्वविद्यालय की तरफसे मेरिट सूची जारी की जाती है। प्रवेशित छात्रों की संख्या पता नहीं होने के कारण मेरिट लिस्ट जारी करने में भी परेशानी आती है। प्रदेश में रविशंकर विश्वविद्यालय से लगभग डेढ़ सौ कालेज संबद्ध है। इन कालेजों में स्नातक में लगभग 42 हजार और स्नातकोत्तर में 14 हजार से ज्यादा सीटें हैं। खाली सीटों का पता नहीं होने के कारण प्रवेश प्रक्रिया में भी देरी होती है। चार से पांच मेरिट लिस्ट निकलने के बाद भी कालेजों में प्रवेश पूरे नहीं हुए है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब कालेज छात्रों का परीक्षा के लिए एनरोलमेंट ;पंजीयन करवाते हैं तब विश्वविद्यालय के पास छात्रों का डाटा आ पाता है। कालेज प्रवेश संबंधित डाटा अपलोड नहीं करतेरू

कालेज प्रबंधन प्रवेश प्रक्रिया का डाटा अपलोड नहीं करते हैं जिससे विश्वविद्यालय को पता नहीं चल पता है। एक चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद डाटा अपलोड करने के लिए निर्देशित किया जाता है लेकिन कालेज प्रबंधन चरणवार प्रवेश और खाली सीटों की यथास्थिति के बारे में जानकारी नहीं देते हैं। इससे प्रवेश प्रक्रिया में समय लगता है। 80 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र ने विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच कालेजों में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। छात्र का प्रवेश प्रथम सूची में ही पांच में से एक कालेज में हो गया हैए लेकिन विश्वविद्यालय के पास इसकी जानकारी नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय की तरफसे जारी होने वाली दूसरी मेरिट सूची में चार अन्य कालेजों में छात्र का नाम आएगा। छात्र का पहले ही प्रवेश हो चुका है। इस लिहाज से छात्र सीट को ब्लाक रखता है। इससे प्रवेश प्रक्रिया में समय लगता है। छात्र भी परेशान होते हैं। इस कारण से चार से पांच मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद भी कालेजों में पूरी सीटों पर प्रवेश नहीं हो पाते हैं। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा शैलेन्द्र कुमार पटेल ने कहाए समय.समय पर कालेजों को डाटा अपडेट करने के लिए निर्देशित किया जाता है लेकिन कई बार कालेज प्रबंधन डाटा अपडेट नहीं करते इससे विश्वविद्यालय को खाली सीटों की जानकारी नहीं मिलती है। इससे परेशानी होती है। आने वाले दिनों में अपडेट करेंगे।

ऑफलाइन चल रही है प्रवेश प्रक्रिया

कालेजों में खाली सीटों में प्रवेश प्रक्रिया आफलाइन चल रही है। छात्र संबंधित कालेज में जाकर प्रवेश ले सकता है। कालेजों में बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने के कारण उच्च शिक्षा विभाग ने दोबारा प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। इसके तहत 31 अगस्त तक प्राचार्य और क से 10 सितंबर तक कुलपति के अनुमति से कालेजों में खाली सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिए जाएंगे। प्रदेश में 14 अगस्त के बाद प्रवेश प्रक्रिया बंद हो गई थी। छात्र संगठन और प्राइवेट कालेज एसो. की मांग पर दोबारा प्रवेश प्रक्रिया हुई।

उल्टा पुल्टा

दो दोस्त आपस में बात करते हुए।
रामू- मैं कभी ईंट का जवाब पत्थर से नहीं देता।
श्यामू- क्यों?
रामू- क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।

भद्रा के बावजूद आज दिनभर हर्षोल्लास के मनाई गई राखी

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में रक्षाबंधन का त्यौहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्योतिषियों द्वारा आज भद्रा होने की घोषणा के बाद भी राखी बांधने-बंधवाने का क्रम चलता रहा। अनेक परिवारों में बहनों की सीधे कलाई में बांधने की बजाय भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति पर अर्पण करने के बाद बांधी तो कई बहनों ने भाई को राखी सौंपते हुए आग्रह किया कि इसे रात्रि 9 बजे के बाद घर में किसी बच्ची से बंधवा लिजियेगा। इधर एक अन्य चर्चा के अनुसार राखी कल 31 अगस्त को भी मनाई जायेगी।

विगत कुछ वर्षो से अन्य हिन्दू त्यौहारों की तरह भद्रा नक्षत्र बताकर रक्षा बंधन का मुहूर्त पंडितों द्वारा बताया जा रहा है। इस प्रचार की वजह से पूर्व के वर्षो में जिस तरह बहनें उन्मुक्त होकर राखी बांधा करती थीं और भाई भी निःसंशय राखी बंधवाया करते थे आज उस उन्मुक्त उदारभाव की कमी देखी गई। सगी बहनों से तो राखी बांधने बंधाने में भाईयों व परिजनों में एक खुदका देखा ही गया। सभी की जुबान पर आज भद्रा उससे पड़ने वाले प्रभाव दुष्प्रभाव की चर्चा देखी गई। इसका तोड़ भी कतिपय पंडितों ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति पर रक्षाबंधन अर्पण करने के बाद राखी बांधी जा सकती है इससे भद्रा का दुष्प्रभाव नहीं रहता। अधिकांश लोगों जिन्हें इस टोटका का पता चल गया उन्होंने राखी बंधवाई किंतु इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा की मर्यादा को भी ध्यान में रखते हुए प्रीत की यह रीत निभाते रहे।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

आज केन्द्रीय मंत्री मंडाविया दुर्ग में

भाजपा कार्यालय में बैठक सहित अन्य कार्यक्रम

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा के चुनाव सहप्रभारी मनसुख मंडाविया कल 31 अगस्त को दुर्ग आ रहे है। इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय एवं सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहेगें।

कल 31 अगस्त को केन्द्रीय मंत्री श्री मांडविया दोपहर 3 बजे महिला मोर्चा द्वारा गांधी प्रतिमा के पास उतई टेम्पो स्टैंड में आटो रिक्शा एवं ई रिक्शा रक्षा बंधन कार्यक्रम में शामिल होगें। कार्यक्रम की प्रभारी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी होगी। इसके बाद शाम 4 बजे जिला भाजपा कार्यालय में वे अपेक्षित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेगें। इस कार्यक्रम में संयोजक कांतिलाल बोथरा व राजेन्द्र कुमार होगें।

बोरसी में सड़क निर्माण के लिये विधायक ने किया भूमिपूजन

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। बोरसी वार्ड में बिल्डर द्वारा मकान बनाने के बावजूद सड़क नाली व पेयजल की सुविधा न देने संबंधी शिकायतें मिलने पर आज इस नई कालोनी सुंदर नगर में विधायक अरूण वोरा ने सड़क निर्माण कार्य के लिये भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर को अतिशीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि उक्त कालोनी सुंदर नगर की महिलाएं पिछले काफी समय से विधायक श्री वोरा से उनके क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं न होने की शिकायतें करते हुए इन सुविधाओं की आपूर्ति की मांग कर रही थी। इन महिलाओं ने विधायक श्री वोरा से रक्षाबंधन पर सड़क निर्माण कार्य के लिये भूमिपूजन का उपहार मांगा जिसे विधायक वोरा ने भूमिपूजन कर तत्काल पूरा किया। इस अवसर पर पार्षद गायत्री साहू, राजेश शर्मा, अंकृति नवदीप, रीना साहू, ज्योति चौबे, अजय पाल, सुंदरलाल, परमजीत सिंह, बलवंत सिंह, जयंत नायडू, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

बेरोजगारों को दी गई भत्ते की पांचवी किस्त

कलेक्ट्रेट में हुए बेरोजगारी भत्ता हस्तांतरण कार्यक्रम में विधायक अरूण वोरा की उपस्थिति में 1 हजार 9 सौ 42 बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी की पांचवी किस्त दी गई। दुर्ग शहर में अब तक युवाओं को 2 करोड़ 42 लाख 75 हजार रूपयों की राशि आबंटित की जा चुकी है। कार्यक्रम में चंद्रशेखर यादव, नेहा साहू, ममता राजपूत, निकिता सोनी, गोविंद वैष्णव सहित अनेक युवा उपस्थित थे।

राखी: सरोज पाण्डेय व सीएम बघेल के मध्य राजनैतिक नोक झोंक

सरोज ने भूपेश बघेल राखी के साथ पत्र भेजा लगाया अपमान का आरोप

भूपेश बघेल ने उनके ही प्रश्न का दिया जवाब अपमान जैसे तो कोई बात नहीं

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा की राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उनके अविवाहित होने पर टिपण्णी किए जाने से व्यथित होकर आज राखी के दिन पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र के साथ राखी और मिठाई भेजी है। उन्होंने पत्र में लिखा कि दंतेश्वरी माता से आपके स्वस्थ एवं कुशल जीवन की कामना की हूं, लेकिन आपकी बातों से मन दुखी है, उन्होंने पूछा कि क्या ऐसा उपहास संपूर्ण नारी और अविवाहित बहनों का अपमान नहीं है।

इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरोज पांडे ने दीपक बैज को बच्चा कहा था। सरोज पांडेय ने हमारे आदिवासी अध्यक्ष का मजाक उड़ाया था। मैंने कहा था सरोज पांडे की शादी नहीं हुई है। इसमें अपमान जैसी बात कहां है। सरोज पांडेय ने इसको लेकर ट्वीट भी किया है। ज्ञातव्य है कि कि सरोज पांडेय ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को बच्चा कहा था।

इस पर भूपेश बघेल ने कहा था कि दीपक बैज 2 बार के विधायक, 1 बार के सांसद है और शादीशुदा बाल बच्चे वाले हैं, सरोज पांडेय की शादी भी नहीं हुई है अब बच्चा कौन है।

मुख्यमंत्री सावन के आखिरी सोमवार को शिव को जल चढ़ाने और 7 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करने पाटन के कौव्ही गए हुए थे। मीडिया ने उनसे पूछा कि सरोज पांडेय ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को बच्चा कहा है। यह सुनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हंसने लगे। उन्होंने सांसद के बयान का जवाब देते हुए कहा कि दीपक बैज दो बार के विधायक हैं। लोकसभा जीते हैं। आप उनको बच्चा कह रही हैं। उनकी शादी हो गई है, बाल बच्चे भी हैं। सरोज पाण्डेय जी की तो शादी भी नहीं हुई है और क्या कहें। सीएम के इस बयान पर वहां मौजूद लोगों ने जमकर ठहाके लगाए थे।

दीपक जी अभी बच्चे हैं, पहले सीखें

इसके पहले सांसद सरोज पाण्डेय ने दो दिन पहले शहर के एक निजी होटल में महतारी खेल महोत्सव का आयोजन किया था। इस दौरान उन्होंने मीडिया को बयान देते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को बच्चा कह दिया था। उन्होंने कहा कि शैलजा के सामने जो जूतम पैजार हुआ एक दूसरे से मारपीट की उस पर दीपक जी क्या कहेंगे। हमारी बात छोड़ें पहले अपना ही ठीक कर लें। मोहन मरकाम को बाहर करके खुद बैठे हैं। उनको बोलने का भी आधार नहीं है। दीपक जी अभी बच्चे हैं पहले सीखें।

खेल दिवस पर रैली एवं हाकी का आयोजन

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 29 अगस्त को जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। खिलाड़ियों द्वारा हॉकी के जादूगर स्व.मेजर ध्यान चंद का स्मरण कर श्रदांजलि अर्पित की गई। जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अनसार अहमद जरीन ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। इसके उपरान्त समृद्धि बजार दुर्ग हॉकी खेल मैदान में हॉकी मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी पदमनापुर श्री गुप्ता और एल्डर मेन रतना नारंगदेव की मौजूदगी में खेल दिवस में लगभग 450 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विभाग के दलबीर सिंह, ईश्वरी, सुजीत यादव का सहयोग रहा।

डेंगू का लगातार बढ़ रहा प्रकोप, विधायक-महापौर बेखबर

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने आरोप लगाया है कि दुर्ग शहर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आज जिला अस्पताल में मरीजों से मुलाकात करने के बाद आरोप लगाया कि इस कठिन समय में भी विधायक एवं महापौर खामोश बैठे हुए है इन्हें समस्या के निदान में कोई दिलचस्पी नहीं है।

श्री वर्मा ने विधायक और महापौर के अलावा प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भी हमला करते हुए कहा कि दुर्ग की स्वास्थ्य व्यवस्था तार-तार हो चुकी है। सरकारी अस्पताल में बदहाली की स्थिति है इसलिये डेंगू के मरीजों को निजी अस्पतालों में इलाज कराना पड़ रहा है। निजी अस्पतालों में एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट जमा किये बिना ही आयुष्मान कार्ड के जरिये इलाज का खर्च वसूलने के लिये क्लेम किया जा रहा है।

यदि केन्द्र धान खरीदी का पैसा देती है तो रमन सरकार ने 25 सौ क्विंटल में क्यों नहीं खरीदी की : राजेन्द्र साहू

■ डबल इंजन वाली राज्य सरकारें भी नहीं दे रही धान का 25 सौ रूपये क्विंटल मूल्य और न कर रही कर्जमाफी

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री व सहकारिता नेता राजेन्द्र साहू ने धान खरीदी का पैसा केन्द्र सरकार द्वारा दिये जाने संबंधी भाजपा नेताओं के दावे पर सवाल उठाते हुए पूछा हैं कि फिर रमन सरकार के 15 साल के कार्यकाल में किसानों का धान 25 सौ रूपये क्विंटल पर क्यों नहीं खरीदा गया। वर्ष 2014 से 18 तक डॉ. रमन की भाजपा सरकार ने किसानों की ऋण मुक्त क्यों नहीं की। उन्होंने पूछा कि आज भी जहां केन्द्र व राज्य की सरकार है वहां 25 सौ रूपये क्विंटल में धान की खरीदी व किसानों की ऋण मुक्ति क्यों नहीं की जा रही है।

श्री साहू ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री काल में केन्द्र व राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार बैठी थी तब डॉ. रमन सिंह ने किसानों से किया गया वादा क्यों पूरा नहीं किया। उन्होंने यह भी पूछा है कि धान खरीदी का पैसा यदि केन्द्र सरकार दे रही है तो एमपी, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात में वहां की सरकारें 25 सौ क्विंटल पर धान खरीदी क्यों नहीं कर रही है। इन राज्यों में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद किसान कर्ज से बोझ में दबकर आत्महत्या कर रहे है।

राजेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 25 सौ रुपए प्रति चिंटल की दर से धान खरीदी के बाद धान का रकबा और उत्पादन भी बढ़ा। पहली बार रिकॉर्ड 1 करोड़ 7 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई। एमपीए हरियाणा सहित भाजपा की डबल इंजिन सरकार वाले राज्यों में न तो फसल का रकबा बढ़ा न उत्पादन बढ़ा और न रिकॉर्ड धान खरीदी हुई। राजेंद्र ने कहा कि भाजपा नेता झूठ को सौ बार बोलकर सच साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा के झूठे प्रपंच को अच्छी तरह समझ चुकी है। भाजपा नेताओं की कोशिशें कामयाब नहीं होगी।

राजेंद्र ने कहा कि अगर केंद्र सरकार 25 सौ रुपए प्रति चिंटल की दर से धान खरीदी का पैसा देती तो उन्हें छत्तीसगढ़ में ईडी और आईटी का सहारा नहीं लेना पड़ता। छत्तीसगढ़ में किसान खुश हैं। भूमिहीन मजदूरों को 7 हजार रुपए मिलने से मजदूर खुश हैं। बेरोजगारों को रोजगार या हर माह 25 सौ रुपए भत्ता दिया जा रहा है। बिजली बिल हाफयोजना का फायदा हर वर्ग को मिल रहा है।

बघेरा मोड़ पर मिला अधेड़ का शव, मौत का कारण अज्ञात

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। बायपास रोड पर बघेरा मोड़ के पास आज सुबह देखी गई अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त कर ली गई है। मृतक गुरजीत सिंह पंजाब का रहने वाला था और विगत कुछ अर्से से दुर्ग कातुलबोर्ड आकर परिवार के साथ रह रहा था। मृत्यु का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। कल पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर भी कुछ ज्ञात हो सकेगा।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक अधिकारी नियुक्त

दुर्ग, 30 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग संभाग के आयुक्त महादेव कावरे ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023.24 के सफल आयोजन के लिए संयुक्त संचालक, शिक्षा दुर्ग संभाग को नोडल अधिकारी और खेल अधिकारी, जिला दुर्ग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। संभागायुक्त के आदेशानुसार उक्त अधिकारी अपने स्तर से संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आयोजन के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

निर्माण कार्यों का जिलाधीश ने किया अवलोकन

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई निगम क्षेत्र के युवा बेरोजगारो को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने निगम द्वारा तैयार किये जा रहे बी. पी.ओ. सेंटर, गारमेंट्स फैक्ट्री तथा नेहरू नगर चौक का चल रहे विस्तारितकरण एवं सौदर्यीकरण कार्य का जिलाधीश पुष्पेंद्र मीणा,निगम आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी निगम के अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। खुर्सीपार मे तैयार हो रहे बी.पी.ओ.सेंटर स्थल पहुँचे साँस्कृतिक भवन मे चल रहे काल सेंटर के प्रगति को देखा। आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि वैशालीनगर साँस्कृतिक भवन एवं खुर्सीपार मे बी.पी.ओ. सेंटर तैयार किया जा रहा ह। जहाँ क्षेत्र के 750 युवाओ को रोजगार के अवसर उपलब्ध होगा। जिलाधीश ने सेंटर मे आवश्यक संसाधन के साथ मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को कहा कलेक्टर उसके बाद पावर हाऊस आई.टी.आई. के पास मैदान मे बन रहे गारमेंट्स फैक्ट्री पहुँचे फैक्ट्री के प्रारंभ हो जाने से 500 युवा को रोजगार प्राप्त होगा।

कलेक्टर अधिकारियों के साथ नेहरूनगर चौक में चल रहे विस्तारीकरण व सौदर्यीकरण कार्य की प्रगति से अवगत हुए और कार्य शीध्र पुरा करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा, आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, बी.एस.पी. के स्वास्थ अधिकारी के साथ डेंगू प्रभावित सेक्टर 2 के विभिन्न सडको का भ्रमण कर डेंगू नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान की जानकारी ली। जिलाधीश श्री मीणा ने बी.एस.पी. के स्वास्थ अमले को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक घरो का सघन जाँच करे उचित मात्रा मे टेमिफास के घोल का वितरण करवा कर लोगो को जागरूक करे कि डेंगू के लार्वा का उचित निपटान कैसे करना है लोगो की जागरूकता तथा सावधानी से ही डेंगू समाप्त होगा उन्होने एडल्ट मच्छर के खात्मे के लिए सडक के चारो दिशा मे क्वाकोथरिन का धुआ सुबह 5 से 7 बजे तथा शाम को 6 से 8 बजे के बीच छोडने को कहा है। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम एवं बी.ए.पी. की संयुक्त टीम ने सेक्टर 1 एवं 2 के विभिन्न घरो की जाँच कर घरो मे डेंगू के लार्वा पाने जाने पर पी. वेंकट, राकेश कुमार. समीर खान. एस.पी.मिश्रा, पी.आर.राव तथा भरत बंजारे से कुल 5000 हजार रूपये का जुर्माना वसुल किया है। भ्रमण के दौरान निगम के स्वास्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन 3 व 5 के सहायक स्वास्थ अधिकारी व्ही.के. सेमुवल, आर.पी.तिवारी, अंजनी सिंह, बी.एस.पी. के सी.जी.एम. जे.वाय. सपकाले, जी.एमय के.के.यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी साथ रहे।

स्कूली बच्चों ने मनाया हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हुडको में उपक्षेत्रीय अधिकारी प्रक्षेत्र छत्तीसगढ़ व प्राचार्य प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में वेद प्रचार सप्ताह का समापन किया गया। इसके उपरांत वैदिक मंत्रों के बीच आई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हुडको में पूरे सप्ताह भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को नैतिक और आध्यात्मिक रूप से एक आदर्श युवा आर्य बनने के बारे में ज्ञान दिया गया। इस पवित्र आयोजन के समापन के अवसर पर वेद प्रचार मंडल के आचार्य अभिभावक और सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ व विद्यालयीन छात्र.छात्राएँ हवन में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हवन, यज्ञ कार्यक्रम से हुई। वेद आचार्य द्वारा प्रतिदिन बारी-बारी से चारों वेदों के सौ-सौ मंत्रों का उच्चारण किया गया। जिससे छात्र-छात्राएँ एवं डी.ए.वी परिवार लाभान्वित हुए। महर्षि दयानंद सरस्वती का जीवन परिचय देने के साथ साथ सत्यार्थ प्रकाश का सार छात्र.छात्राओं के साथ साझा किया गया। वेद आचार्य ने परमात्मा के चारों वेदों का ज्ञान देकर सामाजिक, शारीरिक और आत्मिक उन्नति करने का उद्देश्य दिया है। डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हुडको के प्राचार्य श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि ष्वेदों का ज्ञान मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन जा सकता है। हमें वैदिक ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने की कोशिश करनी चाहिए। इस अवसर पर आचार्य अंकित शर्मा आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 दुर्ग, जगबंधु शास्त्री छत्तीसगढ़ आर्य प्रांतीय, आर्य प्रतिनिधि सभा कोषाध्यक्षद्ध व श्रीमती दीपमाला सोनी, नितेश कुमार सोनी, राघवेंद्र प्रसाद, श्रीमती अंशिका प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। वैदिक शांति पाठ और भजन के साथ कार्यक्रम का सफ्ल समापन किया गया।

समस्याओं को लेकर साकेत नगर वासियों ने सौंपा ज्ञापन

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। निगम के वार्ड नंबर-13 साकेत नगर, कोहका वासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने निगम भिलाई के एसडीओ हिमांशु देशमुख को लगभग सवा सौ मकानों की भवन अनुज्ञा की छायाप्रति सौंपकर उन्हें पूरे मोहल्ले वासियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग की कि साकेत नगर की उपर्युक्त समस्याओं का अविलंब समाधान किया जाये। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उनसे विकास शुल्क वसूला गया है, भवन बनाने की अनुमति पाकर लोगों ने लाखों रूपये खर्च कर अपना आशियाना तो बना लिया, किंतु विडंबना है, कि नगर निगम ने साकेत नगरवासियों द्वारा उनका ध्यान बार-बार आकर्षित करने के बावजूद नगरवासियों की उपर्युक्त मूलभूत सुविधाओं को लेकर कोई पहल कदमी नहीं की और लोग बेहतर सड़क सुविधा न होन, जगह-जगह जल जमाव से फैलने वाली गंदगी और बीमारियों से परेशान होते रहे। मोहल्लेवासी ने बताया कि जनदर्शन में भी फरियाद कर चुके हैं, लेकिन उन्हें वहां भी केवल आश्वासन मिला। एसडीओ हिमांशु देशमुख ने आश्वस्त करते हुए कहा कि अगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा लेकर और विकास शुल्क जमा कर लोगों ने अवैध कॉलोनियों में भी मकान बनाया है तब भी उन्हें नागरिक सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि 2015 के बाद जितने भी मकान बने हैं उनका रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा और लोगों द्वारा जितनी राशि जमा की गई है उस राशि से सड़क, नाली, नल.जल और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप साहू, श्याम लाल साहू, ललित साहू, याद राम देवांगन, एस के तिवारी शामिल थे।

सेंट थॉमस में अर्थशास्त्र पर व्याख्यान

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा के पीजी अर्थशास्त्र विभाग और उद्यमिता विकास सेल ने युवाओं के बीच स्टॉक मार्केट जागरूकता विषय पर अतिथि व्याख्यान सत्र के मुख्य वक्ता चंदन गोस्वामी विभागाध्यक्ष और सहायक प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग दाऊ रामचन्द्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई थे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंदा वर्मा. आईक्यूएसी समन्वयक और दूसरी पाली प्रभारी डा. देबजानी मुखर्जी उपस्थित थी। आरंभ में कार्यक्रम समन्वयक एवं अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. अपर्णा घोष ने अतिथि वक्ता एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता ने सत्र के आरंभ में बताया कि भारत की स्टॉक एक्सचेंज यात्रा डच ईस्ट इंडिया कंपनी से बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और अंततः नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) तक शुरू हुई। इसके अलावा उन्होंने पूंजी बाजार में विभिन्न प्रकार के डेरिवेटिव और स्टॉक के बारे में चर्चा की। बाद में उन्होंने तकनीकी विश्लेषण और पूंजी बाजार में निवेश किए गए हिस्से के मूल्य के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कभी भी ऐसे व्यवसाय में निवेश न करें जिसे आप नहीं समझते हों, ट्रेडिंग व्यवसाय की कार्यप्रणाली को समझने में बहुत समय लगता है। इस प्रकार की कार्य प्रणाली में निवेश करने से पहले अच्छे से बाजार को समझ लेना आवश्यक है। उन्होंने ट्रेंड विश्लेषण, मूविंग एवरेज, चार्ट पैटर्न और बाजार के प्रतिरोध स्तर पर विस्तृत चर्चा के साथ सत्र का समापन किया। विभिन्न संकायों के छात्रों ने सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी सभी शंकाओं का समाधान किया। अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. किरण बाला दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया और पूरे कार्यक्रम का संचालन बीए द्वितीय वर्ष की धृति वैश्य ने किया।

साई कॉलेज की महिला प्राध्यापकों ने बांधी बीएसएफ जवानों को राखी

भिलाई नगर 29 अगस्त 2023 रू. साई कॉलेजए सेक्टर 6 भिलाई के यूथ रेड क्रॉस कमेटी व कॉमर्स एवं मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के द्वारा बीएसएफके जवान भाइयों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। साई महाविद्यालय प्रबंधन की तरफसे प्राचार्य डॉ डीण् बीण् तिवारी और डिप्टी डायरेक्टर डॉ ममता सिंह ने बीएसएफजवान भाइयों के स्वागत में आशीर्वचन दिए। भाइयों ने भी अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि वे भले ही अपने परिवार से दूर है लेकिन पिछले कई वर्षो से साई कॉलेज में आकर रक्षाबंधन मनाने से उन्हें भी अत्यंत प्रसन्नता मिलती है। वह इसे अपना ही परिवार समझते हैं। कुछ जवान भाइयों ने अपने घर पर वीडियो कॉल करके अपनी टीचर बहनों से परिवार वालों को भी मिलवाया और आज के रक्षाबंधन की फ्टो साझा की। साई महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ ममता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय का एकमात्र उद्देश्य यह है कि आमजन में ये संदेश जाए कि भारत की सीमा पर प्रथम सुरक्षा पंक्ति के रूप में देश की सीमाओं की रक्षा करने वालों के साथ भारत की प्रत्येक महिला खड़ी है। साई कॉलेज परिवार के सभी प्राध्यापक गण व छात्र.छात्राओं ने इस आयोजन में बढ़कर हिस्सा लिया।

बाबूलाल को प्रदेश कांग्रेस सचिव का मिला दायित्व

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ द्वारा 23 महासचिव और 140 सचिवों की घोषणा किया गया है। जिसमें दुर्ग जिले से चरोदा के बाबूलाल नायक को प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि बाबूलाल नायक के पास पहले से ही अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ में महामंत्री का दाईत्व मिला हुआ है। इनकी कार्य कुशलता और कार्य करने की क्षमता को देखकर इनको छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव का पद दिया गया। बाबूलाल नायक निरंतर कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए जमीनी स्तर के कार्यकरता रहे है और इनका दायित्व समाज को एकजुट कर कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के साथ मिलकर कांग्रेस को मजबूत बनाना इनका काम रहा है। यह अपने समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं बाबूलाल नायक पुराने नेशनल लेवल के फुटबॉल प्लेयर भी रह चुके हैं और रेल्वे की तरफ से प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

कबड्डी प्रतियोगिता में मचान्दूर की टीम विजेता

भिलाइनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम पंचायत एवं शिक्षा विभाग मचान्दुर के संयुक्त तत्वाधान में, ग्राम मचान्दुर में ग्रामीण बच्चों के लिए शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं आर के श्रीवास्तव उपस्थित थे। राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया जाता है। मुख्य अतिथि आर के श्रीवास्तव ने कहा कि खेलों से बच्चों में खेल भावना एवं शारीरिक स्वास्थ्य का विकास होता है। उन्होंने कहा कि जब से प्रो कबड्डी मैच शुरू हुआ तब से लोगों का रुझान कबड्डी के प्रति बढ़ गया है। इस प्रतियोगिता में आसपास के गाँवों से ग्रामीण बच्चों के कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में फाइनल मैच मचान्दुर ए और मचान्दुर बीए टीमों के बीच खेला गया। जिसमें मचान्दुर की टीम कुल 2 अंकों से विजयी रही। इस प्रतियोगिता में लक्की निषाद को उत्कृष्ट खिलाडी का ख़िताब दिया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये के साथ शील्ड भी प्रदान किया गया। महाप्रबंधक सीएसआर शिव राजन नायर ने कहा कि खेल.कूद से विद्यार्थियों में टीम भावना जागृत होती है। पढ़ाई से बौद्धिक विकास होता है लेकिन शारीरिक विकास के लिए खेल कूद का होना आवश्यक है। वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, बुधेलाल साहू, पीटीआई अजीत पाठक, धर्मेन्द्र पाठक उपस्थित थे। मचान्दुर के सरपंच दिलीप साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मचान्दुर के प्राचार्य बी एन चौधरी के सहयोग एवं सक्रीय योगदान से यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रजनी रजक व धन्यवाद ज्ञापन बी एन चौधरी ने दिया।

अनुसूचित जाति,जनजाति संगठनों की जिला कार्यकारिणी गठित

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। अनुसूचित जाति जनजाति संगठनो का अखिल भारतीय परिसंघ की बैठक परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम की अध्यक्षता व नरेन्द्र खोब्रागड़े प्रदेश कोषाध्यक्ष, बालेश्वर चौरे प्रदेश अध्यक्ष ब्राइट के विशेष आतिथ्य मे डा.आम्बेडकर भवन रूआबांधा मे संपन्न हुई। बैठक मे परिसंघ की दुर्ग जिला कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मति से किया गया। जिला कार्यकारिणी में संतोष भिमट जिला अध्यक्ष, अनिल जोग उपाध्यक्ष, रोहित बंजारे उपाध्यक्ष, ज्ञानचंद टेम्बूरकर महासचिव, हरीश भवते कोषाध्यक्ष, राकेश रंगारी सचिव, बालेश्वर सिंग जगत सचिव, पृथ्वी गणवीर संगठन सचिव, भूपत बोरकर संगठन सचिव, प्रकाश मेश्राम संयुक्त सचिव, रंजू खोब्रागड़े संयुक्त सचिव, प्रितेश पाटिल प्रचार सचिव, जे.बी पाटिल कार्यालय सचिव, आनंद मडामे सह सचिव, गौतम खोब्रागड़े सह सचिव, तथा सदस्य में आई.के.रामटेके, दुर्गा चौर, संतोष उमरीकर, राजू मेश्राम, चंद्रभान कुसरे, शिरीष मेश्राम आदि। श्री मेश्राम ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्गो की समस्याओ को राष्ट्रीय स्तर उचित पटल पर रखने वाला संगठन अखिल भारतीय परिसंघ है। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.उदित राज है।

सांसद के नेतृत्व में 40 ने ली भाजपा की सदस्यता

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में भिलाई जिले के लगभग 40 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की भाजपा नेता शारदा गुप्ता के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को सांसद विजय बघेल से संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने के लिए सभी लोगों ने जी तोड़ मेहनत करने का प्रण लिया। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने बताया कि सभी लोगों को सांसद विजय बघेल ने सदस्यता ग्रहण करवाई। भिलाई नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर अमिताभ भट्टाचार्य, लखविंदर सिंह यूनियन के बड़े नेता हैं उनके आने से भारतीय जनता पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। युवा नेता रोबिन सरोदे एवं विशाल चौधरी के नेतृत्व में युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया सांसद विजय बघेल ने सभी को भाजपा के गमछा पहनकर सभी का स्वागत किया एवं प्रवेश दिलाया भाजपा प्रवेश करने वाले में प्रमुख रूप से अमिताभ भट्टाचार्य, लखविंदर सिंह, रोबिन सरोदे, विशाल चौधरी, रिक्की साहनी, महेश कुमार साहू, अमित पाठक, आकाश द्विवेदी, अनुज, अनिल, रोहन सिंह, सौम्य सिंह, सूर्यकांत रामचंद्र, आशीष यादव, देवेश, सत्यम पाल, सूरज सिंह, प्रियांशु तिवारी, मनीष पासवान, उदय बंजारे, सूरज साहनी, सरोज साहनी, सोनू, प्रशांत पासवान, एन एल साहू सहित प्रमुख कार्यकर्ता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता शारदा गुप्ता डॉ. रमेश श्रीवास्तव, निशु पांडे, मदन सेन बंटी नाहर, राजेश सिंह, सी पी सिंह, योगेश, यदु, गुरनाम सिंह उपस्थित थे।

ओए ने रावघाट सरंगीपाल खदान क्षेत्र का किया दौरा

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। आफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संयंत्र के भविष्य की जीवन रेखा रावघाट माइंस का अधिकारिक दौरा किया तथा वहां की परिस्थितियों को समझने का प्रयास किया। इस प्रवास में पदाधिकारियों के द्वारा अंतागढ़, अंजरेल, ब्लाक-ए रावघाट सरंगीपाल के खदान क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया गया। इस प्रवास के दौरान पदाधिकारियों ने नारायणपुर आश्रम का भी दौरा किया तथा उनके द्वारा किये जा रहे सृजनात्मक कार्यक्रमों को भी देखा व समझा। इस प्रवास में ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में महासचिव परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष निखिल पेठे, उपाध्यक्ष माइंस वेणुगोपाल देवांगन, सचिव द्वय रेमी थॉमस, अखिलेश मिश्रा शामिल थे। ओए की टीम ने रावघाट माइंस के अस्पताल, बीएसएफ के कैम्प के जमीनी हालात का जायजा लिया तथा वहां पदस्थ उच्च अधिकारियों से चर्चा कर संभावित समाधान को समझने का प्रयास किया। ओए बीएसपी ने इस प्रवास के पश्चात बीएसपी प्रबंधन तथा राज्य शासन से रावघाट के विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा ए-ब्लाक का माइनिंग प्रोजेक्ट की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु अनेक सुझाव दिये। ओए के पदाधिकारियों की टीम ने रेल्वे के प्रोजेक्ट का भी अवलोकन किया।

आवारा मवेशियों की हो रही धरपकड़

भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रात के समय सड़क पर झुंड बनाकर सड़क के बीचोबीच एवं चौक चौराहों में आवारा मवेशियों के बैठे रहने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसे देखते हुए भिलाई व भिलाई-चरोदा निगम की टीम मवेशियों को पकड़ने का निरंतर अभियान चलाते हुए एक माह के भीतर 636 आवारा मवेशियों को निगम के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़कर गोठान में रख रहे है। सड़क पर घूमते हुए पकड़े मवेशियों के मालिक द्वारा जुर्माना राशि जमा करने के बाद गोठान से छोड़ा जाता है। छत्तीसगढ़ शासन की रोका छेका संकल्प अभियान में व्यावधान डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ निगम ने थाने में लिखित शिकायत की है। आयुक्त रोहित व्यास तथा भिलाई चरोदा आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम का दस्ता जब विभिन्न मार्गो में पहुंचा तो संकल्प अभियान से जुड़े कर्मचारी एक आवारा मवेशी को पकड़कर काउ केचर में चढ़ाने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति अपने साथियों के साथ आकर निगम के कर्मचारियों से अभद्र गाली गलौच करते हुए पकड़े हुए मवेशी को छुड़ाकर ले गया। जिसकी शिकायत रोका छेका अभियान के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के समक्ष की उन्होंने पूरे घटनाक्रम का हस्ताक्षरयुक्त प्रतिवेदन तैयार कर निगम आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिस पर आयुक्त श्री व्यास ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निगम कर्मचारियों के साथ हुये घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी वैशालीनगर थाना को इस बात को लिखित सूचना दी की उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक डब्ल्यूपी (पीआईएलद्ध नं 58/2019) में पारित आदेश 13 जुलाई 2023 के अनुपालन में छ.ग. शासन के समस्त सड़को पर हो रहे दुर्घटनाओं को रोकने हेतु रोका छेका संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सड़को पर पाए जाने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर स्थानीय गोठान में परिबद्ध किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के साथ निगम कर्मचारियों से गाली गलौच करते हुए बलपूर्वक आवारा मवेशी को छुड़वा लिया है। उक्त व्यक्ति द्वारा किया गया यह कृत्य शासकीय कार्य में बाधा है तथा यह शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की अवमानना है। ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहित के अनुसार उचित वैधानिक कार्यवाही करने को कहा गया है। निगम की टीम सब्जी मंडी तथा भिलाई-चरोदा के मुख्य मार्ग तथा मार्केट क्षेत्र में अवारा मवेशियों की धरपकड़ कार्यवाही कर उन्हे गौठान में छोड़ा गया।



शंकराचार्य में 'शंकराथॉन 2023' का आयोजन



भिलाईनगर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी द्वारा शंकराथॉन 2023 का आयोजन फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव द्वारा झंडा दिखाकर किया गया। महाविद्यालय के एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के छात्र, छात्राएं भी सहभागी रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि वर्तमान समय में फिट रहने के लिए खेलकूद तो आवश्यक है ही, जिम, योगा एवं अन्य व्यायाम भी आवश्यक है एवं शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक है। महाविद्यालय समय-समय पर विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के लिए अनेक कार्यक्रम जैसे योगा, प्राणायाम, मेडिटेशन एवं अनेक खेलों का आयोजन करता है। डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि आज शारीरिक खेल कम हो रहे हैं बल्कि इसका स्थान भौतिकवादी साधनों ने ले लिया है। हर व्यक्ति में स्पोर्टस स्पीरिट होना चाहिए, फिजिकल एक्टीविटी करनी चाहिए जिससे हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिंह,एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. कृष्ण जीबोन मंडल, लेफ्टिनेंट उज्जवला भोंसले, डॉ. शिल्पा कुलकर्णी, डॉ. राहुल मेन,डॉ. संदीप जसवंत, डॉ. सोनिया बजाज, रचना तिवारी उपस्थित रहे।

CMYK

1 अक्टूबर को नगपुरा में होगी किसान महापंचायत : गुप्ता

दुर्ग, 30 अगस्त। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा नगपुरा में 1 अक्टूबर को किसान महापंचायत आयोजित की जा रही है जिसमें प्रदेश में सरकार बनाने की इच्छा रखने वाले राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया जा रहा है।

कबीरधाम जिले के पर्यटन सुविधाओं व उनके विस्तार पर विशेष जोर

कवर्धा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास और सुविधाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति बाहुल्य बोडला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में जिले के धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थल तीरथ मार्ग का जिर्णोद्धार एवं मरम्मत किया जाएगा।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बैठक लेकर जिले के पर्यटन विस्तार एवं विकास की संभावनाओं के विशेष ध्यान में रखते हुए सूदूर वनांचल क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल तीरथ मार्ग की समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता श्री चौहान ने बताया कि वनांचल के तरेगांव से लेकर चरण तिरथ मार्ग तक बरसो पहले आईएपी योजना के तहत बनाया गया था। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को इस मार्ग के जिर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य के लिए कार्ययोजना बनाने और प्राकलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति ने सड़क सुधार कराने के लिए मांग की है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली अन्य प्रमुख मार्गों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने आगामी धान खरीदी के लिए किसानों का समितियों में पंजीयन कार्य मे प्रगति लाने और पंजीयन कार्यो में आ रही सभी दिक्कतों को शीघ्रता से दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि- खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को समितिवार किसानो की बैठक लेकर आगामी धान खरीदी के लिए राज्य शासन से जारी दिशा-निर्देशों की पूरी जानाकरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने आगामी धान खरीदी के लिए पीडीएस एवं नया बारदना की अनुमानित गठान की जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को पीडीएस से पुराने बरदाना जमा करने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने खाद नागरिक आपूर्ति निगम और एफसीआई में चावल जमा की समीक्षा करते हुए कस्टम मिलिंग के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य

तरेगांव से चरण तीरथ पहुंच मार्ग का होगा जिर्णोद्धार-मरम्मत, पर्यटकों को मिलेगी सुविधा

अधिकारी ने बताया कि जिले में कस्टम मिलिंग कर नान में 75 प्रतिशत चावल जमा कर लिया गया है। जिले में नान में कुल एक लाख चार हजार 216 मैट्रिक टन चावल जमा करना है, इसके विरूद्ध 78 हजार 161 मैट्रिक टन चावल जमा कर लिया गया हैं। इसी प्रकार एफसीआई में 88 हजार 571 मैट्रिक टन चावल जमा करने क लक्ष्य निर्धारित है। इसे विरूद्ध 58 हजार 959 मैट्रिक टन चावल जमा कर लिया गया है। इसी प्रकार आगामी धान खरीदी के लिए जिले में 32 हजार बारदाना गठान की जरूरत अनुमानित है। पीडीएम से 800 गठान बारदाना जमा कर लिया गया है। वहीं 4126 नए बारदाना की गठान उपलब्धता है। धान खरीदी से पहले अनुमानित बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाएगी।

कलेक्टर ने राज्य शासन के सार्वभौम पीडीएम योजना के लिए प्रचलित राशन कार्ड धारकों एवं उनके सदस्यों के आधार ई केवायसी की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के सभी राशन कार्ड धान लाभार्थियों एवं उनके सभी सदस्यों को शत प्रतिशत ई केवायसी कराने के लिए विशेष जोर देते हुए खाद्य अधिकारी को सख्त निर्देश दिए। बैठक में बताया कि जिले में इस सार्वभौम पीडीएस योजना के तहत दो लाख 77 हजार 257 कार्ड धारी है। इस योजना के तहत इन कार्ड में लाभार्थियों की कुल संख्या 9लाख 4हजार 652 है। आधार ई केवायसी को कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में 6 लाख 98 हजार 578 लाभार्थियो के आधार कार्ड का ई-केवायसी कर लिया गया है। जिले के सभी पीडीएस दूकानों के माध्यमों से ईकेवायसी का कार्य जोरों से किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बैठक में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज समय सीमा की बैठक में राज्य शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजना, जैसे राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी भूमिहीन श्रमिक मजदूर न्याय योजना, गौधन न्याय योजना, युवा बेरोजगारी भत्ता योजना,रीपा, सहित सार्वभौम पीडीएस, अगामी धान खरीदी की तैयारियों और पीएम फसल बीमा योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की। इन सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वन मंडलाअधिकारी चुरामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन, समस्त एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

आगामी विस चुनाव के मद्देनजर, सायबर सेल बेमेतरा व चौकी मारो पुलिस टीम की अवैध गतिविधियों पर संयुक्त कार्रवाई

बेमेतरा, 30 अगस्त। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर एवं चुनाव आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशो के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज महोदय बी.एन.मीणा (भा.पु.से.) एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही (110/107,116), बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दिनांक 27.08.2023 को पुलिस चौकी मारो पुलिस टीम को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम झुलना कांपापारा मारो के मध्य डबरी तालाब के पास आम जगह ग्राम झुलना में कोई व्यक्ति अवैध रूप से धन अर्जित करने प्रतिबंधित नशीली दवाईया का बिक्री कर रहा है कि सूचना के अधार पर पुलिस चौकी मारो एवं सायबर सेल बेमेतरा पुलिस टीम व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से ुल 18 नग, किमती 450/- रूपये एवं (02) ऋश्वड्डह्लत्रश्वस्ड्डष्ट क्क्कश्चहह्रक्र-क्क।ड्डह्रश्व ड्डह्वड्ढश्चष्ठ्ठअड्डह्ह ड्डक्क2 स्रूकुल 62 नग, किमती 1,800/- रूपये, कुल मात्रा 80 नग, बिक्री रकम 550/- रूपये, कुल जुमला किमती 2,800/- रूपये को जप्त किया गया हैं।

जिसमें नशीली दवाईया रखकर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 21, 22 नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपी धनीराम गेंदले उम्र 59 साल को दिनांक 28.08.2023 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय खरे का निधन

पिथौरा, 30 अगस्त। भाजपा मंडल पिथौरा के पूर्व मंडल महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय खरे का बीती रात एक कार दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया है। वे 45 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार आज उनके गृह ग्राम बेलपार बावनकेरा झलप के पास में किया गया। स्व अजय खरे दूरदर्शन एवं रेडियो के प्रसिद्ध उद्घोषक शशांक खरे व छत्तीसगढ़ी साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे के भतीजे थे। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं सहित पिथौरा की साहित्यिक संस्था श्रृंखला साहित्य मंच, सहित अनेक संगठनों के शोक संवेदना व्यक्त की है।

रामदर्शन पब्लिक स्कूल में राखी समारोह आयोजित

पिथौरा, 30 अगस्त। भाई और बहनों के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन को मनाने हेतु रामदर्शन पब्लिक स्कूल में प्री- राखी समारोह का आयोजन किया जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बहनों ने अपने भाइयों को प्रेम के बंधन स्वरूप राखी बांधकर मनाया। विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों को राखी का महत्व बताते हुए समस्त विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था प्रमुख, प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगढ़ का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत जिले के 11,143 हितग्राहियों के खाते में 02 करोड़ 78 लाख से अधिक की राशि का किया अंतरण

बालोद, 30 अगस्त। राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना को लिकेश ने बताया बेरोजगारों के लिए अत्यंत लाभप्रद। इस योजना के माध्यम से बैंगलोर के निजी कम्पनी में जॉब के लिए हुए चयनित। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को बेरोजगारी भत्ता योजना के पॉचवीं किश्त के रूप में बेरोजगारी भत्ता योजना से लाभान्वित बालोद जिले के 11,143 हितग्राहियों के खाते में 02 करोड़ 78 लाख 57 हजार 500 रुपये की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री बघेल राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित समारोह में बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत पॉचवीं किश्त की राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर उन्होंने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नवनियुक्त प्रशिक्षण अधिकारियां को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार डॉ.आलोक शुक्ला, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण अवनिश शरण भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ता योजना से लाभान्वित हितग्राही जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम माहुद अ निवासी लिकेश कुमार टंडन से बातचीत कर उन्हें इस योजना से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लिकेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाए दी। श्री बघेल ने बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत बालोद जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से लिकेश का चयन बैंगलोर के निजी कम्पनी में टेक्नीकल आपरेटर के पद पर चयन होने पर उन्हें शुभकामनाए भी दी। बेरोजगारी भत्ता योजना से लाभान्वित हितग्राही लिकेश कुमार टंडन ने राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना को अपने तथा अपने जैसे राज्य के अनेक बेरोजगारों के लिए अत्यंत लाभप्रद एवं मुश्किल वक्त का सहारा बताया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की इस बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत बालोद जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए गए गढ़बो भविष्य प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से उनका चयन बैंगलोर के प्रतिष्ठित निजी कम्पनी में टेक्नीकल आपरेटर के पद पर हुआ है। लिकेश ने कहा कि इस निजी कम्पनी में शुरूआत में ही 18 हजार 715 रूपये का वेतन मिलेगा। इसके अलावा बेरोजगारी भत्ता योजना से प्रतिमाह मिलने वाली 2500 रूपए की राशि से वे बैंगलोर जाने के लिए अपना रेल्वे टिकट आरक्षित करवाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह से राज्य शासन की यह योजना उनके सपनों को साकार कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण करने में बहुत ही मददगार साबित हुआ है। इसी तरह संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत डॉ. रेणुका श्रीवास्वत, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, सहायक संचालक कौशल विकास विकास देशमुख सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बेरोजगारी भत्ता योजना से लाभान्वित हितग्राही उपस्थित थे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बालोद जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना के कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जानकारी दी। श्री शर्मा ने बताया कि जिले में अब तक कुल 11 हजार 143 पात्र आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान की जा रही है, जिसमें पॉच किश्त के रूप में कुल 11 करोड़ 57 लाख 75 हजार 500 रूपए हितग्राहियों के खाते में अंतरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 270 हितग्राही लाइवलीहुड कॉलेज एवं अन्य संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 150 हितग्राहियों का प्रशिक्षण इस माह से प्रारंभ किया जाएगा। जिले में प्लेसमेंट कैम्प गढ़बो भविष्य के माध्यम से 174 हितग्राहियों को नियोजित किया गया है तथा पेस के माध्यम से 209 हितग्राहियों को विभिन्न कम्पनियों में नियोजित किया गया है। इस योजना के फलस्वरूप बालोद जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार दिलाने हेतु जिले में आयोजित की गई गढ़बो भविष्य प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से उन्हें विभिन निजी कम्पनियों में जॉब भी मिल गया है। इसके अलावा अनेक शिक्षित बेरोजगारों को जिले में शासकीय लाईवलीहुड कॉलेज में हमारे अभिरूचि के अनुसार प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। इस तरह से राज्य शासन की बेरोजगार भत्ता योजना हमारे जैसे अनेक शिक्षित बेरोजगारों के जीवन को सजाने, संवारने तथा उनके भविष्य के निर्माण के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना साबित हो रही है। इस दौरान शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण अधिकारी के पद पर नियुक्त होने वाले जिले के प्रशिक्षण अधिकारी शीतल कुमार, मोहित कुमार, बनवाली राम और तोमेश्वर को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

सार-संक्षेप

संत रामपाल अवतरण दिवस में शामिल होने जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को निमंत्रण

कुरूद, 30 अगस्त। संत रामपाल महाराज के 73वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में बैतूल मध्यप्रदेश में आयोजित विशाल भंडारा एवं सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनके साधकों ने मंगलवार को कुरूद के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में अजय चंद्राकर विधायक कुरुद, तारिणी नीलम चंद्राकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं मंडी अध्यक्ष, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आग्रह किया। यह कार्यक्रम 6 से 8 सितम्बर तक आयोजित है। आमन्त्रण प्रेषित करने पहुंचे लोगों में गौतम राम साहू, संतोष भट्ट, संजय यादव, प्रमोद कुमार साहू, प्रदीप साहू, मुकेश साहू आदि शामिल रहे।

कुरूद विस से कांग्रेस प्रत्याशी हेतु रवि निर्माण की मजबूत दावेदारी

मगरलोड, 30 अगस्त। विधानसभा चुनाव आगामी कुछ ही महीनों के बाद होना है और अभी से विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है, और

विधायक बनने की उम्मीद से चुनाव में किस्मत आजमाने के लिए अपनी उम्मीदवारी मजबूती से पेश कर रहे हैं, इसके तहत कुरूद विधानसभा में कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी और छत्तीसगढ़ कांग्रेस मछुआ संघ के प्रदेश महामंत्री रवि कुमार निर्माण ने कुरूद विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए अपनी मजबूती से दावेदारी पेश कर दिया है, वरिष्ठ कांग्रेसीयों ने रवि निर्माण की दावेदारी का समर्थन किया है।

नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा के प्रयास से छत्तीसगढ़िया संस्कृति से जुड़े भोजली घाट का निर्माण हुआ पूरा

बालोद, 30 अगस्त। नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया की छत्तीसगढ़िया संस्कृति में भोजली तिहार का बहुत महत्व है। जिस प्रकार भोजली एक सप्ताह के भीतर खूब बढ़ जाती है, उसी प्रकार हमारे खेतों में फसल दिन दूनी रात चौगुनी हो जाय। कहते हुए महिलाएं जैसे भविष्यवाणी करती हैं कि इस बार फसल लहलहायेगी और वे सुरीले स्वर में लोकगीत गाती हैं। छत्तीसगढ़ में भोजली का त्योहार रक्षा बंधन के दूसरे दिन मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्पराओं के मूल में अध्यात्म एवं विज्ञान है। यहाँ लोकाचार भी अध्यात्म से पोषित होता है और विज्ञान की कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही परम्पराओं की निसेनी तक पहुँचता है। यहाँ का लोक विज्ञान समृध्द है। हमारा छत्तीसगढ़ च्च धान का बौटका च्च है। यहाँ धान की शताधिक किस्में बोई जाती हैं। धान छत्तीसगढ़ की आत्मा है।

भोजली के लोकगीत है जो श्रावण शुक्ल नवमी से रक्षाबंधन के दुसरे दिन तक छत्तीसगढ़ के गांव गांव में गूंजते है और भोजली माई के याद में पूरे वर्ष भर गाए जाते है। छत्तीसगढ़ में बारिस के रिमझिम के साथ कुंआरी लडकियां एवं नवविवाहिताएं औरतें भोजली गाती है। भोजली को घर के किसी पवित्र स्थान में छायेदार जगह में स्थापित किया जाता है। दाने धीरे धीरे पौधे बनते बढते हैं, महिलायें उसकी पूजा करती हैं एवं जिस प्रकार देवी के सम्?मान में देवी की वीरगाथाओं को गा कर जवांरा जस सेवा गीत गाया जाता है वैसे ही भोजली दाई के सम्?मान में भोजली सेवा गीत गाये जाते हैं। सामूहिक स्?वर में गाये जाने वाले भोजली गीत छत्?तीसगढ की शान हैं। महिलायें भोजली दाई में पवित्र जल छिडकते हुए अपनी कामनाओं को भोजली सेवा करते हुए गाती हैं भादो कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को भोजली का विसर्जन किया जाता है। भोजली सेराने की यह प्रक्रिया बहुत ही सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में अत्यन्त भाव पूर्ण ढंग से सम्पन्न होती है। मातायें-बहनें और बेटियाँ भोजली को अपने सिर पर रखकर विसर्जन के लिए धारण करती हैं और भजन मण्डली के साथ बाजे-गाजे के साथ भाव पूर्ण स्वर में भोजली गीत गाती हुई तालाब की ओर प्रस्थान करती हैं। संध्या 4 बजे भोजली लेकर गांव की बालिकाएं गांव के चौपाल में इकट्ठा होती हैं और बाजे गाजे के साथ वे भोजली लेकर जुलूस की शक्ल में पूरे गांव में घूमती हैं। गांव का भ्रमण करते हुए गांव के गौंटिया/ मालगुजार के घर जाते हैं जहां उसकी आरती उतारी जाती है फिर भोजली का जुलूस नदी अथवा तालाब में विसर्जन के लिए ले जाया जाता है। नदी अथवा तालाब के घाट को पानी से भिगोकर धोया जाता है फिर भोजली को वहां रखकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है और तब उसका जल में विसर्जन किया जाता है। फिर भोजली को हाथ अथवा सिर में टोकनी में रख कर वापस आते समय मन्दिरों में चढ़ाते हुए घर लाती हैं। यही कारण है कि हमने भोजली घाट निर्माण के बारे में सोंचा ताकि जो लोग छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा से अवगत नहीं हैं वे अवगत हो सकें और जो लोग यह त्योहार मनाते हैं उनके लिए एक घाट बन जाय और इसी का नतीजा हैं कि भोजली घाट बनकर तैयार हो चुका है।

साल्हेवारा थाना परिसर में बालिकाओं के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार

खैरागढ़, 30 अगस्त (देशबन्धु)। केसीजी जिले के वनाचल थाना साल्हेवारा क्षेत्र के अति संवेदनसील ग्राम कोपरो, भठली, चोभर के व्याख्याता बलराम कोमरे के साथ हाई स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओ के द्वारा रक्षाबंधन का त्योहार के उपलक्ष्य में थाना साल्हेवारा में आये सभी बालिकाओ को संचालित नवीन थाना भवन का भ्रमण कराकर थाना प्रभारी कक्ष, एचसीएम कक्ष, स्टाक रूम, बंदीगृह के संबंध में सभी बच्चो को सामान्य जानकारी दिया गया साथ में बच्चो को हमर बेटी हमर मान व अभिव्यक्ति एप के संबंध में भी जानकारी दिया गया वही बालिकाओ द्वारा अपने स्कूल में स्वंय के द्वारा बनाई गई राखी को थाना प्रभारी साल्हेवारा व अन्य अधि/कर्म को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। वही ब्रहाकुमारी बहनो ने भी थाना प्रभारी सहित समस्त स्टॉफ को राखी बांधकर आर्शीवाद प्रदान किये

हमर बेटी हमर मान अभिव्यक्ति एप की दी गई जानकारी

इस दौरान ब्रम्हाकुमारी दीदी व बालिकाओ ने काफी प्रसन्नता जाहिर किये साथ ही थाना साल्हेवारा के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को काफी प्रसन्नता हुई। बाद में साल्हेवारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर में साप्ताहिक त्योहारी बाजार होने पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक रामनरेश यादव सहित अन्य स्टॉफ द्वारा साप्ताहिक बाजार का भ्रमण कर पेट्रोलिंग किया गया वही पेट्रोलिंग के दौरान असामाजिक तत्व के लोगो पर नजर रखते हुये मिठाई दुकान, राखी दुकान के आसपास भ्रमण कर यातायात को सुदृण किया।

प्रादेशिकी का शेष...

भद्रा के बावजूद आज दिनभर ...

आज मिष्ठान भंडारों, किराने व रेडीमेड कपड़ों की दूकानों में भी अच्छी खासी ग्राहकी देखी गई। अनेक व्यवसाइयों ने मिष्ठान भंडारों, होटलों सहित नये प्रतिष्ठानों का भी मुहूर्त कर शुभारंभ किया। बस, आटो, टेक्सी स्टैंड में महिला सवारियों की काफी भीड़ देखी गई। इसके अलावा लोगों ने अपने स्वयं के वाहनों से भी भाई बहनों के घर जाकर राखियां बंधवाने की रस्म अदाई की। गिफ्ट आयटम की दूकानें, ज्वेलरी शाप में भी आज अच्छी खासी भीड़ देखी गई।

बाजारों में सभी जगह राखी के भव्य स्टाल लगाये गये थे। इन स्टालों में 5 रूपये नग से लेकर 50 रूपये प्रति नग की आकर्षक राखियां उपलब्ध रहीं। जानकारी के अनुसार आज शासकीय अवकाश के कारण एक वर्ग ने त्यौहार मना लिया मगर कल 31 अगस्त को भी राखी मनायी जायेगी।

एसएसबी के जवानों को बांधी रेडक्रास की छात्राओं ने राखियां

जूनियर रेडक्रास विंग की छात्राओं ने सशस्त्र सीमा बल मरोदा भिलाई के जवानों को रक्षा बंधन पर राखियां बांधकर राखी का त्यौहार मनाया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तकियापारा दुर्ग तथा यूथ रेडक्रास की छात्राओं ने भी राखी बांधी रक्षा बंधन का उक्त त्यौहार कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीण की प्रेरणा, सीएमएचओ दुर्ग डॉ. जे.पी.मेश्राम जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में मनाया गया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी थाम चाको ने कहा कि घर से काफी दूर रहने के कारण प्रत्येक रक्षा बंधन में कई जवानों की कलाइयां सूनी रह जाती थी आज इन बहनों द्वारा राखी बांधने से यह भी कमी पूरी हो गई। काफी अच्छा लग रहा है।

इस अवसर पर सरिता अग्रवाल, मनोरमा पाण्डेय, हिमोनी बघेल, संजय मानिकपुरी, संतोष बघेल, कीर्तन पटेल, रितेश रहंगडाले, सुनैना यादव, संजना गुप्ता, सजल साहू, श्रद्धा एवं तकियापारा जूनियर रेडक्रास की छात्राएं उपस्थित थी।

हेमचंद यादव विद्यालय : हेमचंद यादव वि. वि. परिसर स्थित टैगोर हाल में कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने वि.वि. के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर डॉ. पल्टा ने कहा कि इससे विश्वविद्यालय परिवार में एक दूसरे के प्रति सम्मान एवं आदर की भावना विकसित होती है। वि.वि. के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने इस अवसर पर रक्षा बंधन एवं उससे जुड़ी कथा सुनाई। यह जानकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने दी।

बघेरा मोड़ पर मिला ...

पुलिस व मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक गुरजीत सिंह लगभग 40 वर्ष की आयु का था। परिवार वालों के साथ संबंध तनाव पूर्ण रहने के कारण वह पिछले काफी समय से अपने घर नहीं जा रहा था। आज सुबह सुबह उसकी लाश देखी गई। वह नीला कलर की जींस शर्ट, जींस पेंट, गले में लाल रेशम का धागा पहने हुए था। पुलिस के अनुसार वाट्सएप में मृतक की फोटो वायरल होने के बाद लोगों ने उसकी शिनाख्त की और फिर उसके परिजन भी मौके पर एकत्रित होकर पहचान की।

आगामी चुनाव व त्यौहारी सीजन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु गुंडा व निगरानी बदमाशों की कंट्रोल रूम परिसर में ली हाजिरी

भिलाई नगर, 30 अगस्त। शलभ कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक दुर्ग व्दारा बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने तथा आगामी विधान सभा चुनाव 2023 एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये निगरानी गुण्डा बदमाशों की चेकिंग करने हाजिरी लगाने, उनका गुजर बसर की तस्दीक करने आपराधिक कृत्यों से दूर रहने, किसी भी प्रकार का कहीं भी कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यवाही करने निर्देशित किया था। जिसके पालन में आज संजय कुमार ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) व्दारा क्षेत्र के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को पुलिस कंट्रोल रूम, भिलाई में तलब कर उपस्थित निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को सामाजिक परिवेश में बने रहने, किसी भी आपराधिक कृत्यों में संलग्न नहीं रहने, कहीं भी किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं करने, किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर ठोस कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु सख्त हिदायत दी गई। 180 से अधिक उपस्थित हुए । इस दौरान इनके बारे मे गुजर बसर के बारे मे पूछताछ कर हाजिरी लिया गया जो उपस्थित नहीं सके उनका अनुपस्थिति रिपोर्ट डाला गया पृथक से तलब करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया इस कार्यवाही मे नगर पुलिस अधीक्षकगण, उप पुलिस अधीक्षक (काईम), थाना , चौकी प्रभारी, प्रभारी एसीसीयू साइबर उपस्थित रहे।

प्रदेश के मुख्य सचिव ने कलेक्टरों, आला अफसरों की ली वर्चुअल बैठक

खैरागढ़, 30 अगस्त। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आला अफसरों और कलेक्टरों की वर्चुअल बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में चुनावी तैयारियों की जानकारी, अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और सडक़ निर्माण आदि पर चर्चा कर निर्देशित किये। वर्चुअल बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा भी उपस्थित हुये। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू अर्जन के जितने भी लंबित मामले हैं, उनका जल्द निराकरण करें। उन्होंने यह भी कहा कि सडक़ सहित अन्य मामले जिसमें किसी प्रकार की कठिनाई हो, भू-अर्जन के मामले का निराकरण करें। बैठक में आगामी विधानसभा की चुनावी तैयारियों की जानकारी लेकर विशेष निर्देश दिये। इसके साथ ही अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि कलेक्टर अपनी टीम तैयार कर जिले में मॉनिटरिंग करें. स्वच्छ भारत मिशन में प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कार्य हुआ है। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नेहा कपूर, जिला पंचायत नोडल दिलीप कुर्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निधन

देवांतीन वर्मा

पलारी, 30 अगस्त। तुकाराम वर्मा की माता देवनतीन वर्मा (पठारीडीह) वाली का आकस्मिक निधन आज दोपहर ग्राम जघलोर में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार पलारी के मुक्तिधाम में शाम को किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजनों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

धनीराम मल्होत्रा

भिलाई नगर, 30 अगस्त। नेहरू नगर पूर्व निवासी 84 वर्षीय धनीराम मल्होत्रा का निधन 30 अगस्त को हो गया। उनकी इच्छा अनुसार उनके देह को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु दान किया गया है। वे सुरेश मल्होत्रा के पिता थे।

पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए की कार्यवाही की मांग

नवागढ़, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा की विधायक प्रवास योजना के तहत नवागढ़ विधानसभा के दौरे पर आए बिहार के हरसिद्धि विधानसभा के विधायक कृष्णनंदन पासवान ने प्रवास के अंतिम दिवस में विधानसभा स्तरीय बैठक ली। जिसमें पूर्व सांसद व जिला प्रभारी लखनलाल साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान, चम्पारण के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। पासवान ने बैठक के पहले केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया ततपश्चात कांग्रेस सरकार से पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी व्यथा सुनी।

बैठक के पश्चात जिला उपाध्यक्ष विकास दीवान की अगुवाई हजारों कार्यकर्ताओं की संख्या में नवागढ़ नगर के भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए विधायक गुरूदयाल बंजारे पर विधानसभा क्षेत्र में कराए गए कार्य में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। यह रैली बैठक स्थल मिलन मंगल भवन से प्रारंभ हुई जो कि राजीव गांधी चौक, गौरव पथ, बस स्टैंड में आमजन को सम्बोधित करते हुए सुकुल पारा पहुचीं। जँहा भाजपाइयों ने विधायक निवास का घेराव किया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं तैनात पुलिसकर्मियों के जमकर झूमाझटकी हुई। अंत में भाजपा शीर्ष नेताओ ने नवागढ़ के पदस्थ पटवारी पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाते हुए तत्काल निलंबित करने की मांग करते हुए तहसीलदार नवागढ़ को ज्ञापन सौंपा।

विधायक पासवान ने कहा कि उन्होंने अपने आठ दिवसी प्रवास के दौरान नवागढ़ विधानसभा में देखा कि यहां संगठन बहुत मजबूत है। नवागढ़ के कार्यकर्ता जिस उत्साह से कम कर रहे हैं निश्चित रूप से नवागढ़ में भाजपा का विधायक भारी बहुमत से जीतने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रवास में कार्यकर्ताओं के बीच जो अपनापन व स्नेह मिला उससे ऐसा लगने लगा कि वह यही के निवासी हैं।

पासवान ने कहा कि नवागढ़ के क्षेत्रीय दौरे के दौरान गांव-गांव में लोगों के जुबान पर एक ही बात थी कि यहां का कांग्रेसी विधायक निष्क्रिय है कभी उसने जनता के सुख-दुख की चिंता नहीं की। जनता कांग्रेस के आतंक से त्रस्त है और नवंबर में परिवर्तन का इंतजार कर रही है। पूर्व सांसद साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार भ्रष्ट सरकार है। लगातार एक के बाद एक घोटाले सामने आते जा रहे है। कोयला, रेत और शराब घोटाले हुए। उन्होंने कहा कि आज उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं का हम बता रहा है कि नवागढ़ में परिवर्तन की लहर दौड़ पड़ी है।

पटवारी पर लगाए गम्भीर आरोप

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि नवागढ़ नगर पंचायत हल्के में पदस्थ पटवारी दिनेश ठाकुर द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरतते बढ़ाते हुए भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इन्होंने नवागढ़ नगरी क्षेत्र के लगभग 150 घास जमीन के प्रकरण में फर्जी नगरी नक्शा बनाया है जिसमें अभी प्रधानमंत्री आवास बन चुका है अथवा निर्माणाधीन है। भाजपाइयों ने आरोप लगाया कि कौड़िया रोड, बेमेतरा रोड, छितापार रोड आदि क्षेत्र में हो रहे अवध प्लाटिंग में सहयोग करके करोड़ों की हेरा फेरी की है।

जिलाध्यक्ष जोशी ने कहा कि जिले में भाजपा जिस सीट से सबसे ज्यादा लीड से जीत दर्ज करेगी वह नवागढ़ विधानसभा है। नवागढ़ में कार्यकर्ता विगत 5 वर्षों से लगातार सशक्त रूप में कम कर रहे हैं और आज का यह जन सैलाब इसकी कहानी बयां कर रहा है। जिला उपाध्यक्ष विकास दीवान ने कहा कि कार्यक्रम उपस्थित कार्यकर्ताओं की संख्या ने बता दिया है कि हम विपक्ष में होने के बावजूद कितने मजबूत हैं। विधानसभा में बड़ी हार के बाद पुराने दिग्गज कार्यकर्ताओं ने पूरी एकजुटता के साथ मेहनत कर एक ऐसी मजबूत टीम खड़ा की है जिसने कांग्रेस की नीव दिला दी है। सत्ता के विधायक के पास घूमने को चार कार्यकर्ता नहीं है, वहीं भाजपा के पास कार्यकर्ताओं का हुजूम है। जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा व मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान नरेन्द्र शर्मा, दुर्गा सोनी, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सुरेन्द्र सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष डॉ जगजीवन खरे,पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरिकिशन कुर्रे, पूर्व जनपद सदस्य निमिराज सोनवानी, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग,महामंत्री मिन्टू बिसेन व सुरेश साहू, एससी मोर्चा जिला महामंत्री सुशील बनर्जी, रामसागर साहू,मनीराम साहू, सुरेश निषाद, टीकम गोस्वामी, फुलचंद साहू, अभिषेक राजपूत, अर्पित गुप्ता,बिनो सोनकर, कांति सोनकर, मीना रामकिशुन साहू, केदार साहू, दुर्जन साहु, कपिल बंजारे, राजकुमार मिश्रा, काल्विन जोशी, तोपसिंह साहू,भुनेश्वर वर्मा, नरेश वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, युपेश साहू, मुचकुंद राजपूत, मुरारी साहू, शोभित साहू, वेदराम साहू, रामनाथ साहू, कुलेश्वर सिन्हा, गजेन्द्र साहू, महेश टण्डन, बालशंकर वर्मा, संदीप वैष्णव, मोनू गोस्वामी, राजेंद्र साहू, गुरमुख भार्गव, कृष्णा ठाकुर, मोनू गोस्वामी, बाबूराम रजक, गोलू सिन्हा, मनीष सेन, संजू राजपूत, नरेश वर्मा, राजकुमार साहू, रामाधार ध्रुव, अवतार यादव, शेखर महिलांग, हिमांशु ठाकुर, संजू साहू, धन्नू साहु, परमेश्वर साहू, जित्ते, राजा, गोपी, दिनेश सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ब्लाक डौण्डी के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का मंत्री भेड़िया ने की भूमिपूजन लोकार्पण

खेती संबध में किसानों से ली जानकारी,छ.ग में कांग्रेस सरकार बनाने की अपील

डौण्डी/दल्लीराजहरा,30 (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के विभिन्न ग्राम के भूमिपूजन लोकार्पण एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।जिसमे सबसे पहले ग्राम कोटागांव के ठाकुर पारा में गोड़वाना भवन का लोकार्पण किया गया।तत्पश्चात खुरसुंगिया पारा में देवांगन समाज के भवन के लिए भूमिपूजन करके ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क किया गया साथ ही ग्रामीणों के समस्या व मूलभूत कार्यों का निरकरण भी किया गया व खेती किसानी के संबध में किसानों से जानकारी भी लिए कार्यक्रम में मंत्री अनिला भेड़िया ने छत्तीसगढ़ शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं फिर से डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए अपील की तत्पश्चात डौंडी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा मानदेय में वृद्धि किए जाने के लिए मंत्री का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम मे मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य काशी निषाद , जिला पंचायत सदस्य करिश्मा सलामे,जनपद पंचायत के अध्यक्ष बसंती दुग्गा, उपाध्यक्ष पुनीत सेन, जनपद पंचायत सद्स्य पुष्पा कोमार्रा,ब्लॉक के महामंत्री कैलाश राजपूत, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अतीक कुरेशी,ब्लॉक सचिव कोमलेंद्र चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस मिडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, डौंडीलोहारा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष भरत देवांगन, शोएब रजा, शाहरुख खान, कैलाश ठाकुर, ग्रामीण जन कुंजन भुआर्य, गिरधरी कोटपरिया, प्रेमबती देवांगन, एवम समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य गण एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर के दाम में कटौती कर छत्तीसगढ़ के 59 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री मोदी ने दिया राखी का तोहफा: कृष्ण कांत पवार

बालोद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती एवं उज्वला योजना के लाभार्थी बहनो को 400 रुपये कम किए जाने का स्वागत करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार ने कहा है कि राखी और ओणम के त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहनों, बेटियों ,माताओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा। जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटने का फैसला भी लिया है। जिससे देश की निर्धन वर्ग की महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलेगी और वह बेहतर माहौल में अपने घर की रसोई तैयार कर सकेंगी। भाजपा महिला मोर्चा कि पदाधिकारी शितल नायक, प्रतिभा चौधरी, दीपा साहु, प्रेमलता साहु, लिला शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। राज्य में 59 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 34 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिला है। उज्ज्वला हितग्राहियों को केंद्र सरकार पूर्व से ही सब्सिडी दे रही है। ताकि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ ना पड़े। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संधिया भारद्वाज, सुशीला साहू, अनिता कुमेटि, राधिका भारद्वाज एवं खिलेश्वरी साहू ने कहा कि आज मोदी जी ने उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों सहित सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को त्यौहार का उपहार दिया है। मोदी जी ने देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति का प्राथमिकता के साथ ध्यान रखा है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के देश की सभी महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं चाहे वह किसी भी धर्म वर्ग या पंथ से जुड़ी हुई क्यों न हों। एक देश में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। इस दिशा में भारत में पहली बार नीतियां बनी हैं तो यह नीतियां मोदी जी की देन हैं। सरोज गंगबेर, संगीता चंद्राकर, रश्मि साहू, डां मोना टुवानी, संधिया साहु, भुनेश्वरी ठाकुर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले मोदी जी ने सबसे पहले हमारी बहनों, बेटियों, माताओं को उनके घर पर शौचालय निर्माण के जरिए सम्मान दिया है। मोदी जी ने गरीब महिलाओं को पक्के मकान की सौगात दी है। उन्होंने अब रसोई गैस के दाम में बड़ी कटौती करने का जो फैसला लिया है, उससे केंद्र सरकार पर 7680 करोड़ का अतिरिक्त बोझ आएगा। लेकिन बहनों की खुशी से बढ़कर मोदी जी और भाजपा के लिए और कुछ भी नहीं है। यही कारण है कि महिलाओं के हित में यह फैसला लिया गया है। जिसका असर पूरे देश के आम नागरिकों पर दिखाई देगा। देश के हर निवासी, हर परिवार को इस राहत का लाभ मिलेगा। मोदी जी का आभार व्यक्त करने वालों में रानू सोनकर भिखी मसीया, डामेश्वरी साहू, भानुमति साहू, पुष्पा बघेल, सरोजिनी साहू, पायल सोनी, उर्मिला साहू, पूनम साहू, सीता साहू, सुनीता मनहर, धनेश्वरी कौशिक, सत्या गांवारे, प्राची लालवानी, टिकेश्वरी बंधु, ममता गजेंद्र कांति सोनेश्वरी, सरोजिनी साहू, उमेश्वरी धनकर, मोहिनी देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

माध्य.शाला सहसपुर लोहारा का आकस्मिक निरीक्षण

सहसपुर लोहारा, 30 अगस्त (देशबन्धु) ।शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सहसपुर लोहारा में भवन की कमी के संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष भास्कर के निर्देश पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र साहू, खंड स्रोत समन्वयक सुनील मेहरा, संकुल प्राचार्य मनहरण तुर्केले एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक जोहन पुनाचा के द्वारा विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया गया। शाला की कुल दर्ज संख्या 267 में 123 छात्र उपस्थित मिले। पंजी के निरीक्षण में औसत उपस्थिति लगभग 190 पाई गई। कक्षा सातवीं एवं आठवीं में दर्ज संख्या अधिक है जिसके कारण बैठने के लिए कमरे के अलावा बरामदे का उपयोग किया जाता है। बैठक व्यवस्था को सरल बनाने के लिए प्रधान पाठक सह स्टाफ कक्ष तथा एक कमरा जिसमें कुछ सामान रखा हुआ था उसे खाली करने का निर्देश दिया गया जिससे 2 अतिरिक्त कमरों की व्यवस्था हुई। वर्तमान में 5 कमरा तथा 2 बरामदा की व्यवस्था हो गई है जबकि कक्षा की संख्या 3 है। ज्ञात हो कि प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला दो पालियों में प्राथमिक शाला भवन में संचालित होती है। प्राथमिक शाला के जर्जर भवन को अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु तोड़ा गया है एवं कार्य प्रगति पर है। माध्यमिक शाला भवन मरम्मत कार्य हेतु राशि 7.30 लाख स्वीकृत हो चुका है परंतु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

धर्मजीत सिंह का भाजपा प्रवेश के बाद पण्डरिया आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

कवर्धा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रवेश के बाद बीते दिन धर्मजीत सिंह का प्रथम पण्डरिया आगमन हुआ, श्री सिंह के साथ पूर्व लोरमी विधायक तोखन साहू भी पण्डरिया पहुंचे, लोरमी के रास्ते पण्डरिया पहुंचने के बीच ग्राम कापादाह, पेंड्रीखुर्द, किशुनगढ़, रमतला और मोहतरा ग्राम में ग्रामवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह श्री धर्मजीत सिंह का स्वागत किया, रमतला से पण्डरिया तक युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ नारा लगाते हुए स्वागत किया, धर्मजीत सिंह 25 गाड़ी के काफिले के साथ पण्डरिया पहुंचे, पण्डरिया पहुंचते ही पुराना बस स्टैंड में पण्डरिया, कुई कुकदूर, पांडातराई, कुंडा व दुल्लापुर के पांचों मण्डल अध्यक्ष एवं उनके समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा हजारों की संख्या में धर्मजीत सिंह का भव्य स्वागत किया गया, स्वागत कार्य्रकम में राउत नाचा, आदिवासी नृत्य व गाजे बाजे आतिशबाजी के साथ चौक चौराहे में भव्य स्वागत किया गया उसके उपरांत पुराने बस स्टैंड से धर्मजीत सिंह सतनामी समाज के गुरुद्वारा में दर्शन किये फिर महामाया मंदिर से दर्शन करने बाद भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों महिलाओं ने श्री सिंह का स्वागत किया, फिर महामाया मंदिर से सभी कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ पदयात्रा करते हुए सभी आमजन से मिलते हुए उनका अभिवादन करते हुए अपने साथियों से मुलाकात करते हुए गांधी चौक स्थित आमसभा तक पहुंचे, पूरे पण्डरिया में धर्मजीत सिंह का आमजन, व्यापारी वर्ग व युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ आत्मीय स्वागत किया, श्री सिंह के साथ सभी ने तोखन साहू का भी स्वागत किया।

गांधी चौक में चौपाटी परिसर में श्री सिंह जनसभा को सम्बोधित किये और उन्होंने कहा कि पण्डरिया मेरी जन्मभूमि है और पण्डरिया से मेरा जीवन मरण और दिल का रिश्ता है, उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं और वे अपने पूरे तन मन धन से भाजपा का काम करेंगे और आने वाले चुनाव में टिकिट जिसको भी मिले उनके लिए काम करते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में अपना योगदान देंगे, साथ ही पूर्व विधायक तोखन साहू ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पण्डरिया उनका ननिहाल है और धर्मजीत सिंह मेरे राम हैं और मैं उनका लक्षमण, हम दोनों मिलकर पण्डरिया लोरमी में भाजपा को जिताने में अपना पूरा दम लगाएंगे फिर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने धर्मजीत सिंह का स्वागत कर सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि धर्मजीत सिंह से उनके पुराने सम्बन्ध हैं और वे हमेशा से मुझे मदद करते आएं हैं वे हमेशा दिल का रिश्ता निभाते हैं और कहा कि धर्मजीत सिंह के भाजपा में आने से भाजपा को मजबूती मिली है और कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है।

सभा स्थल में ही धर्मजीत सिंह जी के समक्ष सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू, रतिराम भट्ट, परमेश्वर चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, सुखदेव धुर्वे, मिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू शर्मा, वरिष्ठों मे कुलदीप छाबड़ा, वीरेंद्र सिंह राज, नंदलाल चंद्राकर, जनक चंद्राकर, वीरेंद्र शर्मा, खेम सिंह ठाकुर, जल्लु साहू, कल्याण सिंह, नवल किशोर पांडे, चंद्रकुमार सोनी, मोहन जैन, वीरेंद्र सिंह, बालाराम चंद्रवंशी, ललित चंद्रवंशी, नंदी हलवाई, भास्कर देवांगन, विशाल शर्मा, रविश सिंह, पद्मरज टंडन संहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

केसीजी जिले में चना बीमा की राशि दर्जनो , गांवों के किसानों को अभी तक नही मिला

खैरागढ़, 30 अगस्त (देशबन्धु)। केसीजी जिले में रबी फसल 2022 -23 के चना बीमा की राशि जिले के दर्जनों गांव में अभी तक किसानों को नही मिल पाया है। केसीजी जिले में ऐसे कई दर्जनों गांव है। जहां के किसानों को चना बीमा का पैसा अभी तक नही मिला है। जैसे मुढ़ीपार, मुड़पार, कुसुमकुआं, गुमानपुर, पीपलाकछार, रीवागहन, बरगांव, सलोनी, अवेली, कुम्ही, गर्रा, उदान, मानिकचौरी, जंगलपुर, खोंघा, करेला, मुहडबरी, इटीकसा, कटंगीकला, लोधी नवागांव, बाज़गुड़ा सहित ऐसे कई गांव है। जहां के किसानों को चना बीमा का पैसा अभी तक नहीं मिला है। 28 अगस्त सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे थे। जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, नरोत्तम सिन्हा,केशव साहू, मधुसूदन साहू, पुरुषोत्तम साहू, खेमराज जैन के नेतृत्व में नकुल साहू,परदेसी देवांगन,भूषण वर्मा सुनील वर्मा, धनी राम साहू, रवींद्र वर्मा, सनत वर्मा सहित दर्जनों गांव के किसान सैंकड़ो की संख्या में कलेक्टर के पास पहुंचे थे। वर्तमान सत्र में बीमा क्लेम में काफी विसंगतियां पाई गई है, यह पूरी तरह विभागीय त्रुटि और बीमा कंपनियों की लापरवाही है। किसानों ने बताया कि बीमा कंपनी में कॉल किए जाने पर बीमा कंपनी वाले बोलते हैं कि आपका नाम ही नहीं है। किसानों के साथ इस तरह के व्यवहार साल दर साल अन्नदाताओं के साथ अन्याय है। कलेक्टर और कृषि अधिकारी ने एक सप्ताह में इसके कारण और निदान का भरोसा दिया है। और वहीं 15 दिनों के अंदर इसका समुचित निपटारा नहीं होने पर किसान संघ ने किसान के हित मे विभाग और बीमा कंपनी के विरूद्ध उग्र आंदोलन,प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

नारकोटिक एक्ट के तहत नशीली दवाईया बिक्री करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर एवं चुनाव आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशो के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बी.एन.मीणा (भा.पु.से.) एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही (110/107,116), बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दिनांक 27.08.2023 को थाना नवागढ पुलिस टीम को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि मिश्रापारा नवागढ में सामुदायिक शौचालय के पास नवीन गंधर्व नामक व्यक्ति अवैध रूप से धन अर्जित करने के उद्देश्य से प्रतिबंधित नशीली दवाईया रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना के अधार पर सायबर सेल बेमेतरा एवं थाना नवागढ पुलिस टीम व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी नवीन गंधर्व निवासी नवागढ के कब्जे से नशीली दवाई पांच डिब्बा, कुल 3000 टेबलेट, कीमत करीबन 11,100/- रुपये, कुल 50 स्ट्रीप के कब्जे से जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपी नवीन गंधर्व से कडाई से पुछताछ करने एवं उक्त नशीली एवं प्रतिबंधित दवाई को किससे और कहा प्राप्त करने के संबंध में पुछताछ करने पर नवागढ के रहने वाले महेन्द्र सोनकर से लेना बताया जिसे हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी महेन्द्र सोनकर निवासी नवागढ 6 डिब्बा नशीली दवाईया लिखा कुल 3600 टेबलेट, कीमत करीबन 13,320/- रुपये, कुल जुमला 6,600 टैबलेट कीमती 24,420/- रूपये 6,600 टेबलेट को जप्त किया गया हैं।

उक्त प्रकरण में आरोपियों से पुछताछ कर नशीली एवं प्रतिबंधित दवाईया को प्राप्त करने के सोर्स के संबंध में पुछताछ करने पर आरोपी महेन्द्र सोनकर ने बताया कि रतनपुर जिला बिलासपुर के रहने वाले यशवंत सिंह राजपूत पिता स्वं. अनूप सिंह राजपूत उम्र 44 साल साकिन वार्ड नं. 05 रजहापारा रतनपुर जो मेडिकल एजेन्ट का काम करना बताता है के द्वारा उक्त नशीली एवं प्रतिबंधित दवाई को उपलब्ध कराना बताया ।जिस पर उक्त आरोपी यशवंत सिंह राजपूत को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी यशवंत सिंह राजपूत के कब्जे से एक खाकी कार्टून के अंदर 60 डिब्बा 0.5 लिखा, प्रत्येक डिब्बे में 10 पत्ता (स्ट्रीप्स) एक स्ट्रीप में 60 टेबलेटस कुल 60 डिब्बा अंदर रखे स्ट्रीप्स में 36000 टेबलेटस प्रतिबंधित नशीली दवाईयाँ जैसे गोली कीमती 1,33,200/- रूपये तथा उसी डिब्बे के अंदर पालीथीन में 1,42,500 /- रुपये जप्त किया गया ।

आरोपी यशवंत सिंह राजपूत से उक्त प्रतिबंधित नशीली दवाईयाँ को कहा और कैसे प्राप्त करने के संबंध में पुछताछ करने पर बताया कि बिलासपुर तिफरा का रहने वाला मनोज यादव जो मेडिकल एजेन्ट का काम करता है जो उक्त प्रतिबंधित नशीली दवाई को देना बताने पर आरोपी मनोज यादव को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी मनोज यादव के कब्जे से दो खाकी कार्टून अलग अलग जिसके अंदर 120 डिब्बा 0.5 लिखा, कुल 120 डिब्बा अंदर रखे स्ट्रीप्स में 72,000 कुल किमत 2,66,400/- रूपये, जुमला टेबलेटस प्रतिबंधित नशीली दवाईयाँ कीमती 3,99,600/-रूपये जप्त किया गया ।

जिसमें नशीली दवाई रखकर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपियों के विरूद्ध धारा 21 (ग) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपी नवीन गंधर्व एवं महेन्द्र सोनकर को दिनांक 28.08.2023 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इसी तारतम्य में अग्रिम विवेचना में दो आरोपी यशवंत सिंह राजपूत एवं मनोज यादव को आज दिनांक दिनांक 30.08.2023 को वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

उपरोक्त कार्यवाही थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि मोहन साहू, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेन्द्र जायसवाल, राजेश ध्रुव, हेमप्रसाद साहू, राजेन्द्र साहू, अमित यादव, भोलाराम साहू एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर का पनिका समाज ने जताया आभार

सहसपुर लोहारा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मानिकपुरी पनिका समाज सहसपुर लोहारा द्वारा सहसपुर लोहारा में सामाजिक भवन निर्माण हेतु केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर से पनिका समाज द्वारा मांग किया गया जिस पर मंत्री मोहम्मद अकबर के द्वारा उक्त मांग को स्वीकार करते हुए सहसपुर लोहारा में पनिका समाज के सामाजिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए स्वीकृत किया और 28 अगस्त को पनिका समाज के सामाजिक भवन का भूमिपूजन किया गया जिस पर मानिकपुरी पनिका समाज सहसपुर लोहारा में हर्ष व्याप्त किया गया एवं मंत्री मोहम्मद अकबर का आभार प्रकट किया गया आभार प्रकट करने वालों में समाज के परमेश्वर दास, फागूदास, भुखन दास,बसंत दास,शंकर दास, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश दास,ब्लॉक उपाध्यक्ष बबला मानिकपुरी,शरद बंगाली,जनपद उपाध्यक्ष मंजू बंगाली,मनबोध दास,भागवत दास, अमर दास,युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामहू दास,उपाध्यक्ष कमलेश,सचिव सुरेश दास,कोषाध्यक्ष प्रदीप दास, खेंम दास पनिका, डाकेश्वर दास, हेमंत दास, ज्ञानू दास,दीपक दास,गजानंद दास,रमेश दास,कार्तिक दास,धनदास,तिलक दास, प्रकाश, बृजेश,उमेश दास, थिरदास,बल्लू दास, दयालु दास,सुखीदास, रिंकू,सहित बड़े संख्या में समाज के अन्य लोग उपस्थित हुए।

विधायक मंडावी के प्रयास ने लाया रंग करोड़ों के विकास कार्य हुए स्वीकृत

मोहला/मानपुर/चौकी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी के प्रयास से छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मोहला- मानपुर विधानसभा में विधायक इंद्रशाह मंडावी के मांग अनुरूप मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2023-24 के अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्यों तथा मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण से यात्री प्रतिक्षालय का स्वीकृति मिला है। जिसमें मुख्य रूप से सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण तथा यात्री प्रतीक्षालय निर्माण सहित कुल 1 करोड़ 74 लाख 30 हजार के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुआ है इन कार्यों से लोगो को अधिक सुविधा प्राप्त होगी साथ ही मोहला-मानपुर विधानसभा में इंद्रशाह मंडावी के नेतृत्व में लोककल्याण के अधिक कार्य होंगे। मानपुर विकासखंड के अंतर्गत काड़े में यात्री प्रतीक्षालय 7.50 लाख, सरोली में सामुदायिक भवन ठाकुरदही गढ़माता मंदिर के पास 6.50 लाख तथा सामुदायिक भवन भोसू पारा 6.50 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण मुरझर 6.50 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कमकासुर 6.50 लाख, मेढाखुर्द 5.20 लाख, गट्टेपायली 5.20 लाख, साल्हेभट्टी 5.20 लाख, भटगांव 520 लाख, दोरबा 5.20 लाख, गुभियागढ़ 5.20 लाख, कमकासुर 5.20 लाख, पुसेवाड़ा 5.20 लाख तथा मोहला विकासखंड के अंतर्गत खड़गांव रोड मोहला में यात्री प्रतीक्षालय 7.50 लाख, यात्री प्रतीक्षालय मोहभट्टा 7.50 लाख तथा सामुदायिक भवन पानाबरस 6.50 लाख, सीसी

■ विधानसभा में 1 करोड़ 74 लाख 30 हजार के निर्माण कार्य होंगे संपादित

रोड नरसूटोला 5.20 लाख, तेलीटोला 5.20 लाख, तेंदूटोला 5.20 लाख, मोहभट्टा सलाम पारा 5.20 लाख, कुंजामटोला डोंगरी पारा 5.20 लाख, हेरकुटुंब 5.20 लाख, बोगाटोला ठाकुर पारा 5.20 लाख, हलामीटोला 5.20 लाख, कमकासुर 5.20 लाख, आमाडुला वार्ड क्रमांक 04 में 5.20 लाख तथा अंबागढ़ चौकी विकासखंड के गोर्राटोला में यात्री प्रतीक्षालय 7.50 लाख, ग्राम पंचायत टाटेकसा में सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, खैरी में सीसी रोड 5.20 लाख, बिहरीकला में 6.50 लाख सामुदायिक भवन का स्वीकृति प्राप्त हुआ है।

विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के निर्माण कार्य स्वीकृति होने पर जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, महामंत्री द्वय संजय जैन, राजेंद्र जुरेशिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लच्छू साबले, नोहरू कुमेटी, मीना मांझी, जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, लगनू राम चंद्रवंशी, कुमारी बाई जुरेशिया, जनपद उपाध्यक्ष सईदा खान, गमिता लोनहारे, नरोत्तम देहारी, सुजान पुरामे, रामकेवल विश्वकर्मा, बालचंद कोरेटी, दिलीप सिगने, सुरजीत सिंह ठाकुर, अब्दुल खालिक खान, कुमार कोरेटी, रामेंद्र गोआर्य, राजकुमार धुर्वे, पन्ना मेश्राम, ऋषभ ठाकुर, देवानंद कौशिक, करण बोगा, दिनेश साहू, भूषण तिवारी, भाऊ राम बांबोड़े, जवाहर बोगा, घसीया राम नाग सहित जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेताओ ने विधायक इंद्रशाह मंडावी तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

घोषणा पत्र सुझाव समिति के तहत सुझाव मांगेंने हेतु शिवरतन शर्मा का आज होगा आगमन

राजनांदगांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से पार्टी का रोड मैप तैयार करने के लिए घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम देकर उसका खाका तैयार करने के लिए विभिन्न वर्गों से सुझाव लेने के लिए वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से सभी विधानसभाओं में अभियान शुरू किया जा चुका है,जिसके तहत आज 31 अगस्त को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश घोषणा पत्र समिति के सहसंयोजक शिवरतन शर्मा जी प्रात: 11-00 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेंगे, जहां पर वे संकल्प पत्र के लिए सुझाव आमंत्रित करेंगे।

■ डोंगरगढ़ के पश्चात राजनांदगांव में विभिन्न वर्गों से करेंगे मुलाकात

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुझाव पेटी *छत्तीसगढ़िया मन के बातज्भी साथ-साथ चल रही है,सभी के सुझावों को लेकर पेटी में डाला जा रहा है और आम लोगों की समस्याएं और उनकी मांगे भी शामिल की जा रही हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि भाजपा के संकल्प पत्र में अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति से सुझाव लेकर हर वर्ग का ध्यान रखने की चेष्टा की जा रही है, उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध व्यापारी वर्ग, अधिवक्ता वर्ग,किसान वर्ग, पत्रकारगण,डॉक्टर गण, शिक्षक गण,एवं मजदूर साथी,समाज जीवन के प्रत्येक वर्ग के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सुझाव आमंत्रित किया जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष में दोपहर 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय में शिवरतन शर्मा जी पत्रकारों से रूबरू होंगे, तत्पश्चात वे विभिन्न वर्गों के बीच जाकर संकल्प पत्र में सुझाव लेने हेतु रवाना होंगे।

रूपेश दुबे प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

राजनांदगांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संचार विभाग की कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमें राजनांदगांव में कांग्रेस की आवाज मुखरित करने वाले रूपेश दुबे को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है ।

श्री दुबे लगातार भाजपा के खिलाफ तथ्यात्मक बातों पर कांग्रेस का पक्ष रखते रहे हैं पेशे से अधिवक्ता श्री दुबे को उनकी योग्यता दक्षता को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेषित सूची को प्रभारी सुश्री शैलजा ने अनुमोदित की है जिसमें श्री दुबे को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है श्री दुबे ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश प्रभारी सुश्री शैलजा जी ,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला जी वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर , कांग्रेस पार्टी के महासचिव शाहिद भाई जी सहित शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

ऑटो चालकों को रक्षा सूत्र बाँध कर महापौर हेमा देशमुख ने मनाया रक्षाबंधन

राजनांदगांव(शहर), 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन पर्व में जहां सभी बहनें अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षित जीवन की कामना करती हैं किसी क्रम में राजनांदगांव शहर की प्रथम नागरिक महापौर हेमा देशमुख ने 20 से अधिक ऑटो चालकों को अपने निवास में रक्षा सूत्र बांधकर उनके उज्वल भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष जोतेश सिमनकर ने कहा कि आज महापौर निवास में पेट्रोल ऑटो चालक संघ के सभी भाइयों को हमारी बहन महापौर हेमा देशमुख ने रक्षा सूत्र बांध कर मुह मीठा कराया एवं आशीर्वाद दिया है, यह बस एक धागा नहीं है यह एक भाई का वादा है और एक बहन का भरोसा है, हम बहन हेमा देशमुख जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं

और हम सदैव उनके साथ है।

महापौर हेमा देशमुख ने राजनांदगांव जिले के समस्त नागरिकों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि आज मरे शासकीय निवास में मेरे ऑटो चालक भाइयों का आगमन हुआ इस दौरान मैंने उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ जीवन एवं सुरक्षित जीवन की ईश्वर से कामना की।

इस दौरान उपस्थित राजनांदगांव शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा ने कहा कि आज हमने महापौर निवास में महापौर हेमा देशमुख जी के साथ ऑटो चालकों को रक्षा सूत्र बांधा है हमारे सभी ऑटो चालक भाई जो सड़क पर अपनी ऑटो चलाकर हम सबको सेवा प्रदान करते हैं तो आज उनकी सेवा के लिए एवं उन्हें सुरक्षित रखने की कामना के साथ हमने सभी ऑटो चालक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन की बधाई शुभकामनाएं दी इस दौरान एल्डरमैन प्रतिमा बंजारे एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

क्रांति बंजारे भारत यात्री को प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग मे बनाई गई प्रवक्ता

राजनांदगांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने प्रवक्ताओं की सूची जारी की गई है बता दे की राजनंदगांव से कांग्रेस के तेज तर्रार माने जाने वाले प्रवक्ता रूपेश दुबे को पुन: प्रवक्ता बनाया गया वही एआईसीसी मेंबर श्रीमती क्रांति बंजारे को भी प्रवक्ता के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है राहुल गांधी के साथ में भारत जोड़ो पद यात्रा मे लगातार साथ चलने के पश्चात क्रांति बंजारे तब चर्चा में आई जब अचानक अस्वस्थ होने के पश्चात उनका इलाज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कराने की जिम्मेदारी उठाई और इलाज के पश्चात क्रांति बंजारे फिर पदयात्रा में जुड़ गई बताया जाता है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं खासकर राहुल गांधी और कुमारी शैलजा के साथ वरिष्ठ कांग्रेस के दिग्गज नेता भी क्रांति बंजारे को नाम और उनकी कर्मठता और संगठन के लिए समर्पित होने के लिए जानते और पहचानते है।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

डोंगरगढ़, 30 अगस्त (देशबन्धु)। सभी भाषाओं की जननी संस्कृत भाषा का च्चसंस्कृत सप्ताह -2023 च्च कार्यक्रम का आयोजन च्चसंस्कृत भाषा प्रदर्शनीज्ज से नगर के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में संस्कृत विद्यामण्डलम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक संस्कृत विद्यामण्डलम (ध. ग. संस्कृत बोर्ड) लक्ष्मण प्रसाद साहू और अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ विकासखण्ड शिक्षाधिकारी एफ आर

कोसरिया सरस्वती शीशु मंदिर के प्राचार्य प्रकाश यादव मंच पर विराजमान थे साथ ही वे इस कार्यक्रम के निर्णायक भी रहे। संस्था प्रमुख प्राचार्य (वाय श्रीनिवास राव) के सम्भाषण में उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संदेशानुसार संस्कृत भाषा का प्रभाव भारतीय भाषाओं में ही नही अपितु अन्य भाषाओं में भी परिलक्षित है को दोहराते हुए संस्कृत भाषा को सहेजकर और संजोकर रखने की प्रेरणा दी। प्रथम दिवस में संकुल स्तरीय संस्कृत मौडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रथम द्वितीय स्थान पर स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के विद्यार्थी रहे तथा तृतीय स्थान पर आजाद हिन्द विद्यालय के विद्यार्थी विजेता रहें। माध्यमिक स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा तृतीय स्थान पर सरस्वती शीशु मंदिर विद्यालय के विद्यार्थी रहे। अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने समस्त विद्यार्थियों के प्रयासो को सराहा और बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें संस्कृत भाषा के अथाह महत्व को आत्मसाद करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. निरंजन ठाकुर के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा किया गया ।

वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया

राजनांदगांव(शहर), 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्म दिवस के मौके पर गुलदस्ता भेटकर कर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पुरुषोतम गांधी वरिष्ठ नेता, किशुन यदु पार्षद ,तामेश्वर साहू जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा ,संतोष निर्मलकर सोशल मीडिया प्रभारी सहित जिले भर के पार्टी कार्य कर्ताओ ने उन्हें उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु की कामना करते हुए जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रेषित किया।

देवी दर्शन कर सांसद विजय बघेल ने लिया आशीर्वाद

डोंगरगढ़, 30 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग से भाजपा सांसद और भाजपा घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल आज अपने एकदिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी के दौरे पर थे, जहां उनका बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया वही विजय बघेल ने मां बम्लेश्वरी देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वही मीडिया से चर्चा करते हुए विजय बघेल ने दुर्ग के पाटन भाजपा की ओर से सीएम भूपेश बघेल के विरुद्ध उनको प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कहा कि प्रतिद्वंदी बड़ा हो या छोटा हो चुनाव मे मेहनत लगती है पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं ने भरोसा जताया है और वे सीएम भूपेश बघेल को इस चुनाव में हराएंगे। वही भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर विजय बघेल ने कहा कि बीजेपी का घोषणा पत्र कांग्रेस से अच्छा रहेगा और सच्चाई पर आधारित रहेगा झूट का पुलिंदा नही रहेगा जिसे भाजपा धरातल पर लाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री पर बयान देकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष जनता का ध्यान भटका रहे: अमित जैन

डोंगरगढ़, 30 अगस्त (देशबन्धु)। शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन ने सरकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा जब से पाटन विधानसभा क्षेत्र के लिए माननीय विजय बघेल जी को प्रत्याशी घोषित किया गया है तब से कांग्रेसियों के चेहरों की रौनक उड़ गई है मुख्यमंत्री चुनाव हारने के डर से अभी तक यह फैसला नहीं ले पाए रहे हैं कि वह चुनाव कहां से लड़े । वहीं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज इस विषय से जनता का ध्यान भटकने के उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के ऊपर बयान बाजी कर रहे हैं बैंक अध्यक्ष नवाज खान स्वयं असमंजस की स्थिति में है वे फैसला नहीं कर पा रहे की कौन से विधानसभा से टिकट मांगे कभी डोंगरगांव से फॉर्म जमा कर रहे तो कभी खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लिए फार्म जमा करने की खबर सामने आ रही है । अध्यक्ष श्री जैन ने आगे कहा कि विगत 15 सालों में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह कि भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में कई विकास कार्य हुए हैं प्रदेश में चारों ओर सड़कों का जाल, नए-नए हॉस्पिटल, बिजली , पानी की सुविधा व प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही जनता को कई जनहित योजनाओं का लाभ दिया गया जिसके चलते आज प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता में लाने के लिए समय का इंतजार कर रही है तो वहीं कांग्रेस के 5 सालों में प्रदेश की सड़कों में जगह-जगह गड्ढे है जहां जनता को रोज दो-चार होना पड़ रहा है किसानों को खाद बीज बीमा के लिए सोसाइटी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं । अध्यक्ष अमित जैन ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध शराब बिक्री भी पूरी तरह धड़ल्ले से की जा रही है किसानों के हित के लिए शुरू की गई नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना का भी प्रदेश में कहीं ठिकाना नहीं है हितग्राहियों को इसका लाभ नही मिल रहा । गौठान के नाम पर ग्रामीणों से केवल छलावा किया गया है ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च करके गोठान तो बना लिए गए परंतु वहा गो वंश को दिए जाने वाली सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसके कारण आज भी पशु सड़कों में घूमते नजर आ रहे । प्रदेश की जनता विगत 5 साल में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पूरी तरह से समझ गई है और आगामी महिनो में होने वाले विधानसभा चुनाव में इनको सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है ।

जनपद उपाध्यक्ष ने बच्चों को पिलाई पोषण दवाई

डोंगरगढ़, 30 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम डुन्डेरा के उप स्वास्थ्य केंद्र में जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा के हाथों ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर छोटे-छोटे नवनिहलो को दवाई पिलाकर शुभारंभ किया गया इस दौरान उपाध्यक्ष श्री वर्मा ने क्षेत्र के ग्रामीण जनता को स्वच्छता एवं बच्चों को दी जाने वाली पोषण सामग्री के विषय में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि बच्चों को अगर स्वच्छता से रखा जाए एवं समय-समय पर उन्हें पोषण सामग्री जैसे दूध अंडा दाल पत्ता गोभी लौकी पालक सहित हरी सब्जियां भोज्य पदार्थ में दिया जाए तो बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा और बच्चे पूरी तरह से तंदुरुस्त रहेंगे कार्यक्रम में डाक्टर नमू साहू वा ग्रामीण उपस्थित थे।

अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा,महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यों में घुम-घुम करते थे चोरी

राजनांदगांव, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मामला इस प्रकार है कि प्रार्थी ने चौकी चिखली राजनांदगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने घर दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव से दिनांक 12.08.23 को अपनी पत्नी के साथ अपने रिस्तेदार के घर घुमने के लिए दुर्ग गये थे जब दिनांक 15.08.23 को रात्रि 09 बजे घर वापस आकर देखा तो दरवाजा का ताला टुटा हुआ था घर अंदर रखे लोहे का आलमारी के अंदर रखे सोने का आभूषण एवं नगदी रकम 15000 रूपये कुल जुमला 157151 रूपये को को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गये है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अप0क्र0 626/2023 धारा 457,380 भादवि एवं घटना दिनांक को ही चिखली सांई मंदिर के पास चोरी होने के संबंध में अन्य प्रार्थी के रिपोर्ट पर अप0क0 627/2023 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अमित पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी चिखली व सायबर सेल प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस चौकी चिखली एवं सायबर सेल राजनांदगांव की टीम गठित कर घटना के संबंध में सायबर सेल के सहयोग से चोरी के घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला गया दो टीम बनाकर दुर्ग और नागपुर की ओर टीमे भेजी गयी जिन्होने से राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल नाके एवं गोंदिया खैरागढ नागपुर दुर्ग के सीसीटीवी के फुटेज को खंगाले गये जिस पर से मुखबीर सूचना पर फुटेज में दिखे लोगों को शेखर गायकवाड एवं संदीप टेमरे जैसा दिखना मालूम चला जिस पर से दो टीमे सिवनी रवाना की गयी संदेहियों की घेराबंदी कर राजेश मर्सकोले को अभिरक्षा में लिया गया, जिसकी निशानदेही पर अन्य संदेही संदीप टेमरे को सिवनी से एवं शेखर गायकवाड

को नागपुर से अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी पता तलाश हेतु सिवनी म0प्र0 एवं नागपुर महाराष्ट्र रवाना होकर संदेहियों को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर संदेहियो द्वारा घटना दिनांक के एक दिन पूर्व स्विफट डिजायर कार क्रमांक एमएच-40-एसी-7277 से घटनास्थल का रेकी करना एवं घटना दिनांक को पून: रेकी कर घर पर ताला लगा होने से चोरी करने घर का ताला तोडकर अंदर प्रवेश कर चोरी करना एवं चोरी करने के बाद स्विफट डिजायर कार क्रमांक एमएच-40-एसी-7277 से भाग जाना एवं चोरी किये गये माल मशरूका को आपस में बराबर बांटना एवं बांटे हुए जेवरात में से कुछ को सर्राफा व्यापरियों के पास बेचना बताये, चोरी की संपत्ति खरीदने वाले सर्राफा व्यापारी देविन्द्र कुमार पिता जयनारायण कश्यप उम्र 57 साल निवासी लालगंज मेहंदी बाग रोड हनुमान मंदिर के पास लालगंज नागपुर महाराष्ट्र से एवं सर्राफा व्यापारी जगदीश खरवडे पिता भगवान खरवडे उम्र 57 साल निवासी मनसर थाना रामटेक नागपुर महा0 से खरीदे गये चोरी के जेवरात को जप्त कर सर्राफा व्यापरियों के विरूद्ध धारा 411 भादवि के तहत विधिवत कार्यवाही की जा रही है। आरोपीगण से चोरी किये गये सोने चांदी के जेवरात में 02 नग सोने का चैन, 02 नग सोने का पेण्डर, 1 नग मंगलसूत्र, 1 नग सोने का अगूठी, सोने का दो नग टाप्स, 4 नग सोने का गेहू दाना , 2 नग चांदी का पायल, 1 नग चादी का चाबी गुच्छा , 8 नग चादी का बिछिया, 05 नग मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त कार स्विफट डिजायर क्रमांक एमएच-40-एसी-7277 को बरामद कर जप्त किया गया है। इस गिरोह का मुख्य सरगना संदीप टेमरे है जिसने वर्धा, नागपुर, यवतमाल, अकोला, परभणी, अमरावती जिलो में चोरी करने के प्रयास एवं चोरी करना कबूल किया गया है, जिस पर से संबंधित थानो से संपर्क करके अग्रीम कार्यवाही हेतु सूचना भेजी जाती है, पुछताछ में आरोपीगण बताया कि रक्षाबंधन के पूर्व इनका चोरी करने हेतु राजनांदगांव आने की योजना था, आरोपी संदीप टेमरे एवं शेखर गायकवाड इससे पूर्व में वठोडा थाना में पंजीबद्ध मामलो में नागपुर जेल में निरूद्ध थे, संदीप टेमरे तीन मामलों में जेल जा चुका था एवं शेखर गायकवाड वठौडा थाना के गबन के मामले में नागपुर जेल में निरूद्ध था, जहॉ संदीप टेमरे एवं शेखर गायकवाड मध्य जान पहचान हुआ था, आरोपीगण के विरूद्ध अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिखली एवं सायबर सेल की टीम का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

उल्टा पुल्टा

पप्पू जलेबी बेच रहा था, लेकिन कह रहा था- आलू ले लो आलू ले लो।
राहगीर- लेकिन ये तो जलेबी है।
पप्पू- चुप हो जा! वरना मक्खियां आ जाएंगी।

संपादकीय

कार्ययोजना बनाकर स्थाई हल निकालें

सड़कों पर मवेशियों के कारण हादसे होते रहे हैं। इन हादसों में लोगों की जानें गई हैं और कई मवेशी भी मारे जाते रहे हैं। सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों को सड़कों पर भटकने से रोका जाए। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य शासन को इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्यभर में ऐसे मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई अभियान के रुप में चलाई जा रही है। इस तरह की कार्रवाइयां पहले भी होती रही लेकिन आवारा मवेशियों की समस्या दूर नहीं की जा सकी। इसके लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों की देखभाल की भी व्यवस्था की जाये। ऐसे पशुपालकों पर कार्रवाई की जाय जो अपने पशुओं को सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं। इससे पशुओं की भी अच्छी देखभाल हो सकेगी। राज्य सरकार ऐसे पशुओं के लिए गौठानों की व्यवस्था की है। आवारा पशुओं को इन गौठानों में भेजा जा सकता है। उनके चारे-पानी का प्रबंध होना चाहिये। शहरों में ही यह समस्या नहीं है बल्कि गांवों में भी पशुपालक पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऐसे पशु खतरा बने हुए हैं। पशुओं की अच्छी देखभाल वातावरण की स्वच्छता से भी जुड़ा हुआ है। इस दृष्टि से भी आवारा पशुओं की समस्या को देखा जाना चाहिए। कई शहरों में इसी उद्देश्य से गोकुलनगर बसाए गए हैं। शहर में चल रही डेयरियों को वहां शिफ्ट किया गया है। इन गोकुलनगरों का हाल भी अच्छा नहीं है। वहां की स्व्चछता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। डेयरी संचालक भी मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। गोकुलनगर शहर के बाहरी हिस्सों में बवास गए थे, लेकिन वहां भी एक बड़ी आबादी बस चुकी है। बिलासपुर में बसाए गए गोकुलनगर के आसपास की आबादी के लिए नगर निगम ने दो करोड़ की लागत से सीसीरोड का निर्माण कराया है। इस सीसी रोड पर पशुओं का डेरा देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़कों पर भटकने वाले पशुओं की समस्या दूर करने के लिए किस तरह काम हो रहा है। आवारा पशुओं की समस्या से निपटाने के लिए इतनी ही कार्रवाई काफी है कि उन्हें पकड़कर कहीं छोड़ दिया जाये बल्कि इसके लिए कार्ययोजना बनाने की जरुरत है। जब तक इन आवारा पशुओं की देखभाल की व्यवस्था नहीं की जायेगी, यह समस्या दूर होने वाली नहीं है। कई शहरों में अघोषित गौठान जैसी स्थिति बनी हुई है। खासकर इन इलाकों में जहां इन पशुओं को पकड़कर छोड़ दिया जाता है। प्रशासन ने पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देने वाले पशुपालकों के खिलाफ जब तक की भी चेतावनी दी है। ऐसे पशुपालकों के जब तक नहीं होगी, पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान सफल नहीं सकती।

नवापारा में भाजपा का धरना-प्रदर्शन

नवापारा-राजिम, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को नवापारा बस स्टेण्ड में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक भारतीय जनता पार्टी का जंगी धरना प्रदर्शन विधानसभा स्तरीय रखा गया था। इस धरना प्रदर्शन में मौजूद भाजपा के सभी नेताओं ने राज्य सरकार के खिलाफतीखे बाण छोड़े। इस धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रदेश के पूर्व वरिष्ठ मंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, भारतीय जनता पार्टी के अभनपुर क्षेत्र के प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष टंकराम वर्मा, पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा रायपुर जिला उपाध्यक्ष अजित चौधरी, किशोर देवांगन, टीकमचंद साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष, अभनपुर मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, चंपारण मंडल अध्यक्ष नारायण यादव, खोरपा मंडल अध्यक्ष पारस साहू, नवापारा के अलावा संजय साहू, मुकुंद मेश्राम, भूपेंद्र सोनी, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष दयालु गाड़ा, नत्थुराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर सहित अनेक भाजपाई कार्यकर्ता शामिल थे।

कांग्रेस रेत, मुरूम, चखना और शराब के कारोबार मे लिप्त : चन्द्रशेखर साहू

इस अवसर पर आक्रामक अंदाज में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कांग्रेस की ये सरकार चखना से लेकर रेत, मुरूम, शराब के कारोबार में लिप्त हैं। दो हजार करोड़ रूपए का शराब घोटाला जग जाहिर हैं। श्री साहू ने कहा कि इस सरकार के बदलते ही ग्राम पंचायत नवागांव(ल) का पोल खोलेंगे। सब त्रस्त हैं, जनता पस्त हैं और ये भ्रष्टाचार में मस्त हैं।

कांग्रेस के शासनकाल से जनता पांच साल से त्रस्त : अशोक बजाज

जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि ये चुनाव हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव हैं। हम सब मिलकर डटकर मेहनत करे। कांग्रेस के पिछले पौने पांच साल के शासनकाल में जनता त्रस्त हो गई हैं।

आक्रामक लहजे में भाजपा नेताओं ने छोड़े तीखे बाण

भूपेश सरकार गांव-गांव मे दारू भिजवाने मे लगी है : इन्द्रकुमार साहू

भाजपा प्रत्याशी इंद्रकुमार साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार को दो महिना बाद होने वाले चुनाव में बर्खाशत करेंगे भाजपा संकल्पित हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पूरे देशवासियो के लिए वैक्सिन की व्यवस्था में लगे रहे और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार गांव-गांव में दारू भिजवाने में लगे रहे। कहा कि हमने सामाजिक समरसता का भाव रखते हुए अपनी राजनीति का शुरूआत किया हूं। पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने सड़क चौड़ीकरण के मुद्दे को प्रमुखता के साथ उठाते हुए कहा कि जो नालियां ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही हैं ये बहुत ही बेढंगे ढंग से किया जा रहा हैं। इससे संबंधित मुहल्ले के लोग जीवन भर परेशान रहेंगे। भाजपा की सरकार बनते ही नालियो के हाइट कम किया जाएगा। ये शहर का ज्वलंत समस्या हैं। उन्होने अपनी बात काफी विस्तार से रखी।

पालिका अध्यक्ष धनराज पर पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने लगाए गंभीर आरोप: भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन नगरपालिका के खिलाफस्थानीय बस स्टैंड में आयोजित हुआ, उक्त धरना प्रदर्शन में पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने स्थानीय शासन एवं विधायक के प्रति खुलकर अपनी भड़ास निकाली, उन्होंने आज की नगर ज्वलंत समस्या पर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया की ग्राम कुर्रा से राजिम महानदी पुल तक सड़क चौडीकरण कार्य में नाली की ऊँचाई पर प्रश्न चिन्ह लगाया, उन्होंने कहा नगरपालिका अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक के नजरो के सामने उक्त निर्माणाधीन सड़क के दोनों ओर लगभग 630 व्यावसायिक, रहवासी, हॉस्पिटल, स्कुल, कॉलेज, खेल मैदान, उद्यान, एफसीआई, वेयरहाउस, कबीर आश्रम, सिनेमा हाल के साथ-साथ बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण जगहों पर हजारो लोगो का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन निर्माणाधीन नाली की ऊँचाई अधिक कर दी गयी है, की जिंदगी भर लोगो को चड़ने उतरने में समस्या बनी रहेगी, स्थानीय विधायक एवं नगरपालिका अध्यक्ष का ध्यान इस ओर क्यों नही गया ? अभी भी कुछ नही बिगड़ा है उन्हें तत्काल सम्बंधित विभाग से पहल करना चाहिए.

उन्होंने आगे दोनों नेताद्वय से पूछा मेरे नगरपालिका अध्यक्ष रहते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मिनी स्टेडियम के लिए लगभग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

केंद्रीय विद्यालय धमतरी में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। पुरे भारत देश में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में बीते दिन केन्द्रीय विद्यालय धमतरी में भी राष्ट्रीय खेल दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। 21 अगस्त से 29 अगस्त तक पुरे सप्ताह चलने वाले इस खेल महोत्सव में विद्यालय के चारों सदन शिवाजी, टैगोर अशोका तथा रमन सदन से भाग लेकर विजयी खिलाडी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय से पास आउट हो चुके तथा विद्यालय को खेल के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां दिलाने वाले बेहतरीन खि़लाड़ी सुमीत साहू, उज्जवल साहू हैंडबाल तथा कक्षा 12 वीं की परीक्षा विज्ञान संकाय मे सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाली हैंडबाल की राष्ट्रीय खिलाडी कु. यशस्वी ठाकुर एवं वर्तमान में विद्यालय की बेहतरीन रायफल शूटर कु. शीतल कौर का सम्मान प्राचार्य श्री पी. एल. साहू द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया।

प्राचार्य ने खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

इस अवसर पर श्री प्रदीप रावत द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के बारे में प्रेरणादायक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैस सिलेंडर की कीमत में कमी कर देश की बहनों को दी बड़ी सौगात : रोहित साहू

राजिम, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मोदी सरकार द्वारा एलपीजी के कीमतों को कम करने के फैसले को राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने सराहनीय बताया है, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हमेशा देश का भला करने की कोशिश में कदम बढ़ाती है। मोदी सरकार ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रीमंडल की बैठक में देश सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 200 रूपये व उज्जवला योजना के उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम 400 रुपए कम करने का फैसला किया।मोदी सरकार के इस फैसले का हर कोई स्वागत कर रहा है। इस फैसले को लेकर रोहित साहू ने कहा कि सामान्य उपभोक्ताओं को 200 रुपए की कमी के साथ ही उज्जवला योजना के अंतर्गत मिलने वाले 200 रुपये की सब्सिडी को बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया गया है। यह राखी के उत्सव पर देश के पीएम द्वारा देश की करोड़ों बहनों के लिए सौगात है साथ ही उन्होंने कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि उज्जवला योजना के तहत 75 लाख नए गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। देश में अब तक 9.5 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन मोदी सरकार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए कांग्रेस से युवा नेता फिरीतलाल खटकर ने की दावेदारी

भटगांव/बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा बिलाईगढ से कांग्रेस के प्रबल दवेदार अधिवक्ता फिरीत लाल खटकर प्रदेश सचिव झुग्गी झोपड़ी कांग्रेस कमेटी, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति कांग्रेस प्रकोष्ट ने पिछले तीन चार माह से कांग्रेस पार्टी के जन हितैसी सरकार के उपलब्धि को जन जन तक पहुँचाने का काम लगातार कर रहे हैं और आम जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मे उनके प्रति खुशी व्याप्त है। वे अपने दौरा के माध्यम से पुन: कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए लोगों से सम्पर्क कर सरकार के योजनाओं की जानकारी दे रहे है।

कांग्रेस विचारधारा एवं कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को विधानसभा क्षेत्र के आम जनता तक पहुंचाने लगातार क्षेत्र में सक्रिय है। मृदुभाषी सरल स्वभाव वाले युवा नेता फिरीतलाल खटकर को एक अच्छे अधिवक्ता के रुप जाने भी जाते हैं। वे अपने जीवन काल में गरीबी की उतार-चढ़ाव के सुख दुख सहन करते हुए पैदल चलकर सरसीवा स्कूल में अपनी लिखाई पढ़ाई पूरी की एवं बचपन से ही सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। सन 2004-2005 में जनपद सदस्य भी बना था। इन्हे मंत्री शिव डहरिया की करीबी एवं समर्थक माना जाता है। कांग्रेस पार्टी से बिलाईगढ विधानसभा से सबसे पहले टिकट की दावेदारी करने वाले फिरितलाल खटकर पढ़ें लिखे शिक्षित युवा नेता है जो क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देने के विचार रखने वाले व्यक्ति है। जब किसी कारणवश वर्तमान विधायक को किसी दूसरे विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाने की स्थिति बनती है >> शेष पृष्ठ 9 पर >

रक्षाबंधन पर गौ सेवा के लिए शुरू हुआ भाई-बहन रथ

महासमुंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के अवसर पर गौ माता की सेवा के लिए भाई बहन के नाम पर दो रोटी रथ का शुभारंभ किया गया। संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर व नगर पुरोहित पं पंकज तिवारी ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त रथ प्रतिदिन नगर में घूम कर रोटी एकत्र कर गौशाला पहुंचेगी। पूर्व में एक रथ का संचालन हो रहा था। गौशाला में 4 सौ10 गौ माता की सेवा की जा रही है। गौशाला समिति ने नगर की सभी बहनों से अनुरोध किया है कि रथ के लिए गौशाला में कुछ न कुछ अंशदान देकर भाई बहन रथ को सार्थकता प्रदान करें।

इस मौके पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने गौशाला समिति को शुभकामना देते हुए दानदाताओं को साधुवाद दिया। आशीर्वचन देते हुए नगर पुरोहित पं पंकज तिवारी ने कहा कि जन्मदिवस अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि, विवाह, वर्षगांठ जैसे अवसरों पर गौशाला में दान कर सौभाग्यशाली बने। शास्त्रों में गौ पूंछ के माध्यम से पार उतरने का विधान बताया गया है। इसलिए अपने जीवन काल में गौशाला पहुंचकर गौ सेवा अवश्य करें। दान देने के लिए गौशाला से श्रेष्ठ कोई दूसरा संस्थान नहीं हो सकता, गौशाला परोपकार और पुण्य प्रताप का साधन है। उन्होंने गौशाला की स्थापना करने के लिए अरुण साहू मनोहर पींचा के भागीरथ प्रयासों की सराहना की। संचालन गौशाला के अध्यक्ष तिलक साव ने व आभार प्रदर्शन भूपेंद्र राठौर ने किया। इस अवसर पर गौशाला को दान व सहयोग देने वाले गौ सेवकों का बद्री लड्ढा, सीताराम सोनी ने श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। जिसने प्रमुख रूप से बलराम लालवानी, राजेश जैन, खेतमल लड्ढा, श्रवण चंद्राकर, घनश्याम सोनी, मूलचंद लड्ढा, राजेश शर्मा बाबा, रानीदान राठी, पुरुषोत्तम देवांगन, ताराचंद चांडक, दिलीप जैन, देवी चंद राठी, कैलाश राठी, दौलत चंद्राकर, राधेश्याम चांडक, भारत लड्ढा, अशोक राठी, पारस चोपड़ा, कमल राठी, अशोक चौरडिया, निर्मल चौरडिया, पूनम पींचा, बालमुकुंद साहू, प्रोफेसर संजीव कर्मकार, प्रताप मोहंती, नरेश मोरियानी, प्रीति साहू आदि शामिल है।

संसदीय सचिव व नगर पुरोहित ने दिखाई हरी झंडी

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुझाव लेने कसडोल पहुँचे भाजपा के पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल

कसडोल/बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करने जनता जनार्दन के विभिन्न वर्गों से रायशुमारी करने घोषणा पत्र समिति के प्रदेश सहसंयोजक अमर अग्रवाल ने कसडोल विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ियों के मन की बात जानने की कोशिश की। सर्वप्रथम कसडोल पहुँचकर विश्वकर्मा भवन में समाज प्रमुखों, व्यापारी संघठन, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वीपर, डॉक्टर, अधिवक्ता सहित पेंशनर से भेंट मुलाकात कर उनसे सुझाव लिया और उनके सुझाव को पार्टी तक पहुंचाने हेतु आश्वस्त किया। सभी से एक स्वर में भाजपा की सरकार बनाने में अपना सहयोग देने की बात कही।



कसडोल में मीडिया से प्रेसवार्ता में सहसंयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि हम केंद्र सरकार की 9 वर्षो की उपलब्धि, रमन सरकार की 15 वर्षो का विकास और वर्तमान भूपेश सरकार की वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार और नाकामयाबी को लेकर जनता के बीच पहुँच रहें है, इसलिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ के सभी की मन की बात जानने के लिए पार्टी ने व्हाट्सएप नम्बर, ईमेल आईडी, सुझाव पेटी वरिष्ठों के द्वारा पूरे 90 विधानसभा में जाकर जानने का निर्णय किया है, और सभी वर्गों से मिलकर मन की बात जान रहें है। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस दौरान सभी का अच्छा सुझाव मिलने के अलावा इस कांग्रेस सरकार के खिलाफलोगों का आक्रोश दिख रहा है। वर्तमान सरकार ने प्रदेश के 60 से 70 हजार मितानिनों के वेतन पहले 5000 फिर 2250 किया उसको भी नही दे रहें है। साथ ही उनके दावा पत्रक का पैसा भी नही दे रहें है, प्रदेश के 125 लाख मानदेय कर्मचारियों का वेतन 6-6 माह से नही मिल रहा है, इसके अलावा प्रदेश के 22 लाख परित्यक्ता, विधवा, वृद्ध और दिव्यांग लोगों का पेंशन 1000 बोलकर 500 किया लेकिन उनको अभी तक 3-3 माह से नही मिला है, तो उनकी स्थिति कैसी होगी। इसी दौरान जब कोई गरीब बेरोजगार युवा मिलता है तो रोता है बोलता है कि हमे नौकरी कैसे मिलेगी। यहाँ का पीएससी संदेह के दायरे में है, तो हमारा सलेक्शन हो नही सकता, तो भाजपा ऐसे नीति बनाये जो पारदर्शिता हो। साथ ही भाजपा के द्वारा जो नियम बनाया गया था कि पटवारी, कृषि सहायक किसानों का काम समय सीमा में करें उसका पालन नही हो रहा है, लोगों का काम आज बिना भ्रष्टाचार के संभव नही हो पा रहा है, जिसपर भाजपा अब सुझाव लेकर सरकार बनने पर समाधान करने की कोशिश की जाएगी। वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार दीपक की तरह फैला हुआ है, मुख्यमंत्री ने केवल भ्रम फैलाने और झूठे वादे करने का काम किया है। वही पत्रकारों के शराब बंदी के सवाल पर श्री अग्रवाल ने कहा कि शराब बंदी करने का घोषणा कांग्रेस ने किया था लेकिन क्यों नही कर रही है, लेकिन भाजपा के सरकार आने पर शराब जो आज गली-गली, कोचिये बेच रहें है ऑनलाइन शराब मिल रही है उनको रोका जाएगा। इसके अलावा घोषणा पत्र पर अमल कब तक होने पर श्री अग्रवाल ने कहा कि 5 वर्षो तक घोषणा पत्र की वैलिडिटी होती है, हम वित्तिय आकलन करते हुये चरणबद्ध तरीकों से 5 वर्षो में पूरे वादे पुरे करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. सनम जांगडे, श्याम बाई साहू, राजकुमार जायसवाल सहित स्थानीय भाजपा नेता उपस्थित थें।

पत्रकार सदन में ली प्रेसवार्ता

राखी पहुंचाने जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, एक महिला गंभीर

धमतरी/पुरूर, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राखी पहुंचाने जा रहे एक युवक की सड़क दुर्धटना में मौत हो गई। वही एक महिला भी गंभीर रूप से घायल को गई है। पुरूर थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हारखान के पास दोपहर लगभग 12 बजे ग्राम कनेरी निवासी रमेश कुमार पटेल पिता रामाधार पटेल उम्र-32 वर्ष अपने मोटर सांयकल क्रमांक सी.जी. 24 आर. 6905 से राखी पहुंचाने के लिए जा रहा था ग्राम कुम्हारखान के पास पीछे की ओर से आ रही एक स्कूटी के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को साइड से टक्कर मार दिया जिससे वे गिर गये चोंट अधिक होने के कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही स्कूटी में पीछे बैठी एक महिला को भी गंभीर चोंटे आई जिससे तुरंत पुलिस वाहन से धमतरी शासकीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन चोंट की गंभीरता को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है।

मामले की विवेचना कर रहे गुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा एवं सहायक उपनिरिक्षक रूपेश्वर भगत ने बताया कि उन्हे लगभग दिन को 12 बजे सूचना मिली की ग्राम कुम्हारखान के पास एक्सीडेट हो गया है। वे टीम के साथ मौके पर तुरंत जाने पर पता चला कि स्कूटी एवं मोटर सांयकल में टक्कर हो गया है। ग्राम बगदई निवासी एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ स्कूटी से जा रहा था स्कूटी में उसकी पत्नि एवं एक बच्चे थे पीछे बेग रखे हुए थे। जो कि मोटर सांयकल को ओवरटेक कर रहे थे। स्कूटी में रखे बैग से मोटर सांयकल को पीछे से लग गया जिससे वे गिर गये मोटर सांयकल चालक के द्वारा हेलमेट नही पहनने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आ गई जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं स्कूटी में पीछे बैठी महिला भी गिर गई जिससे भी काफी गंभीर चोंटे आई है। जिससे ईलाज हेतु रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्धटना कारित स्कूटी मौके पर नही होने के कारण उनका नंबर पता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

भाई की कलाई में बहनों ने बांधी राखी

हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन

कटगी/बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार, कटगी, कसडोल, पलारी, अमेरा सहित ग्रामींण क्षेत्र में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन परंपरागत हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई में रेशम का धागा बांध कर अपना प्यार लुटाया। बुधवार को भाई राखी बंधवाने अपनी बहनों के घर पहुंचे, जिन भाइयों की बहनों का घर दूर था, राखी बंधवाने को एक दिन पहले ही बहन के घर पहुंच गए, बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रेशम का धागा बांध कर उनके दीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर बहनों ने भाई को तिलक लगाकर उनको मिठाई खिलाई। भाइयों ने बहनों को रक्षा बांधने के बदले उनकी रक्षा का बचन देकर उन्हें उपहार भी दिए। रक्षाबंधन के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

सिलेंडर में 200 रुपए की कटौती केंद्र का चुनावी लॉलीपॉप : राशि

महासमुंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम में दो सौ रुपए की कटौती को कांग्रेस नेत्री और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने चुनावी लॉलीपॉप कहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी गैस सिलेंडर के दाम में 2 सौ रुपए की कटौती कर देश की महिलाओं को रक्षाबंधन पर तोफहा देने की बात कह रहें है। उन्होंने पूछा कि क्या रक्षाबंधन का पर्व पांच साल में पहली बार आया है। पिछले चार सालों तक उन्होंने सिलेंडर के दाम में वृद्धि कर देश की महिलाओं को रक्षाबंधन पर क्या दिया था जो इस बार कटौती कर तोफहा दे रहे हैं। भाजपा शासनकाल में सिलेंडर के दाम में जो वृद्धि हुई है उससे महिला वर्ग खासकर वे महिलाएं अधिक परेशान है जो रोजी मजदूरी कर अपना घर चलाती है जिन्हें मोदी जी ने उज्ज्वला योजना के तहत दो सौ रुपए में गैस कनेक्शन दिया है। लेकिन सिलेंडर के दाम में सरकार द्वारा की गई वृद्धि से देश की महिलाएं इस योजना का सही तरीके से लाभ नहीं ले पा रही हैं। स्थिति ये है कि कनेक्शन तो महिलाओं को मिल गया है पर वे सिलेंडर के दाम अधिक होने से रिफलिंग नहीं करा पा रही है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से दाम में कटौती कम और वृद्धि अधिक हुई है। जिसका नतीजा है कि साल 2014 में 500 रुपए में मिलने वाला घरेलू गैस सिलेंडर आज 12 सौ रुपए हो गया है। कांग्रेस सरकार में सिलेंडर की कीमत को लेकर वर्तमान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी विपक्ष में रहते हुए सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करती थी। पर आज भाजपा सरकार में गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि को लेकर उन्होंने चुप्पी साध ली हैं। उन्हें अब महंगाई नजर नहीं आ रही है उनके हिसाब से देश में मोदी के पीएम बनने के बाद से महंगाई खत्म हो गई है।

संसदीय सचिव द्वारिकाधीश ने किया कोमाखान में नवीन महाविद्यालय का शुभारम्भ

बागबाहरा, 30 अगस्त (देशबंधु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमाखान में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीरेंद्र सिंह ठाकुर प्राचार्य ने किया। वही विशेष अतिथि की आसंदी पर मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल, भूपेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बागबाहरा (शहर), राजा थियेन्द्र प्रताप, जिला पंचायत सभापति श्रीमती बसंता ठाकुर, सुश्री दुर्गा सागर जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस विराजमान थे।

ओड़िशा सीमा से लगे कोमाखान अंचलवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव ने मुख्य अतिथि के आसंदी से उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओडिशा से लगे सीमावर्ती गांव और सुदूर वनांचल क्षेत्र में बसे आदिवासी भाईयो के पुत्र -पुत्रियों को महाविद्यालय शिक्षा ग्रहण करने के लिए 30-40 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता था। आर्थिक तंगी के चलते हायर सेकंडरी स्तर की शिक्षा के पश्चात उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता था। गांवों से महाविद्यालय की दूरी अधिक होने के कारण खासकर बालिकायें बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते थे। उनकी तकलीफ को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कोमाखान में नवीन शासकीय महाविद्यालय का सौगात दिया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में स्नातक स्तर पर कला संकाय का 90 सीट ,विज्ञान संकाय में गणित 30 सीट व बायोलॉजी 60 सीट एवम वाणिज्य संकाय में 90 सीट का प्रावधान किया गया है। इस तरह कुल 270 विद्यार्थी इस महाविद्यालय में अध्ययन कर सकते है। उन्होंने महाविद्यालय खोलने हेतु उच्च स्तर पर परिणाम मूलक प्रयास करने के लिए स्थानीय विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस दौरान रवि निषाद अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण, नीरज गजेंद्र वरिष्ठ पत्रकार, ग्राम पंचायत कोमाखान की सरपंच श्रीमती वीणा आशीष वाकड़े , ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा की सरपंच ? श्रीमती सविता ठाकुर , केजू चक्रधारी, उमेश जैन, हरिशंकर यादव, प्रदीप यादव , मनोज चंद्राकर, ग्राम पंचायत कुलिया के सरपंच प्रेमशंकर सिन्हा, राजेन्द्र शर्मा सरपंच पटपरपाली, संतोष जैन, शिव उपाध्याय, भुवन साहू, दुर्गेश यादव, खेमदास मानिकपुरी, शशिकला उपसरपंच, भुखन सिन्हा सरपंच द्वारतराकला, मधु नारंग जनपद सदस्य, डुमरौतीन ठाकुर जनपद सदस्य, नरेंद्र जैन, मोहन लाल कुलदीप, किशोर सोनवानी, कांति तिवारी, प्रत्युश प्रताप, हेमचंद चक्रधारी, गुलजार खान, लालाराम मांझी, राजेश त्रिपाठी,हुमेश यादव, समीर खान, खोमेश साहू,भूपेंद्र देवांगन,मेघनाथ यादव, खेमदास मानिकपुरी, गोलू जैन एवं क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थित देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने समाज भवन हेतु 15 लाख स्वीकृत होने पर विधायक का अभिनंदन किया और वर्तमान विधायक को दोबारा जनादेश मिलने की बात कहते हुए आभार व्यक्त किया। देवांगन समाज के पदाधिकारी पीलू राम देवांगन, हीरेन्द्र देवांगन, भोजनाथ देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन,भूपेंद्र देवांगन उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक गजानन बुडेक ने किया।

तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बागबाहरा, 30 अगस्त (देशबंधु)। नगर के पिथौरा चौक के सार्वजनिक स्थान नेशनल हाईवे रोड में धारदार हथियार लोहे के तलवार लेकर हवा में लहराते हुए आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को आज मंगलवार को व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में पेश किया गया। जहाँ से कोर्ट ने आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू ने बताया कि मुखबीर एवं हमराह से सूचना मिली कि नगर के पिथौरा चौक के पास नेशनल हाईवे रोड में वार्ड नंबर 10 डबरापारा बागबाहरा के आरोपी युवक भोला दीप उम्र 21 वर्ष पिता स्व. बिलु दीप हाथ में लोहे के धारदार हथियार तलवार लेकर हवा में लहराते हुए आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही दल-बल के साथ घटना स्थल पिथौरा चौक के पास पहुंचकर आरोपी युवक भोला दीप को तलवार के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसे थाना लाया गया। जहाँ आरोपी युवक भोला दीप के खिलाफ थाने में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी युवक को आज मंगलवार को व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में प्रस्तुत किया गया। जहाँ न्यायालय ने आरोपी युवक भोला दीप डबरापारा बागबाहरा निवासी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी युवक को गिरफ्तार करने में बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू, एएसआई तिलक सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक मोहन कुर्रे , आरक्षक एकलव्य बैस, महेन्द्र ध्रुव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

बंजारा समाज के भवन हेतु 20 लाख स्वीकृत

समाज के पदाधिकारी ने किया यादव से मुलाकात

बागबाहरा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बंजारा समाज का एक बहुत बड़ा इतिहास रहा है। उसी को बंजारा समाज अपनी पारम्परिक धरोहर को अभी भी संजोए हुए हैं। इसी के चलते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बागबाहरा में आयोजित भेट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान बंजारा समाज के पदाधिकारियो ने सामाजिक भवन निर्माण हेतु राशि की मांग की थी। जिसकी स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बंजारा समाज बागबाहरा हेतु 20 लाख रुपए की स्वीकृति आदेश जारी हुआ है। उक्त राशि स्वीकृत होने पर बंजारा समाज के पदाधिकारियो ने संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव से उनके कार्यालय / निवास पहुंचकर मिठाई खिलाकर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब भवन निर्माण होने से सामाजिक गतिविधियों के संचालन की समस्या दूर होगी। हमारे समाज की कई वर्षों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूर्ण हुई है। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आशीर्वाद एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव के प्रयास से भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत हुआ है। सभी सामाजिक पदाधिकारी एवं सामाजिकजनों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार एवं क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस दौरान बंजारा समाज के पदाधिकारी भोपाल नायक,हीरासिंह नायक, राजेश कुमार, भुवनेश्वर, परमानंद, हेमसिंग नायक, जनकराम, मोरश्याम,भाऊराम, आर एस चौहान एवं नीतराम आदि उपस्थित थे।

किसान प्रोड्यूसर कंपनी के नई शाखा का उदघाटन कल

बागबाहरा, 30 अगस्त (देशबंधु)। भारत सरकार की नई एफ.पी.ओ. निर्माण परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा वित्त पोषित किसानों की कंपनी किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड झलप चौक बागबाहरा की नई शाखा का उदघाटन कल 1 सितम्बर शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरु होगा। इस उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाबार्ड के डी.डी.एम. प्रियव्रत साहू किसानों की मौजूदगी में फीता काटेंगे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील इस कंपनी के पदाधिकारी धनंजय साहू एवं दुष्यंत साहू ने की है।

विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन

महासमुंद,30 अगस्त (देशबंधु)। शहर की तर्ज पर ग्राम कोना में गार्डन का निर्माण कराया जाएगा। गार्डन निर्माण के लिए संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से 35 लाख की स्वीकृति मिली है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने ग्राम कोना में 35 लाख की लागत से बनने वाले गार्डन सहित सीसी रोड व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। मंगलवार को ग्राम कोना में गार्डन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, मुक्तिधाम शेड निर्माण व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच विनोद कुमार चंद्राकर, चंद्रपाल चंद्राकर, सहायक संचालक उद्यानिकी आरएस वर्मा, सुनील शर्मा, अनुराग चंद्राकर, तोषण कन्नौजे मौजूद रहे। पूजा अर्चना पश्चात संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने गार्डन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, मुक्तिधाम शेड निर्माण व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने विकास कार्यों की सौगात मिलने पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि यहां पौने पांच साल में करीब साढ़े पांच करोड़ रूपए के विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यहां शहर की तर्ज पर गार्डन का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें विभिन्न आयोजनों की भी सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार के नेतृत्व में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई के साथ सभी क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कराए जा रहे हैं। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने ग्रामीणों व युवाओं की मांगों पर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सचिव जीवराखन बंजारे, प्यारेलाल ध्रुव, चूड़ामणि गुप्ता, चोवाराम साहू, रामेश्वर यदु, कांति बाई ध्रुव, रूखमणी ध्रुव, देवकुमारी चंद्राकर, विद्या बाई ध्रुव, सरिता ध्रुव, तुलस ध्रुव, समारू खोरबहरा पटेल, प्रेमिन साहू, नूनकरण साहू, नीतेश ध्रुव, दीपलाल, कुणाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने ग्राम कोना के शासकीय प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों के शिक्षा के स्तर की जानकारी ली। उन्होंने यहां बन रहे अतिरिक्त कक्ष का मुआयना करते हुए जल्द ही निर्माण कराए जाने के दिशा.निर्देश भी दिए।

लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाएं चैन फेंसिंग बनाकर हो रहे हैं आत्मनिर्भर

महासमुंद,30 अगस्त (देशबंधु)। छग शासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। महिलाएं अब खुद हुनरमंद होकर छोटे.छोटे रोजगार के जरिये स्वाबलंबी बनने की ओर अग्रसर होने लगी हैं। जिले के बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम भुथिया में ऐसा ही एक समूह लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह की दीदियां चैनलिंग फेंसिंग का कार्य कर अपनी स्वांवलंबन की राह पर है। महिला स्व सहायता समूह में दस महिलाएं हैं। यहाँ की गौठान में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क ;रीपाद्ध के तहत चैनलिंग फेंसिंग कार्य से समूह के महिलाओं की किस्मत बदल रही है। आज गांव में रीपा स्थापित होने से गांव के महिलाओं को स्थायी रोजगार का अवसर मिला। समूह की महिलाओं में प्रशिक्षण लेने के बाद मनोबल बड़ा। जिससे महिलाएं विश्वास और हौसले के साथ स्वरोजगार कर जीविकोपार्जन करने की राह पर चल पड़ी और अभी तक लगभग 33 क्विंटल चैनलिग फेंसिंग का निर्माण कर चुकी है। जिसमें से 2 लाख 50 हजार रुपए की चैनलिग फेंसिंग का विक्रय कर प्रति सदस्य 6.7 हजार रुपए की आमदनी कर चुकी हैं। समूह की महिलाएं बताती है कि रीपा से जुड़ने से पहले वे कृषि, मजदूरी का कार्य करती थी। स्थायी रोजगार की तलाश के लिए इधर .उधर जीविकोपार्जन हेतु जाना पड़ता था। रीपा के तहत चैनलिंग फेंसिंग के व्यवसाय से जुड़कर गांव में ही हमें सुविधाओं के साथ.साथ अच्छी आर्थिक लाभ मिल रही है। अब हम गांव में ही रहकर एक उद्यमी बनने की ओर अग्रसर है। जब हमारे द्वारा निर्मित चैन फेंसिंग की मांग आती है, तो हमें गर्व की अनुभूति होती है। एक सामान्य घरेलू महिला से उद्यमी महिला के रूप में पहचान दिलाने के लिए छग शासन का धन्यवाद ज्ञापित करते है।

निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण सहायता के रूप में टीबी मरीजों को दिया जाता है हर महीने 500 रूपये

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. मण्डल ने अकलाडोंगरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। ग्राम कोड़ेगांव बी. में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के तहत सरपंच श्रीमती सत्यवती सिन्हा की उपस्थिति में टीबी रोग सर्वेक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें सीएमएचओ ने स्वयं मरीजों की जांच किया। उन्होंने बताया कि जिले में जनवरी 2023 से अब तक टीबी के कुल उपचाररत मरीज 916 हैं। डॉ.मण्डल ने यह भी बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत शासन द्वारा टीबी के मरीजों को इलाज की पूरी अवधि तक पोषण सहायता के रूप में हर महीने 500 रूपये उनके खाते में डीबीटी के जरिए ट्रांसफर किया जाता है। टीबी रोग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए नि:शुल्क टोल फ्री नंबर 1800116666 और 104 पर डायल किया जा सकता है। साथ ही टीबी आरोग्य ऐप डाउनलोड करके भी जानकारी ली जा सकती है।

टीबी बीमारी के लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक बलगम के साथ खांसी, खून का आना, शाम व रात को बुखार ना रहना, भूख कम लगना, लगातार वजन में कमी आदि टीबी के सामान्य लक्षण हैं। समय पर जांच एवं डॉट्स पद्धति से टीबी रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। सरकारी अस्पतालों में जांच, उपचार और दवाईयां नि:शुल्क दिया जाता है।

सेना में नर्रा क्षेत्र के दो छात्रों का हुआ चयन, ग्रामीणों में खुशी की लहर

बागबाहरा, 30 अगस्त (देशबंधु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ओड़िशा सीमा से लगे शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के दो पूर्व छात्रों का चयन असम राइफल्स और इंडो तिब्बत पुलिस बल में कांस्टेबल सामान्य ड्यूटी के पद पर नियुक्ति हुई है। जिसमें ग्राम पंचायत राटापाली के विनय कुमार यादव एवं ग्राम पंचायत पतेरापाली लोंदामुड़ा के कृष्णा चंद्राकर का चयन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा, फिजिकल टेस्ट और मेडिकल पास करने के बाद हुआ है। दोनो छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी और निरंतर मेहनत तथा माता-पिता, गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया है। उक्त दोनो छात्रों के सेना में चयन होने से नर्रा क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। तथा उन्हे बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है।

श्रावणी पर्व पर भजन संध्या कलाकारों का हुआ सम्मान

पिथौरा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। नगर स्थित श्रीकृष्ण कुंज शिव मंदिर में महिला समिति द्वारा श्रावणी पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया गया । जहां सैकड़ो श्रद्धालु सहित नगर वासी उपस्थित थे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव ,माता पार्वती , पुत्र गणेश , कार्तिकेय की पूजा अर्चना के साथ की गई । इस अवसर पर गायक व वादक संतोष गुप्ता ने श्रावणी पर्व की महत्ता बतलाते हुये शिव को जग कल्याण कारी बतलाते हुये श्रावणी पर्व को भक्ति की शक्ति का पर्व कहा आगे उन्होंने महिला समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या को अनुकरणीय कहा जिसके माध्यम से श्रद्धालु सत्संग से जुड़े । इस आयोजन में वीर वधु अहिल्या त्रिपाठी के पुत्रियों सुषमा , रेशमा , जागृति ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जिसे सुन श्रद्धालु झूम उठे भजनों की शानदार प्रस्तुति से श्रोता प्रारम्भ से अंत तक बैठे रहे । अंत में शानदार प्रस्तुति पर संतोष गुप्ता सुषमा , रेशमा , जागृति त्रिपाठी को श्री कृष्ण कुंज महिला समिति द्वारा सम्मान किया गया । आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती निर्मला पिंपलकर , संध्या लक्ष्मी भोंसले , प्रेमलता सोन , नवरत्ना सोई , अम्बिका प्रधान , रेणु ध्रुव , उर्वशी धीवर , विद्या , जयश्री सोई , नलिनी , उमा पटेल , अनिता सोई , उपासी यादव सहित वार्ड वासी का अमूल्य योगदान रहा।

धर्म, संस्कृति और परम्परा से जोड़ता है रामधुनी: होरा

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार 29 अगस्त को ग्राम कुर्रा में प्रतिवर्श की भांति इस वर्श भी श्रीराम कला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री श्रावण झुला वार्शिकोत्सव अखंड मानस पाठ एवं दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका षुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेष कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा के कर कमलो से संपन्न हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता मानिक राम साहू जनपद सदस्य धमतरी ने की । कार्यक्रम में विषिश्ट अतिथि के रूप में नीलमणी साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा, विक्रांत षर्मा ऐल्डरमेन नगर पालिक निगम धमतरी ,राधेष्याम यादव अध्यक्ष प्राथ.कृशि साख सहकारी समिति कुर्रा ने की । मुख्य अतिथि श्री होरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि श्रीराम कला मानस मंडी के लोगो के द्वारा विगत 47 वर्शो से लगातार रामधुनी कार्यक्रम कराते आ रहे हैं। आज के आधुनिक युग में अपनी लोक परंपराओं को सहेजने समाज के लोगों के लिए अच्छा उदाहरण है। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से हम सभी को धर्मग्रंथ में लिखे गई बातों को कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न मंडलियों द्वारा सजीव चित्रण प्रस्तुत करने से अपने जीवन में उतारने की सीख मिलती है। पूर्व विधायक होरा को ग्राम के महिलाओं द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बांधी गई जिस पर श्री होरा उन्हें महिलाओं को धन्यवाद देते हुये उपहार भी भेंट किया । और ग्राम कुर्रा के वरिश्ट दिवंगत स्व.मनोहर पटेल का स्मरण करते हुये श्रंद्धाजंलि अर्पित किया । कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल पुरूस्कार प्राप्त षिक्षको एवं वरिश्ट नागरिको का भी सम्मान होरा ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.सी.पी.वर्मा,चिंताराम ध्रुव ,घासीराम साहू उपसरपंच ,चैतूराम देवांगन ,नरसिंह साहू सेक्टर अध्यक्ष ,आत्माराम निर्मलकर ,गोपी साहू ,गणेष राव ,पुरूशोत्तम साहू ,तुकाराम पटेल ,परेदषी यादव ,डेहरा राम साहू ,श्रीमति पदमाबाई साहू पूर्व सरपंच ,लोकनाथ साहू ,पुरायण साहू ,षिव देवांगन ,पंचराम निशाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे ।

पुलिस अधीक्षक को स्कूल व कॉलेज की छात्राओं ने बांधी राखी

धमतरी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। अर्जुनी थाना भ्रमण एवं राखी सेलिब्रेशन कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशन मे डीपीएस, स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पुलिस थाना अर्जुनी का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली बारे जानकारी हासिल की है। छात्राओं ने सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को राखी बांधी। पुलिस थाना का भ्रमण कराने का उद्देश्य छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली तथा अपराध के बारे में अवगत कराना है।



डीएसपी. सुश्री नेहा पवार एवं थाना प्रभारी अर्जुनी निरीक्षक राजेश मरई ने विद्यार्थियों को सबसे पहले अपराध होने पर किस प्रकार शिकायत दर्ज कराई जाती है तथा अगर अपराध संज्ञेय हो तो एफआईआर दर्ज कैसे होती है इस बारे पूर्ण विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अपराध घटित होने पर घटनास्थल के नजदीक थाने मे निःशुल्क शिकायत या एफआईआर दर्ज करा सकते है। प्रभारी थाना अर्जुनी ने छात्राओ को महिला हेल्प डेस्क के बारे व महिलाओ से संबंधित अपराधो बारे अवगत कराया। उन्होने छात्राओ को अभिव्यक्ति ऐप बारे भी जागरूक किया।

उन्होने कहा कि विशेष सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक महिला के फोन में अभिव्यक्ति ऐप होनी बहुत जरूरी है। अभिव्यक्ति ऐप की सहायता से आप एक क्लिक पर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते है। किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न को सहन न करे। कोई भी घटना छोटी हो या बड़ी तुरंत अपने माता-पिता, परिजनों, अध्यापक आदि को बताए। घटना की सूचना बारे स्थानीय पुलिस या डायल 100 पर सूचित करें। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर कानून अनुसार कार्यवाही करेंगी। ऑनलाइन गेम खेलते समय बच्चो को सावधानी बरतनी चहिए व अपने से बड़ों की सलाह लेनी चहिए।

महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

महासमुंद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में 29 अगस्त को विज्ञान और कम्प्यूटर संकाय के संयुक्त तत्वावधान में बीएससी, बीसीए , डीसीए ? तथा पीजीडीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनुसूइया अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन तथा विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो. करुणा दुबे व कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय देवांगन के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना , माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत की प्रस्तुति की गई। सर्वप्रथम विज्ञान संकाय प्रभारी एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. करुणा दुबे ने अपना विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए छात्रों को प्रेरित कर कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं के बारे में परिचित कराना है। उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज में आने के बाद छात्रों को नियम और अनुशासन में रहना चाहिए। तथा एक नियत समय-सारिणी बनाकर अध्ययनरत रहने की बात कही।

तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसूइया अग्रवाल ने अपने उदबोधन में बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में बच्चों को नियम और अनुशासन में रहते हुए अध्ययन करना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन में कुछ करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। संघर्ष जीवन का एक पड़ाव है। तथा यह प्रकृति का एक नियम है। संघर्ष का सामना करके बच्चे अपने जीवन में सफल हो सकते हैं। इसके पश्चात इस कार्यक्रम के सह-संयोजक तथा कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय देवांगन ने बताया कि आज के दौर में कम्प्यूटर का ज्ञान अतिआवश्यक है। हर क्षेत्र में कम्प्यूटर उपयोगी है। उन्होंने कम्प्यूटर की महत्ता बताते हुए

अधिक से अधिक छात्रों को कम्प्यूटर से सम्बन्धित कोर्स में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक तथा राजनीतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी ने महिला उत्पीड़न समिति एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न क्षेत्रों में भाग लेने से व्यक्तित्व का विकास होता है। तथा उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं ? जनभागीदारी प्रभारी डॉ. दुर्गावती भारतीय ने कहा कि विज्ञान

के विद्यार्थी जिज्ञासु प्रवृति के होते हैं। उन्होंने जनभागीदारी समिति की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चों को प्रदान की।

अंग्रेजी विभाग से प्रो. आशुतोष पुरी गोस्वामी ने कहा कि अंग्रेजी विषय की अपने आप में एक अलग ही उपयोगिता है। अंग्रेजी का चलन दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहा है। उन्होंने बच्चों को कैरियर के प्रति जागरूक होने के लिए कहा। तथा जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए एक जूनून होना चाहिए इस बात पर जोर दिया।

एनसीसी अधिकारी प्रो. प्रदीप कन्हेर ने एनसीसी की महत्ता के बारे में प्रकाश डाला। और उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भौतिकशास्त्र विभाग से प्रो. जगदीश सत्यम ने अपने विभाग के बारे में विद्यार्थियों को परिचय कराया। और कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहना चाहिए। वनस्पतिशास्त्र विभाग से प्रो. अंजन भोई ने विभागीय परिचय देते हुए पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी। गणित विभाग से दीप्ति पटेल ने गणित विषय के बारे में परिचय कराते हुए महाविद्यालय में संचालित गणित पीजी कोर्स के बारे में जानकारी दी। तथा बच्चों को कहा कि इस महविद्यालय से भविष्य में गणित में पीजी कोर्स कर सकते हैं।

कार्यालय प्रमुख श्री मनोज शर्मा ने बच्चों को कार्यालयीन कार्य से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को परिचय पत्र और छात्रवृति कैसे प्राप्त कर सकते हैं, इसके बारे में आवश्यक जानकारी दी। तत्पश्चात क्रीडा अधिकारी श्री दिलीप लहरे ने अपने उदबोधन में कहा कि छात्र जीवन में विद्यार्थियों को खेल के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए। खेल का जीवन में विशेष महत्व है। साथ ही उन्होंने आज हुए विभिन्न खेल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीमों और प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की। जिन्हें प्राचार्य डॉ. अनुसूइया अग्रवाल तथा मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय से प्रो. सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, प्रो. गौरव कुमार सोनी ? (गणित विभाग), टीकम साहू, पूजा यादव, नम्रता तम्बोली, रेशमा वर्मा , जीवन लाल साहू, एस.आर.मानकर, पूर्णिमा साहू, हरि चंद निषाद, कोमल साहू, शशांक दानी, अनुराग सोनी एवं संदीप यादव आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक रासायनशास्त्र एवं आभार प्रदर्शन दीप्ति पटेल अतिथि सहायक प्राध्यापक गणित विभाग द्वारा किया गया। उक्त जानकारी मीडिया टीम के सदस्य गौरव कुमार सोनी ने दी।

अलौकिक प्रेम का बंधन है रक्षाबंधन : राज योगिनी अखिलेश दीदी

मगरलोड, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र मगरलोड के योग शक्ति भवन में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेवा केंद्र संचालिका राज योगिनी बी के अखिलेश दीदी ने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो भाई बहनों को रक्षाबंधन पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि यह रक्षाबंधन खुशियों से भरा हुआ ,सादगी पूर्ण एवं पवित्रता का त्यौहार है जो कि श्रावण महीने के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह श्रवण का महीना शिव जी को समर्पित है इसलिए पूरे माह भर शिव जी की व्रत,उपासना व तपस्या करने के बाद पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन मनाया जाता है । यह आत्मा का आत्मा व परमात्मा के साथ अलौकिक प्रेम का बंधन है । इस दिन बहने अपने भाइयों की कलाई पर जो रक्षा सूत्र बांधते हैं उनके साथ-साथ दूर्वा, अक्षत, केसर, चंदन ,राई आदि का उपयोग करते हैं । इसमें से दूर्वा के बारे में बताया गया कि जिस प्रकार दूर्वा घास जमीन में एक जगह लगाने पर वह बढ़ता जाता है वैसे ही दैविय गुणों को धारण करें तो वह बढ़ते जाता है।अक्षत यानि पीला चावल, यह अखंडता का प्रतीक है अर्थात शरीर तो खंडित हो सकता है किंतु आत्मा अजर अमर अविनाशी है।इसी प्रकार केसर विशेष शक्ति का प्रतीक बताया गया है जिसे खीर, दूध में मिलाकर खाया जाता है अर्थात खीर में केसर का मिलाना माना सर्वशक्तिमान परमात्मा को अपने साथ रखना आदि, चंदन शीतलता का प्रतीक है इससे हमारा व्यवहार शीतल व खुशबूदार होती है। कार्यक्रम के अंत में अखिलेश दीदी के द्वारा उपस्थित भाई बहनों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर व तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया एवं संस्था के समर्पित भाई बहनों द्वारा लघु नाटिका एवं गीत नृत्य भी प्रस्तुत किया गया व सबको रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय खरे का निधन

पिथौरा, 30 अगस्त। भाजपा मंडल पिथौरा के पूर्व मंडल महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय खरे का बीती रात एक कार दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया है। वे 45 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार आज उनके गृह ग्राम बेलपार बावनकेरा झलप के पास में किया गया। स्व अजय खरे दूरदर्शन एवं रेडियो के प्रसिद्ध उद्घोषक शशांक खरे व छत्तीसगढ़ी साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे के भतीजे थे। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं सहित पिथौरा की साहित्यिक संस्था श्रृंखला साहित्य मंच, सहित अनेक संगठनों के शोक संवेदना व्यक्त की है।

रामदर्शन पब्लिक स्कूल में राखी समारोह आयोजित

पिथौरा, 30 अगस्त। भाई और बहनों के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन को मनाने हेतु रामदर्शन पब्लिक स्कूल में प्री- राखी समारोह का आयोजन किया जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बहनों ने अपने भाइयों को प्रेम के बंधन स्वरूप राखी बांधकर मनाया। विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों को राखी का महत्व बताते हुए समस्त विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था प्रमुख, प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगढ़ का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

संशय के साथ बुधवार को मना रक्षाबंधन, गुरुवार को भी मनाया जाएगा पर्व

गरियाबंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन बुधवार और गुरुवार दोनों दिन मनाया जा रहा है। भद्राकाल योग के चलते मंगलवार देर शाम तक संशय रहा है कि 30अगस्त या 31 अगस्त किस दिन रक्षा बंधन मनाए जाए। परंतु संशय पर विश्वास न जताते हुए अधिकांश लोगो ने बुधवार को ही रक्षाबंधन मना लिया। वही कुछ लोग अब गुरूवार को रक्षा बंधन मनायेंगे। बुधवार को भी दो अलग अलग विचार और स्थिति देखने को मिली। कुछ लोगो ने सुबह से राखी मनाई तो कुछ लोगो ने देर रात 9 बजे के बाद भद्राकाल हटने के बाद राखी मनाई। ज्ञात हो कि भद्रा नक्षत्र होने के चलते इस बार राखी को लेकर विद्वानजनो द्वारा अलग अलग विचार रखे गए थे, जिसके चलते राखी को लेकर संशय की स्थिति चल रही थी।

जिले के वरिष्ठ महराज योगेश शर्मा ने के अनुसार 30 अगस्त बुधवार को पूर्वाह्न 10.52 मिनट से पूर्णिमा प्रारंभ हुई जो गुरूवार को प्रात: 7 बजकर 45 मिनट तक पूर्णिमा रहेगा। बुधवार को दिनभर भद्रा नक्षत्र रहा, जो कि रात को 8 बजकर 52 मिनट पर समाप्त हो गया। भद्रा नक्षत्र में राखी नहीं बंधी जाती है। इस कारण रक्षा बंधन बुधवार रात 9 बजे के बाद यहां फिर गुरूवार को मनाया जाना उचित माना गया। गुरुवार को भी राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 45 मिनट तक ही है। परंतु पूर्णिमा की उदयतिथि रहने के कारण गुरूवार को दिनभर बहनें

लगातार दो दिन गुलजार रहा बाजार, राखी, कपड़े और मिठाई दुकानों में दिखी भीड़

अपने भाई को राखी बांध सकती है। इधर, इसके पहले रक्षा बंधन को लेकर मंगलवार और बुधवार लगातार दोनो दिन राखी का बाजार गुलजार रहा। दिनभर बाजार में रौनक रही। राखी, मिठाई और कपड़े की दुकान में पूरे दिन भीड़ जुटी रही। बहनों ने अपने भाई को कलाई सजाने रंग बिरंगी और आकर्षक राखियां खरीदी। इसके अलावा बिहान और अन्य स्व सहायता समुह द्वारा बनाए गई इको फ्रेंडली राखी भी मार्केट में छाई रही। वही मिठाई दुकानों में भी लोगों की भारी भीड़ दिखी। इन दुकानों में विभिन्न प्रकार के पेड़ा, बर्फी, रस मलाई, मलाई केक, काजू कतली सहित अनेक प्रकार की मिठाई दुकानों में सजी दिखी। लोगों ने मनपसंद मिठाइयां खरीदी। एक अनुमान के मुताबिक सिर्फ मंगलवार और बुधवार को ही मुख्यालय की दुकानों से 500 किलो से ज्यादा मिठाई बिक गई।

इधर, रक्षाबंधन के चलते तीन दिनो से यात्री बसों में भी काफी भीड़ देखने को मिली। गरियाबंद से राजिम, रायपुर, छुरा, मैनपुर, देवभोग, धमतरी, महासमुंद सभी रूट में चलने वाली बसें सवारी से खचाखच भरी दिखी। इस दौरान महिलाएं और पुरुष दोनों ही रक्षा बंधन में अपने अपने घर परिवार जाने के लिए उत्सुक दिखे। बस में पैर रखने को जगह तक नहीं होने के बाद भी लोग बस में लटक कर सफर करते दिखे। हालाकि इसमें बस संचालन की बड़ी लापरवाही दिखी लेकिन त्यौहार के चलते वे ओवरलोड की कार्यवाही से बच गए। वही बन संचालकों ने बताया की रक्षाबंधन के नाम से बस में सवारी दुगुनी हो गई। त्यौहार के कारण वे सवारी को माना नही कर पाए।

सार-संक्षेप

संत रामपाल अवतरण दिवस में शामिल होने जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को निमंत्रण

कुरूद, 30 अगस्त। संत रामपाल महाराज के 73वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में बैतूल मध्यप्रदेश में आयोजित विशाल भंडारा एवं सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनके साधकों ने मंगलवार को कुरूद के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में अजय चंद्राकर विधायक कुरुद, तारिणी नीलम चंद्राकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं मंडी अध्यक्ष, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आग्रह किया। यह कार्यक्रम 6 से 8 सितम्बर तक आयोजित है। आमन्त्रण प्रेषित करने पहुंचे लोगों में गौतम राम साहू, संतोष भट्ट, संजय यादव, प्रमोद कुमार साहू, प्रदीप साहू, मुकेश साहू आदि शामिल रहे।

कुरूद विस से कांग्रेस प्रत्याशी हेतु रवि निर्माण की मजबूत दावेदारी



मगरलोड, 30 अगस्त। विधानसभा चुनाव आगामी कुछ ही महीनों के बाद होना है और अभी से विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है, और विधायक बनने की उम्मीद से चुनाव में किस्मत आजमाने के लिए अपनी उम्मीदवारी मजबूती से पेश कर रहे हैं, इसके तहत कुरूद विधानसभा में कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी और छत्तीसगढ़ कांग्रेस मछुआ संघ के प्रदेश महामंत्री रवि कुमार निर्माण ने कुरूद विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए अपनी मजबूती से दावेदारी पेश कर दिया है, वरिष्ठ कांग्रेसीयों ने रवि निर्माण की दावेदारी का समर्थन किया है।

यथार्त के आधार पर होगा घोषणा पत्र : अमर अग्रवाल

भाटापारा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के घोषणा पत्र समिति के सह-संयोजक अमर अग्रवाल भाटापारा पहुंचे। सबसे पहले विधायक शिवरतन शर्मा के साथ शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय-विधि महाविद्यालय के छात्रा- छात्राओं, कृषि उपज मंडी में किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों, सब्जी व्यापारियों, पेंशनर भवन में रिटायर अधिकारी- कर्मचारियों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक फेडरेशन, दैनिक वेतन भोगी, प्रदेश शिक्षक सेवी संघ, अधिवक्ता संघ, सविंदा कर्मचारी, सफाई कर्मचारी संघ, मितानीन व स्व- सहायता समूह के साथ विस्तार से चर्चा कर घोषणा पत्र के लिए लिखित और मौखिक सुझाव लिए।

तत्पश्चात अमर अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने भाजपा कार्यालय भाटापारा में प्रेसवार्ता की। अमर अग्रवाल ने बताया कि, घोषणा पत्र के लिए भाजपा को वाट्सअप के जरिए 20 हजार सुझाव मिले हैं, वहीं मेल आईडी के जरिए 05 हजार सुझाव आए हैं। अमर अग्रवाल ने बताया कि, 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेजी गई सुझाव पेटियों से भी लोगों के सुझाव बड़ी संख्या में मिल रहे हैं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि, जनता से जिस प्रकार के सुझाव मिल रहे हैं, वे बता रहे हैं कि, लोगों का विश्वास भाजपा पर है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों की शिकायतें भी मिल रही हैं। अग्रवाल ने कहा कि, सरकार ने पौने 05 साल में किसान और जनता को जो दिया उससे ज्यादा वसूल भी किया।

अमर अग्रवाल ने कहा कि युवाओं से बेरोजगारी भत्ते, भर्ती में गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। नामांकन, सीमांकन में भी लोगों के साथ छल हुआ है। अमर अग्रवाल ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों को कर्जदार बना दिया है। अमर अग्रवाल ने कहा कि, आम जनता ने शिकायतों के साथ भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा के घोषणा पत्र में जनभावना का ख्याल रखा जायगा। इतना ही नहीं बल्कि, गुड गवर्नेंस की छाप भाजपा के घोषणा पत्र में दिखाई देगी। हमारा घोषणा पत्र यथार्त के आधार पर होगा। उक्त कार्यक्रम में सनम जांगड़े,राकेश तिवारी, मोहन बांधे, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, टेसुलाल धुरंधर, मनिदर गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, सतीश सोनी, व्यास यदु, आशिष पुरोहित, लाला शर्मा, अभिषेक मिश्रा, नीरा साहू, सुरेश यदु, धनीराम साहू, देवक साहू, कान्हा मिश्रा, मेहुल, बृजेश निषाद, राजेश, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बहनों ने बांधी भाई को रक्षा सूत्र

खरोरा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता है। कई जगह आज ही आज रक्षाबंधन के पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिला। पुरोहितों के अनुसार गुरुवार पूरे दिन राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त है काल ना होने पर दिन में किसी भी वक्त भाईयों की कलाईयों पर रखी जा सकती है। रक्षाबंधन के त्यौहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होता है। हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को यह त्यौहार मनाया जाता है। रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र त्यौहार है, बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी तथा भगवान से बहन ने भाई के लिए हमेशा खुश और स्वस्थ रहने की कामना की , वहीं भाई ने अपनी बहन को बदले में कोई भी विपत्ति आने पर बहन की हमेशा रक्षा करने वालों व लंबी आयु एवं अच्छे स्वास्थ्य की मनोकामना की । रक्षाबंधन एक ऐसा त्यौहार है जिसे सभी अमीर - गरीब वर्ग के लोग मनाते हैं। रक्षाबंधन पर पुराण के अनुसार जब असुरों के राजा बली देवताओं के ऊपर आक्रमण किया था तब देवताओं ने राजा इंद्र को काफी नुकसान हुए ,इस अवस्था को देखकर इंद्र की पत्नी सची से रहा नहीं गया और विष्णु जी के पास समाधान प्राप्त करने गयी तब प्रभु भगवान विष्णु ने एक धागा सची को प्रदान करते कहा कि इस धागे को जाकर अपने पति के कलाई पर बांधे दे और जब उन्होंने ऐसा किया तब इंद्र के हाथों राजा बलि की पराजय हुई।

इसी तरह दुष्ट राजा शिशुपाल के साथ युद्ध के दौरान श्री कृष्ण जी की अंगूठी में गहरी चोट आई थी जिसे देखकर द्रोपति ने अपने वस्त्र का उपयोग कर उनकी खून बहने को रोक दिया था । भगवान श्री कृष्ण को द्रोपति की इस कार्य से काफी प्रसन्नता हुई और उन्होंने उनके साथ चीरहरण के समय एक भाई -बहन का रिश्ता निभाया था वही द्रोपदी ने श्रीकृष्ण को राखी बांधी। माता कुंती अपने नाती के हाथों में राखी बांधी थी, इस दिन भगवान गणेश के दो पुत्र शुभ और लाभ को रक्षाबंधन के दिन माता संतोषी बहन के रूप में प्राप्त हुई थी।

प्रादेशिकी का शेष...

नवापारा में भाजपा का...

1.40 करोड., सियान भवन के लिए 50 लाख, ई-लाइब्रेरी के लिए 25 लाख की राशि जारी की थी, जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर सम्बंधित एजेंसीयो से हमने कार्य प्रारंभ करवा लिया था, लेकिन बड़े ही दु:ख का विषय है, आपने न तो बुजुर्गो की चिंता की, न ही छात्र-छात्राओ की और न ही युवा वर्ग की, आपने सम्बंधित एजेंसीयो को भुगतान तो कर दिया, लेकिन उक्त तीनो चीजों का किसी भी प्रकार से उपयोग नही हो पा रहा है, इसके लिए यह तीनो वर्ग आने वाले चुनाव में आपको सबक सिखायेंगे.

गोयल ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कांग्रेस के स्थानीय नेता जो कि आये दिन मेरे ऊपर सोशल मीडिया के माध्यम से गौरवपथ सौन्दर्यीकरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते रहे है, मै कांग्रेसी नेताओ से पूछना चाहता हूँ, कि जिस एजेंसी के द्वारा यह कार्य किया गया था, जिसे कि उक्त मुरल आर्ट ने पांच साल तक देखरेख भी करना था, फिर ऐसी क्या नोबत आई उसी एजेंसी को आपने उठाकर चौक-चौराहों का काम दे दिया, काम दिया वहा तक तो ठीक था, लेकिन उसे भुगतान करने के पूर्व गौरवपथ में उसके द्वारा किये अनियमितता को ठीक कराना चाहिए था, जिस ओर नगरपालिका अध्यक्ष ने कमीशन के चक्कर में अनदेखी किया.

कांग्रेसी नेता आये दिन गोबरा बस्ती में बने टिन शेड पर भी आरोप लगाते रहे है, मै बता दू की प्राकृतिक आपदा में जो टिन शेड उड़ा था, उसकी लागत लगभग चौदह लाख थी, यदि आप गोबरा बस्ती वालो के प्रति लगाव रखते है, तो उस उड़े हुए अवशेष को सुरक्षित रख पुनर्निर्माण करवा सकते थे, जिसकी लागत लगभग तीन लाख की आती है, लेकिन पालिका की नियत में खोंट थी, वो नहीं चाहते थे, कि गोबरा बस्ती में पुन: भव्य शेड का निर्माण हो सके, इससे साफजाहिर होता है, कि आप लोगो को जिंदगी भर विजय गोयल को बदनाम करने का काम रहा है.

पूर्व पालिकाध्यक्ष ने लगाया आरोप -चार साल से 5-6 कर्मचारी पालिका के वेतन मे नगरीय प्रशासन मंत्री के दरबार मे क्यों

अब मै नगर के शुभचिंतक विधायक जी एवं नगरपालिका अध्यक्ष से पूछना चाहता हूँ, कि नगरपालिका की तनख्वाह से लगभग चार साल से नगरीय प्रशासन मंत्री के दरबार में लगभग 5-6 कर्मचारी सेवा में लगे है, उनकी तनख्वाह नगरपालिका के द्वारा दी जाती रही है, जो कि अब तक पचास लाख के आसपास होती है, नगर की जनता के गाड़े खून-पसीने की कमी से नगरपलिका को टैक्स भरा जाता है, ओर उस टैक्स के पैसे से उन कर्मचारियों से नगर में काम न ले करके मंत्री जी के दरबार में काम करवाया जा रहा है, इसका जवाब तो आने वाले चुनाव में जनता आपसे मांगेगी.

कांग्रेस सरकार की चला चली की बेला आ गई......किशोर देवांगन

युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने चुनाव के वक्त 36 घोषणा की थी परंतु एक को भी पूरा नही की। बेरोजगारो को नौकरी नही मिली,ये सरकार लबरा सरकार हैं,इनकी चला चली की बेला आ गई हैं।

केंद्रीय विद्यालय धमतरी में...

उदघोषण तथा जीवन में खेल के महत्त्व के बारे में छात्रों को बताया गया। विद्यालय के चारों सदनों द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर क्रमश: अशोक सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय तथा शिवाजी सदन तृतीय स्थान की घोषणा कर तीनों सदनों का ध्वज आरोहन किया गया। प्राचार्य श्री पी. एल. साहू द्वारा विजयी खिलाडी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया। प्राचार्य श्री साहू ने सभी विजयी खिलाडियों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैस...

दे चुकी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि आज देश के लगभग हर घर में एलपीजी कनेक्शन हैं यानि लगभग 33 करोड़ कनेक्शन हैं।उन्होंने कहा कि 2014 में एलपीजी के कनेक्शन लगभग 9 करोड़ थे जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार पदभार संभाला था. तब से लेकर आज तक महिलाओं के लिए दिए जाने वाले गैस कनेक्शन में बड़ी संख्या में वृद्धि हुई है. रोहित साहू ने कहा कि विपक्ष में मोदी सरकार के इस फैसले को लेकर खलबली मच चुकी है। उन्हें जनता के लिए खुशी नहीं है बल्कि यह दुख है कि मोदी सरकार यह सराहनीय कदम कैसे उठा रही है इसका दुख है।

बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए...

तभी कांग्रेस के लिए एक सशक्त दावेदार के रूप में देखा जा सकता है। इनका सभी कांग्रेसी नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। हालांकि इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से अनेकों दिग्गज नेता टिकट के दौड़ में है अब देखना यह है कि कांग्रेस पार्टी अब वर्तमान विधायक को फिर से मौका देकर अपनी सीट को बरकरार रखना चाहेगी या किसी नए चेहरे को मौका देकर चुनाव मैदान में उतारेगा।

राखी पहुंचाने जा रहे युवक...

नही चल पाया है। वहीं स्कूटी चालक ग्राम बगदई का होना बताया जा रहा है। पुलिस शव को पंचनामा में लेकर पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वही दुर्धटनाकारित स्कूटी चालक के विरूद्व अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

भाई की कलाई में बहनो...

खास मौके को धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष रक्षाबंधन का शुभमुहुर्त को लेकर लोगों में अशमंजश का माहौल बना रहा। जिसके चलते मुहुर्त के अनुसार आज तडके सुबह एवं रात्रि में 9 बजे के बाद राखी बांधने का क्रम चला। पूर्व की तरह जो उत्साह दिन भर दिखाई देता था वह स्थिति भद्रा लगने के कारण इस वर्ष दिखाई नही दिया।

रक्षाबंधन पर कई घरों में भाई बनकर पहुंचते हैं समाजसेवी छगन यादव

गरियाबंद, 30 अगस्त। रक्षाबंधन ऐसा पर्व है जहां भाई की कलाई सुनी न रहे और हर बहन को राखी बांधने कलाई मिले इसकी सभी कामना करते है। इसे देखते हुए नगर के समाज सेवी छगन यादव ने अपने वार्ड के उन बहनो और वृद्धजनों से रखी बँधवाई जिन बहनो के भाई नहीं रहे या किसी वजह से उनके भाई शहर से बाहर है। ऐसी कई बहनो ने बुधवार छगन को राखी बांधी। इनमें से एक कुंडों बाई यादव ने बताया कि उनका भाई अब दुनिया में नही है, रक्षाबंधन में वे उसे याद कर दुखी रहती थी पर अब छगन उनके यहां राखी बंधवाने आता है, उसकी देखरेख करता है, अपने भाई की कमी महसुस नही होने देता। वही 85 वर्षीय कमला बाई यादव ने बताया उनका और वार्ड की कई महिलाओ के भाई शहर से बाहर रहते है, ऐसे में छगन कलाई में राखी बांधकर इस पर्व और परम्परा को निभा रहे है। हम सभी बहने यही चाहते हैं कि वह हमेशा स्वस्थ रहें और शहर की सेवा करते रहें। इधर समाज सेवी छगन ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हे कई बहिने मिली है जो उनकी कलाई में राखी सजाती है, उनके लिए दुआ करती है। वही उन्हे उनकी सेवा का अवसर मिलता है। छगन ने मार्मिक रूप से कहा कि रक्षाबंधन में ना किसी भाई की कलाई सुनी रहे और ना ही कोई बहन भाई की कलाई में राखी बांधने से वंचित रहे। भाई बहन दोनो के जीवन में खुशिया रहे, इसके लिए ही वे यह प्रयास करते है।

निधन

देवांतीन वर्मा

पलारी, 30 अगस्त। तुकाराम वर्मा की माता देवनतीन वर्मा (पठारीडीह) वाली का आकस्मिक निधन आज दोपहर ग्राम जघलोर में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार पलारी के मुक्तिधाम में शाम को किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजनों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



धनीराम मल्होत्रा

भिलाई नगर, 30 अगस्त। नेहरू नगर पूर्व निवासी 84 वर्षीय धनीराम मल्होत्रा का निधन 30 अगस्त को हो गया। उनकी इच्छा अनुसार उनके देह को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु दान किया गया है। वे सुरेश मल्होत्रा के पिता थे।

राखी दुकानों में मिठाई, विभाग ने नष्ट करवाई

औचक जांच में मिल रही कई तरह की गड़बड़ियां

भाटापारा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। ना लाइसेंस, ना पंजीयन। नियम का उल्लंघन था। राखी दुकानों में बेची जा रही सारी मिठाइयां नष्ट करवा दी गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जैसे तेवर दिखाए, उससे राखी दुकानदार दहशत में आ गए। कल्पना से परे था, यह सब देखा जाना। बार-बार कहा था, खाद्य पदार्थ बेचने के पहले रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस लेना अनिवार्य है लेकिन राखी बेचने वाली दुकानों ने, ना ध्यान दिया, ना जरूरत समझी। इसलिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने ऐसी दुकानों के द्वारा बेची जा रहीं मिठाइयां नष्ट करवा दी।

मिली यह गलतियां: औचक जांच में राखी दुकानों में बेची जा रही मिठाइयों के पैक में निर्माता का नाम, बैच नंबर, उत्पादन की तारीख, कालातीत अवधि जैसी जरूरी जानकारियां नहीं थी। जिनमें यह थे, वह अपूर्ण मिले। सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकते थे। इसलिए नष्टीकरण के साथ हिदायत दी गई कि भविष्य में ऐसी गलती अक्षम्य होगी।

बड़ी गलती: जांच के दौरान जब जरूरी दस्तावेज दिखाने को कहा गया, तब ना तो रजिस्ट्रेशन नंबर मिला, ना लाइसेंस मिले। जबकि प्रशासन ने पर्व के पूर्व संस्थानों को इसकी अनिवार्यता की जानकारी प्रमुखता के साथ दी थी।

यहां हो चुकी है कार्रवाई: खाद्य एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय के सख्त निर्देश के बाद भाटापारा, सारंगढ़, बरमकेला और सरिया में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने, न केवल ऐसी मिठाइयों को विक्रय से बाहर करवाया बल्कि नष्टीकरण जैसी सख्त कार्रवाई की है। इसके बाद भी नियम विरुद्ध ऐसी व्यापारिक गतिविधियां जारी हैं।

नियम विरुद्ध था, ऐसी खाद्य सामग्रियों का विक्रय। इसलिए राखी दुकानों में बेची जा रही मिठाइयों का नष्टीकरण करवाया गया।

- उमेश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलौदा बाजार

साहू समाज की महिलाओं ने सिटी कोतवाली पुलिस जवानों को बांधा रक्षासूत्र

चौक-चौराहे में काम करने वाले मजदूरो, फुटकर व्यवसायियों को भी बांधी राखी

गरियाबंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर साहू समाज की महिलाओ ने बुधवार को सीटी कोतवाली थाना पहुँची पुलिस जवानो को रक्षासूत्र बांधा और उनके स्वस्थ्य दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके अलावा महिलाओ ने बाजार, बस स्टैण्ड सहित नगर के विभिन्न चौक चौराहो में काम करने वाले मजदुरो और फुटकर व्यवसायियो को भी रक्षासूत्र बांधकर उनके सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन साहू संघ के जिलाध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष श्रीमति मिलेश्वरी साहू, महासचिव नेहरू साहू के मार्गदर्शन तथा महिला प्रकोष्ठ संयोजिका श्रीमती पुष्पा साहू व महामंत्री श्रीमती तनु साहू के नेतृत्व में किया गया था।

इधर सीटी कोतवाली थाना में मौजुद पुलिसकर्मी अचानक राखी बांधने पहुँची महिलाओ को देखकर भावुक नजर आए। हालाकि सभी उत्साह के साथ राखी बंधवाई और अपने बहनो को याद भी किया। मालूम को त्यौहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस के अधिकांश जवान अपने घर परिवार से मिलने से वंचित रह जाते है। दूरस्थ जिले वाले तो महिनो नही मिल पाते है। इसे देखते हुए साहू संघ की महिला प्रकोष्ठ ने तय किया कि रक्षाबंधन के इस पर्व में किसी भाई की कलाई सुनी नही रहनी चाहिए। सुबह एकजुट होकर सभी सीटी कोतवाली थाने पहुँची। यहां एक एक पुलिस जवानो की आरतीकर, चंदन तिलक लगाया, रक्षासूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया और दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस दौरान सिटी कोतवाली गरियाबंद में पदस्थ उप निरीक्षक टीकाराम ध्रुव व उपनिरीक्षक रामकिशन साहू ने बताया रक्षाबंधन के अवसर पुलिस जवानो को घर जाने का मौका नहीं मिलता। लेकिन थाना आकर हमारी सूनी कलाई में साहू समाज की बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन की खुशियों को दुगना कर दिया। इस अवसर पर थाना स्टाफ से प्रधान आरक्षक प्रहलाद थनापति, प्रधान आरक्षक मानेश्वर साहू, खिलावन साहू, हीरालाल चन्द्राकर, महेन्द्र कँवर, रविशंकर सोनवानी मौजुद थे। वही साहू समाज से संयोजिका श्रीमती पुष्पा साहू महामंत्री श्रीमती तनु साहू, उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, सुनिता साहू, रेणुका साहू, तनुजा साहू, विमला साहू, दीपिकारानी साहू, शारदा साहू, हीरा साहू, पुनिता साहू, सरिता साहू पद्मणी साहू, त्रेता साहू, कुमारी भारती साहू, लोकेश्वरी साहू उपस्थित थे।

किक बॉक्सिंग नेशनल प्रतियोगिता में सीमा निषाद को गोल्ड मेडल

सिमगा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कीक बॉक्सिंग नेशनल प्रतियोगिता में सीमा निषाद ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर सिमगा नगर का किया नाम रौशन। विधायक शिवरतन शर्मा छाया विधायक सुनील महेश्वरी एवं निषाद समाज के लोगों ने सीमा निषाद व उनकी टीम का गाजे बाजे फूलमाला के साथ स्वागत कर सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

झारखंड के रांची शहर में जूनियर वर्ग कीक बॉक्सिंग नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन 22 अगस्त से 27 अगस्त तक किया गया था जिसमें 28 राज्यों के 3000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जहां कुमारी सीमा निषाद ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही अलौकिक वर्धन सिल्वर मेडल देवेश रात्रे ब्रान्ज आन्या मानिकपुरी ब्रान्ज आदर्श मानिकपुरी ब्रान्ज सागर तुरकर ब्रान्ज काजिम रजा ने ब्रान्ज मेडल हासिल किया। निषाद भवन में विधायक शिवरतन शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का गमछा गुलदस्ता भेटकर उनका स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर मिडेल प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने कीक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल के बदौलत ही मेडल प्राप्त किया है। सुविधा के बदौलत सफलता नहीं मिल सकती है सफलता तो जूनून और जब्बे से मिलती है किसी भी क्षेत्र में हो अपने कार्य को पूरे लगन से करने पर उसमें हमें सफलता जरूर मिलती है जैसे की एकलव्य को गुरु द्रोणाचार्य ने ज्ञान देने से मना कर दिया था इसलिए एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर धनुर्विद्या की सारी शिक्षा प्राप्त किया था। उन्होंने किकबॉक्सिंग टीम के मांग पर 15000 हजार रुपए सहयोग राशि देने की बात कही।

नगर का किया नाम रौशन

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोच अमन सोनी नगर पंचायत के अध्यक्ष भागवत सोनकर छोटू यादव संतोष दास मानिकपुरी चंद्रमणि तिवारी समाज के अध्यक्ष हेमनाथ निषाद नारायण निषाद पार्षद संतोषी निषाद समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिशंकर निषाद पूर्व महासचिव बोधी राम निषाद दयालु निषाद खोरबाहरा निषाद जेठू निषाद रविशंकर ग्वाल सूर्यकांत ताम्रकार राजू निषाद जिला संगठन सचिव रेवाराम निषाद भागवत निषाद मुकेश कुमार निषाद उत्तम निशा भानू निषाद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर बांधा रक्षासूत्र

पलारी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को पलारी नगर सहित समूचे अँचल मे भाई बहन का पवित्र पर्व रक्षाबँधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, रक्षाबँधन पर बहनो ने भाईयो कि आरती उतारकर माथे पर कुमकुम और रोली से तिलक लगाकर कलाईयो पर रक्षासूत्र बाँधा पश्चात मुह मिठा कराकर पानी पिलाया, भाईयो ने भी बहनो के हितो की रक्षा का वचन दिया इस दौरान भाईयो ने बहनो को अनुपम उपहार स्वरूप गिफ्ट भी दिए सुबह से ही बहने तैय्यार होकर अपनी मनपसंद खरीदी गई राखी भाईयो के कलाईयो पर बाँधने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक शादीशुदा बहने ससुराल से मायका आकर भाई के कलाई पर रक्षासुत्र बाँधकर फर्ज निभाया।

क्षेत्र के शिव मंदिर में कीर्तन भजन कर महाप्रसादी का वितरण किया गया

पलारी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र में जगह-जगह रामचरित्र रामायण कीर्तन-भजन महाप्रसादी का वितरण किया गया प्रात: काल ल उठकर सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग द्वारा शिव मंदिर में विधि विधान पूर्व पूजा अर्चना कर अपने परिवार एवं गांव के लिए खुशहाली की कामना किया भवानीपुर बोल बम समिति द्वारा महाप्रसादी वितरण किया गया जिसमें आने-जाने वाले लोगों को रोकर उन्हें खीर पुड़ी प्रदान किया गया इसी प्रकार ग्राम खपरी भ महामाया चौक में रामायण कीर्तन-भजन महाप्रसादी का भी रखा गया था जिसे सुनने के लिए गांव की लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रामचरित्र मानस गान सुनने पहुंचे हुए थे। ग्राम गिधपुरी में संदीप पाण्डेय के द्वारा शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया वटगन शिव मंदिर में भी राकेश शर्मा द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर नरोत्तम ध्रुव फिरन्ता ध्रुव जीवन ध्रुव फत्ते साहू श्यामरतन गोलू ध्रुव श्रीराम कुमार ध्रुव मोकेश चंद्राकर टिकेश्वर साहू गन्धेश्वर उत्तम साहू अमितेश साहू भूपेंद्र ध्रुव चन्दन ध्रुव वीरेंद्र ईश्वर ।खपरी से दुखुरम निषाद, देव सिंह, राय सिंह ध्रुव, सोनू राम साहू, नरसिंह निषाद बलराम निषाद दूजराम निषाद राजकुमार निषाद त्रिलोचन यादव राजरु यादव दाऊलाल ध्रुव सहित गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सरकार का काम जनता के दुख तकलीफ को दूर करना न कि तीज त्यौहार मनाना : सांसद सुनील सोनी

सिमगा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम बनसांकरा में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से महामाया मंदिर सामुदायिक भवन साहू समाज भवन बाउंड्रीवाल एवं कुर्मी भवन भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी एवं क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने मां महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख सृमद्धि की कामना किया।

सांसद सुनील सोनी नें कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराधियों का राज चल रहा है। पूरे प्रदेश में आज जंहा देखो वहां खूनखराबा चोरी लूटपाट जैसे गंभीर अपराध हो रहे है। प्रधानमंत्री आवास जल जीवन मीशन जैसे महत्वपूर्ण कार्य अभी तक अपूर्ण है। जबकि केन्द्र सरकार ने संपूर्ण राशि राज्य सरकार को दे दी है। आप लोग संकल्प ले कि ऐसे सरकार को आने वाले चुनाव में सबक सिखाना है।

क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि रमन सिंह और भूपेश बघेल सरकार की तुलना करो कि जनता के लिए किसने काम किया है। 1 रूपये किलो में चावल कृषि कार्य हेतु बिना ब्याज के ऋण स्वच्छ भारत योजना के तहत घर-घर में शौचालय निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्का मकान बनवाने आदि कार्य किया है। भाटापारा शाखा नहर के बंद पड़े कार्य को प्रारंभ कराकर 60 हजार एकड़ में सिंचाई की व्यवस्था बनाने का काम किया है। वहीं भूपेश बघेल की सरकार ने जनता से जो वादे किया था उसको पूरा नहीं कर पाई है। झूठ के सहारे सरकार तो बना ली मगर विकास के सारे कार्य ठप्प पड़े है बड़े-बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है यह सरकार जनता के दुख तकलीफ को दूर न कर सिर्फ और सिर्फ तीज त्यौहार मना कर छत्तीसगढ़ी मुख्यमंत्री होने का ढकोसला कर रही हैं। कार्यक्रम को भाजपा नेता अनिल पांडे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच अभिषेक साहू राधेश्याम वर्मा छन्नू नायक देवलाल देवांगन फूलबाई धृतलहरें उपसरपंच डी के चौहान चंद्रमणि तिवारी रमेश सोनी नीलकंठ यादव रामनारायण साहू महेश नायक नेतराम वर्मा ओंकार साहू लीलाधर वर्मा ढेलू साहू लाल वर्मा विजय साहू गजानंद साहू पितांबर साहू परस वर्मा रामलाल साहू सहित सैकड़ो ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शिवनाथ का जल हमारे जीवन का आधार : सुशील शर्मा

भाटापारा, 30 अगस्त (देशबन्धु)। शिव मंदिर में काँवर की विधिविधान से पूजा कर शिवनाथ नदी के पावन जल को मानव जीवन का आधार की संज्ञा देते सभी पदयात्रियों ने सावन के अंतिम दिवस सोमवार को तरेंगा के पास अविरल बहती शिवनाथ नदी का जल तोहडी घाट से ले कर खपरबाबा मंदिर से दर्शन कर कैलाश धाम में महादेव मंदिर में जल चढ़ाने सैकड़ो युवक और युवती ने जलाभिषेक किया, इस अवसर पर कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सुशील शर्मा और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर ने कवारयात्रियों के साथ ग्राम तरेंगा तक पैदल चलकर उनका उत्साह वर्धन भी किया, भोले भक्त पदयात्रियों के मंदिर पहुँचने पर सुशील शर्मा और पार्षद गेंदू साहू ने अपने साथियों साहित आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत कर मीठे पेयजल का वितरण भी किया, सभी भोले भक्त तोहड़ीं घाट से तरेंगा होते खोलवा ग्राम से सदर बाज़ार, गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक, जय इस्तंभ, कॉंग्रेस भवन, महतारी चौक होते खपरबाबा मंदिर पहुँचे, महिलाओ की संख्या अधिकाधिक थी, सभी भक्ति में लीन होकर हर हर महादेव का जय घोष करते जा रहे थे,।

मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने सभी भक्तों की मनोकामना पूरी हो येसा विस्वाश भगवान भोलेनाथ से कर अपनी शुभकामना पदयात्रियों को दी साथ ही साथ प्रति वर्ष इस तरह का आयोजन करने पूरा सहयोग देने के लिये संस्था के समन्वयक लालू मानिकपूरी ने मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा का आभार व्यक्त किया, पदयात्रियों में प्रमुख रूप से लालू मानिकपुरी, जग्गा राव, नरेंद्र ब्रह्माण्डकर, विवेक यदु, महेंद्र सेन, दुर्गा प्रसाद, सत्यजीत शेण्डे, जितेंद्र शर्मा, मोहन साहू, संजय वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।पूरा नगर महादेव के जयघोष से गूँज उठा था।

कुरूद में 52 लोगों ने की कांग्रेस से दावेदारी

कुरूद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र कुरूद को धरातल से कांग्रेस का ही गढ़ माना जाता था। लेकिन अब कुरूद विधानसभा का पासा उल्टा पलट गया। जब से क्षेत्र में भाजपा के कद्दावार नेता अजय चंद्राकर चुनावी मैदान में उतरे हैं तब से कुरूद विधानसभा का ओट का प्रतिशत में बदलाव आ गया है कुरुद क्षेत्र के लोग अजय चंद्राकर को विकास पुरुष के नाम से जानते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य को सता पक्ष, विपक्ष दोनों विकास के कायल रहते हैं। तभी तो दोनों पार्टी विकास पुरुष कहते हैं कांग्रेस का वोट प्रतिशत अधिक है ऐसा ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा का मानना है। कुरूद कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है कांग्रेस में सबको दावेदारी करने का अधिकार नजर आ रहा है। और एक दूसरे से कोई गिला शिकवा नहीं परंतु पार्टी जिस तरह प्रत्याशी चयन करती है, उसका आधार और मापदंड के संबंध में पार्टी कार्यकारिणी अनभिज्ञ होते हैं जिस तरह आज आसन्न चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग करने वालों की संख्या 52 हो चुकी है। यह जानते भी हैं कि चुनाव में करोड़ों रुपए खर्च करना पड़ता है, कुरूद कांग्रेस में आज 52 लोगों की दावेदारी सामने आ चुकी है, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि आज तक कुरूद विधानसभा क्षेत्र से 52 लोगों ने टिकट के लिए दावेदारी की है। सभी ने अपना अपना जोर आजमाइश कर रहे हैं। समाचार पत्र में अपने-अपने कार्यों का गुणगान कर ही रहे हैं, जिला कांग्रेस कमेटी से तीन नाम की सूची जाएगी जिसमें चयन समिति समय सीमा पर भेजेगा पार्टी किसी को भी टिकट दे सब मिलकर उनके लिए काम करना है आशीष शर्मा ने बताया कि दावेदारों में भी यही बात को सोचनी चाहिए। उपरोक्त बातें आशीष शर्मा ने संवाददाता के जवाब में कहा कांग्रेस पार्टी में सबको टिकट मांगने का अधिकार है। हाई कमान जिस किसी को टिकट देगी सब मिलजुल कर काम करेंगे।

केसीपीएस कुरुद में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

कुरुद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कलीराम चन्द्राकर पब्लिक स्कूल कुरुद में भाई-बहन के विश्वास का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया ।छात्राओं ने छात्रों को विधिवत रूप से तिलक वंदन करते हुए उनका मुंह मीठा कर उनके कलाइयों पर राखी बाँधते हुए परम्परा का निर्वहन किया।

प्राचार्य के. मन्जिता ठाकुर ने सभी को पर्व की बधाई देते हुए अपने सन्देश में कहा कि रक्षा बंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है ।यह पर्व भाई -बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है ।भारतीय परम्पराओं का यह एक ?सा पर्व है, जो केवल भाई बहन के स्नेह के साथ साथ हर सामाजिक संबन्ध को मजबूत करता है ।इसलिये यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोडने के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता है।

इसी तरह शिक्षक -शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को पर्व के महत्व का वर्णन कर बताया कि रक्षा बंधन के महत्व को समझने के लिये सबसे पहले इसके अर्थ को समझना होगा. च्च रक्षाबंधन च्च रक्षा+बंधन दो शब्दों से मिलकर बना है. अर्थात एक ?सा बंधन जो रक्षा का वचन लें. इस दिन भाई अपनी बहन को उसकी दायित्वों का वचन अपने ऊपर लेते है ।रक्षा बंधन का पर्व विशेष रुप से भावनाओं और संवेदनाओं का पर्व है. एक ?सा बंधन जो दो जनों को स्नेह की धागे से बांध ले. रक्षा बंधन को भाई - बहन तक ही सीमित रखना सही नहीं होगा. बल्कि ?सा कोई भी बंधन जो किसी को भी बांध सकता है. भाई - बहन के रिश्तों की सीमाओं से आगे बढ़ते हुए यह बंधन आज गुरु का शिष्य को राखी बांधना, एक भाई का दूसरे भाई को, बहनों का आपस में राखी बांधना और दो मित्रों का एक-दूसरे को राखी बांधना, माता-पिता का संतान को राखी बांधना हो सकता है।

इस प्रकार धूमधाम से पर्व विद्यालय में मनाया गया ।सभी पर्व का हर्षोल्लास छाया रहा ।इस दौरान शिक्षक स्टॉफ व विद्याथी गण उपस्थित थे।

देवेश्वर महादेव देवसुंद्रा मंदिर का नींव आजादी से पहले की

पलारी, 30 अगस्त (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी के ग्राम देवसुंद्रा का देवेश्वर महादेव शिव मंदिर का नींव आजादी से पहले डाली गई थी और पूर्ण निर्माण 24 5 1955 में हुआ इसके निर्माण में संपूर्ण ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा है। बालाजी मंदिर के तात्कालीन मुख्तियार स्व रामचरण साहू मोकरदम स्व सुखरु दास वैष्णव के विशेष मार्गदर्शन और प्रेरणा से तथा सभी ग्रामीण जन के निस्वार्थ योगदान से यह अनुपम मंदिर का निर्माण संभव हो सका है इसके निर्माण में सुखीराम यादव मिस्त्री का भी विशेष योगदान रहा है ग्राम देवसुंद्रा के वरिष्ठ नागरिक जनक ठेठवार ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन विधिविधान से शिवलिंग की पूजा की जाती है प्रत्येक सोमवार को श्रावण मास में तीन बार महा आरती की जाती है शिवरात्रि के महान पावन पर्व पर एक दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है शिवमन्दिर के सफल संचालन के लिए शंकर समिति का गठन किया गया है जिनका कार्यकाल तीन वर्ष का होता है समिति का कार्य मंदिर का विकास और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करना है। इस बार श्रावण मास पूजा में दर्शनार्थियों की विशेष भीड़ देखी गई रामायण का भी आयोजन किया गया। इस वर्ष मंदिर के ऊपर मंजिल में स्व डॉक्टर टामन लाल साहू के परिजनों ने स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में भगवान राम लक्ष्मण और सीता की मुर्ती स्थापित करवाए हैं ।शिव मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ श्री हनुमान जी भी विराजमान हैं। रथयात्रा पर्व में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा रामधुनी के साथ निकाली जाती है। मंदिर के गर्भगृह में बहुत ही सुन्दर शिवलिंग श्री गणेश जी पार्वती मैया विराजित है। अत: यह मंदिर का निर्माण विशिष्ट शैली में होने से पूरे अंचल में दर्शनार्थियों के लिए कौतूहल है। शंकर समिति के अध्यक्ष थानू वर्मा डागेश्वर वर्मा मानसिंह वर्मा मोहित सेन सालिक सेन झाली देवांगन उमाशंकर वर्मा राजकुमार वर्मा पूजारी रामावतार पांडे डॉक्टर कोमल वैष्णव भागवत साहू सरपंच केसरी पाणिग्रही उपसरपंच बालमुकुंद यादव अयोध्या पांडे कार्तिक यादव सहित सभी ग्रामवासी निष्ठा पूर्वक शिवभक्ति में रत रहते हुए विकास के लिए संकल्पित है।

ढेढ़ीपार देशहा सेन समाज का हुआ शपथ ग्रहण

■ अध्यक्ष–हरिशंकर श्रीवास सहित पदाधिकारियों ने लिया शपथ

बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। लवनराज में निवासरत 103 ग्रामों में सेन समाज के निवास करने वाले ढेढीपार सेन समाज लवनराज का लोकतांत्रिक तरीके से मतदान के आधार पर प्रथम बार निर्वाचन की प्रक्रिया जिला मुख्यालय स्थित सेन मंगल भवन बलौदाबाजार में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 500 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेकर अपने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोशाध्यक्ष का निर्वाचन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए हरिशंकर श्रीवास पलारी, उपाध्यक्ष-पंचराम सेन खम्हारडीह, सचिव-हरिशंकर सेन बलौदाबाजार, कोशाध्यक्ष विश्णु सेन अमेंठी निर्वाचित किये गये।

लवनराज के सचिव हरिशंकर सेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि उपरोक्त सभी पदों का विधिवत निर्वाचन 12 अगस्त को लोकतांत्रिक प्रणाली से जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित सेन मंगल भवन में प्रथम बार प्रत्यक्ष रूप से मतदान प्रक्रिया के अंतर्गत विधिवत निर्वाचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शकुंतला साहू संसदीय सचिव एवं विधायक विधानसभा क्षेत्र कसडोल, शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम, विशिष्ट अतिथि मोना सेन प्रदेश अध्यक्ष सर्व सेन समाज महिला प्रकोष्ठ, प्रथम अध्यक्ष केशशिल्प कला बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार, नंदकुमार सेन अध्यक्ष केशशिल्प कला बोर्ड, नंदकुमार साहू पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत एवं नगर पालिका की उपस्थिति में शैलेश नितिन त्रिवेदी द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। सभी विजयी प्रत्याशियों ने एक मत होकर समाज के सर्वांगीण विकास करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने पर जोर देते हुए निष्पक्ष रूप से समाज सेवा करने शपथ ली।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मूलेश्वर श्रीवास जिलाध्यक्ष सेन समाज बलौदाबाजार, खरौदराज अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास, संरक्षक जनकराम श्रीवास, दगौरीराज अध्यक्ष हीरालाल श्रीवास, संरक्षक भगेला श्रीवास, सिरपुर महासभा परिक्षेत्र अध्यक्ष अशोक सेन, सचिव तिलक सेन, पुरूषोत्तम सेन, राजा सेन, महिला प्रकोष्ठ -श्रीमती शैल सेन जिलाध्यक्ष सेन समाज बलौदाबाजार, श्रीमती कविता सेन द्वय कलावती सेन जिला उपाध्यक्ष, देवती सेन महासचिव, प्रिया सेन सचिव, चमेली सेन, शिवरिन सेन, सीमा सेन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी गई।

कन्या महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद जयंती मनाई गई

बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की 118 वीं जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई गई। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा मेजर ध्यानचंद जी की फोटो पर मालायार्पण के साथ दीप प्रज्जवलन किया गया। प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर इस लिए कहा जाता है उन्होंने भारत को 3 बार (1928,1932 और 1936) स्वर्ण पदक दिलाया छात्राओं को इससे प्रेरणा लेकर खेल में भाग लेना चाहिए इससे शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। खेल एवं पढ़ाई ये दोनों ही छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए आवश्यक है। अत: छात्राओं से अपेक्षा करती हूँ कि खेल प्रतियोगिता में अधिक-से-अधिक छात्राएं भाग लेकर हमारे महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

डॉ. सुलेखा राउत क्रीड़ाअधिकारी ने छात्राओं को खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था। जब वे हॉकी खेला करते थे तो लोगो को यह लगता था कि उनकी स्टीक में चुम्बक लगा हुआ तो नहीं है। ध्यानचंद हॉकी के इस कदर दीवाने थे कि वह पेड़ से हॉकी के आकार का लकड़ी काटकर उससे खेलना शुरू कर देते थे। मेजर ध्यानचंद 16 वर्ष की उम्र में भारतीय सेना में भर्ती हुये। सन् 1932 के ओलंपिक फाइनल में भारत ने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका को 24-1 से हराया था उस मैच में ध्यानचंद ने अकेले 8 गोल किये थे और उस प्रतियोगिता में भारत की ओर से किये गये 35 गोलों में से 25 गोल ध्यानचंद ने किये थे। मेजर ध्यानचंद के नाम से खेल रत्न पुरस्कार दिया जाता। खेल दिवस के अवसर पर फुगड़ी में तीनो संकाय बीए,बीएससी(विज्ञान) एवं बीएससी(गृहविज्ञान) से छात्राओं की भागीदारिता अच्छी रही, जिसमे प्रथम-दुर्गेश्वरी साहू (बीए) प्रथम वर्ष, द्वितीय-रेखा पैकरा बीएससी (गृहविज्ञान) प्रथम वर्ष एवं तृतीय-कविता सेन बीएससी (विज्ञान) प्रथम वर्ष की छात्राएं रही है।

बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर सोनपुरी में भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ

बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदा बाजार के ग्राम सोनपुरी में स्थित लगभग सौ वर्ष प्राचीन भगवान शिव के बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर में विगत दो माह से लगातार जलाभिषेक के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मंदिर परिसर में शनिवार सायं मंदिर समिति एवं भक्तों ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया। मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य भी नगरवासियों एवं भक्तजनों के सहयोग से प्रारंभ हो चुका है इस हेतु समिति द्वारा एक नारियल तथा दो लड्डुओं के साथ सहायता अभियान को प्रारंभ किया गया।

नगर के समीप सोनपुरी मार्ग स्थित बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों ने शनिवार सायं सस्वर सुंदर काण्ड का पाठ किया। इस वर्ष दो सावन माह होने की वजह से मंदिर परिसर में बीते दो माह से भजन कीर्तन समेत विविध आयोजन किए जा रहे थे जिसके समापन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ किया गया। सुंदर काण्ड पाठ में नगर के साथ ही साथ आसपास के ग्रामीण ईलाकों से बड़ी संख्या में भक्तजनों ने पहुंचकर भाग लिया तथा पाठ किया। मंदिर समिति द्वारा इस अवसर पर नवीन मंदिर निर्माण हेतु अभियान भी प्रारंभ किया गया। मंदिर समिति द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार भक्तों को एक नारियल तथा दो लड्डुओं को थैले में रखकर प्रसाद स्वरूप प्रदान किया गया है तथा उनसे अनुरोध किया गया है कि प्रतिदिन एक मुट्ठी चावल तथा एक सिक्का इस थैले में जमा करने के बाद उसे इस थैले में डालकर समिति में जमा कर सहयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर अरविन्द शुक्ला, छबिश्याम दुबे, माखन जायसवाल, मोरध्वज श्रीवास्तव, संतोष वैष्णव, आशीष पांडेय, प्रेम नारायण सोनी, मनोज केडिया, गुलशन मेहता, राजकमल मिश्रा, अनादिशंकर मिश्रा, ओम देवनानी, मनोज सोनी, बुधराम अग्रवाल, श्याम शिव केसरवानी, भावेश पटेल, संजय नारायण केसरवानी, सतीष तिवारी, प्रमोद शुक्ला, राजेश वैष्णव, नरेश गुप्ता, प्रदीप साहू, उधो अग्रवाल, कौशल साहू, धीरेन्द्र वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, रिवान गिरी, राजनारायण केसरवानी, एम आर नेताम, वीपी शर्मा, राजेश केसरवानी, प्रशांत बाजपेयी, राधेश्याम श्रीवास, मनीषा शुक्ला, डॉ.निशा झा, सरस्वती तिवारी, पुष्पा अग्रवाल, उमादेवी शर्मा, भारती जायसवाल, पूजा सिंग, माधुरी सिंग, निर्मला सिदार, सरिता साहू, चन्द्रकला गिरी, रीता बाजपेयी, विमला दीक्षित, कंचना मिश्रा, रूपाली साहू, सोनल पटेल, स्वाति साहू, नीता चन्द्राकर, मीरा जायसवाल, नंदनी चौधरी, शशी परमार, नम्रता केसरवानी, आरती सराफ संतोषी सेन, निधि जायसवाल, माधुरी साहू, निक्की पाण्डेय, ममता वर्मा, नीतू श्रेय, अंजली ध्रुव सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष भक्तजन उपस्थित रहे।

छग योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में कल से होगा ऑनलाइन योगारम्भ

बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में 01 सितंबर से योगारम्भ ऑनलाइन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस योगारम्भ कार्यक्रम के लिए कमेटी बनाकर पूर्ण तैयारियाँ कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से न सिर्फराज्य के योग-योग्यताधारियों की ज्ञान में वृद्धि होगी अपितु राज्य के योग शिक्षकों को एक उत्कृष्ट मंच मिलेगा।

प्रदेश महासचिव खोमेश साहू ने बताया कि योगारम्भ कार्यक्रम एक अपग्रेटेड कार्यक्रम है। पूर्व में संचालित संघ योगाभ्यास कार्यक्रम को नये मॉडल, नये शेड्यूल, नई कमेटी, नये उद्देश्य के साथ लॉन्च किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जहां पूरा समय मुख्य वक्ता को कार्यक्रम मंच संचालक के प्रश्नों से होकर गुजरना होगा वही प्रतिउत्तर स्वरूप मुख्य वक्ता द्वारा भी ज्ञान, विज्ञान और संदर्भ के साथ उन प्रश्नों के उत्तर सरस, सरल व् सहज रूप में श्रोताओं को प्राप्त होगा। मीडिया प्रभारी दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रकार संपूर्ण 1 घंटे का कार्यक्रम रुचि, उत्साह व ज्ञानवर्धन से परिपूर्ण होगा। उक्त कार्यक्रम के लिए एक माह पूर्व से तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। राज्य के प्रतिभावान सदस्यों को इस कार्यक्रम की पूर्ण जिम्मेदारियां प्रदान की गई है। यह कार्यक्रम संघ के ऑनलाइन मंच से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार को प्रात: 6:45 से 8 बजे तक संचालित होगा। प्रत्येक दिवस राज्य और देश से योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, पंचकर्म इत्यादि अन्यान्य विधाओं के विद्वान इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। साथ ही प्रत्येक दिवस राज्य व देश के प्रतिष्ठित गणमान्यजनों को कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतु भी आमंत्रित किया जाएगा। शुरुआती 01, 02 और 03 सितम्बर के ऑनलाइन कार्यक्रमों मे योगारम्भ कार्यक्रम का पूर्ण प्रचार-प्रसार के साथ साथ रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

शिशु संरक्षण माह की हुई शुरुआत

बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर आज जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में एक वर्षीय बच्चे जॉन जॉर्ज को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने विटामिन ए और आई एफए सिरप पिला कर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 29 अगस्त से लेकर 29 सितम्बर तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है।सीएमएचओ इस संबंध जानकारी देते हुए बताया की जिले में 6 माह से 5 वर्ष तक के 1 लाख 32 हजार 9 सौ 20 बच्चों को आई एफए सिरप पिलाया जाएगा जबकि 9 माह से 5 वर्ष तक के 1 लाख 25 हजार 5 सौ 36 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। आयरन फोलिक एसिड बच्चों को सप्ताह में एक मिली दो बार तथा विटामिन ए 9 से 12 माह के बच्चे को एक मिली और 12 से 59 माह के बच्चे को दो मिली खुराक दी जायेगी। जिला टीकाकारण अधिकारी डॉ के के टेम्भूरने के अनुसार इस पूरे माह के दौरान टीकाकारण से छूटे एवं नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को पोलियो, बीसीजी, डीपीटी, ओपीवी, आईपीवी, रूबेला, पेंटावेलेंट, मीजल्स के टीके लगा कर उन्हें प्रतिरक्षित किया जाएगा। शिशु संरक्षण माह में आँगनबाड़ी केंद्रों पर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्रों में भी भेजा जाएगा। इस हेतु आवश्यक प्रचार प्रसार सामाग्री, रिपोर्टिंग प्रपत्र, दवाइयां पूरे जिले भर के केन्द्रों में भिजवा दी गई हैं। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ के के टेम्भूरने, कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, जिला मातृ और शिशु स्वास्थ्य सलाहकार श्रीमती हर्षलता जायसवाल, डी पी एच एन ओ श्री पारसनाथ सोनबर उपस्थित रहे।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में किया गया सायकल वितरण

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में 29 अगस्त मंगलवार को नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवी की 53 छात्राओं को जनप्रतिनिधियो ईशान वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, भैरव प्रसाद देवांगन, राजेश साहू मिथिलेश सेन, प्राचार्य बी एल.कुर्रे, बिपिन दुबे, प्रभारी प्राचार्य सी एम धृतलहरें व सभी शिक्षक गण के उपस्थिति में प्रदान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए ईशान वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि आप सभी छात्राओं को साइकिल राज्य शासन के द्वारा दूर-दूर के गांवो से साइकिल चलाकर विद्यालय शिक्षा ग्रहण करने के लिए दिया गया है। सभी छात्राओं की समय की बचत होगी ।शिक्षा के मध्यम विद्यार्थी ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं वर्तमान समय का उपयोग केवल शिक्षा ग्रहण करने में ही करें। आप सभी छात्राओं को साइकिल मिलने पर बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं।

भटगांव में 22वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता संपन्न

भटगांव/बलौदाबाजार, 30 अगस्त (देशबन्धु)। 22वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का भव्य रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भागीरथी चंद्रा महिला बाल विकास, कार्यक्रम की अध्यक्षता शिहान वरुण पाण्डेय अध्यक्ष राज्य कराटे संघ प्रदेशाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप मे राजकुमार सोनवानी, रामकुमार साहू के अलावा कार्यक्रम सयोजक छेदी लाल साहू अध्यक्ष जिला कराते संघ एवं सिकारान के प्रदेश अध्यक्ष, सतनामी समाज के कवि एवं साहित्यकार डीजेन्द्र कुर्रे, महिला प्रभारी रानू मैडम, सन्तोष जोल्हे, गायक सिमून खुटे, खगेन्द्र कुर्रे, तुलाराम भास्कर मुख्य रूप से उपस्थित थे।फाईनल मैच समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

उक्त राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में 22 जिलों से लगभग 400 महिला, पुरूष, खिलाड़ी, ऑफिसियल, कोच, मैनेजर भाग लिए। कार्यक्रम के संयोजक छेदी लाल साहू, ने बताया कि यह चेम्पियनशिप मिनी वर्ग, सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के अलग अलग आयु एवं वजन वर्गों में काता (सीचेंस) एवं कुमिते (फाइट) का चेम्पियनशिप में 22जिलों के खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया।विजयी खिलाड़ी को बधाई दिया तथा हारे हुए खिलाड़ी को और मेहनत करने की प्रेरणा दिया। आयोजन सम्बंधित औपचारिक व्यवस्था आवास, भोजन, स्वल्पाहार, पुरस्कार, प्राथमिक चिकित्सा आदि की व्यवस्था पूर्ण रूप से थी। लम्बी अंतराल के पश्चात होने वाली इस कराटे चेम्पियनशिप के लिए आयोजन कमेटी एवं खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिला। शिहान वरुण पाण्डेय ने सभी खिलाड़ियों से अपील किया की आने वाले समय में कराते को और मजबूत बनाना है तो ज्यादा से ज्यादा कराते ट्रेनिंग सेंटर खुलनी चाहिए। जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी और सशक्त और मजबूत रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन कोच डिजेन्द्र कुर्रे के द्वारा किया गया।

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का हुआ आयोजन

- ■ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह
- ■ 16 खेल विधाओं में 1600 से अधिक खिलाड़ियों ने जोश और जुनून के साथ दिखाए दमखम
- ■ विधायक शुक्ल ने किया उत्कृष्ट खिलाड़ियो को पुरस्कृत

गरियाबंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में क्रीड़ा परिसर में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के 16 पारंपरिक खेल विधाओं में 1600 से अधिक खिलाड़ियों ने जोश और जुनून के साथ अपना दमखम दिखाया। इनमें 513 महिलाएं और 523 पुरूष समेत कुल 1036 खिलाड़ियों ने विजय हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान हर वर्ग के खिलाड़ियों में गजब का उत्साह दिखा। खिलाड़ियों ने बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़ जैसे 16 पारंपरिक खेलों में उमंग के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल थे। उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम भूपेंद्र साहू, उप संचालक पंचायत श्रीमती पदमिनी हरदेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और खिलाड़ी गण मौजूद रहे।

इससे पहले मंगलवार सुबह कलेक्टर आकाश छिकारा की मौजूदगी में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कलेक्टर ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दिनभर मुख्यालय के दोनो मैदानो में रोमांचक प्रतियोगिता होती रही। आम जनता भी उत्साह के साथ मैदान में मौजुद रही।

इस अवसर पर विधायक अमितेष शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, खेल भावना के विकास तथा प्राचीन संस्कृति के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी उम्र वर्ग के महिला पुरुष प्रतिभागी उत्साह के साथ शामिल हो रहे है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अधिक से अधिक पुरस्कार जीतकर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी।

शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

■ 29 सितम्बर तक चलेगा अभियान बच्चों को दी जायेगी विटामिन-ए और आयरन की खुराक

गरियाबंद, 30 अगस्त (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 29 अगस्त से 29 सितंबर 2023 तक किया जा रहा है। इस अभियान में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को विटामिन-ए व 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप पिलाया जा रहा है। जिला गरियाबंद के 51 हजार 780 बच्चों (9 माह से 5 वर्ष) को विटामिन-ए की खुराक एवं 55 हजार 280 बच्चों (6माह से 5 वर्ष) को आई.एफ.ए. सिरप 1200 सत्र आयोजित कर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पिलाये जाने का लक्ष्य है। शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर नागाबुड़ा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.के.सी.उरांव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती सोनल ध्रुव एवं सरपंच श्री खम्मन सिंह दाऊ द्वारा 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटमिन-ए व आयरन सिरप 6 माह से 5 वर्ष के बच्चो को पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी.बारा ने बताया कि 9 माह से 05 वर्ष के सभी बच्चों को विटामिन-ए छ: माह के अंतराल में एवं 6 माह से 5 वर्ष बच्चों को आरयन सिरप सप्ताह में 2 बार सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पिलाया जा रहा है। बच्चों का वजन कराना, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, 0 से 5 वर्ष के बच्चो का नियमित टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं के लिए प्रतिदिन 1 गोली आयरन की दिया जा रहा है। जो बच्चें छुटे जायेगे उन बच्चों को अतिरिक्त मॉनिटरिंग कर दवा सेवन कराया जायेगा।

बताया कि विटामिन-ए वसा में घुलनशील विटामिन है जो प्रकृतिक रूप से कई खाद्य पदार्थो में मौजुद होता है। विटामिन-ए सामान्य दृष्टि प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण हैं जो आंख की कर्निया की रक्षा करने में मदद करता है और हृदय फेफड़े गुर्दे और अन्य अंगों को ठीक से काम करने एवं रतौधीं रोग से छुटकारा और रोकथाम करने में मदद करता है। इस अवसर पर विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, शेखर सिंह धुर्व्रे, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी एम.एल. कश्यप, सी.एच.ओ. ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, मितानिन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।